इस बार के रविवारीय संस्करण 'लोक दर्पण' में, दक्षिण भारत लोक साहित्य का 'आलोक' व अन्य विषयों पर विशेष सामग्री दी जा रही है।

www.amritvichar.com

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

माघ कृष्ण पक्ष, नवमी विक्रम संवत 2080

# अमृत विचार

वर्ष 34, अंक 10, पृष्ठ 16+4, मूल्यः 5 रुपये

एक सम्पूर्ण अखबार

आज का मौसम | 24.0° अधिकतम तापमान | 15.0° न्यूनतम तापमान | आसमान में बादल, बारिश की संभावना, धूप खिली रहेगी। | सूर्योदय 06 : 59 | सूर्यास्त 5 : 54 | लखनऊ, रविवार, 4 फरवरी 2024

भूलभुलैया 3 से सारा और कियारा का कटा पत्ता...15


meenakshi

मीनाक्षी धूप एवं अगरबत्ती

होलसेल और फुटकर विक्रेताओं के लिए संपर्क करें, मो०: 8052400098

आपके सहयोग और सहभागिता का स्वागत है।

!!जय माता दी!!

समस्त धर्मप्रेमियों को हर्ष सहित यह अवगत हो कि आपके क्षेत्र में ज्योतिष परामर्श, यज्ञ अनुष्ठान, समस्त वैदिक पूजन मां वैष्णो सेवा ट्रस्ट के माध्यम से सम्पन्न किया जाता है। इसके साथ ही सामूहिक विवाह संस्कृत शिक्षण, ज्योतिष विद्या के प्रचार प्रसार हेतु भी ट्रस्ट कृतसंकल्प है।

सौ.से : श्री नवग्रह ज्योतिष सेवा संस्थान

पं. शिव कुमार शास्त्री
संयोजक
माँ वैष्णो सेवा ट्रस्ट
मझौव्वा, चन्दवतपुर, गोण्डा-271001
मो. 8795229000


## एक नजर

### जल निगम में भर्ती होंगे 155 इंजीनियर

**लखनऊ।** उप्र जल निगम (नगरीय) में जूनियर इंजीनियर संवर्ग में 155 इंजीनियरों की भर्ती होगी। रिक्त चल रहें 129 जूनियर इंजीनियर (सिविल) और 26 जूनियर इंजीनियर (विद्युत या यांत्रिकी) पदों पर नियुक्ति के लिए राज्य सरकार ने अनुमति दे दी है। नगर विकास विभाग में अनु सचिव अरविंद कुमार गिरी ने शनिवार को प्रबन्ध निदेशक जल निगम को निर्देश जारी किए हैं। इंजीनियरों की नियुक्ति के बाद कार्यो में गति प्राप्त होगी।

### इग्नू ने 15 फरवरी तक बढ़ाई दाखिलों की तिथि

**चंडीगढ़।** इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय (इग्नू) ने पहले दाखिला सत्र की तारीख 15 फरवरी तक बढ़ा दी है। इग्नू के क्षेत्रीय निदेशक प्रभारी डॉ धर्म पाल ने गुरुवार को बताया कि ऑनलाइन लर्निंग और ओपन एंड डिस्टेंस लर्निंग के लिये भारत की सबसे प्रसिद्ध एवं प्रख्यात (इग्नू) में दाखिले के लिये साल में दो बार फार्म भरे जाते है। पहला जनवरी सत्र के लिए और दूसरा जुलाई में। कहा कि जनवरी सत्र के लिए दाखिले जारी है।

### हथियार तस्करी गिरोह का किया भंडाफोड़

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) ने हथियारों और गोला-बारूद की सीमा पार तस्करी के नेटवर्क का भंडाफोड़ करते हुए मिजोरम से एक मुख्य आरोपी को गिरफ्तार किया है। शनिवार को संघीय एजेंसी के एक प्रवक्ता ने बताया कि देश के कुछ पूर्वोत्तर राज्यों में बड़े पैमाने पर अवैध हथियार और गोला-बारूद की तस्करी का गिरोह चलाने के संबंध में जानकारी मिलने के बाद मिजोरम के ममित इलाके के निवासी लालनगैहौमा को आइजोल से गिरफ्तार किया गया।

### 1896 से प्रकाशित पुस्तकों का किया डिजिटलीकरण

**तिरुवनंतपुरम।** केरल शिक्षा विभाग ने 1896 से प्रकाशित विभिन्न विषयों की 1,250 से अधिक पाठ्यपुस्तकों का डिजिटलीकरण किया है, ताकि इन्हें भावी पीढ़ी के लिए संरक्षित किया जा सके। राज्य में एक पुस्तकालय कार्य कर रहा है जिसका उपयोग शोधकर्ताओं, छात्रों और शिक्षा कार्यकर्ताओं द्वारा किया जाता है।

### पांच घंटे के प्रयास में केजरीवाल को सौंपा नोटिस

नई दिल्ली। दिल्ली पुलिस की अपराध शाखा के अधिकारियों ने शनिवार को पांच घंटे के नाटकीय घटनाक्रम के बाद यहां मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के आवास पर उन्हें एक नोटिस तामील कराया और आप के सात विधायकों की भाजपा द्वारा खरीद-फरोख्त का प्रयास किए जाने के उनके आरोपों पर तीन दिनों के अंदर उनसे जवाब मांगा।

# आडवाणी को भारत रत्न सम्मान

## वाजपेयी-नानाजी देशमुख के बाद यह सम्मान पाने वाले तीसरे भाजपा नेता

नई दिल्ली, एजेंसी

भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता और देश के पूर्व उप प्रधानमंत्री लालकृष्ण आडवाणी को देश के सर्वोच्च नागरिक सम्मान भारत रत्न से सम्मानित किया जाएगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने खुद सोशल मीडिया साइट 'एक्स' पर इसकी घोषणा की है। प्रधानमंत्री मोदी ने इसे अपने लिए एक अत्यंत भावुक क्षण बताया। इस घोषणा के बाद आडवाणी ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और प्रधानमंत्री मोदी का आभार जताया और कहा कि यह एक व्यक्ति के रूप में न केवल उनका, बल्कि उन आदर्शों और सिद्धांतों का भी सम्मान है जिनका पालन करने का उन्होंने प्रयास किया।

सरकार ने पिछले महीने समाजवादी दिग्गज और बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री दिवंगत कर्पूरी ठाकुर को सर्वोच्च सम्मान के लिए नामित किया था। कई राजनीतिक विशेषज्ञ ठाकुर के 1988 में निधन के कई वर्षों बाद उन्हें यह सम्मान दिए जाने को आर्थिक रूप से पिछड़े वर्गों (ईबीसी) के बीच अपनी जड़ें मजबूत करने की भाजपा की कोशिश के रूप में देख रहे हैं। वहीं, आडवाणी को यह पुरस्कार दिया जाना पार्टी की मूल विचारधारा को आकार देने में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका के प्रति सम्मान के तौर पर देखा जा रहा है।



> मैं अत्यंत विनम्रता और कृतज्ञता के साथ 'भारत रत्न' स्वीकार करता हूं। यह न केवल एक व्यक्ति के रूप में मेरे लिए सम्मान की बात है, बल्कि उन आदर्शों और सिद्धांतों के लिए भी सम्मान है, जिनकी मैंने अपनी पूरी क्षमता से जीवन भर सेवा करने का प्रयास किया। **-लालकृष्ण आडवाणी,** वयोवृद्ध भाजपा नेता

आडवाणी को उसी वर्ष भारत रत्न दिया जाएगा, जब राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा की गई है। आडवाणी ने राम मंदिर के मुद्दे को उठाने के लिए 1990 में 'राम रथ यात्रा' की थी। कई नेताओं ने आडवाणी को यह सम्मान दिए जाने पर खुशी जताई और देश के लिए उनके योगदान की सराहना की। गृह मंत्री अमित शाह ने आडवाणी को भारत रत्न दिए जाने पर प्रसन्नता जताई। उन्होंने 'एक्स' पर लिखा, 'हमारे वरिष्ठ नेता और देश के पूर्व उपप्रधानमंत्री आदरणीय लालकृष्ण आडवाणी जी को भारत रत्न दिए जाने की घोषणा से अत्यंत प्रसन्नता हुई।'

राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के अध्यक्ष शरद पवार ने भी आडवाणी को भारत रत्न दिए जाने के केंद्र के फैसले की सराहना की और कहा कि भाजपा नेता ने राष्ट्र के विकास में महत्वपूर्ण योगदान दिया है।

### आडवाणी ने वंशवाद की राजनीति को चुनौती दी: मोदी

**संबलपुर (ओडिशा)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को कहा कि भाजपा के दिग्गज नेता लालकृष्ण आडवाणी ने वंशवाद की राजनीति को चुनौती दी थी और भारत के लोकतंत्र को राष्ट्रवादी विचारधारा से जोड़ा। प्रधानमंत्री ने ओडिशा के संबलपुर में एक रैली को संबोधित करते हुए कहा कि पूर्व उपप्रधानमंत्री लालकृष्ण आडवाणी को भारत रत्न 'राष्ट्र प्रथम' की विचारधारा का सम्मान है। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, "आज भाजपा के हर एक कार्यकर्ता के लिए गर्व और गौरव का दिन है। आज देश ने हम सब के आदरणीय नेता लालकृष्ण आडवाणी जी को भारत रत्न देने की घोषणा की है।"

### अद्वितीय प्रयासों को मिला सम्मान : योगी

**लखनऊ।** लालकृष्ण आडवाणी को भारत रत्न सम्मान देने की घोषणा पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने हर्ष जताते हुए कहा कि आडवाणी के अद्वितीय प्रयासों को सम्मान मिला है। योगी ने एक्स पर कहा कि राष्ट्रीय एकता और सांस्कृतिक पुनरुत्थान के लिए लाल कृष्ण आडवाणी द्वारा किए गए प्रयास सभी के लिए प्रेरणा का स्रोत हैं। उन्होंने लाल कृष्ण आडवाणी को देश का सर्वोच्च पुरस्कार प्रदान किए जाने के निर्णय की प्रशंसा की।

# सिविल जज का सरकारी आवास में फंदे पर लटका मिला शव, हत्या की आशंका

## 29 अप्रैल 2023 को बदायूं में ग्रहण किया था कार्यभार

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार :** जज कॉलोनी स्थित सरकारी आवास में सिविल जज ज्योत्सना राय का शव शनिवार सुबह पंखे से लटका मिला। कमरे में रखी एक डायरी से सुसाइड नोट मिला है। जिसमें उन्होंने तनाव में रहने और किसी को अपनी मौत का जिम्मेदार नहीं बताया है। वहीं, शाम को बदायूं पहुंचे पिता अशोक कुमार राय ने बेटी की हत्या की आशंका जताते हुए कोतवाली सदर में तहरीर दी। पुलिस ने अज्ञात के विरुद्ध हत्या की रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

जज ज्योत्सना राय मूलरूप से मऊ जिले की तहसील घोसी क्षेत्र के गांव तराई डीह की रहने वाली थीं। 29 वर्षीया ज्योत्सना अविवाहित थीं। 29 अप्रैल 2023 को उन्होंने बदायूं में कार्यभार ग्रहण किया था। 18 नवंबर 2023 से सिविल जज जूनियर डिवीजन के पद पर कार्यरत थीं। शनिवार की सुबह करीब 9.30 बजे उनका अर्दली कोर्ट ले जाने के लिए जज कॉलोनी स्थित उनके सरकारी आवास पहुंचा, दरवाजा खटखटाया किंतु भीतर से कोई आवाज नहीं आई तो उसने जज के मोबाइल पर कॉल की लेकिन कॉल रिसीव नहीं हुई। इस पर अर्दली ने कोर्ट के अन्य कर्मचारियों और पुलिस को सूचना दी। कुछ देर के बाद सदर कोतवाल बिजेंद्र सिंह मौके पर पहुंचे।

न्यायिक अधिकारियों की मौजूदगी में कमरे का दरवाजा तोड़ा गया तो जज का शव पंखे से लटका मिला। जनपद न्यायाधीश पंकज अग्रवाल, जिलाधिकारी मनोज कुमार, एसएसपी आलोक प्रियदर्शी, एसपी सिटी अमित कुमार श्रीवास्तव, सीओ सिटी आलोक मिश्रा मौके पर पहुंचे। महिला जज की साथी न्यायिक अधिकारी समेत बड़ी संख्या में अधिवक्ता, जज के आवास पहुंच गए। कमरे की वीडियोग्राफी कराई गई। फॉरेंसिक टीम ने कमरे से साक्ष्य संकलित किए। जज के कमरे में रखी डायरी से लाल पेन से लिखा एक सुसाइड नोट मिला है। जिसमें ज्योत्सना राय ने खुद के अवसाद में होने की बात लिखी है। कई अन्य बातों का जिक्र भी किया है। पुलिस ने उनका मोबाइल फोन और सुसाइड नोट कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है।

ज्योत्सना राय

- पिता की तहरीर पर कोतवाली पुलिस ने अज्ञात में हत्या में रिपोर्ट दर्ज कर शुरू की जांच
- डायरी में मिला सुसाइड नोट, जिसमें किसी को नहीं बताया गया मौत के लिए जिम्मेदार
- अवसाद में ज्योत्सना राय के प्राणघातक कदम उठाने की चर्चा, मऊ की रहने वाली थीं

> महिला जज समय से कोर्ट नहीं पहुंचीं तो उनके साथी न्यायिक अधिकारी ने फोन किया लेकिन फोन नहीं उठा। उनके कमरे का दरवाजा खोला गया तो पंखे पर जज का शव लटका मिला। कुछ दस्तावेज मिले हैं उसमें कुछ चीजें हैं, जो घटना पर प्रकाश डालती हैं, जांच की जा रही है। जो भी तथ्य सामने आएंगे। उसके अनुसार कार्रवाई की जाएगी।
>
> **-आलोक प्रियदर्शी,** एसएसपी

# न्याय प्रणाली को और अधिक लचीला बनाने की जरूरत

नई दिल्ली, एजेंसी

- राष्ट्रमंडल अटॉर्नी-सॉलिसिटर जनरल सम्मेलन में बोले पीएम

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को जांच और न्याय प्रदान करने के लिए देशों के बीच सहयोग बढ़ाने की वकालत करते हुए कहा कि अपराधी विभिन्न क्षेत्रों में वित्त पोषण और संचालन के लिए नवीनतम प्रौद्योगिकियों का इस्तेमाल कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि एक-दूसरे के अधिकार क्षेत्र का सम्मान करते हुए सहयोग किया जा सकता है, क्योंकि जब हम एक साथ काम करते हैं, तो अधिकार क्षेत्र बिना देरी किए न्याय देने का एक उपकरण बन जाता है। उन्होंने कहा कि 'क्रिप्टोकरेंसी' और साइबर खतरों के बढ़ने से नई चुनौतियां पैदा हुई हैं और न्याय प्रणाली को अधिक लचीला और अनुकूल बनाने की आवश्यकता है।

यहां राष्ट्रमंडल विधि शिक्षा संघ (सीएलईए) - राष्ट्रमंडल अटॉर्नी और सॉलिसिटर जनरल सम्मेलन (सीएएसजीसी) में प्रधानमंत्री ने कहा कि देश पहले से ही हवाई यातायात नियंत्रण और समुद्री यातायात के क्षेत्र में एक-दूसरे के साथ काम करते हैं। उन्होंने जांच और न्याय प्रदान करने में भी सहयोग की वकालत की। उन्होंने कहा कि जब हम एक साथ काम करते हैं, तो अधिकार क्षेत्र बिना देरी किए न्याय देने का एक उपकरण बन जाता है। मोदी ने कहा कि अपराध की प्रकृति और दायरे में आमूलचूल परिवर्तन देखा गया है। उन्होंने कहा कि कभी-कभी एक देश में न्याय सुनिश्चित करने के लिए दूसरे देशों के साथ मिलकर काम करने की आवश्यकता होती है। कहा कि 21वीं सदी की चुनौतियों का सामना 20वीं सदी के दृष्टिकोण से नहीं किया जा सकता।

# पंजाब के राज्यपाल पुरोहित ने दिया इस्तीफा

**चंडीगढ़।** पंजाब के राज्यपाल और चंडीगढ़ के प्रशासक बनवारीलाल पुरोहित ने व्यक्तिगत कारणों का हवाला देते हुए शनिवार को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को अपना इस्तीफा सौंप दिया। पुरोहित ने अपने त्याग पत्र में लिखा कि व्यक्तिगत कारणों और कुछ अन्य प्रतिबद्धताओं की वजह से मैं पंजाब के राज्यपाल और केंद्रशासित प्रदेश चंडीगढ़ के प्रशासक के पद से इस्तीफा दे रहा हूं। पुरोहित ने शुक्रवार को यहां केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से मुलाकात की थी। उनकी मुलाकात चंडीगढ़ महापौर चुनाव में भाजपा की जीत के कुछ दिनों बाद हुई थी। महापौर चुनाव में तीनों पदों पर भाजपा को जीत मिली है। इन चुनावों में कांग्रेस- आम आदमी पार्टी गठबंधन को झटका लगा और उसने पीठासीन अधिकारी पर मतपत्रों के साथ छेड़छाड़ का आरोप लगाया है।



# योगी ने सपा को बताया राम और डॉ. आंबेडकर का विरोधी

## कन्नौज में बनेगा स्पोर्ट्स स्टेडियम, मेडिकल कॉलेज फिर होगा डॉ. आंबेडकर के नाम पर

राज्य ब्यूरो, लखनऊ/कन्नौज

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ शनिवार को तीन जिलों के दौरे में पूरी तरह चुनावी मूड में दिखे। कन्नौज में सपा को प्रभु राम और आंबेडकर विरोधी बताते हुए कहा कि सपा मुखिया अखिलेश यादव की सरकार होती तो, राममंदिर कभी नहीं बन पाता। आश्वस्त किया कि कन्नौज मेडिकल कॉलेज का नाम फिर से बाबा साहेब डॉ. भीमराव आंबेडकर के नाम पर किया जाएगा। साथ ही यहां स्पोर्ट्स स्टेडियम बनेगा और बेहतरीन इन्फ्रास्ट्रक्चर के साथ वर्ल्ड क्लास आईटीआई, स्किल डेवलपमेंट केंद्र भी देंगे।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को तीन जिलों के दौरे की शुरुआत कन्नौज से की। यहां में 352 करोड़ की 59 और संत कबीर नगर में 360 करोड़ की 114 परियोजनाओं का शिलान्यास और लोकार्पण किया। साथ ही मगहर महोत्सव के समापन में शामिल हुए और मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना से 600 नवविवाहित जोडों की शादी में पहुंचकर आशीर्वाद दिया। जबकि गोरखपुर में राज्य स्तरीय तीन दिवसीय दिव्य कला एवं कौशल प्रदर्शनी का उद्घाटन करते हुए दिव्यांगजनों को ट्राई साइकिल और उपकरण बांटा।

मुख्यमंत्री ने कन्नौज में अशोक नगर स्थित केके इंटर कॉलेज के बोर्डिंग ग्राउंड में जनसभा में कहा कि डबल इंजन की सरकार विकास कार्यों को स्पीड से पूरा करती है, वहीं आस्था का सम्मान भी करती है।

कहा कि सपा सरकार के कार्यकाल में बाबा साहेब भीमराव आंबेडकर के नाम पर संचालित कन्नौज के मेडिकल कॉलेज का नाम बदल दिया गया। उन्होंने कहा कि एक ओर सपाई अयोध्या में भगवान श्रीराम का विरोध करते हैं तो, दूसरी तरफ कन्नौज में बाबा साहेब भीम राव आंबेडकर का तिरस्कार करते हैं। यहां के इत्र व्यापारियों को भी भरोसा दिलाया कि सरकार उनके साथ है।

कन्नौज में विकास योजनाओं का लोकार्पण करते मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ।

- चुनावी मूड में दिखे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, सपा मुखिया अखिलेश पर किया कटाक्ष
- कन्नौज में 59 और संतकबीर नगर में 114 परियोजनाओं का किया शिलान्यास-लोकार्पण

### डबल इंजन की सरकार के लिए व्रत है जनसेवा

मुख्यमंत्री ने कहा कि डबल इंजन की सरकार के लिए जनसेवा व्रत और संकल्प है। प्रदेश सरकार कन्नौज को बेहतरीन इन्फ्रास्ट्रक्चर के साथ ही वर्ल्ड क्लास आईटीआई, स्किल डेवलपमेंट केंद्र भी प्रदान करेगी। कन्नौज के विकास में कोई भी रोड़ा नहीं अटका पाएगा। सरकार बिना भेदभाव और बिना तुष्टिकरण के योजनाओं का लाभ जनता तक पहुंचा रही है। मुख्यमंत्री ने दिवंगत पूर्व विधायक बनवारी लाल के परिजनों से मुलाकात की।

# सीएपीएफ में भर्ती मामले में सीबीआई की छापेमारी

नई दिल्ली, एजेंसी

- फर्जी अधिवास प्रमाणपत्र से भर्ती मामले में एजेंसी ने कार्रवाई
- कोलकाता और चौबीस परगना जिले में 8 स्थानों पर छानबीन

केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल (सीएपीएफ) में भर्तियों में सीमावर्ती इलाकों के निवासियों के लिए उपलब्ध फायदे हासिल करने के लिए जाली अधिवास प्रमाणपत्रों के इस्तेमाल के आरोपों पर शनिवार को पश्चिम बंगाल के कोलकाता और 24 उत्तर परगना जिले में आठ स्थानों पर छापे मारे।

सीबीआई ने कलकत्ता उच्च न्यायालय के निर्देश पर पिछले साल अगस्त में इस मामले की जांच संभाली थी। ऐसे आरोप हैं कि सशस्त्र बलों और सीएपीएफ में फर्जी अधिवास प्रमाणपत्रों के जरिए कई अभ्यर्थियों की अवैध भर्ती की गई। इन प्रमाणपत्रों में उन्हें सीमावर्ती इलाकों का दिखाया गया और इस तरह उन्हें कम कट-ऑफ अंकों पर भी उत्तीर्ण कर दिया गया। प्राथमिकी में आरोप लगाया गया है कि कुछ पाकिस्तानी नागरिकों को भी इससे फायदा मिला। अधिकारियों ने बताया कि शनिवार को गिरोह के सदस्यों के परिसरों पर तलाशी ली गई जो जाली अधिवास प्रमाणपत्र बनाने में कथित तौर शामिल हैं।

विश्व कैंसर दिवस पर विशेष

आज यानी 4 फरवरी को विश्व कैंसर दिवस मनाया जाता है। जहां 20वीं शताब्दी में मनुष्य की मौतों का सबसे बड़ा कारण हृदय रोग था, 21वीं शताब्दी में कैंसर मनुष्यों की मौतों का सबसे बड़ा कारण बनेगा। विश्व कैंसर दिवस का उद्देश्य दुनिया भर में लोगों को जागरूक करके कैंसर से होने वाली मौतों को कम करना है। इस दिवस की शुरुआत 4 फरवरी, 2000 को पेरिस में वर्ल्ड समिट अगेंस्ट कैंसर फॉर न्यू मिलेनियम के दौरान हुई थी। समिट में संकल्प लिया गया था कि हम 21वीं शताब्दी में इस महामारी से लड़ने के लिए हर संभव कोशिश करेंगे।

# कैंसर से बचना है तो करें उपवास

जहां आधुनिक ऐलोपैथी में सर्जरी, रेडियोथेरेपी, कीमोथेरेपी व इम्यूनोथेरेपी कैंसर से लड़ने के लिए मुख्य तकनीक हैं। वहीं नई तकनीकों का विकास करने में अलग तरह के प्रयोग किए जा रहे हैं। इसको इंटीग्रेटिव मेडिसिन का नाम दिया गया है।

डॉ. अर्जुन अग्रवाल
वरिष्ठ कैंसर विशेषज्ञ
रोहिलखंड कैंसर इंस्टीट्यूट, बरेली

इंटीग्रेटिव मेडिसिन में मौजूदा समय में उपवास यानी व्रत रखने पर बहुत जोर दिया जा रहा है। मनुष्य आदिकाल से ही उपवास करता आया है, चाहे वह भोजन की कमी के कारण, धार्मिक कारणों से या आजकल वजन कम करने जैसे उद्देश्यों के लिए। व्रत रखने से कैंसर से बचाव पर कई क्लीनिकल ट्राइल्स चल रहे थे, परंतु जापानी विशेषज्ञ डॉक्टर योशीबोरी ओसूमी ने एक ऐसी रिसर्च की, जिसमें उन्हें वर्ष 2016 का नोबेल पुरस्कार मिला। उनकी रिसर्च में यह पाया गया कि 12 घंटे से ज्यादा व्रत रखने से कैंसर के सेल मरने लगे और इसका नार्मल सेल पर फर्क नहीं पड़ा। इससे यह पता लगता है कि कैंसर के सेल को ज्यादा ग्लूकोज की जरूरत होती है। व्रत रखने से नार्मल सेल को इतना फर्क नहीं पड़ता, लेकिन कैंसर के सेल को अपने मेटाबालिज्म के लिए ज्यादा ग्लूकोज की जरूरत होती है, इसलिए वह ग्लूकोज की कमी में मर जाते हैं। इस रिसर्च के बाद व्रत और कैंसर के रिश्ते को खोजने के लिए चूहों और मनुष्यों में क्लीनिकल ट्रायल्स शुरू हुए। वर्ष 2016 में चूहो पर एक रिसर्च की गई, जिसमें पाया गया कि व्रत रखने से बोनमैरो स्टीमूलेट होती है, और ट्यूमर इनफिलट्रिंग लिम्फोसाइट्स बनते है, जो कि कैंसर के पास जाकर उसको मारते है।

### शोध में मिला कुछ खास

- 2016 में ही यूनिवर्सिटी ऑफ साउथ कैलिफोर्निया की एक रिसर्च में पाया कि जो लोग कीमोथेरेपी ले रहे हैं, अगर वह व्रत रखते हैं, तो कीमोथेरेपी का असर और अच्छा आता है।
- यूनिवर्सिटी ऑफ सेन फ्रांसिस की रिसर्च में यह पाया कि व्रत रखने से इम्यून सिस्टम एक्टीवेट होता है, जिससे कैंसर के प्री-मैलीगेन्ट सेल मर जाते है।
- वैज्ञानिक मैरीअर्क के शोध के अनुसार जो महिलाएं स्तन कैंसर से पीड़ित हैं अगर वे 13 घंटे से ज्यादा व्रत रखती हैं, तो कैंसर की आशंका 36 प्रतिशत से कम हो जाती है।
- कुछ लोगों को ये आशंका भी हुई कि कैंसर के मरीजों का वैसे ही वजन कम होता है, तो क्या व्रत रखने से ऐसा तो नहीं होगा कि वो कैंसर के इलाज लेने में अक्षम हो जाएगा। वैज्ञानिकों ने शोध किया और इसको निराधार बताया।
- अब इतनी चर्चा का हम क्या निष्कर्ष निकालें? निष्कर्ष ये है कि व्रत रखना शरीर के लिए फायदेमंद है। इससे मोटापा, डायबिटीज, बीपी के बचाव के साथ कैंसर से बचने में भी मदद मिलती है। एक हफ्ते में दो बार 16 घंटे से ज्यादा व्रत रखने से कैंसर के प्रारंभिक सेल मर जाते हैं। आने वाले वर्षों में इसका परिणाम अलग तरह के कैंसर में नजर आएगा।

## एक नजर

### सहारनपुर मेडिकल कॉलेज में प्रधानाचार्य की नियुक्ति

**अमृत विचार :** राजकीय मेडिकल कॉलेज मेरठ के डॉ.सुधीर राठी को, सहारनपुर मेडिकल कॉलेज का प्रधानाचार्य नियुक्ति किया गया है। यह नियुक्ति लोक सेवा आयोग द्वारा सीधी भर्ती के तहत हुई है। यह जानकारी चिकित्सा शिक्षा विभाग द्वारा शनिवार को दी गई है। मालूम हो कि हर जिले में मेडिकल कॉलेज योजना के तहत मेडिकल कॉलेजों में शिक्षक व प्रधानाचार्यों की नियुक्ति की जा रही हैं।

### 446 सरकारी चिकित्सकों के वेतन में वृद्धि

**अमृत विचार, लखनऊ :** स्वास्थ्य विभाग में ढाई दशक की सेवाएं दे चुके 446 डॉक्टरों को शनिवार को विशिष्ट वित्तीय स्तरोन्नयन वेतन (एसएसीपी) मिल गई है। इनमें से 42 चिकित्सकों को सेवानिवृत्त होने के बाद एसएसीपी मिली है। स्वास्थ्य विभाग के सचिव रंजन कुमार ने एसएसीपी लाभार्थियों की सूची जारी की है। सचिव ने बताया कि विभाग में कार्यरत 404 वरिष्ठ चिकित्सकों को 24 साल की सेवाएं पूरी करने के बाद मिलने वाले ग्रेड पे 8700 से 8900 की वेतन वृद्धि दी गई है। इसके अलावा 42 सेवानिवृत्त चिकित्सकों को उनके तय तिथि से वेतन बढ़ोतरी दी गई है। जिन्हें एरियर के रूप में भुगतान किया जाएगा, साथ ही पेंशन में भी बढ़ोतरी होगी। साथ ही सेवारत चिकित्सकों को प्रतिमाह करीब पांच हजार रुपये वेतन वृद्धि का लाभ मिलेगा। प्रांतीय चिकित्सा सेवा संवर्ग के महामंत्री डॉ.अमित सिंह ने बताया कि अभी अन्य अधिकृत चिकित्सक हैं, जिन्हें इस सूची में लाभ नहीं मिला है। शासन को निर्धारित समय पर एसएसीपी की बैठक करनी चाहिए ताकि चिकित्सकों को समय पर लाभ मिल सके।

### राज्यपाल आनंदीबेन ने दी आडवाणी को बधाई

**अमृत विचार, लखनऊ :** राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने पूर्व उप प्रधानमंत्री लालकृष्ण आडवाणी को देश के सर्वोच्च नागरिक पुरस्कार 'भारत रत्न' से सम्मानित किये जाने की घोषणा पर उन्हें बधाई दी है। राज्यपाल ने अपने संदेश में कहा कि आडवाणी ने अपने सार्वजनिक जीवन में दशकों तक सेवा करते हुए देश की एकता और अखंडता के प्रति अटूट प्रतिबद्धता जताई और अनुकरणीय मानक स्थापित किया।

विधान सभा सत्र में भाग लेने के लिए जाते मुख्यमंत्री योगी, साथ में प्रमुख सचिव गृह संजय प्रसाद।

बजट सत्र में भाग लेने के लिए जाते सपा नेता शिवपाल यादव, रघुराज प्रताप सिंह उर्फ राजा भैया व अन्य।

सत्र में हिस्सा लेने के लिए जातीं कांग्रेस विधायक अराधना मिश्रा, साथ में अन्य।

# विप में गूंजा बीएचयू गैंगरेप और शिक्षकों की भर्ती का मामला

## सपा सदस्यों ने दो बार किया सदन से वाकआउट, केशव मौर्य बोले- सरकार किसी भी अपराधी के साथ रियायत नहीं बरतती

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** विधान परिषद में शनिवार को बीएचयू में छात्रा से गैंगरेप और शिक्षकों की भर्ती न होने का मामला गूंजा। सपा सदस्यों ने प्रदेश में ध्वस्त कानून-व्यवस्था और बेरोजगारों के साथ खिलवाड़ का आरोप लगाते हुए जमकर नारेबाजी की और सदन से दो बार वाकआउट किया। नेता सदन व उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्या ने जवाब देते हुए कहा कि प्रदेश सरकार किसी भी अपराधी के साथ रियायत नहीं बरतती है, बीएचयू की घटना में आरोपी तीनों लड़कों को गिरफ्तार किया गया है।

सदन की कार्यवाही शुरू होते ही पूर्व विधान परिषद सदस्य जगजीवन प्रसाद के निधन पर विधान परिषद में मौन धारण कर श्रद्धांजलि दी गई। इसके बाद सपा सदस्यों ने प्रश्न प्रहर में सवाल न लेने और बीएचयू में छात्रा के

सामूहिक दुराचार की घटना को लेकर प्रदेश की ध्वस्त कानून व्यवस्था का मुद्दा उठाया। सपा के मुकुल यादव ने नियम-105 के तहत बीएचयू की घटना को उठाते हुए कहा कि भाजपा सरकार कहती है कि अपराधी जेल में हैं या प्रदेश छोड़ कर जा चुके हैं तो फिर रोजाना होने वाले अपराध कौन कर रहा है। सरकार बताए कि भाजपा के आईटी सेल में काम करने वाले तीन लड़के रात डेढ़ बजे बीएचयू में क्या करने गए थे। पीड़ित छात्रा के पक्ष में जुटने वालों के खिलाफ तरह-तरह की कार्रवाई शुरू हो गई।

घटना को बेहद शर्मनाक बताते हुए स्वामी प्रसाद मौर्या ने कहा कि प्रदेश सरकार के महिला सशक्तिकरण, एंटीरोमियो अभियान, नारी वंदन, बेटी पढ़ाओ-बेटी बचाओ के दावों के बावजूद गैंगरेप की घटना ने ठेंगा दिखाया है। खुलासा होने पर भाजपा के ही लोग अपराधी निकले। सपा के ही लाल बिहारी यादव ने कहा कि घटना के दूसरे दिन लड़कों को पकड़ा जाता है और अगले ही दिन छोड़ दिया जाता है। पांच हजार लोगों ने घेराव किया तो दबाव में आरोपियों को गिरफ्तार किया गया और पीड़िता का मेडिकल कराया गया।

सपा नेताओं के सवालों के जवाब में नेता सदन ने दो जून 1995 को मायावती के साथ घटित घटना और लड़कों से गलती होने के बयान का जिक्र करते हुए विपक्ष को कठघरे में खड़ा किया। उन्होंने सदन को अवगत कराया कि 2017 से 21 दिसम्बर 2022 तक महिलाओं व बच्चियों के साथ घटित अपराधों में 21 हजार 872 अभियुक्तों को सजा दिलाई जा चुकी है। इसमें से 8630 को पॉक्सो एक्ट में, 13217 को अन्य अपराध में, 1384 को आजीवन कारावास, 18 को मृत्युदंड और 135 अपराधियों को 10 साल से कम की सजा दी गई है। भाजपा सरकार में कोई भी अपराधी बच नहीं सकेगा।

सरकार के जवाब से असंतुष्ट सपा विधायकों ने नारेबाजी करते हुए सदन से वाकआउट कर दिया। सभापति कुंवर मानवेंद्र सिंह ने कार्यस्थगन अस्वीकार करते हुए सरकार को संदर्भित कर दिया।

### बसपा ने उठाया भर्ती और पुरानी पेंशन का मामला

बसपा के सदस्य भीमराव अम्बेडकर ने 69 हजार शिक्षक भर्ती में आरक्षण नियमों का मुद्दा उठाया, बेसिक शिक्षा मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) संदीप सिंह ने मामला न्यायालय में लंबित है, बावजूद समाधान करने के प्रयास किए जा रहे हैं। शिक्षक नेता ध्रुव कुमार त्रिपाठी ने सहायता प्राप्त माध्यमिक विद्यालयों में तदर्थ शिक्षकों को विनियमितीकरण का मुद्दा उठाया, राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) गुलाब देवी ने बताया कि सेल बोर्ड अधिनियम 1982 में विनियमितिकरण का प्रावधान है। निर्दलीय राजबहादुर सिंह चन्देल व डॉ. आकाश अग्रवाल ने पुरानी पेंशन योजना को बहाल कराये जाने की मांग उठाई। नगर विकास मंत्री अरविन्द कुमार शर्मा ने तथ्यों से सदन को अवगत कराया। सभापति कुंवर मानवेंद्र सिंह ने नियम-110 के तहत आई पांच सूचनाएं सरकार को संदर्भित कीं। वहीं, नियम-111 के तहत आने वाली 10 सूचनाओं में तीन भाजपा की, अन्य दलों की एक-एक कुल छह सूचनाएं सरकार को संदर्भित कीं। अंत में सभापति सरोजनी अग्रवाल ने अपरान्ह 2.35 बजे सदन की कार्यवाही सोमवार 11 बजे तक के लिए स्थगित कर दी।

### नहीं उठा मलिहाबाद के तिहरे हत्याकांड का मामला

विधान परिषद में शनिवार को बीएचयू गैंगरेप समेत बढ़ते अपराधों पर विपक्ष ने सरकार को घेरने की कोशिश की, लेकिन एक दिन पहले दिनदहाड़े गोलियां बरसाकर लखनऊ के मलिहाबाद में हुई तीन लोगों की हत्या का मामला नहीं उठाना सवाल खड़ा करता है। जबकि हत्यारे सीसीटीबी कैमरे में कैद हुए हैं, जिसमें एक पुराना हिस्ट्रीशीटर 70 साल का लल्लन खान है। भाजपा का आरोप है कि हत्यारे सपा के चहेते हैं, इसलिए मुद्दा नहीं उठा रही है। डर लग रहा है कि कहीं मुद्दा उठाने पर अतीक जैसा हाल न हो जाए।

### सदस्यों के निधन पर शोक के बाद विधान सभा स्थगित

**अमृत विचार, लखनऊ :** विधानसभा में दूसरे दिन दिवंगत विधायक व पूर्व विधायकों के निधन पर शोकसभा और श्रद्धांजलि के बाद सदन की कार्यवाही सोमवार सुबह 11 बजे तक स्थगित कर दी गई। सोमवार को सरकार का बजट पेश होगा।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने विधानसभा के पूर्व व वर्तमान सदस्यों के निधन पर शोक व्यक्त करते हुए उनके परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त की। उन्होंने कहा कि वर्तमान विधानसभा के सदस्य मानवेन्द्र सिंह का लगभग 65 वर्ष की आयु में निधन हो गया। वह लंबे समय से अस्वस्थ चल रहे थे। वे वर्ष 2022 में लगातार दूसरी बार भारतीय जनता पार्टी के टिकट पर निर्वाचन क्षेत्र ददरौल, जिला शाहजहांपुर से विधानसभा सदस्य निर्वाचित हुए थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्तमान विधानसभा के ही सदस्य डॉ शिव प्रताप यादव का बीते 26 जनवरी को लगभग 73 वर्ष की आयु में निधन हो गया। वह इस सदन के वरिष्ठ सदस्य थे। वह वर्तमान विधानसभा में चौथी बार निर्वाचित होकर आए थे। मुख्यमंत्री ने सदन के पूर्व सदस्य मोबीन अहमद आजमी, सतीश चन्द्र, जटाशंकर सिंह, मो. इरशाद खान, जगदीश गांधी व डॉ सुरेश संगल के निधन पर शोक व्यक्त करते हुए उनके परिजनों के प्रति भी संवेदना व्यक्त की।

गणतंत्र दिवस समारोह में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले एनसीसी कैडेट्स के लिए राजभवन में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करतीं राज्यपाल आनंदीबेन पटेल, साथ में अन्य। अमृत विचार

## कांग्रेस के कोऑर्डीनेटरों की संशोधित सूची जारी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** कांग्रेस ने प्रदेश की 46 लोकसभा सीटों पर कोऑर्डीनेटरों की संशोधित सूची जारी की है। इकलाख अहमद डेविड लखनऊ के कोआर्डीनेटर बनाये गये हैं।

अन्य कोऑर्डीनेटरों में मुरादाबाद सीट के लिए डॉ. युसुफ कुरैशी, बरेली के लिए विपुल गुप्ता, लखीमपुर खीरी के लिए अनिल शुक्ला, सीतापुर के लिए आशुतोष मिश्रा, मिश्रिख सुरक्षित सीट के लिए मेराज वली खान, मोहनलालगंज सुरक्षित सीट के लिए अमरेश पांडेय व अमेठी के लिए देवानंद मिश्रा को जिम्मेदारी दी गई है। सुल्तानपुर के लिए शुभम सिंह, कानुपर के लिए शैलेंद्र चतुर्वेदी, झांसी के लिए दिनेश सिंह पटेल, बाराबंकी सुरक्षित सीट के लिए प्रज्ञा सिंह, अयोध्या के लिए मनोज तिवारी केकेसी, बहराइच सुरक्षित सीट के लिए चन्द्रशेखर मिश्रा व गोंडा के लिए चौधरी अखिलेश कोऑर्डीनेटर बनाये गये हैं।

इसी तरह, मिर्जापुर के लिए अब्दुल मबूद खान, भदोही के लिए आनंद राय, वाराणसी के लिए चौधरी सतवीर सिंह, गोरखपुर के लिए कौशल त्रिपाठी, महाराजगंज के लिए राजीव पांडेय, संत कबीर नगर के लिए हृदय पांडेय व डुमरियागंज के लिए प्रभाकर द्विवेदी को जिम्मेदारी दी गई है। कैराना के लिए सोनू पठान, नगीना सुरक्षित सीट के लिए दिनेश अवाना, अमरोहा के लिए अतिफ हसन, गाजियाबाद के लिए सुभाष गांधी व अलीगढ़ के लिए सुभाष शर्मा को जिम्मेदारी दी गई है। मालूम हो कि कांग्रेस ने पूर्व में कुल 80 सीटों पर कोऑर्डीनेटरों की सूची जारी की थी।

### उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले एनसीसी कैडेट्स सम्मानित

**अमृत विचार, लखनऊ :** नई दिल्ली में सम्पन्न राष्ट्रीय गणतंत्र दिवस शिविर व परेड-2024 में सफलतापूर्वक सहभागिता कर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले एनसीसी के कैडटों को शनिवार को राजभवन में पदक व प्रमाण-पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने कहा कि युवाओं का दायित्व देश को आगे ले जाना है। युवाओं को जो प्रशिक्षण एनसीसी से प्राप्त हो रहा है, वे भविष्य में जब अपने सामाजिक जीवन से जुड़ेंगे, तब उनके काम आएगा। आने वाला भारत कैसा हो, इसके लिए युवाओं के प्रशिक्षण के कई कार्यक्रम हो रहे हैं। कार्यक्रम में एनसीसी निदेशालय उत्तर प्रदेश से एडीजी मेजर जनरल विक्रम कुमार समेत अन्य लोग शामिल हुए।

## प्रशिक्षण शिविर में एडीएम सीखेंगे आपदा प्रबंधन के गुर

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- आईआईएम समेत प्रमुख संस्थानों के विशेषज्ञ देंगे प्रशिक्षण

**अमृत विचार :** प्रदेश सरकार सभी जिलों के अपर जिलाधिकारियों (एडीएम) को महामारी, बाढ़, सूखा, अतिवृष्टि, वज्रपात जैसी आपदाओं से निपटने और इसके उचित प्रबंधन में निपुण बनाने के लिए प्रशिक्षण शिविर का आयोजन करने जा रही है। यह शिविर तीन चरणों में आयोजित किया जाएगा, जिसमें प्रदेश के विभिन्न जिलों के 25-25 एडीएम को प्रशिक्षण दिया जाएगा। आईआईएम समेत विभिन्न प्रमुख संस्थानों के एक्सपर्ट प्रशिक्षण देंगे। पहले चरण में आईआईएम लखनऊ में 6 और 7 फरवरी को आयोजन होगा।

अपर मुख्य सचिव (राजस्व) सुधीर गर्ग ने बताया कि शिविर में जलवायु परिवर्तन और संवेदनशीलता, आपदा प्रबंधन, राहत लॉजिस्टिक्स, स्टेकहोल्डर प्रबंधन, डिजिटल पहल और डिजाइन थिंकिंग के उपयोग जैसे विषयों पर चर्चा की जाएगी। इससे अधिकारियों को जिला स्तर पर नीति, प्रबंधन और क्रियान्वयन तंत्र को समझने में मदद मिलेगी।

### चार सत्र में होगी कार्यशाला

शिविर के पहले सत्र में आईआईएम लखनऊ के प्रोफेसर ऑफ स्ट्रेटजिक मैनेजमेंट नीरज द्विवेदी, दूसरे सत्र में उत्तर प्रदेश सरकार के सीनियर ऑफिशियल्स, तीसरे सत्र में इंटेलेक्ट चेन्नई के सीईओ डॉ. अरुण जैन और चौथे सत्र में प्रसाद उन्नीकृष्णन और कोच्चि के जीटी भरत सम्मिलित होंगे। दूसरे दिन पहले सत्र में प्रसाद उन्नीकृष्णन और जीटी भरत, दूसरे तीसरे और चौथे सत्र में आईआईएम लखनऊ के प्रो. एस वेंकट शामिल होंगे।

प्रशिक्षण शिविर में एक्सपर्ट द्वारा अधिकारियों को नई प्रबंधन तकनीक के साथ-साथ जलवायु परिवर्तन और आपदा प्रबंधन में नये अवसरों की जानकारी दी जायेगी। शिविर को प्रदेश के वर्तमान जलवायु परिवर्तन और आपदा प्रतिक्रिया को देखते हुए डिजाइन किया गया है। सरकार का शिविर के जरिये बढ़ती आपदाओं की घटनाओं को कम करने के साथ जनहानि को न्यूनतम करना उद्देश्य है।

## एक्स पर नंबर-1 मुख्यमंत्री बने योगी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- 27.4 मिलियन लोग करते हैं फॉलो
- तीसरे सबसे लोकप्रिय राजनेता भी

**अमृत विचार :** योगी आदित्यनाथ सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर सबसे लोकप्रिय मुख्यमंत्री बन गए हैं। एक्स पर फॉलोअर्स की संख्या के मामले में देश के सभी राज्यों के मुख्यमंत्रियों की फेहरिस्त में योगी आदित्यनाथ पहले नंबर पर हैं, जबकि देश में एक्स पर राजनेताओं के फॉलोअर्स की श्रेणी में मुख्यमंत्री योगी का तीसरा स्थान है।

योगी आदित्यनाथ के निजी एक्स अकाउंट @myogiadityanath पर फॉलोवर की संख्या 27.4 मिलियन का आंकड़ा पार कर गई है। राजनेताओं के पर्सनल एक्स अकाउंट के मामले में अब योगी आदित्यनाथ से आगे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह हैं। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल अब फॉलोअर्स की रेस में सीएम योगी से पिछड़ गए हैं।

मुख्यमंत्री योगी की सोशल मीडिया पर लोकप्रियता का अंदाजा इस बात से भी लगाया जा सकता है कि कांग्रेस सांसद राहुल गांधी से वह काफी आगे हैं। एक्स पर राहुल गांधी के 24.8 मिलियन फॉलोअर्स हैं। अखिलेश यादव के 19.1 मिलियन फॉलोअर्स हैं।

**पर्सनल ऑफिस अकाउंट देश में सबसे आगे**

योगी आदित्यनाथ के व्यक्तिगत एक्स अकाउंट के अलावा उनका पर्सनल ऑफिस अकाउंट @myogioffice भी काफी लोकप्रिय है और एक करोड़ से ज्यादा लोग उससे जुड़े हैं। मुख्यमंत्री योगी का पर्सनल ऑफिस अकाउंट देश का सबसे बड़ा पर्सनल ऑफिस अकाउंट है। इसे फॉलो करने वालों की संख्या 10 मिलियन (1 करोड़) से अधिक है।

मनोनयन के बाद हिफजुर्रहमान अजमल अंसारी को प्रमाणपत्र सौंपते कांग्रेस पदाधिकारी।

### हिफजुर्रहमान अजमल अंसारी जिला चेयरमैन मनोनीत

**अमृत विचार, लखनऊ :** हिफजुर्रहमान अजमल अंसारी को कांग्रेस के अल्पसंख्यक विभाग गोरखपुर का जिला चेयरमैन मनोनीत किया गया है। कांग्रेस अल्पसंख्यक विभाग के चेयरमैन शाहनवाज आलम ने शनिवार को इस सिलसिले में पत्र जारी किया। कांग्रेस के प्रदेश उपाध्यक्ष प्रभारी प्रशासन दिनेश कुमार सिंह ने अंसारी को नियुक्ति पत्र देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है। इस अवसर पर अल्पसंख्यक विभाग के उपाध्यक्ष शाहनवाज खान, मीडिया विभाग के वाइस चेयरमैन डॉ. मनीष हिंदवी, अलीमुल्लाह खान आदि मौजूद रहे।

## ओबरा सी की दूसरी इकाई से बिजली उत्पादन शीघ्र

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- दो हजार मेगावाट बिजली की उपलब्धता और बढ़ जाएगी

**अमृत विचार :** ओबरा सी की 660 मेगावाट की निर्माणाधीन दूसरी इकाई से भी जल्द उत्पादन शुरू होगा। उत्पादन निगम के अधिकारी इसकी तैयारी में जुटे हैं।

इस परियोजना की पहली इकाई से बीते दिन कमर्शियल उत्पादन शुरू हो गया। इससे प्रदेश को 660 मेगावॉट की अतिरिक्त बिजली मिलेगी। इससे प्रदेश की बिजली उत्पादन की क्षमता 7140 मेगावाट हो गई है। ऊर्जा मंत्री एके शर्मा ने बताया कि जवाहरपुर और घाटमपुर परियोजना की 660-660 मेगावाट की एक-एक इकाई से अप्रैल तक बिजली का उत्पादन शुरू हो जाएगा। उन्होंने बताया कि प्रदेश में बेहतर बिजली आपूर्ति व इसकी गुणवत्ता बनाये रखने के लिए संरचनागत ढांचे में बदलाव किया जा रहा है। जल्द ही प्रदेश में बिजली की किल्लत खत्म होगी। उन्होंने बताया कि ओबरा सी की दूसरी इकाई से जून तक बिजली का उत्पादन शुरू होने की संभावना है। उन्होंने कहा कि आने वाली गर्मी के मौसम में राज्य में बिजली की अधिकतम मांग को पूरा करने में बहुत सहायता मिलेगी। लोगों को बिजली कटौती से नहीं जूझना पड़ेगा। ऊर्जा मंत्री ने बताया कि मई-जून की भीषण गर्मी से पहले ही राज्य में लगभग दो हजार मेगावाट बिजली की उपलब्धता और बढ़ जाएगी।

**परियोजना** जेवर एयरपोर्ट के पास मेडिकल डिवाइस पार्क की स्थापना की प्रक्रिया तेज

## कैंसर के इलाज समेत मिलेंगी कई हाईटेक सुविधाएं

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- मुख्यमंत्री के निर्देश पर यीडा ने शुरू की तैयारी

**अमृत विचार :** ग्रेटर नोएडा क्षेत्र में जेवर एयरपोर्ट के पास यमुना औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यीडा) द्वारा मेडिकल डिवाइस पार्क की स्थापना व विकास की प्रक्रिया तेज हो गई है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर यहां गामा रेडिएशन फैसिलिटी के जरिए कैंसर केयर समेत उच्च चिकित्सीय तमाम सुविधाएं होंगी।

ग्रेटर नोएडा के सेक्टर 28 में 350 एकड़ क्षेत्र में मेडिकल डिवाइस पार्क का विकास किया जा रहा है। इसकी कुल लागत 439 करोड़ रुपये होने का अनुमान है, जिसमें से सामान्य बुनियादी सुविधाओं (सीआईएफ) के विकास की लागत लगभग 190 करोड़ रुपये होगी। योजना के तहत राज्य सरकार द्वारा प्रस्तावित चयनित मेडिकल डिवाइस पार्क में सामान्य बुनियादी सुविधाओं के निर्माण के लिए एकमुश्त अनुदान सहायता प्रदान की जा रही है। इसी क्रम में अब मेडिकल डिवाइस पार्क में कैंसर केयर, रेडियोलॉजी व इमेजिंग मेडिकल डिवाइसेस, एनेस्थेटिक्स व कार्डियो रेस्पिरेटरी तथा पेसमेकर्स व कोकलियर इंप्लांट डिवाइसेस के इक्विप्मेंट्स से लैस करने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है।

इस उद्देश्य से यीडा द्वारा एक्सप्रेशन ऑफ इंट्रेस्ट (ईओआई) के माध्यम से गामा रेडिएशन सुविधाएं स्थापित करने और सार्वजनिक-निजी भागीदारी (पीपीपी) मोड के माध्यम से इन सुविधाओं के संचालन, रखरखाव और प्रबंधन में रुचि रखने वाली कंपनियों को आमंत्रित किया जा चुका है और कार्य वितरण की प्रक्रिया जारी है।

### पांच तरह की सुविधाओं के विकास पर फोकस

पार्क में चिकित्सा जगत की पांच तरह की बड़ी सुविधाओं पर मुख्यमंत्री का फोकस है। पहला कैंसर केयर-रेडियोथेरेपी मेडिकल डिवाइसेस के संयंत्र के तौर पर रोटेशन कोबाल्ट मशीन, रेडियोथेरेपी सिमुलेशन सिस्टम, लीनैक 4 ब्रैकीथेरेपी सिस्टम का विकास करना है। फिर रेडियोलॉजी व न्यूक्लियर इमेजिंग सिस्टम के तहत एमआरआई, सीटी स्कैन, एक्स-रे, स्पेक्ट स्कैन, मैमोग्राफी, अल्ट्रासाउंड मशीन व कैथलैब की स्थापना का मार्ग प्रशस्त होगा। इसी प्रकार, एनेस्थेटिक्स और कार्डियो-रेस्पिरेटरी चिकित्सा उपकरण (जिसमें कार्डियोरेस्पिरेटरी श्रेणी के कैथेटर और गुर्दे की देखभाल संबंधी चिकित्सा उपकरण शामिल हैं) के अंतर्गत एनेस्थीसिया वर्कस्टेशन, स्वचालित बाहरी डिफिब्रिलेटर (एईडी), डायलिसिस मशीन, डायलाइजर व पेरिटोनियल डायलाइजर किट के विनिर्माण का मार्ग प्रशस्त होगा। फिर कॉकलियर इम्प्लांट और पेसमेकर जैसे इम्प्लांटेबल इलेक्ट्रॉनिक्स उपकरणों सहित हिप इम्प्लांट, घुटना इम्प्लांट, इम्प्लांटेड पेसमेकर और इंसुलिन पंप इक्विप्मेंट्स जैसी सुविधाओं का मार्ग प्रशस्त होगा। पांचवीं कैटेगरी के तौर पर इन वाइट्रो डायग्नोस्टिक्स के रूप में बायोकेमिस्ट्री एनालाइजर, हेमेटोलॉजी एनालाइजर, इम्यूनोएस्से, को-ऑगुलेशन एनालाइजर व ब्लड गैस एनालाइजर जैसी सुविधाओं का लाभ मिल सकेगा।

### वोट का बिखराव रोकने को दिया गया आडवाणी को भारत रत्न

**अमृत विचार, लखनऊ :** पूर्व प्रधानमंत्री लालकृष्ण आडवाणी को भारत रत्न दिये जाने के केन्द्र सरकार के फैसले को सपा के अखिलेश यादव ने वोट की राजनीति से जोड़ा है। शनिवार को उन्होंने कहा कि इंडिया गठबंधन होने से भाजपा का वोट बैंक बिखरने लगा है। वोट के बिखराव को रोकने के लिए भाजपा हर हथकंडे अपना रही है। उन्होंने कि इंडिया गठबंधन में सीटों का बंटवारा जीत और सीट के आधार पर होगा।

## 1,540 नए मार्गों पर चलेंगी डबल डेकर बसें

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** राजधानी समेत 14 जिलों में 1,540 नए मार्गों पर परिवहन निगम की डबल डेकर बसें दौड़ेंगी। राज्यपाल की अनुमति के बाद परिवहन विभाग ने शासनादेश जारी कर दिया गया है। यह जानकारी शनिवार को परिवहन राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार दयाशंकर सिंह ने दी।

उन्होंने बताया कि इन मार्गों पर निजी बसें अनुबन्धित की जाएंगी। डबल डेकर बसों के चलने से ज्यादा से ज्यादा यात्रियों को आवागमन की सुविधा मिलने के साथ ही सुखद अनुभव मिलेगा। प्रयास है कि यात्रियों को सेवाएं जल्द उपलब्ध हों। निजी बसें अनुबंध करने के लिए विभाग द्वारा टेंडर निर्गत किये जाएंगे। परिवहन मंत्री ने बताया कि आगरा, अलीगढ़, अयोध्या, आजमगढ़, बांदा, बरेली, बस्ती, गोंडा, गाजियाबाद, गोरखपुर, लखनऊ, कानपुर, मुरादाबाद और मिर्जापुर में डबल डेकर बसें संचालित की जायेंगी। इन बसों के चलने से यात्रियों को सुविधा के साथ ही परिवहन निगम को आर्थिक लाभ भी प्राप्त होगा।

# समय की इज्जत करने से मिलेगी सफलता

जहांगीराबाद,बाराबंकी

**अमृत विचार :** जहांगीराबाद इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नॉलॉजी परिसर में शनिवार को कार्यक्रम आयोजित कर एमबीए, बीटेक, बीफार्मा, बीए और बीकॉम के छात्र-छात्राओं को डिग्री देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि लेफ्टीनेंट जनरल एनएस राजा सुब्रामन्यम मध्यकमान आर्मी व विशिष्ट वाइस चांसलर प्रो.एकेटीयू जेपी पांडेय व डॉयरेक्टर मंजूर गौरी मौजूद रहे।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि लेफ्टीनेंट जनरल एनएस राजा ने लर्न की एक एक स्पेलिंग की व्याख्या करते हुए छात्र छात्राओं को शिक्षा के प्रति प्रेरित किया। कहा किसी का फालोअर बनना तो आसान है लेकिन एक लीडर बनकर कार्य करना काफी मुश्किल है। छात्र छात्राओं को नसीहत देते हुए कहा कि सही समय और समय की इज्जत करने से ही सफलता हासिल होगी। फेलियर होने पर परेशान न होकर पॉजिटिव रहें सफलता अवश्य मिलेगी। उन्होंने कहा कि अकलमंद लोग दूसरों की गलतियों से सीखते हैं वह दोबारा गलतियां नहीं करते। वहीं डायरेक्टर मंजूर गौरी ने कहा कि मेरे मकसद बस केवल लोकल स्तर तक शिक्षा को पहुंचाना है। उन्होंने तकनीकी शिक्षा पर जोर दिया और कहा कि जल्द ही छात्र छात्राओं को अन्य कई कोर्स कम फीस में उपलब्ध कराए जाऐंगे। वहीं उन्होंने लॉ कॉलेज चलाने की भी बात कही। इस मौके पर मेधावी छात्र छात्राओं को मेडल व डिग्री देकर सम्मानित किया गया।

छात्रा को डिग्री प्रदान करते लेफ्टीनेंट जनरल एनएस राजा सुब्रामन्यम मध्यकमान आर्मी व विशिष्ट वाइस चांसलर प्रो .एकेटीयू जेपी पांडेय।

**कार्यक्रम**

▸▸ छात्र-छात्राओं को मिली डिग्री तो चेहरे पर साफ दिखी सफलता की खुशी

# ब्लॉक के कारण आधे घंटे रोकी गई वंदे भारत

दरियाबाद,बाराबंकी

**अमृत विचार :** अयोध्या से दिल्ली के आनंद विहार टर्मिनल जा रही 22425 अप वंदेभारत एक्सप्रेस को ब्लॉक के कारण दरियाबाद रेलवे स्टेशन पर करीब आधे घंटे रोकी गई। इसे लेकर तरह-तरह की चर्चाएं होती रहीं।

वंदे भारत ट्रेन को दरियाबाद सैदखानपुर के बीच ब्लॉक के कारण करीब आधा घंटा दरियाबाद रेलवे स्टेशन पर रोका गया। वंदेभारत एक्सप्रेस शनिवार को करीब 4 बजकर 20 मिनट पर पहुंची। यहां पहुंचने के बाद ट्रेन रुक गई। वंदेभारत जैसी ट्रेन के रुकने को लेकर चर्चाएं तेज हुई। आसपास के लोग देखने पहुंच गए। रेलवे सूत्रों ने बताया कि डीएमटी (डिवीजनल मैटेरियल ट्रेन) के कारण ट्रेन रोकी गई। लाइन पर काम चल रहा था। स्टेशन अधीक्षक वेदप्रकाश मिश्र ने बताया कि डीएमटी अनलोडिंग के कारण वंदेभारत लगभग आधे घंटे तक खड़ी रही। इसके सिग्नल देकर ट्रेन को रवाना किया गया। इस दौरान आसपास के ग्रामीणों की भीड़ ट्रेन देखने के लिए लगी रही।

दरियाबाद रेलवे स्टेशन पर खड़ी वंदे भारत ट्रेन। अमृत विचार

**अफरा-तफरी**

▸▸ सूचना पर देखने पहुंचे लोग सिग्नल देकर किया गया रवाना

## एक नजर

### 22 पर शांतिभंग की कार्रवाई, एक गिरफ्तार

**बाराबंकी, अमृत विचार :** जिले के विभिन्न स्थानों के पुलिस ने शनिवार को 22 अपराधियों के खिलाफ शांतिभंग की कार्रवाई की जबकि एक को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। थाना कोतवाली नगर पुलिस ने अभियुक्त जकी अहमद निवासी नई बस्ती पीरबटावन निकट नागेश्वरनाथ धाम थाना कोतवाली नगर को नाला पीरबटावन के पास से गिरफ्तार किया। अभियुक्त के कब्जे से एक तमंचा .315 बोर व एक जिंदा कारतूस बरामद कर जेल भेज दिया गया।

### अपहृत युवती बरामद

**बाराबंकी, अमृत विचार :** लोनी कटरा थाने की पुलिस ने शनिवार को एक अपहृत युवती बरामद की। पुलिस अपहरणकर्ता की तलाश कर रही है। युवती के अपहरण की प्राथमिकी परिजनों ने लोनीकटरा थाने में दर्ज कराई थी। पुलिस ने अपहृता को सकुशल बरामद किया गया।

### जया को मिला विद्यावाचस्पति सम्मान

**रामसनेही घाट,बाराबंकी, अमृत विचार :** पं. दीनदयाल उपाध्याय हिंदी विद्यापीठ हिंदी भाषा के प्रचार- प्रसार के लिए निरंतर प्रयत्नशील है। भारतीय लोक साहित्य को हिंदी के माध्यम से प्रकाश में लाने की दिशा में विद्यापीठ की अहम भूमिका रही है। इसी क्रम में रामसनेही घाट क्षेत्र के मोहम्मदपुर उपाध्याय निवासी जया मिश्रा को 2 फरवरी को पं. दीनदयाल उपाध्याय हिंदी विद्यापीठ वृंदावन धाम, मथुरा की प्रबंध कार्यकारिणी द्वारा क्षेत्रीय हिंदी लेखन, समाजसेवा एवं नारी सशक्तिकरण के क्षेत्र में राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय प्रतिष्ठा के आधार पर किए शोध व सामाजिक कार्यों के लिए इस विद्यापीठ की प्रबंध कार्यकारिणी ने विद्यावाचस्पति सारस्वत सम्मान प्रदान किया है।

# पिता को डंडे से पीट-पीटकर मार डाला

## संपत्ति का बंटवारा नहीं करने से आक्रोशित था बेटा, फरार

सतरिख, बाराबंकी

**अमृत विचार:** बटवारे को लेकर पुत्र ने पिता को लकड़ी के डंडे से पीट-पीट कर मार डाला। जानलेवा हमला कर दिया जिससे उसकी मौके पर मौत हो गई। अप्रत्याशित घटना से पूरा गांव स्तब्ध रह गया। मौके पर पहुंची पुलिस भी आवाक थी। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

फाइल फोटो।

सतरिख थाना क्षेत्र के कमरपुर गांव निवासी विशुन यादव 75 और इसके पुत्र शिवपाल यादव के बीच जमीन और घर बंटवारे को लेकर विवाद हो गया। विवाद इतना बढ़ा की पुत्र ने पिता पर लकड़ी के डंडों से हमला कर दिया जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया और मौके पर ही दम तोड़ दिया। मौके पर पहुंचे पुलिस क्षेत्राधिकार सुमित कुमार त्रिपाठी, एसओ अमर कुमार चौरसिया घटनास्थल की जांच- पड़ताल की लेकिन आरोपी पुत्र मौके से फरार हो गया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। एसओ अमर कुमार चौरसिया का कहना है कि हत्या का मुकदमा दर्ज कर लिया गया है लेकिन गिरफ्तारी नहीं हो सकती है। गिरफ्तारी के प्रयास किया जा रहे हैं।

घटनास्थल पर एकत्र ग्रामीणों की भीड़। फोटो : अमृत विचार

### बंटवारे के लिए राजी नहीं था पिता

ग्राम वासियों के मुताबिक विशुन यादव के 6 बेटे हैं। हमला कर हत्या कर देने वाला बेटा तीसरे नंबर का था। वह संपत्ति का बटवारा करने की मांग काफी दिनों से कर रहा था। लेकिन पिता इसके लिए राजी नहीं था। शनिवार को भी इसी बात को लेकर विवाद शुरू हुआ। जिसमें विशुन यादव को अपने बेटे के हाथों जान गंवानी पड़ी।

### पुलिस टीम की मौजूदगी में हटाया गया अतिक्रमण

**बाराबंकी, अमृत विचार :** ग्राम पंचायत सहाबपुर की हरिजन आबादी, अंबेडकर मैदान व तालाब की भूमि पर अतिक्रमण करने वाले आधा दर्जन से अधिक लोगों के कब्जे को राजस्व व पुलिस टीम ने जेसीबी से अतिक्रमण मुक्त कराया। राजस्व व पुलिस की कार्रवाई से घर से बेघर हुए परिजन हताश और परेशान दिखे। थानाक्षेत्र के राजस्व ग्राम साहाबपुर के राजस्व अभिलेखो मे दर्ज गाटा संख्या 1605 रकबा 0 .200 , 1597 रकबा 0051, तालाब के गाटा संख्या 1599 रकबा 0 . 341 रकबा, खलिहान की गाटा संख्या 1604, अंबेडकर मैदान 1609 रकबा 0 . 101 पर गांव के कुछ लोगों ने झोपड़ी, नाद और घर बना लिया था। गांव के ही संतराम , राजाराम व मोतीलाल की शिकायतों पर शनिवार को राजस्व निरीक्षक स्वामीनाथ सोनी, वरिष्ठ उपनिरीक्षक श्मशाद अली, हल्का लेखपाल प्रवेश तिवारी, अजय सिंह चौहान, दिवाकर ने अतिक्रमण हटवाया।

## सार-संक्षेप

### विद्युत सप्लाई हुई बंद तो नहीं खुला गेट, लगा जाम

दरियाबाद रेलवे क्रॉसिंग पर लगा जाम। अमृत विचार

**दरियाबाद,बाराबंकी, अमृत विचार :** विद्युत से संचालित आटोमैटिक रेलवे फाटक के विद्युत सप्लाई बंद होने से न खुलने पर दोनों तरफ वाहनों की लंबी कतार लग गई। इसके बाद रेल कर्मियों ने हस्त चलित हैंडल का प्रयोग कर गेट को खोला। उसके बाद आवागमन बहाल हुआ। यह घटना चर्चा का विषय बनी रही। शनिवार की सुबह करीब 11 बजे दरियाबाद भिटरिया मार्ग पर पड़ने वाले रेलवे फाटक का गेट योगनगरी ऋषिकेश से आने वाली हावड़ा को जाने वाली 13010 डाउन दून एक्सप्रेस के गुजरने पर केबिन मैन ने गेट बंद किया था। लेकिन ट्रेन गुजरने के बाद 10 मिनट तक गेट नहीं खुला तो दोनों ओर वाहनों का लंबा जाम लग गया। ऐसे में रेलवे कर्मचारियों ने हस्तचालित हैंडल का प्रयोग कर गेट को खोला। उसके बाद दोनों तरफ लगी वाहनों की लंबी कतार का जाम खत्म हुआ। गेट खोल रहे रेल कर्मी ने बताया कि मेन विद्युत सप्लाई बंद होने पर ऑटोमेटिक गेंट नहीं खुला। वहीं स्टेशन मास्टर वेद प्रकाश मिश्रा से संपर्क साधा गया तो उन्होंने फोन नही रिसीव किया ।

### भक्ति से मिलता है ईश्वर के साकार दर्शन

**बनीकोडर,बाराबंकी, अमृत विचार :** बनीकोडर ब्लॉक के जरौली गांव में श्रीमद्भागवत महापुराण की कथा में शुक्रवार को अयोध्या धाम से कथा व्यास डॉ. महीधर शुक्ल ने कहा कि- भक्ति दीप्तिमान मणि के समान है और ज्ञान एक जलता हुआ दीपक है। ज्ञान के द्वारा ईश्वर को जान पहचान कर उसकी पूरे महात्म को समझा जा सकता है लेकिन भक्ति के द्वारा ईश्वर का साकार दर्शन अवश्य प्राप्त होता है। बृज में महा रासलीला रचाकर भगवान श्रीकृष्ण ने गोपिकाओं को भक्ति भाव से ओतप्रोत कर दिया। उन्होंने आगे कहा बृज में हुई योगेश्वर भगवान की रासलीला वास्तव में ब्रह्म और जीव का सार्थक मिलन है। आज इस कथा के दौरान भगवान श्रीकृष्ण और महारानी रुक्मणी के विवाह की मनोरम झांकी सजाई गई। जिसे दर्शकों ने भक्ति भाव से स्वीकार किया तथा भाव विभोर हुए। आज के आयोजन में राहुल, विकास, मुनेश्वर,विशेसर, दुर्गेश सहित तमाम भक्त मौजूद रहे।

कथा सुनाते कथा व्यास डॉ. महीधर शुक्ल।

### पूर्व सीएम राजनाथ सिंह के लिए पुत्तू ने छोड़ी थी सीट

पूर्व विधायक की प्रतिमा पर मालार्पण करते ग्राम्यांचल महाविद्यालय के प्रबंधक व अन्य।

**हैदरगढ़,बाराबंकी, अमृत विचार :** हैदरगढ़ विधानसभा क्षेत्र के विकास को नई बुलंदियों पर पहुंचाने के लिए अपनी राजनीति का बलिदान देने वाले स्व. पंडित सुरेंद्रनाथ अवस्थी पुत्तू की 12वीं पुण्यतिथि ग्राम्यांचल महाविद्यालय स्थित स्मृति उपवन में नम आंखों के बीच मनाई गई। इस अवसर पर उनसे जुड़े लोगों ने उनके विराट व्यक्तित्व की चर्चा करते हुए हैदरगढ़ क्षेत्र के विकास के लिए किए गए उनके बलिदान को याद किया। पुत्र शरद अवस्थी, आशुतोष व सिद्धार्थ अवस्थी के अलावा पंडित सुरेंद्रनाथ के समय से अब तक जुड़े सरवर सिद्दीकी, वरिष्ठ कवि रामेश्वर प्रसाद द्विवेदी, नगर पंचायत अध्यक्ष आलोक तिवारी, संजीव मिश्रा ने उनके साथ बिताए समय को याद किया। कहा कि उन्होंने हैदरगढ़ के स्वर्णिम विकास के लिए अपने विधायक पद से इस्तीफा देते हुए वरिष्ठ भाजपा नेता एवं तत्कालीन मुख्यमंत्री राजनाथ सिंह के लिए अपनी राजनीति का बलिदान कर दिया। पुण्यतिथि के मौके पर ब्राह्मणों को भोजन कराने के बाद दान-दक्षिणा भी दी गई। इस अवसर पर पूर्व सांसद बैजनाथ रावत, तनुज पुनिया, जगदीश प्रसाद, गंगा बक्स, शिवकुमार, गोविंद शुक्ला आदि मौजूद रहे।

# संदिग्ध परिस्थितियों में टेंटकर्मी की हुई मौत

रामसनेही घाट, बाराबंकी

**अमृत विचार:** शुक्रवार को संदिग्ध परिस्थितियों में टेंटहाउस में मजदूरी करने वाले युवक की मौत ही गई। जैदपुर पुलिस ने बीती देर रात शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा।

कोतवाली रामसनेही घाट अंतर्गत पूरे समाधान मजरे सनौली निवासी भीमसेन पुत्र पतिराम रावत (23) जैदपुर थाना अंतर्गत गंगवाई पठनान कजियापुर स्थित एक टेंट हाउस पर मजदूरी करता था। शुक्रवार को दोपहर घर से टेंट हाउस की दुकान पर भीमसेन काम करने गया था जिसका शव टेंट हाउस की दुकान पर मिला देर शाम संदिग्ध परिस्थितियों में मिला।जिसकी जानकारी टेण्ट के मजदूरों ने टेण्ट मालिक और भीमसेन के परिजनों को दिया। परिजनों ने पुलिस को सूचना दिया ओर शव को घर ले आए। जैदपुर कोतवाल अमित कुमार सिंह ने बताया कि जानकारी करने पर मालूम हुआ कि भीमसेन टेंट के पाइप को जुड़वाने थाना असंदरा के अकोरी गांव की बेल्डिंग की दुकान पर गया था। जब पाइप ट्रैक्टर-ट्रॉली पर रखने लगा तो ऊपर से गुजरी 11 हजार बोल्ट की बिजली लाइन के तार में पाइप के छूने से उसकी मौत हो गई।

# लापता युवक का खेत में मिला शव

**रहस्य गहराया**

▸▸ 21 जनवरी से लापता था युवक हत्या की आशंका

सूरतगंज, बाराबंकी

**अमृत विचार :** 24 घंटे से लापता युवक का शव शनिवार को सरसों के खेत में मिला। इसकी सूचना पर हडकंप मच गया। परिजनों ने हत्या की आशंका जाहिर करते हुए। पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने छानबीन की।

मामला मोहमदपुर खाला थाना क्षेत्र का है। यहां के निवासी दिनेश का बेटा नीरज 21 जनवरी शुक्रवार से लापता था। परिजन उसकी तलाश कर रहे थे। इस दौरान उसका शव शनिवार की सुबह गांव के बाहर कल्लू नवाब के खेत में मिला। इसकी सूचना पर घर में कोहराम मच गया। एएसपी उत्तरी चिरंजीवी सिन्हा ने बताया कि युवक का शव खेत में मिला है। पोस्टमॉर्टम कराया जा रहा। परिजनों की तहरीर के आधार पर केस दर्ज कर कार्रवाई की जाएगी।

रोते-बिलखते युवक के परिजन व छानबीन करता पुलिसकर्मी। अमृत विचार

# 50 साल पहले स्वामी रामदास ने की थी शिविर की शुरुआत

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी

**अमृत विचार :** श्री राम वन कुटीर हड़िया कोल 50 साल पहले स्वामी रामदास ने मानव सेवा का जो पौधा लगाया था। वह अब वटवृक्ष बन चुका है। जिसकी छाया में लाखों लोगों को जीवन दान मिल चुका है। एक छोटे से कमरे में ऑपरेशन की जो शुरुआत हुई थी वह अब 300 बेड के हाईटेक अस्पताल में तब्दील हो चुकी है। जहां इन दोनों निशुल्क ऑपरेशन चल रहा है। शनिवार को भी शिविर में सैकड़ों मरीज के ऑपरेशन किए गए।

स्वामी रामदास व स्वामी राम ज्ञान दास महाराज ने पूरा जीवन फकीरी में बिताया। दोनों संत दुनिया की चकाचैंध से दूर रहे। उन्होने जिले के गरीबों की चिन्ता कर जंगल में 300 बेड का हाइटेक अस्पताल व गरीब बच्चों के लिए स्कूल बनाया जिससे लाखों लोग लाभान्वित हो रहे हैं ।आश्रम के सेवदार मनीष मेहरोत्रा ने बताया की 28 जनवरी से शुरू हुए नेत्र मोतियाबिन्द के आपरेशन के मरीजों के स्वास्थ्य के लिए सर्वधर्म प्रार्थना रोगहरण श्री हनुमान जी के मन्दिर में हुई । यहाँ पर आपरेशन करने वाले सभी डाक्टर व नर्सिंग टीम ईसाई धर्म को मानती है तो बड़ी संख्या में मुस्लिम भाई-बहने अपना निःशुल्क आपरेशन कराने आते हैं। लखीमपुर सीतापुर के तराई से सिख धर्म को मानने वाले भाई-बहने भी आते हैं स्वामी रामदास जी ने जाति-धर्म से ऊपर उठकर लोगों की सेवा की उनके लिए परहित से बढ़कर कोई धर्म नहीं था। सभी मरीज सेवादार एक ही पंगत मे बैठकर खाना खाते हैं व कार्य सम्पन्न होने के बाद हनुमान को धन्यवाद देना नही भूलते हैं। आज बहरीन से सोनिया डूडेजा भी अपनी टीम के साथ आश्रम पर पहुंची और मरीजो की सेवा के कार्य मे लग गई। 16 वर्षो से निरन्तर आपरेशन के बाद मरीजों की पट्टी कर रही। महेश्वरी महिला मण्डल दिल्ली की राजश्री मोहता अपनी टीम की महिला सदस्यों शुभ्र महेश्वरी, सुनीता सोडानी, विनीता बियानी, के साथ मरीजों की सेवा कर रही हैं। पलिया बाराबंकी के संजय यादव अपनी टीम के सदस्यों मोहित, प्रदीप, रंजीत, आकाश, सुमित के साथ मरीजो के वार्ड में सेवा के कार्य में लगे हुए हैं।

ऑपरेशन के बाद वार्ड में जाने के लिए बैठे मरीज। अमृत विचार

**हड़िया कोल**

▸▸ सेवा के लिए बहरीन से पहुंचीं सोनिया डुडेजा

# हत्या के दो दोषियों को आजीवन कारावास

**बाराबंकी, अमृत विचार :** जिला एवं सत्र न्यायालय ने शनिवार को हत्या के दोषी पाए गए दो को आजीवन कारावास की सजा सुनाई। दोनों को 20-20 हजार रूपये के अर्थदंड से भी दंडित किया। इस मामले में हत्यारों ने अपने ही भाई के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज कर दिया था। जिससे पुलिस विवेचना में गलत पाया गया।

पुलिस अधीक्षक दिनेश कुमार ने बताया कि यह मामला ऑपरेशन कन्विक्शन के तहत चिन्हित था। जिसका मुकदमा लोनी कटरा थाने में 2011 में दर्ज हुआ था।वादी कल्लू रावत पुत्र नन्हकऊ निवासी दहिला थाना लोनीकटरा जनपद बाराबंकी ने अपने भाई मेवालाल पुत्र नन्हकऊ के विरूद्ध अपनी पत्नी की हत्या कर देने के सम्बन्ध में थाना लोनीकटरा पर पंजीकृत कराया। तत्कालीन विवेचक उप निरीक्षक अम्बर सिंह द्वारा अभियोग की विवेचना व साक्ष्य संकलन में अभियुक्त का नामजदगी गलत पायी गयी तथा वादी कल्लू रावत व उसके पुत्र यदुराज का नाम प्रकाश में आया। विवेचक द्वारा साक्ष्य संकलन कर वैज्ञानिक विधि से विवेचना पूर्ण कर अभियुक्तगण के विरुद्ध न्यायालय में आरोप पत्र प्रेषित किया गया। न्यायालय ने कल रावत और उसके बेटे यादुराज को आजीवन कारावास की सजा सुनाई।

# 650 करोड़ आवंटित, देवा से फतेहपुर तक बनेगी फोर लेन सड़क

कार्यालय संवाददाता,बाराबंकी

**अमृत विचार :** देवा ब्लॉक क्षेत्र के माती स्थित किसान पथ से तहसील फतेहपुर, सीतापुर होते हुए लखीमपुर तक प्रस्तावित हाईवे निर्माण के पहले दौर में देवा से फतेहपुर होते हुए मदनपुर गांव तक करीब 20 किमी लंबा फोरलेन हाईवे बनेगा। इसके लिए भूमि अधिग्रहण की प्रक्रिया भी शुरू हो गई है। इसके निर्माण से लखनऊ, सीतापुर और बाराबंकी जिलों के लाखों लोगों को सीधा फायदा पहुंचेगा। करीब 650 करोड़ रुपये भी शासन द्वारा आवंटित कर दिया गया हैं।

माती गांव के पास से गुजरे किसान पथ से लखीमपुर जिले तक करीब 80 किमी लंबे हाईवे का निर्माण होना है। फतेहपुर और देवा में दो लेन के बाईपास भी बनने को प्रस्तावित हैं। इसे लेकर अब पहले चरण में देवा के पवैयाबाद, सलारपुर से फतेहपुर के बाहर से होते हुए सीतापुर जिले की सीमा के निकट मदनपुर गांव तक फोर लेन सड़क बनेगी। इसमें फतेहपुर का बाईपास दो लेन का होगा। इसके लिए करीब 650 करोड़ रुपये की धनराशि का आवंटन भी कार्यदायी संस्था लोक निर्माण विभाग की एनएच विंग को भेजी गई है। इसे लेकर देवा, फतेहपुर क्षेत्र के लोगों में बेहद खुशी दिख रही है। मिली जानकारी के अनुसार देवा कस्बे से मदनपुर तक सड़क निर्माण में इसरौली, डडियामऊ, काजीपुर, मदनपुर, दशरथपुर, कटघरा, चक कलवरिया, बसारा, कुतलूपुर, सलारपुर, सरैंया मकबूलनगर, पवैय्याबाद, कोटवाकला, ढिंढोरा, फतेहपुर, ब्रम्हनी टोला की करीब 85 हेक्टेयर भूमि का अधिग्रहण करने की बात कही जा रही है। बताया जा रहा है कि इसके लिए करीब 910 गाटा संख्या चिंहित कर ली गई हैं। कई किसानों के साथ सरकारी जमीनें भी इसमें शामिल हैं। अधिसूचना जारी कर किसानों से आपत्ति मांगने का काम शुरू हो चुका है, ताकि उन्हें निर्धारित मूल्य पर भूमि का मुआवजा दिया जा सके।

फतेहपुर कस्बे में रेलवे लाइन के किनारे बन रही सड़क। अमृत विचार

**मिलेगी राहत**

▸▸ भूमि अधिग्रहण की प्रक्रिया शुरू सुगम होगा आवागमन

### कस्बे में खत्म होगा जाम

कस्बा फतेहपुर में प्रतिदिन लंबा जाम लगता है। हाईवे बनने से कस्बेवासियों को जाम से हमेशा के लिए छुटकारा मिलेगा। इससे व्यापार को भी फायदा होगा और लोग आसानी से आवागमन कर सकेंगे। भारी वाहन कस्बे के बाहर से होकर गुजरेंगे।

### महमूदाबाद हाईवे भी होगा चौड़ा

लखनऊ से निकलने के बाद कुर्सी क्षेत्र से होते हुए सीतापुर जिले के महमूदाबाद तक जाने वाले राजमार्ग का जिले में पड़ने वाले करीब 33 किमी लंबे हिस्से को 10 किलोमीटर चौड़ा किया जाएगा। इससे लोगों को सफर करने में सहुलियत मिलेगी। और जाम से भी निजात मिलेगी। कुर्सी थाना क्षेत्र के रास्ते लखनऊ से महमूदाबाद तक जाने वाली सड़क की लंबाई करीब 57 किलोमीटर है। निंदूरा, बड्डूपुर, फतेहपुर, घुंघटेर, भगौली आदि क्षेत्र के लोग सीतापुर जिले के महमूदाबाद, बिसवां, रामपुर मथुरा, रेउसा क्षेत्र के लोग भी इसी सड़क से राजधानी आते- जाते हैं। अब इस राजमार्ग को चौड़ा करने की तैयारी तेजी से चल रही है। बताया जा रहा है कि लोक निर्माण विभाग ने सर्वे कराकर करीब 242 करोड़ रुपये का प्रस्ताव तैयार किया। इसको मंजूरी भी मिल चुकी है। अधिशासी अभियंता राजीव राय ने बताया कि सड़क के दोनों ओर साढ़े सात मीटर सड़क होगी।

कुर्सी से महमूदाबाद जाने वाली सड़क।

# इंडिया गठबंधन को मजबूत करेगा पीडीए : अखिलेश यादव

## 90 फीसदी युवा बेरोजगार, नहीं लगा एक भी कारखाना, भाजपा सरकार में हर चीज महंगी ,नमक भी महंगा हुआ

सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव का स्वागत करते कार्यकर्ता। अमृत विचार

छात्र को लैपटॉप देते पूर्व मुख्यमंत्री व मौजूद अन्य पदाधिकारी। अमृत विचार

सभा में पूर्व सीएम को गदा भेंट करते सपा नेता। अमृत विचार

फतेहपुर, बाराबंकी

**अमृत विचार :** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष नेता विरोधी दल अखिलेश यादव ने शनिवार को यहां कहा कि समाजवादी पार्टी का पीडीए इंडिया गठबंधन को मजबूत करेगा। यह गठबंधन ही एनडीए को हराने जा रहा है। भाजपा सरकार में हर चीज महंगी हो गई है।नमक भी महंगा हो गया है। अरबों के निवेश की बात की गई, लेकिन एक भी कारखाना नहीं लगा।

सपा सुप्रीमो कस्बा बेलहरा में आयोजित लैपटाप वितरण समारोह कस्बा बेलहरा में उपस्थित लोगों को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि जो काम समाजवादी सरकार ने शुरू किया था, उसकी नकल भाजपा कर रही है, फिर भी सभी मेधावियों को लैपटॉप वितरण नहीं कर पा रही है। सरकार न रहने पर भी समाजवादी के लोग मेधावियों को लैपटॉप देकर उन्हे लाभान्वित कर रहे है।

नेता विरोधी दल ने कहा कि जिस देश में 80 करोड़ लोग मुफ्त के राशन पर जी रहे हों। वह देश तरक्की कैसे कर सकता है। ईडी को स्थानीय थाने की पुलिस बना दिया गया है। उत्तर प्रदेश में कानून व्यवस्था की स्थिति बेहद खराब है।महंगाई बेलगाम है। उन्होने कहा कि बीजेपी ने अपने घोषणा पत्र में लैपटाप देने का वादा किया था जिसे किसी भी बच्चे को नहीं दिया गया। क्योंकि हमारे मुख्यमंत्री लैपटाप चलाना नहीं जानते है। लैपटाप का महत्व हमारे मुख्यमंत्री समझ रहे होते तो लैपटाप जरूर वितरित करते। बीजेपी के लोगो ने सबको धोखा दिया है हर वर्ग को धोखा देने का काम किया है। कहा किसानों की आय दोगुनी हो जायेगी। हमारा किसान आज भी संकट में है, और यह सरकार कह रही है कि पांच मिलियन डॉलर की इकानॉमी बनायेंगे। जब तक हमारे गांव के रहने वाले गरीब किसान खुशहाल नही होंगे तब तक न पांच मिलियन डॉलर न एक मिलियन डॉलर शशकी इकॉनामी पूरी हो पायेगी। जो कहते थे करोडो लोगो को नौकरी देंगे, उन्होने नौजवानों को बेरोजगार बना दिया। 90 प्रतिशत नौजवान बेरोजगार है रोजगार के लिए दर बदर भटक रहे है। ये नौकरी नही दे पाये। उत्तर प्रदेश के नौजवान जिन देशों में युद्व हो रहा है उन देशों में जाकर लाइन में लगकर रोजगार मांग रहे है। जो कह रहे थे 40 लाख करोड निवेश आएगा लेकिन कहीं भी कोई भी उद्योग कारखाना नही लगा है। इस सरकार में व्यापारी, उद्योगपति सभी दुखी है। जीरो टालरेंस की सरकार में हंसिया लेकर बैंक को लूटा जा रहा है भ्रष्टाचार इस तरह सरकारी दफ्तरों में व्याप्त है जिसकी कोई सीमा नही है। समाजवादी सरकार ने 100 नम्बर की पुलिस सेवा चलाई गयी थी आज के समय में जनता पुलिस से सहायता से मांगने में भी हिचकिचा रही है क्योंकि कहीं उसकी जेब खाली न हो जाये। दिल्ली वालों का जो गठबन्धन बना है एनडीए। समाजवादियों का पीडीए गठबन्धन उसे हराने का काम करेंगे। यही पीडीए गठबन्धन इन्डिया गठबन्धन को मजबूत करेगा। इस गठबन्धन में 90 प्रतिशत लोग जिसमें दलित, पिछडे, अल्पसंख्यक और पीडित दुखी के साथ आधी आबादी भी इस पीडीए में शामिल है। समाजवादी पार्टी के चैयरमेन प्रतिनिधि अयाज खां ने जरूरतमंद मेधावियों को लैपटाप वितरण करने का जो निर्णय लिया वह सराहनीय है। शिक्षा को आगे बढाने के लिए शिक्षित नौजवानों को लैपटाप प्रदान करना उनकी जरूरत के अनुसार सही है। इस मौके पर पूर्व मंत्री अरविन्द सिंह गोप, राकेश वर्मा, जूही सिंह, राजेश यादव, मनोज कुमार, डा0 विकास यादव, गौरव रावत, सुरेश यादव, अमित सिंह, अदनान चौधरी, हाफिज अयाज, संजय यादव, नसीम गुड्डू आदि कार्यकर्ता व पदाधिकारी मौजूद थे।

### जनता को सपा पर पूरा विश्वास है

उन्होने चुटकी लेते हुए कहा कि अयाज खां ने ये आयोजन किया लेकिन कुछ ऐसे कारण आ गए जिसके चलते मैं नहीं आ सका। मुझे जब ये पता चला कि कार्यक्रम तो टल गया है लेकिन तिरपाल और बैनर सब वहीं का वहीं लगा है तो मैने आने का निश्चय किया। यहां की जनता को समाजवादी पार्टी में पूरा विश्वास है, इसलिए यह विशाल जनसमूह देखने को मिल रहा है।

### छात्रों को कराई हेलीकॉप्टर से लखनऊ की सैर

हेलीकाप्टर से उतरने के बाद सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष की अगुवाई करने पहुंचे दो मेधावी छात्र अब्दुल्ला व सावेज बेग पहुंचे। अखिलेश यादव ने उनसे पूछा कि हेलीकाप्टर में कभी बैठना चाहते हो जिस पर दोनो बच्चों ने हिचकिचाते हुए अपनी इच्छा जाहिर की जिसे सुनकर अखिलेश यादव ने दोनों मेधावी छात्रों को हेलीकॉप्टर में बैठाकर लखनऊ के लिए रवाना कर दिया।

### इन्हें मिला लैपटॉप

लैपटाप वितरण समारोह में अखिलेश यादव ने मेधावी छात्रा शमा खातून, ममता, आदित्य कुमार, रौनक पोरवाल, तनु मौर्या, सोहानी वर्मा, जिनी वर्मा, खुशी पटवा, शिव सिंह, सचिन कुमार, अंशिका सोनी, आयशा खातून, पलक जायसवाल, प्रीती मौर्या, फरहा जैदी, नाजिया खातून, एहसान खान, इलमा खान, कुरैशा, मो. नोमान, लुबना खातून व सुधीर यादव को लैपटाप देकर सम्मानित किया और उन्हें शुभकामनाएं दीं।

### पूर्व विधायक राजलक्ष्मी के घर पहुंचे

कार्यक्रम के समापन के बाद अखिलेश यादव का काफिला फतेहपुर नगर पंचायत कार्यालय पहुंचा जहां चैयरमेन इरशाद अहमद कमर ने उनका जोरदार स्वागत किया। इस दौरान वहां मौजूद नौजवान उनके साथ सेल्फी लेने के लिए उमड़ पड़े। इसके बाद उनका काफिला पूर्व विधायक राजलक्ष्मी वर्मा के घर पहुंचा जहां उन्होने नवविवाहित वर-वधू को आशीर्वाद दिया। इस दौरान पूर्व विधायक के परिवार के तमाम लोगों ने उनका स्वागत और अभिनंदन किया। पूर्व विधायक हरदेव सिंह की पत्नी कुसुमलता रावत सहित अन्य लोग भी मौजूद रहे।

## सार-संक्षेप

### राम-लक्ष्मण ने देखी जनक नगरी

कथा सुनातीं कथा वाचिका प्रीति यादव।

**मसौली,बाराबकी, अमृत विचार :** कस्बा मसौली के शिव मंदिर पर चल रही सात दिवसीय कथा में अयोध्या धाम से पधारी कथावाचिका प्रीती यादव ने फुलवारी लीला व नगर दर्शन की कथा सुनाई। कथा सुन श्रोता भाव विभोर हो गए। कथावाचिका प्रीति ने कहा कि लक्ष्मण जी के ह्रदय में लालसा होती है कि मैं जनकपुर जाकर देखू तो वह रामजी को इशारों इशारों में कहते हैं। तब भगवान श्रीराम गुरु विश्वामित्र से आज्ञा लेकर दोनों भाई जनकपुर देखने को जाते हैं। जैसे ही जनकपुर में प्रवेश करते है तो वहाँ के नर नारी दोनों भाइयों को देखकर खिड़कियों के झरोखे से पुष्प वर्षा कर स्वागत करते हैं। ऐसे सुन्दर बालकों को देखकर जनकपुर के लोग ख़ुशी से नही समा रहे हैं। जब राम लक्ष्मन जनकपुर की बाजार पहुँचते है तो वहाँ के दुकान लगाये लोगों की इच्छा होती है कि भगवान श्रीराम हमारी दुकान से कुछ न कुछ खरीद लें। जिससे मैं धन्य हो जाऊ । बाजार से वापसी के दौरान भगवान श्रीराम पूजा के लिए जब फुलवारी में फूल तोड़ने के लिए जाते है तो वहीं पर जनकनन्दनी सीता गौरी पूजन के लिए फूल तोड़ रही होती हैं। सीता जी को देखकर भगवान राम मुग्ध हो जाते हैं। वहीं सीता जी भी भगवान को देखकर मोहित हो जाती है। बाद में विश्वामित्र दोनों भाईयों को लेकर सीता स्वयंवर में ले जाते हैं। कथा सुनक श्रोता भाव-विभोर दिखे। इस मौके पर सतीश सोनी, बहादुर नाग, फूलमती, सन्तोष, रामसेवक आदि भक्त मौजूद रहे।

### कर्तव्यनिष्ठा के साथ करें कार्य

खंड शिक्षा अधिकारी सुषमा सिंह सेंगर का स्वागत करते कर्मचारी।

**निंदूरा,बाराबंकी, अमृत विचार :** विकास खंड निंदूरा के ब्लॉक संसाधन केंद्र कुर्सी में खंड शिक्षा अधिकारी सुषमा सिंह सेंगर ने कार्यभार ग्रहण किया। इसके बाद स्टॉफ के साथ बैठक करके सरकारी योजनाओं के क्रियान्वयन की 100 फीसदी सुनिश्चितता लागू किए जाने को निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि हमें अपनी कर्तव्यनिष्ठा के साथ कार्य करना है। जिससे केंद्र व प्रदेश सरकार की महत्वाकांक्षी योजनाओं को मूर्त रूप दिया जा सके। इस अवसर पर वरिष्ठ शिक्षक संदीप वर्मा, अभिषेक गिरि, हरि प्रकाश शुक्ल, शिवशंकर सिंह ,कोमल कुमार, ओमकार वर्मा, मधु , मुकेश बाजपेई, गीता ,जगदीश बाबू समेत सम्मानित शिक्षक और कार्यालय परिवार उपस्थित रहे।

### निरीक्षण में मिली कमियां, कहा-सुधारे

सीएचसी बड़ागांव का निरीक्षण करते कायाकल्प टीम के सदस्य।

**मसौली, बाराबंकी : अमृत विचार :** सीएचसी बड़ागांव का शनिवार को राज्यस्तरीय कायाकल्प टीम के चिकित्सक डॉ. एस के तिवारी ने निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान मिली अनियमितताओं को लेकर दिशा निर्देश भी दिए। कायाकल्प के तहत जमीनी हकीकत जानने आए चिकित्सक डॉ. एस के तिवारी ने लैब, टीकाकरण, इमरजेंसी, लेबर रूम, दवा वितरण सहित फॉर्मासिस्ट कक्ष आदि का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान दवा वितरण के समय महिला व पुरुषों की एक ही लाइन होने, सीएससी पर एक कॉलेज के अधिक प्रशिक्षुओं की संख्या व आईकार्ड न होने पर नाराजगी जताई। इसके बाद बिन्दु वार जांच पड़ताल चलती रही। टीम ने इमरजेंसी एवं लेवर रूम के बारे का निरीक्षण किया। टीम ने सीएचसी में साफ-सफाई के निर्देश दिए। इस मौके पर सीएचसी अधीक्षक डॉ. संजीव कुमार, डॉ. विरेन्द्र मौर्या, डॉ. प्रीति वर्मा, डॉ.हारून, सहित स्टॉप के लोग मौजूद रहे।

# भरभरा कर गिरा नीम का पेड़, महिला की मौत

सूरतगंज, बाराबंकी

रोते-बिलखते परिजन व हादसे में घायल बालक। अमृत विचार

**अमृत विचार :** थाना रामनगर इलाके में खेत को जा रही मां-बेटी व बेटे पर अचानक नीम का पेड़ भरभराकर गिर गया।घटना में मां-बेटी व बेटे तीनों दबकर घायल हो गए है।लोगों ने कड़ी मशक्कत से दोनों को बाहर निकालकर एंबुलेंस की मदद से स्थानीय सीएचसी भेजा। जहां डाक्टरों ने महिला को मृत घोषित किया है। वहीं बेटे का इलाज चल रहा है।

थाना रामनगर इलाके के कन्दरवल गांव निवासी प्रमोद कुमार की पत्नी सुमन देवी (30) शनिवार की दोपहर करीब दो बजे 6 वर्षीय बेटे दीप कुमार व एक साल की बेटी सुहानी देवी को गोद में लेकर खेत को जा रहे थी। तभी सड़क किनारे लगा नीम का पेड़ अचानक मां-बेटी व बेटे पर गिर गया। ऐसे में मां सहित दोंनो बच्चे पेड़ के नीचे दब गए। उनकी चीख-पुकार सुनकर घटना की जानकारी ग्रामीणों को हुई तो वहां मजमा लग गया। ग्रामीणों ने कड़ी मशक्कत के बाद पेड़ को हटाकर घायलों को निकाला जिन्हें एंबुलेंस की मदद से सीएचसी सूरतगंज भिजवाया गया जहां डॉक्टर फुरकान ने महिला को मृत घोषित कर दिया। वहीं, सीएचसी में भाई-बहन का उपचार चल रहा है। डॉक्टर ने इसकी सूचना पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतका के पांच बच्चे हैं जिसमें राधा (13), गौरी (10), शिवानी (8), दीप कुमार (6) व सुहानी एक वर्ष की है। घटना के बाद परिजनों में कोहराम मच गया। थानाध्यक्ष रत्नेश पांडेय ने बताया कि नीम का पेड़ गिरने से महिला की मौत हुई हैं। शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।

**दुर्घटना**

▸▸ हादसे में महिला का बेटा और बेटी हुए घायल

# इशिता स्टूडेंट ऑफ द ईयर से सम्मानित

प्रबंधक विजय आनंद वाजपेई के साथ सम्मानित किए गए छात्र-छात्राएं।

**फतेहपुर,बाराबंकी, अमृत विचार :** स्थानीय वारिस चिल्ड्रेंस एकेडमी इंटर कॉलेज में शनिवार को कक्षा 12 के विद्यार्थियों का विदाई समारोह आयोजित हुआ। प्रधानाचार्या सुमन शुक्ला ने अपने कहा कि बाह्य सुंदरता की तुलना में आंतरिक सुंदरता पर विशेष ध्यान देना चाहिए। इसी कारण महान लोग अपने गुणों के कारण याद किए जाते हैं। विभिन्न कक्षाओं के विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम की शानदार श्रृंखला प्रस्तुत की। कक्षा 12 की छात्रा इशिता जैन को स्टूडेंट ऑफ द ईयर सम्मान से नवाजा गया। उमरा ,वैभव वर्मा, अखिलेश तिवारी, भरत जैन, पलक को स्टूडेंट ऑफ डब्ल्यूसीए सम्मान से नवाजा गया। संस्थापक प्रबंधक विजय आनंद बाजपेई ने विद्यार्थियों को सफल और सार्थक जीवन जीने के गुर बताए। इस दौरान गिरींद्रनाथ मिश्र,अनिल वर्मा, राजकमल सिंह आदि मौजूद रहे।

# बुलडोजर से ढहाया अवैध निर्माण

**हैदरगढ़,बाराबंकी, अमृत विचार :** कोतवाली हैदरगढ़ अंतर्गत रनापुर गांव में बंजर भूमि पर ग्रामीणों द्वारा किए गए अवैध अस्थाई निर्माण को राजस्व प्रशासन ने बुलडोजर चलवाकर ढहा दिया। प्रशासन की इस कार्यवाही से अवैध कब्जेदारों में हड़कंप मच गया।

उल्लेखनीय है कि उक्त भूमि गाटा संख्या पर कब्जा किए हुए लोगों के विरुद्ध न्यायालय में धारा 67 के तहत मुकदमा चल रहा था। न्यायालय का आदेश आने के बाद उप जिलाधिकारी अनुराग सिंह के निर्देश पर नायब तहसीलदार सीताराम के नेतृत्व में राजस्व पुलिस की संयुक्त टीम दोपहर बाद जेसीबी लेकर गांव पहुंची। जहां सरकारी भूमि पर चार कब्जेदारों द्वारा अवैध रूप से निर्मित किए गए दो टीन शेड एवं दो झोपड़ी को जेसीबी के द्वारा ढहा दिया गया। सरकारी भूमि खाली कराने वाली राजस्व टीम में नायब तहसीलदार के अलावा राजस्व निरीक्षक उमेश पाल, लेखपाल नीरज श्रीवास्तव, संतोष कुमार आदि मौजूद रहे।

# स्वास्थ्यकर्मी घर-घर जाकर लोगों को फाइलेरिया से बचाव की दवा खिलाएंगे

कार्यालय संवाददाता बाराबंकी

**अमृत विचार :** राष्ट्रीय फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम के तहत 10 से 28 फरवरी के बीच सर्वजन दवा सेवन (आईडीए) अभियान चलाएगा। इस दौरान स्वास्थ्यकर्मी घर-घर जाकर लोगों को फाइलेरिया से बचाव की दवा खिलाएंगे। जिले के 34.74 लाख लोगों को यह दवा खिलाई जाएगी। इसे लेकर 3,064 टीमें बनाई गई हैं। प्रत्येक टीम प्रतिदिन 25 घरों का भ्रमण कर कम से कम 125-130 लोगों को फाइलेरिया रोधी दवा खिलाएगी। इन टीमों के सुपरविजन के लिए 511 सुपरवाइजर भी तैनात किए गए हैं।

सीएमओ डॉ. अवधेश कुमार यादव ने बताया कि दवा के सेवन से लिम्फोडिमा (हाथ, पैर और स्तन में सूजन) व हाइड्रोसील (अंडकोष में सूजन) से बचाव होगा। इस दवा का लगातार तीन साल तक साल में एक बार सेवन करने से फाइलेरिया से बचाव होता है। फाइलेरिया से बचने का उपाय समय पर फाइलेरियारोधी दवा का सेवन करना है। एसीएमओ एवं नोडल अधिकारी वीबीडी डॉ. डीके श्रीवास्तव ने बताया कि इस अभियान के दौरान जिले में तीन दवाएं (आइवरमेक्टिन, डाईइथाइल कार्बामजीन व एल्बेंडाजॉल) खिलाईं जाएंगी। आइवरमेक्टिन ऊंचाई के अनुसार खिलाई जाएगी। एल्बेंडाजोल को चबाकर ही खाना है। एक से दो वर्ष की आयु के बच्चों को एल्बेंडाजोल की आधी गोली खिलाई जाएगी। डाईइथाइल कार्बामाजिन (डीईसी) की गोली उम्र के हिसाब से खिलाई जाएगी। दो साल से कम उम्र के बच्चों को यह गोली नहीं दी जाएगी। 2 से 5 साल तक की उम्र के बच्चों को एक गोली, 5 से 15 साल तक को दो और 15 साल से अधिक के लोगों को 3 गोली खिलाईं जाएंगी।

### खाली पेट नहीं खानी है दवा

जिला मलेरिया अधिकारी अविनाश कुमार ने बताया कि फाइलेरिया रोधी दवा का सेवन एक वर्ष से कम उम्र के बच्चों, गर्भवती माताओं और गंभीर बीमार को छोड़कर सभी को करना है। दवा का सेवन स्वास्थ्य कार्यकर्ता अपने सामने ही करवाएंगे। दवा खाली पेट नहीं खाना है।

**संपूर्ण समाधान दिवस** बिजली बिल जमा करने में धन उगाही पर हुए आक्रोशित, लगाई गुहार

# संविदा विद्युतकर्मी पर दर्ज करें केस : डीएम

रामनगर,बाराबंकी

रामनगर तहसील में जन शिकायतें सुनते जिलाधिकारी सत्येंद्र कुमार।

**अमृत विचार :** तहसील सभागार में जिलाधिकारी सत्येंद्र कुमार की अध्यक्षता एवं पुलिस अधीक्षक दिनेश कुमार सिंह की उपस्थिति में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन हुआ। जिसमें विभिन्न विभागों से संबंधित 143 प्रार्थना पत्र आए। मौके पर केवल 9 ही शिकायती पत्रों का निस्तारण हो पाया। कर्मचारियों द्वारा प्रार्थना पत्र का निस्तारण गुणवत्तापूर्ण नहीं किए जाने के साथ लापरवाही बरतने पर कड़ा रुख अपनाते हुए विभागीय कार्रवाई के सख्त निर्देश दिए।

विद्युत विभाग के कर्मचारी द्वारा बिल जमा करने के नाम पर धनराशि हड़प लिए जाने की शिकायत को गंभीरता से लेते हुए डीएम ने जांच के बाद एफआईआर दर्ज करने के निर्देश दिए। शिकायतों पर लेखपाल के विरुद्ध भी कार्रवाई करने के निर्देश दिए। संपूर्ण समाधान दिवस में सर्वाधिक शिकायतें लेखपालों एवं पूर्ति विभाग की आई जिस पर जिलाधिकारी ने लापरवाह एवं बेलगाम लेखपालों को चिन्हित कर बैड इंट्री देने के निर्देश दिए। इस दौरान कई अधिकारी मौजूद रहे।

### तहसीलों में हुआ समाधान दिवस

फतेहपुर तहसील सभागार में ज्वाइंट मजिस्ट्रेट जगत सांई की अध्यक्षता में हुए संपूर्ण समाधान दिवस में 148 प्रकरणों में से 7 का मौके पर निस्तारण किया गया। राजस्व के 76, पुलिस के 22, विकास विभाग के 18, विधुत विभाग के 8, खाद्य एवं रसद विभाग के 14 व अन्य विभागों के 10 प्रार्थना-पत्र आए। इसी तरह सिरौलीगौसपुर तहसील में ज्वाइंट मजिस्ट्रेट नेहा ब्याडवाल की अध्यक्षता और तहसीलदार वैशाली अहलावत के संयोजन में हुए समाधान दिवस में 30 प्रार्थना-पत्र आए । राजस्व संबंधित दो शिकायतों का मौके पर निस्तारण किया गया। रामसनेहीघाट के तहसील दिवस में 42 मामले आए जिनमें दो का निस्तारण मौके पर हुआ। इनमें राजस्व के 13 ,पुलिस के 14 , विकास संबंधी 6, विद्युत विभाग के 5 व अन्य 4 थे। हैदरगढ़ एसडीएम अनुराग सिंह की अध्यक्षता में हुए संपूर्ण समाधान दिवस में आईं 107 शिकायत में से तीन का मौके पर निस्तारण किया गया। सबसे ज्यादा शिकायतें राजस्व विभाग की 69, पुलिस की 10, विकास की 6, पूर्ति विभाग की 9, विद्युत विभाग की 5 शिकायतें थीं।

केशलता अस्पताल
फ्री "मेगा आर्थो स्पाइन एवं स्त्री रोग" कैंप
प्रिय नगरवासियों आपके शहर में "विशाल स्वास्थ्य जाँच शिविर" का आयोजन किया जा रहा है
दिनाँक : 6 / 7 / 8 फ़रवरी 2024 समय प्रात: 10 बजे से 2 बजे तक
स्थान : केशलता अस्पताल , डेलापीर - बरेली
हड्डी एवं स्पाइन रोग विशेषज्ञ
डॉ. (प्रो.) वरुण अग्रवाल
मिनिमल इनवेसिव और एंडोस्कोपिक स्पाइन सर्जन, प्रो. ऑर्थोपेडिक्स, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज, बरेली
स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ
डॉ. प्रज्ञा मिश्रा
गायनी एंडोस्कोपी, लेप्रोस्कोपी और हिस्टेरोस्कोपी सर्जन, प्रो. गायनी, स्त्री रोग विशेषज्ञ रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज, बरेली
FREE! "विशाल स्वास्थ्य जाँच शिविर" FREE!
डॉ. अनिल मिश्रा
एम.बी.बी.एस., एम.डी. (मेडिसिन) सलाहकार चिकित्सक और कार्डियो - मधुमेह विशेषज्ञ
डॉ. अनुपम सेठ
एम.बी.बी.एस., एम.डी. (मेडिसिन) गैस्ट्रोएंट्रोलॉजिस्ट एवं न्यूरोलॉजिस्ट
विशेष सुविधाएं
• नि:शुल्क परामर्श
• बी.एम.डी जॉच नि:शुल्क
• खून की जांचों पर भारी छूट
• एक्स-रे पर भारी छूट
• सभी दवाइयों पर भारी छूट
• आयुष्मान कार्ड धारकों का नि:शुल्क ऑपरेशन
• कैंप में रजिस्टर्ड मरीजों के ऑपरेशन पर भारी छूट
नि:शुल्क रजिस्ट्रेशन के लिए संपर्क करें : 9081800900, 8006460900

## एक नजर

### आशीर्वाद एवं सम्मान समारोह 15 को

**लालगंज, रायबरेली।** बैसवारा इंटर कॉलेज में हाईस्कूल एवं इंटरमीडिएट के छात्र-छात्राओं के विदाई एवं आशीर्वाद समारोह आयोजन 15 फरवरी को होगा। इसको लेकर जोरशोर से तैयारी चल रही है। कार्यकम में अपर शिक्षा निदेशक सुरेन्द्र तिवारी, संयुक्त निदेशक लखनऊ डॉ. प्रदीप कुमार, जिला विद्यालय निरीक्षक, जिलाधिकारी, उपजिलाधिकारी समेत उच्चाधिकारी शामिल होंगे। विद्यालय प्रधानाचार्य डॉ. नरेन्द्र बहादुर सिंह ने बताया कि विद्यालय में निर्धारित कार्यक्रमों मे प्रवेश पत्र वितरण हाईस्कूल, इण्टरमीडिएट कला वर्ग एवं व्यवसायिक का 13 फरवरी को होगा। इंटर विज्ञान वर्ग एवं कृषि का प्रवेश पत्र वितरण 14 फरवरी को होगा। अखण्ड मानस पाठ का शुभारंभ 14 फरवरी से होकर 15 फरवरी को समापन प्रसाद वितरण के साथ होगा।

### मारपीट में दो महिलाएं हुईं घायल

**खीरों, रायबरेली।** क्षेत्र के दो अलग-अलग गांवों में हुई मारपीट में दो महिलाएं घायल हो गईं। जेरी बेहटा निवासी केशाना (60) ने आरोप लगाया है कि उसके गांव के विजय और उनका बेटा शुभम जाति सूचक गालियां दे रहे थे। विरोध करने पर जान से मारने की धमकी देते हुए मारपीट कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। जैतापुर मजरे सहजौरा निवासी अनीता देवी ने आरोप लगाया है कि उसके गांव के जगन्नाथ, उनकी पत्नी श्रीमती और ईश्वरचन्द्र ने गाली और जान से मारने की धमकी देते हुए मारपीट कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। थानाध्यक्ष देवेंद्र सिंह भदौरिया ने बताया कि पीड़िताओ के शिकायती पत्रों के आधार पर नामजद आरोपियों के विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत कर घायलों का चिकित्सीय परीक्षण सीएचसी खीरों में कराया गया है। विधिक कार्रवाई की जा रही है।

# गोवंशों के मौत के मामले में वीडीओ निलंबित

**जगतपुर, रायबरेली**

**अमृत विचार।** विकास क्षेत्र के धूता ग्राम सभा में संचालित हो रही गौशाला में ग्राम प्रधान, ग्राम विकास अधिकारी व पशु चिकित्सक की भारी लापरवाही के चलते कई गोवंशों की मौत हो चुकी है। पूरे मामले को लेकर जिला विकास अधिकारी ने गंभीरता से लेते हुए ग्राम विकास अधिकारी को निलंबित कर दिया। जगतपुर विकास क्षेत्र के धूता ग्राम सभा में गौशाला संचालित हो रही है। जिसमें एक सप्ताह पूर्व कई दर्जन गोवंशों की मौत हो चुकी थी। जिसको लेकर जिम्मेदारो ने बखूबी से पूरे मामले को छिपाने को लेकर जानवरों को जंगल में फेंकवा दिया। इतना ही नहीं चमड़ा निकालने वाला एक युवक गोवंशों के चमड़े निकालने गया तो ग्रामीणों की इस बात की भनक लग गई। नाराज ग्रामीणों ने पूरे मामले को लेकर जिला अधिकारी हर्षिता माथुर को अवगत कराया, जिसके बाद विभागीय अधिकारियों में हड़कंप मच गया। मामले को संज्ञान में लेते हुए पूरे जांच पड़ताल शुरू हो गई। इसमें ग्राम विकास अधिकारी वीरेंद्र कुमार पाल यादव अपने दायित्व को निर्वहन करने में घोर लापरवाही सामने आई। जिला विकास अधिकारी अरुण कुमार ने ग्राम विकास अधिकारी को निलंबित कर दिया। पूरे मामले को लेकर खंड विकास अधिकारी महाराजगंज को जांच अधिकारी नामित किया गया है। इस बाबत जब जिला विकास अधिकारी अरुण कुमार से बात की गई तो उन्होंने बताया कि प्रथम दृष्टया ग्राम विकास अधिकारी दोषी पाए गए हैं, जिन्हें निलंबित कर दिया गया है।

# सोनिया गांधी की सीट के लिए कांग्रेस ने बनाया बड़ा प्लान

**धर्मेंद्र प्रधान, रायबरेली**

- सांसद बनने के बाद पत्र के माध्यम से मतदाताओं का जताया था आभार

**अमृत विचार।** देश में होने वाले लोकसभा चुनाव को लेकर राजनीतिक दलों में हलचल मची हुई। ऐसे में कांग्रेस के गढ़ कहे जाने वाली रायबरेली सीट पर भारतीय जनता पार्टी की नजर है। इस सीट पर गांधी परिवार की बहू व पार्टी की पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी सांसद है। रायबरेली की सीट पर भाजपा कमल खिलाने के लिए बेताब हैं। अब तक कई बार जोर आजमाइश हुई, लेकिन भाजपा को सफलता नहीं मिल सकी।

कांग्रेस के लिए अब अपनी सीट को बचाए रखना प्रतिष्ठा का सवाल बन गया है। इस सीट पर हमेशा से

सोनिया गांधी

ही गांधी परिवार का कब्जा रहा है। पिछले लोकसभा चुनाव में जहां पूरे प्रदेश में मोदी लहर चली और यूपी से सिर्फ रायबरेली इकलौती सीट थी जहां से सोनिया गांधी चुनाव जीत कर गई थी। इस जीत के बाद सोनिया गांधी पलट कर कभी रायबरेली नही आई। इतना ही नही जीत का प्रमाण पत्र भी उनके प्रतिनिधि केएल शर्मा ने लिया था।

> चुनाव को लेकर पार्टी की मजबूत तैयारी है। शहर से लेकर ब्लॉक तक सम्मेलन, यात्राएं हो रही है। कार्यकर्ताओं को संगठित किया जा रहा है। वही इस बार रायबरेली से कौन चुनाव लड़ेगा इस पर उन्होंने बताया कि अभी तक तो सोनिया गांधी ही सांसद हैं और उन्होंने अभी चुनाव न लड़ने की बात भी नही की है।
>
> **-पंकज तिवारी**
> **जिलाध्यक्ष कांग्रेस**

सांसद की इस बात से लोगो में नाराजगी भी कि वह जिन्हें अपना प्रतिनिधि चुनते है वह कभी जनपद में नहीं रहा है। जनपद वासियो ने बड़े ही विश्वास के साथ कांग्रेस का समर्थन कर पार्टी की लाज बचाई थी। लेकिन इस बार कांग्रेस को अपनी सीट को बचाए रखना चुनौती होगी। इसी को लेकर कांग्रेस के अंदर खाने कई तरह की चर्चाए भी चल रही है।

अब तो यह भी सामने बात रही हैं कि सोनिया गांधी रायबरेली का चुनावी रण छोड़ सकती है। ऐसी दशा में कांग्रेस अपनी परम्परागत सीट बचाने केलिए किस पर दांव खेल सकती है। कुछ कांग्रेस के नेताओं का मानना है कि रायबरेली प्रियंका गांधी अपने राजनितिक सफर की शुरूआत कर सकती है।

### प्रियंका के चुनाव लड़ने की बढ़ी चर्चा

रायबरेली कांग्रेस की परंपरागत सीट रही है। इस सीट पर ज्यादातर कांग्रेस ने जीत दर्ज की है। अमृत विचार ने कांग्रेस के जिलाध्यक्ष से चुनावी तैयारी और उम्मीदवार को लेकर पूछा गया तो उन्होंने बताया कि अभी तो सोनिया गांधी ही सांसद है और उन्होंने अभी मना भी नही किया है। प्रियंका गांधी के सवाल पर कहा कि अगर वह चुनाव लड़ती है तो पार्टी उन्हें मजबूती के साथ चुनाव लड़ाएगी। कार्यकर्ताओं में उत्साह रहेगा।

# सड़क हादसों में तीन की मौत, नौ घायल

- महराजगंज और बछरावां थाना क्षेत्र में हुए हादसे
- गंभीर तीन घायलों को लखनऊ ट्रामा किया रेफर

**संवाददाता, रायबरेली**

बछरावां थाना क्षेत्र में हुए सड़क हादसे में क्षतिग्रस्त कार।

महराजगंज कोतवाली क्षेत्र में हुए हादसे में क्षतिग्रस्त स्कार्पियो

एसजेएस के पास हुए सड़क हादसे में घायल।

**अमृत विचार।** जिले में हुए अलग-अलग सड़क हादसों में तीन लोगों की मौत हो गई। वहीं नौ लोग घायल हो गए। शुक्रवार देर रात बारातियों से भरी स्कार्पियों पेड़ से टकरा गई। यहां पर एक की मौत हो गई। वहीं छह लोग घायल हो गए। महराजगंज कोतवाली क्षेत्र के पहरेमऊ निवासी इरफान की बारात चौहनिया गांव गई हुई थी, जिसमें शामिल होने के लिए उसके सभी छह साथी स्कॉर्पियो से बारात गए हुए थे।

शादी समारोह संपन्न होने के बाद सभी बाराती वापस घर लौट रहे थे। तभी एसजेएस स्कूल के पास सामने ट्रक आ जाने के कारण स्कॉर्पियो अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पेड़ से टकरा गई। सवार लोगों में चीख पुकार मच गई। आवाज सुनकर पहुंचे आसपास के लोगों ने किसी तरह स्कॉर्पियो में फंसे सभी सात लोगों को बाहर निकाला। इसके बाद अस्पताल ले गए, जहां पर असलम पुत्र मोबीन की मौत हो गई। वहीं तीन लोगों की हालत गंभीर होने पर उन्हें लखनऊ ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

वहीं बछरावां थाना क्षेत्र के अंतर्गत हुई दो सड़क दुर्घटनाओं में दो लोगो की मौत हो गई, जबकि तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। बछरावां-मौरावां मार्ग पर स्थित खालेगांव के पास बाइक सवार युवक क्षतिग्रस्त पुलिया से टकरा गया। इसमें उसकी मौत हो गई। मृतक गजियापुर गांव का रहने वाले संजय पुत्र शिव प्रताप अपने साथी अवधेश पुत्र रामकुमार के साथ अपने घर से दवा लेने खालेगाव जा रहा था। तभी हादसे का शिकार हो गया। दूसरी घटना लखनऊ प्रयागराज राष्ट्रीय राजमार्ग पर सोनी ढाबा के पास की है।

प्रतापगढ़ जनपद के बेलहा निवासी आनंद सिंह पुत्र कौशलेंद्र सिंह अपने स्कूल के प्रधानाचार्य सर्वेश द्विवेदी पुत्र जवाहर निवासी शीतलमऊ व शिक्षक अजय वर्मा निवासी इनहन के साथ कार से लखीमपुर खीरी गए हुए थे। देर रात वापस आते समय उनकी कार आगे जा रहे ट्रक में जा घुसी। घटना के बाद हड़कंप मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को अस्पताल पहुंचाया, जहां सर्वेश को चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया, जबकि अन्य का उपचार किया।

## सार-संक्षेप

### मदरसा शिक्षा परिषद की परीक्षाएं 13 से 21 फरवरी तक

**संवाददाता, रायबरेली।** उत्तर प्रदेश मदरसा शिक्षा परिषद, लखनऊ द्वारा संचालित सेकेंड्री/सीनियर सेकेंड्री/कामिल एवं फाजिल की परीक्षा वर्ष-2024 की परीक्षा 13 फरवरी 2024 से 21 फरवरी 2024 के मध्य सम्पन्न करायी जायेंगी। इसमें सेकेंड्री, सीनियर सेकेंड्री, कामिल एवं फाजिल की परीक्षा वर्ष-2024 की प्रथम पाली सुबह आठ बजे से पूर्वान्ह 11 बजे, जबकि सीनियर सेकेंड्री, कामिल एवं फाजिल की परीक्षाएं द्वितीय पाली अपरान्ह दो बजे से शाम पांच बजे के मध्य होंगी।

### यूपी टीम की कोच बनी डिम्पी

डिम्पी तिवारी

**लालगंज, रायबरेली।** ताइक्वांडो की नेशनल प्रतियोगिता के लिए उत्तर प्रदेश टीम कोच डिम्पी तिवारी को बनाए जाने पर खेल प्रेमियों में खुशी की लहर दौड़ गई। जिला एसोसिएशन और खिलाड़ियों ने हर्ष व्यक्त करते हुए कहा कि इससे खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन होगा। रायबरेली जिला ताइक्वांडो एसोसिएशन के सचिव अताउर रहमान ने बताया जयपुर में 6 से 9 फरवरी के बीच आयोजित होने वाली नेशनल ताइक्वांडो प्रतियोगिता के लिए लालगंज की रानी लक्ष्मीबाई पुरस्कार से सम्मानित और ताइक्वांडो में फोर्थ डान ब्लैक बेल्ट डिग्री धारक डिम्पी तिवारी को उत्तर प्रदेश ताइक्वांडो के सचिव डा. रजत आदित्य दीक्षित ने टीम की बागडोर सौंपी है। इस मौके पर अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ी सुधा सिंह, ताइक्वांडो के जिलाध्यक्ष प्रशांत शुक्ला, ओलम्पिक जिला सचिव लक्ष्मीकांत शुक्ला, अजय सिंह चंदेल, सन्त लाल, ब्रजेश त्रिपाठी, अभिषेक सोनकर, चन्दर आदि लोगों ने खुशी जताई है।

### मृत्यु निश्चित, फिर भी नहीं करते स्वीकार: आत्मानंद

**सरेनी, रायबरेली।** विकासखंड के अंतर्गत पूरे चंदू मजरे काल्हीगांव में चल रही श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ सप्ताह के तीसरे दिन शुक्रवार को भक्ति के रंग में पूरी तरह सराबोर कथाव्यास श्री श्री 108 आत्मानंद सरस्वती जी महाराज ने कहा कि मनुष्यों का क्या कर्तव्य है इसका बोध भागवत सुनकर ही होता है। विडंबना ये है कि मृत्यु निश्चित होने के बाद भी हम उसे स्वीकार नहीं करते हैं। निस्काम भाव से प्रभु का स्मरण करने वाले लोग अपना जन्म और मरण दोनों सुधार लेते हैं। उत्साह और उमंग से श्रद्धालु श्रीराधे-राधे, कृष्ण-मुरारी की गूंज के साथ झूमते-गाते नजर आए। इस मौके पर गिरजा शंकर दीक्षित, हरी शंकर दीक्षित, उमेश चंद्र दीक्षित, ऋषि दीक्षित, दिनेश दीक्षित, राधे बाजपेई, रामजी पांडेय, कृष्ण कुमार अग्निहोत्री, गोवर्धन अग्निहोत्री, सधन अग्निहोत्री, राजेंद्र त्रिवेदी, पुनीत त्रिवेदी, शैलेश मिश्रा, रजत बाजपेई आदि मौजूद रहे।

### रील बनाने के चक्कर में युवक की मौत

**रायबरेली, अमृत विचार।** शहर में एक युवक को उस समय रील बनाना भारी पड़ गया जब वह ट्रेन की चपेट में आ गया। जिससे अब रील्स के चक्कर में उसकी रियल लाइफ भी खत्म हो गई। आधुनिकता के ग्लैमर में आज युवाओं को सबसे पहले दिखना और दिखाने की होड़ है। सोशल मीडिया के जरिये वह ख्याति अर्जित करने का भी चलन इन दिनों खूब चल रहा है। इसके लिए लोग अपनी जान की भी परवाह नही कर रहे है। शहर में घटी एक ऐसी ही घटना से युवक की जिंदगी पर ब्रेक लग गया। सूचना के बाद परिवारजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। वहीं पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मिल एरिया थाना क्षेत्र के सर्वोदय नगर रेलवे क्रासिंग के पास शानिवार को डीह थाना क्षेत्र के सौरापुर गौरा मजरे डहवा निवासी सत्य प्रकाश पुत्र प्रताप नारायण रेलवे पटरी पर रील बना रहा था। तभी वह ट्रैक से निकल रही नीलांचल एक्सप्रेस की चपेट में आ गया। आसपास के लोगों ने पुलिस को घटना की सूचना दी। वही ट्रेन के चालक ने भी स्टेशन मास्टर को घटना की जानकारी दी। जीआरपी निरीक्षक गोपाल कुशवाहा ने बताया कि कार्रवाई की जा रही है।

### बैठक में पदाधिकारियों का हुआ सम्मान

पदाधिकारी को सम्मानित करते ब्लॉक अध्यक्ष गिरीश बहादुर सिंह

**सरेनी, रायबरेली, अमृत विचार।** कांग्रेस कार्यालय सरेनी में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी की मासिक बैठक हुई। ब्लॉक अध्यक्ष गिरीश बहादुर सिंह ने 10 फरवरी को होने वाले ब्लॉक स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन की तैयारी के विषय में चर्चा की। साथ यूथ कांग्रेस के नवनिर्वाचित पदाधिकारी यूथ कांग्रेस के सरेनी विधानसभा अध्यक्ष जीतेंद्र द्विवेदी, यूथ कांग्रेस के जिला उपाध्यक्ष अभिनव तिवारी, जिला महामंत्री मोहित सिंह, जिला प्रवक्ता अंकित सिंह को माल्यार्पण कर व उत्तरीय भेट करके सम्मानित किया गया। इस मौके पर विधानसभा प्रभारी संतोष त्रिवेदी, दीपेंद्र गुप्ता, संतोष जायसवाल, राकेश शुक्ला, नीरज शुक्ला, मयंक यादव, बजरंग सिंह, देवराज रावत, पीर गुलाम, रामकुमार पासवान, दिनेश तिवारी, अरुण अवस्थी आदि मौजूद रहे

### सपा जिला कार्यकारिणी की बैठक सम्पन्न

**संवाददाता, रायबरेली।** समाजवादी पार्टी की जिला कार्यकारिणी की बैठक जिलाध्यक्ष इं वीरेन्द्र यादव की अध्यक्षता में पार्टी कार्यालय में सम्पन्न हुई। जिलाध्यक्ष नें कहा कि भाजपा सरकार में भ्रष्टाचार का बोलबाला है। इतनी सरकारी लूट कभी नहीं हुई। विभागों द्वारा संचालित योजनायें कन्याओं को मिलने वाला अनुदान पात्रों को नहीं मिल रहा है। गरीबों के राशन खाद्यान्न विभाग के अधिकारियों की मिली भगत से कालाबाजारी हो रही है। कानून व्यवस्था के नाम पर थानों में लूट मची हुई है। भाजपा नेताओं के इशारे पर सपा कार्यकर्ताओं का उत्पीड़न किया जा रहा है। बैठक में आफताब अहमद, रज्जू खान, शिव नारायन सिंह, राजेन्द्र यादव, शुभम लोहिया, शकील मंसूरी, जे पी यादव, अरूण प्रताप यादव, रवीन्द्र पाण्डेय आदि मौजूद रहे।

### अतिक्रमण होने के बावजूद हटाने से किया इनकार

**लालगंज, रायबरेली।** ग्राम पंचायत उदवामऊ के राजस्व गांव आनापुर में गांव के ही शिव मोल पुत्र शिवचरन और राम मोल पुत्र भवानी ने आवागमन का मार्ग अवरुद्ध कर रखा है, जिसके कारण लोगों को आने-जाने में कठिनाई का सामना करना पड़ रहा है। शनिवार को अतिक्रमण हटाने की बात पर दोनों पक्षों में विवाद हो गया, जिसके कारण गांव के फूल सिंह, सोम सिंह, विजय सिंह, दीपक, सुखराम, प्रदीप कुमार, शेर बहादुर, देवेंद्र कुमार, सत्यम तिवारी, अमरजीत आदि ने तहसीलदार के यहां प्रार्थना पत्र देखकर मामले के निस्तारण की मांग की। राजस्व कर्मियों ने जब कब्जा हटाने की बात कही तो दलित परिवार ने मानने से इनकार कर दिया। हालांकि तहसीलदार ने शीघ्र ही रास्ते से अतिक्रमण हटवाये जाने की बात कही है।

### आडवाणी को भारत रत्न की घोषणा से खुशी की लहर

**संवाददाता, रायबरेली।** पूर्व उप प्रधानमंत्री और भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष रहे लालकृष्ण आडवाणी को भारत रत्न दिए जाने की घोषणा किए जाने के बाद भाजपाइयों में खुशी की लहर दौड़ गई है। जिलाध्यक्ष बुद्धिलाल पासी ने खुशी जताते हुए कहा कि देश हित में सदैव कार्य किया है। भारत रत्न के वह सही मायने में हकदार हैं। लोकसभा प्रभारी वीरेंद्र कुमार तिवारी और जिला प्रभारी पीयूष मिश्रा ने भी प्रसन्नता जताई है। पूर्व जिलाध्यक्ष आरबी सिंह, लोकसभा संयोजक रामदेव पाल, भाजपा नेता दीप प्रकाश शुक्ला, पुष्पेंद्र सिंह, भूपेंद्र श्रीवास्तव,जेपी सिंह, वीरेंद्र सिंह, महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष सुधा अवस्थी, युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष निखिल पांडे आदि ने खुशी जताई है।

# गरीबों की सच्ची हितैषी है केंद्र और प्रदेश सरकार: राघवेंद्र सिंह

**संवाददाता, रायबरेली**

सरेनी में जनसंपर्क के दौरान ग्रामीणों से मिलते पूर्व सांसद राघवेंद्र सिंह।

**अमृत विचार :** केंद्र और प्रदेश सरकार गरीबों की सच्ची हितैषी है। कांग्रेस शासनकाल में भ्रष्टाचार का आलम यह था कि एक रुपया गांव में पात्र व्यक्ति तक पहुंचते-पहुंचते 10 पैसे रह जाता था। वहीं आज ऐसा नहीं है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी की सोच के कारण सबकुछ बदल रहा है। गरीबों को निःशुल्क अनाज अधूरा नहीं बल्कि पूरा मिल रहा है। झुग्गी झोपड़ी से छुटकारा दिलाकर निःशुल्क आवास की सुविधा हो या फिर शौचालय सबका लाभ आसानी से मिल रहा है। उक्त बाते पूर्व सांसद एवं हाईकोर्ट अधिवक्ता राघवेंद्र सिंह ने शनिवार को सरेनी विधानसभा क्षेत्र में जनसंपर्क के दौरान कही।

पूर्व सांसद राघवेंद्र सिंह ने कहा कि भाजपा ने जो वादा किया उसे पूरा किया। आज प्रमाण रामलला मंदिर है। प्राण प्रतिष्ठा पर सबकी निगाहे लगी रही। विपक्षी अब मुंह छिपा रहे हैं। मिशन 2024 में उत्तर प्रदेश की सभी 80 की 80 सीटों पर भाजपा का परचम लहराएगा।

# छात्र-छात्राओं ने मचाया धमाल

**बछरावां, रायबरेली**

सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करतीं छात्राएं। अमृत विचार

**अमृत विचार।** जीपीसीएल इंटर कालेज में प्रथम वार्षिक उत्सव धूमधाम से मनाया गया। शुरूआत अतिथियों ने मां सरस्वती की प्रतिमा के आगे दीप प्रज्वलित करके किया। मुख्य अतिथि जिला विद्यालय निरीक्षक ओमकार राणा ने छात्र-छात्राओं का उत्साहवर्धन किया।

विशिष्ट अतिथि शिक्षक विधायक उमेश द्विवेदी ने शिक्षकों व छात्रों को बधाई दी। प्रधानाध्यापक विनीत कुमार वर्मा, प्राथमिक क्षेत्र की प्रधानाध्यापिका तनुजा वर्मा ने अतिथियों का स्वागत किया। प्रबंधक रमेश कुमार वर्मा ने विद्यालय की वार्षिक प्रगति के बारे में बताया। इस दौरान कॉलेज के छात्रों ने मां भारती व राम मंदिर से संबंधित झांकियां का सजीव चित्रण प्रस्तुत किया। वहीं इसके साथ ही साथ प्राथमिक कक्षाओं की छात्रों ने बहुत ही मनमोहक राधा कृष्ण की झांकी का मंचन किया। संचालन शिक्षक राजीव मिश्रा ने किया। इस मौके पर नगर पंचायत अध्यक्ष शिवेंद्र सिंह उर्फ रामजी, रत्नेश कुमार, डा. संजय वर्मा, वित्त विहीन माध्यमिक शिक्षक संघ के अध्यक्ष पुष्पेंद्र तिवारी, शिक्षक नेता अरुण सिंह, नितिन चौधरी, समाजसेवी बीडी सिंह, बृजमोहन चौधरी आदि मौजूद रहे।

# गांव चलो अभियान: भाजपाइयों ने कसी कमर

सरेनी में बैठक के दौरान मौजूद भाजपाई।

**संवाददाता, रायबरेली**

**अमृत विचार।** भाजपा जिला कार्यालय अटल भवन में नगर पश्चिमी मंडल की कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता ज़िलाध्यक्ष बुद्धिलाल पासी ने किया। मंडल प्रवासी शिवेंद्र सिंह, ज़िला महामंत्री शरद सिंह, ज़िला मंत्री विवेक शुक्ल, कोष प्रमुख मुकेश गुप्ता, भागवत किशोर सिंह, मुकेश श्रीवास्तव, विश्व प्रकाश पाठक, मंडल अध्यक्ष अखिलेश तिवारी सहित मंडल के सभी पदाधिकारी मौजूद रहे।

ज़िलाध्यक्ष ने कहा कि कार्यकर्ता प्रवास के दौरान जनप्रतिनिधियों, जनसंघ क़ालीन भाजपा के वरिष्ठ कार्यकर्ता, विचार परिवार के लोगों, युवा महिला कार्यकर्ताओं से संपर्क संवाद करेंगे। अमावां मंडल मेंआयोजित कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ज़िला प्रभारी पीयूष मिश्रा ने कहा कि प्रवासी कार्यकर्ता गांव गांव में जाकर बूथ समिति व पन्ना प्रमुखों के साथ बैठक करे।

### सरेनी और लालगंज में अभियान पर चर्चा

सरेनी और लालगंज मंडल में कार्यकर्ताओं की बैठक में गांव चलो अभियान पर चर्चा की गई। सरेनी मंडल में मुख्य अतिथि भाजपा प्रवासी सुशील शुक्ला ने कार्यकर्ताओं को पार्टी के चुनावी कार्यक्रम गांव चलो अभियान के बारे मे विस्तार से बताया। मंडल अध्यक्ष राघवेंद्र सिंह ने पार्टी कार्यकर्ताओं से चुनावी गतिविधियों में सक्रियता से भाग लेने का आह्वान किया और कहा कि हम सबको पार्टी के द्वारा घोषित प्रत्याशी को हर हाल में रायबरेली से चुनाव जिताना है। वही लालगंज की बैठक में भाजपा प्रवासी मुनीष अग्रवाल ने कार्यकर्ताओं को संबोधित किया। बैठक की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष आशुतोष शुक्ला ने किया। संयोजक परीक्षित सिंह, सहसंयोजक अखिलेश यादव, नंदकुमार सिंह, आशीष मिश्रा, चंद्रकांत आदि मौजूद रहे।

# बालिका विद्या मंदिर में विश्व कैंसर दिवस पर गोष्ठी

**संवाददाता, रायबरेली**

**अमृत विचार।** न्यू स्टैंडर्ड बालिका विद्या मंदिर में विश्व कैंसर दिवस पर गोष्ठी का आयोजन किया गया। इसमें छात्राओं को कैंसर के बारे में जानकारी दी गई। एक्टिविटी इंचार्ज एवं बायो प्रवक्ता प्रमांशु श्रीवास्तव ने बच्चों को कैंसर जैसी घातक बीमारी के संबंध में अनेक जानकारियों से अवगत कराया।

यह दिवस कैंसर के बारे में जागरूकता बढ़ाने और इसकी रोकथाम, पहचान और इलाज को प्रोत्साहित करने के लिए मनाया जाता है। कैंसर में मावन शरीर की कुछ सेल्स कंट्रोल से बाहर हो जाती हैं और शरीर के अन्य क्षेत्रों में फैल जाती हैं। यह हमें ट्यूमर के रूप में भी देखने को मिलता है। इस घातक बीमारी के संकेत और लक्षण एडवांस स्टेज तक प्रकट नहीं होते हैं। इसलिए शुरूआती स्टेज में यदि इस पर ध्यान दिया जाय तो कैंसर जैसी भयावह बीमारी से बचा जा सकता है। कहा कि हमें कैंसर पीड़ित रोगियों के लिए सेवा, सहयोग और सहानुभूति का भाव रखना चाहिए। वैसे तो मेडिकल क्षेत्र में आधुनिकता और तकनीकी विकास के चलते कैंसर अब लाइलाज बीमारी तो नहीं रही है, पर अब भी आम लोगों के लिए इसका इलाज काफी कठिन बना हुआ है। इसलिए सावधानी ही सुरक्षा है।

**आयोजन** — भाजपा मंडल अध्यक्ष अभिषेक वर्मा की अध्यक्षता में नगर पूर्वी मंडल कार्यशाला का आयोजन

# मिशन 2024 : विजय का आधार बनेगा गांव चलो अभियान : वीरेन्द्र

**संवाददाता, रायबरेली**

**अमृत विचार :** भारतीय जनता पार्टी की गांव-नगर चलो अभियान की मंडल कार्यशाला के अंतिम दिन शनिवार को शहर के नगर पूर्वी मण्डल की कार्यशाला का आयोजन लोधवारी कोठी में किया गया। भाजपा मंडल अध्यक्ष अध्यक्ष अभिषेक वर्मा की अध्यक्षता में सभी ने अभियान को सफल बनाने का संकल्प लिया। मुख्य अतिथि एवं लोकसभा प्रभारी वीरेन्द्र तिवारी ने कहा कि गांव चलो अभियान मिशन 2024 में बड़ी विजय का आधार बनेगा।

पार्टी के निर्देश पर 4 फरवरी से 11 फरवरी तक प्रत्येक गांव और नगर में बूथ तक पहुंचकर व्यापक जनसंवाद का अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान में भाजपा के जनप्रतिनिधि, विधायक, पूर्व विधायक, जिला पंचायत अध्यक्ष, ब्लाक प्रमुख, नगर पंचायतों के अध्यक्ष, पंचायत एवं सहकारिता के प्रतिनिधि सहित पार्टी के सभी प्रदेश, क्षेत्र एवं जिला पदाधिकारी, वरिष्ठ नेता तथा कार्यकर्ता गांव-नगर बूथ पर प्रवास करेगें। मुख्य अतिथि लोकसभा प्रभारी वीरेन्द्र तिवारी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व की केन्द्र सरकार की सेवा, सुशासन व गरीब कल्याण की योजनाएं और विकसित भारत का विजन लेकर गांव-नगर मुहल्लों, मजरो, बूथों आदि पर चर्चा करेंगे। उन्होंने कहा कि गांव

लोकसभा प्रभारी वीरेन्द्र तिवारी को राम मंदिर का प्रतीक सौंपते नगर अध्यक्ष पूर्वी अभिषेक वर्मा

चलो अभियान में प्रत्येक प्रवासी कार्यकर्ता 24 घंटे प्रवास करेंगे।

ग्रामीण क्षेत्रों में ग्राम स्तर पर और नगरीय क्षेत्रों में बूथ स्तर पर प्रवासी कार्यकर्ता प्रवास करेंगे। सक्षम कार्यकर्ता गांव एवं नगर मे प्रवास के दौरान वरिष्ठ कार्यकर्ताओं, बूथ समितियों और पन्ना प्रमुखों से संवाद, घर-घर सम्पर्क करते हुए विकसित भारत का विजन और देश में परिवर्तन के कारकों के साथ प्रवास के दौरान चर्चा करेंगे। लोकसभा प्रभारी ने कहा कि विपक्ष नकारात्मक राजनीति कर रहा है और अपनी वंशवादी, जातिवादी, भ्रष्टाचारी तथा तुष्टिकरण की राजनैतिक विरासत को सहेजने के लिए तरह-तरह के हथकंडे अपना रहा है।

उन्होंने कहा जिन संकल्पों को लेकर भारतीय जनता पार्टी जनता के बीच पहुंची, ऐसे सारे संकल्पों को मोदी सरकार व योगी सरकार ने पूरा किया है। हमें गांव-गांव तक पहुंचकर हर घर की दहलीज पर दस्तक देकर भाजपा सरकार की योजनायें भी पहुंचानी है और विपक्ष के हर विघटनकारी मंसूबे को ध्वस्त भी करना है।

अभियान के तहत नमो एप पर विकसित भारत एम्बेसडर बनाने का भी काम करना है। भाजपा सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का पत्रक लेकर हर घर की चौखट तक पहुंचना है। इस मौके परमंडल अध्यक्ष अभिषेक वर्मा, पूर्व जिलाध्यक्ष सुशील शर्मा, अजय त्रिपाठी, लोकसभा विस्तारक कामतानाथ, जिला महामंत्री अमरेश मौर्या, जिला मंत्री कृष्णा चौधरी, विवेक शुक्ला, अजय सिंह सोनू आदि मौजूद रहे।

# डीएम के सामने फिर आपूर्ति विभाग की खुली कलई

समाधान दिवस

## दिव्यांगों ने की राशनकार्ड नहीं बनने की शिकायत, जिलाधिकारी ने जताई नाराजगी

सलोन, रायबरेली

**अमृत विचार।** प्रधानमंत्री भले ही गरीबों तक निःशुल्क अनाज पहुंचाने को चिंतित हो, लेकिन जिले के जिम्मेदार विभागीय अधिकारी बेफिक्र हैं। ऊंचाहार तहसील में संपूर्ण समाधान दिवस के दौरान किरकिरी करा चुके जिला आपूर्ति अधिकारी विमल शुक्ला को सलोन तहसील में भी खूब खरी खोटी सुननी पड़ी। संपूर्ण समाधान दिवस के दौरान दिव्यांगों ने राशन कार्ड नहीं बनने की शिकायत जिलाधिकारी हर्षिता माथुर से की तो उन्होंने तत्काल डीएसओ तलब कर लिया। कारण पूछा और जमकर फटकार लगाई। चेतावनी दी कि किसी कीमत पर गरीबों का हक न मारा जाए।

सराय मानिक के रहने दिव्यांग राजमती, औना सदरा और दिव्यांग श्याम सुंदर पांडे ने बताया कि अभी तक राशन कार्ड नहीं बना है। कई बार शिकायत भी की, लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई। इस पर जिलाधिकारी ने जिला आपूर्ति अधिकारी को तत्काल उचित कदम उठाने के निर्देश दिए। वहीं करोड़ों की लागत से नगर पंचायत सलोन के विवादित नाले की शिकायत की गई है। जिस पर डीएम ने अधिशासी अधिकारी को फटकार लगाते हुए नाले की जांच कराने के साथ ही नाला को अच्छी तरह से कवर्ड करने के निर्देश दिए। पुलिस अधीक्षक अभिषेक अग्रवाल के पास शिकायत लेकर पहुंची महिला प्रतिमा देवी निवासी नुरूद्दीनपुर ने बताया कि उसका ससुराल कुआरीकला जनपद प्रतापगढ़ में है। पति श्याम बहादुर ने दहेज की खातिर उसे घर से भगा दिया था। स्थानीय थाने सलोन पर भी उसकी फरियाद नहीं सुनी गई। 20 दिसम्बर को उसका 13 दिन का बच्चा भी दुनिया को अलविदा कह गया। इसके बाद से कोतवाली में न्याय पाने के लिए दिनरात लगा रही हूं। एसपी ने कार्रवाई करने के निर्देश दिए है।

इसी तरह राजापुर चकबीबी निवासी रामकली ने एसपी को शिकायती पत्र देकर बेटी के अपहरण करने का आरोप लगाया। कस्बा निवासी दिनेश साहू ने डीएम को शिकायती पत्र देकर आरोप लगाया कि बाराती टेलर की दुकान से कल्लन किराना तक की दुकान तक घटिया सामग्री और पीले इटों से नाले का निर्माण किया गया है। नाले पर पत्थर न होने के कारण आये दिन स्थानीय राहगीर गिर कर चोटिल हो रहे है। ठेकेदार मनमानी कर रहे हैं। मोहल्ला पैग़म्बरपुर पश्चिमी निवासी बड़े लाल ने डीएम से शिकायत करते हुए बताया कि बिजली विभाग के सहायक अभियंता इंदु शेखर और अवर अभियंता रंजन कुमार ने उसके घर मे घुसकर छत पर चढ़ते हुए बिजली का तार खिंचवाया है।कस्बा निवासी वृद्धा राबिया ने डीएम को शिकायती पत्र देकर बताया कि उसके जेठ अब्दुल शकूर आपसी बंटवारा के बावजूद उसकी संपत्ति हड़पने में जुटे हुए है।

राशन कार्ड नहीं बनने पर जिला आपूर्ति अधिकारी विमल शुक्ला से नाराजगी जताती जिलाधिकारी हर्षिता माथुर।

शिकायत करने पहुंची दिव्यांग राजमती।

शिकायत करने पहुंची दिव्यांग औना सदरा।

शिकायत करने पहुंचे दिव्यांग श्याम सुंदर पांडे।

## ...ये अंतिम चेतावनी है, अगली बार होगी कार्रवाई : जिलाधिकारी

▸▸ गौशाला में गंदगी देख चढ़ा डीएम का पारा

सलोन, रायबरेली

**अमृत विचार।** क्षेत्र में बनाई गई अस्थाई गौशाला का शनिवार को डीएम हर्षिता माथुर ने निरीक्षण किया। इस दौरान उन्हें गौशाला में गंदगी समेत तमाम कमियां दिखाई पड़ी। पशुओं की हालत देख डीएम का पारा चढ़ गया। उन्होंने बीडीओ को फटकार लगाते हुए सभी चीजों को दुरुस्त रखने के निर्देश दिये। क्षेत्र के ग्राम सभा भवानीपुर में अस्थाई गौशाला विकास विभाग की तरफ से बनाया गया है। शनिवार को गौशाला का आकस्मिक निरीक्षण जिलाधिकारी ने किया निरीक्षण के दौरान साफ सफाई न मिलने पर उन्होंने कर्मचारियों को भी फटकार लगाते हुए गौशाला प्रतिदिन साफ सफाई जानवरों के चारा, भूसा, पानी का प्रबंध रखें साथ ही पशुओं की बीमारी की जांच भी समय समय पर कराने के निर्देश दिए। डीएम ने कहा कि पशुओं के लिए पर्याप्त मात्रा में चारा व पानी की व्यवस्था होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि जब जिम्मेदारी मिली है तो उसका निर्वाहन करें ये अंतिम चेतवानी है अगली बार कार्यवाही करूँगी।

गौशाला का निरीक्षण करतीं डीएम हर्षिता माथुर। अमृत विचार

### पांच शिकायतों का निस्तारण

**डलमऊ, रायबरेली।** तहसील सभागार में आयोजित समाधान दिवस में तहसीलदार ने आए हुए फरियादियों की समस्याएं सुनी और उनके निस्तारण के लिए संबंधित कर्मचारियों को निर्देशित किया है। तहसीलदार ध्रुव नारायण यादव ने क्षेत्राधिकारी डलमऊ के साथ फरियादियों की समस्याएं सुनी। किसान नेता मनोज यादव, सुशील यादव ने फसलों की सिंचाई के लिए नहरो में पानी छोड़े जाने की मांग की। तहसीलदार ने सिंचाई विभाग के कर्मचारियों को तत्काल नहरो में पानी छोड़े जाने के लिए निर्देशित किया है। इस दौरान कुल 27 शिकायतों में से पांच का मौके पर निस्तारण कर दिया गया। इस मौके पर कोतवाली प्रभारी डलमऊ पवन कुमार सोनकर, खंड विकास अधिकारी सत्यदेव यादव आदि मौजूद रहे।

पूरे रामदत्त मजरे ख़ातियारा निवासी सुमन देवी ने पति छोटेलाल समेत ससुराल जनों पर दहेज उत्पीड़न का आरोप लगाया है। अतागंज उसरी निवासी जगमोहन ने विपक्षियों पर आरोप लगाया कि उसकी भूमि पर जबरन विपक्षी कब्जा करना चाहते है। ग्राम प्रधान भवानीपुर और ग्रामीणों ने सामूहिक शिकायती पत्र देते हुए ग्राम पंचायत अधिकारी पर रिश्वतखोरी का आरोप लगाया है। आरोप है कि ग्राम पंचायत अधिकारी विक्रम जैन जन्म मृत्यु प्रमाण पत्र में धन उगाही और विकास कार्यो में अग्रिम कमीशन की मांग की जाती है।

इस दौरान 116 शिकायतों में महज दस का ही मौके पर निस्तारण किया जा सका। इसमें राजस्व विभाग की 53, पुलिस विभाग 20, विकास 13 समेत 116 शिकायती पत्र आये है। मुख्य चिकित्सा अधिकारी वीरेंद्र कुमार, एसडीएम आशुतोष राय, सीओ वंदना सिंह, तहसीलदार प्रज्ञा द्विवेदी, तहसीलदार न्यायिक सदर आकांक्षा दीक्षित, सप्लाई इंस्पेक्टर विवेक कुमार आदि मौजूद रहे।

## सार-संक्षेप

### कलेक्ट्रेट कार्यालय का जिलाधिकारी ने किया निरीक्षण

**संवाददाता, रायबरेली।** जिलाधिकारी हर्षिता माथुर ने कलेक्ट्रेट कार्यालय के सभी पटलों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने अभिलेखों को बारीकी से देखा और निर्देश दिया कि अभिलेखों का संरक्षण व्यवस्थित तरीके से किया जाए। जिससे कि दोबारा आवश्यकता पड़ने पर इनका सत्यापन किया जा सके। साथ ही कहा कि यदि किसी प्रकार की कमी हो तो उसे समय रहते ही दूर कर लिया जाए। निरीक्षण के दौरान अपर जिलाधिकारी (वि.रा.) पूजा मिश्रा, सिटी मजिस्ट्रेट बाबूराम, एसडीम सर्वेश यादव तथा अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।

### खड़े डंपर में बाइक टकराई, दो लोग घायल

**जगतपुर, रायबरेली।** थाना क्षेत्र के अंतर्गत लक्ष्मणपुर में सड़क किनारे खड़े डंपर में पीछे से बाइक टकरा गई, जिसमें चालक समेत बाइक पर बैठा एक अधेड़ घायल हो गया। घायल को सीएससी में भर्ती कराया गया। शनिवार को आशीष निवासी तिवारीपुर अपने मामा बुद्धि लाल बरगदहा को बाइक से लेकर अपनी ससुराल बेला टेकई जा रहे थे। तभी अचानक लक्ष्मणपुर में सड़क किनारे खड़े डंपर में उनकी बाइक पीछे से टकरा गई, जिससे दोनों लोग घायल हो गए। सीएचसी के अधीक्षक प्रजेश श्रीवास्तव ने बताया कि सड़क दुर्घटना में दो लोग घायल अवस्था में आए थे। दोनों की हालत काफी गंभीर थी। प्राथमिक उपचार के बाद जिला चिकित्सालय भेजा गया।

### 15 फरवरी तक हज आवेदन का मौका

**संवाददाता, रायबरेली।** जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी मोहन त्रिपाठी ने हज कमेटी ऑफ इण्डिया द्वारा सकुर्लर-4 के अनुसार हज यात्रियों की सुविधा के लिए सऊदी अरब में खादिमुल हुज्जाज (हाजी सेवक) के ऑनलाइन आवेदन अंतिम तिथि 15 फरवरी तक है। प्रत्येक 300 हज यात्रियों पर एक खादिमुल हुज्जाज का चयन होना है। महिलाएं भी आवेदन कर सकती है। महिलाओं की संख्या बिना महरम महिलाओं की श्रेणी में 300 महिलाओं पर एक महिला खादिमुल हुज्जाज का चयन किया जायेगा। उन्होंने बताया कि मशीन पठित पासपोर्ट जो 15 फरवरी, 2024 या उससे पूर्व जारी हो एवं उसकी वैद्यता 31 जनवरी, 2025 तक होना आवश्यक है।जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी ने कहा है कि पुरुष/महिला आवेदक, जिनकी आयु 31 मार्च 2024 को 50 वर्ष से अधिक न हों। खादिमुल हुज्जाज के रूप में हज-2023 में जाने वाले व दो बार से अधिक बार जाने वाले कर्मचारी अर्ह नहीं होंगे।

### विधिक साक्षरता एवं जागरुकता शिविर का आयोजन

**संवाददाता, रायबरेली।** उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ और जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, रायबरेली तरुण सक्सेना के दिशा-निर्देशन में जिला कारागार, रायबरेली में निरुद्ध बन्दी के देख-रेख, खानपान, रहन-सहन तथा लीगल ऐड क्लीनिक एवं बन्दियों के हितों से सम्बन्धित मामलों के सम्बन्ध में अपर जिला जज/सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण उमाशंकर कहार द्वारा जिला कारागार का निरीक्षण किया गया। शिविर में बंदियों से बात कर उनकी परेशानियों, विधिक समस्याओं एवं जेल में मिलने वाली सुविधाओं की जानकारी ली गयी। विधिक जागरुकता शिविर में कारापाल हिमाशुं रौतेला, उपकारापाल इन्द्रमणि शुक्ला व पराविधिक स्वयं सेवक पवन कुमार श्रीवास्तव उपस्थित रहे।

### जांच के लिए सीडी-4 मशीन का परिचालन शुरू

**संवाददाता, रायबरेली, अमृत विचार।** राणा बेनी माधव जिला अस्पताल के एंटी रेट्रो वायरल थेरेपी(एआरटी) सेंटर में सीडी-4 मशीन का शुक्रवार को उद्घाटन मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डा. महेंद्र मौर्य ने किया। मुख्य चिकित्सा अधीक्षक ने कहा कि एचआईवी संक्रमित व्यक्तियों को दी जाने वाली औषधियों की प्रभावशीलता को जांचने के उद्देश्य से सीडी-4 की जांच किया जाना महत्वपूर्ण हैं। एआरटी केंद्र के नोडल अधिकारी डा प्रदीप कुमार ने बताया कि जिले में संचालित हो रहे एआरटी केंद्र में वर्तमान में नि :शुल्क चिकित्सा सुविधा का लाभ ले रहे है। इस मौके पर वरिष्ठ रेडियोलॉजिस्ट डा अल्ताफ हुसैन, जिला अस्पताल की मैट्रन अर्चना पांडेय, क्वालिटी मैनेजर डा बीआर यादव, केंद्र के परामर्शदाता अमित दुबे, डाटा मैनेजर हिमांचल सिंह, फार्मासिस्ट प्रियंका गुप्ता, केयर कोऑर्डिनेटर विजय कुमार मौर्य उपस्थित रहे।

### मेला में 189 लोगों को मिला रोजगार

**संवाददाता, रायबरेली।** दीन दयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल्य योजना अन्तर्गत उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन, राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान व जिला सेवायोजन कार्यालय के संयुक्त तत्वाधान से विकास खण्ड स्तरीय रोजगार मेले का आयोजन विकास खण्ड राही के प्रांगण में किया गया। मेले का शुभारंभ ब्लॉक प्रमुख धर्मेन्द्र यादव द्वारा किया गया। इस रोजगार मेले में कई निजी कम्पनियों मदरसन सूमी प्रालि, लेन्सकार्ट, याजाकी इण्डिया, माइक्रोमैक्स, डॉन बास्को, सफायर हेल्थ साल्यूशन, वेलस्पन इण्डिया, पेटीएम, एससीएम गारमेन्ट, शिवशक्ति एग्रीटेक, पुखराज हेल्थकेयर, बजाज एलियांस, जिओ फाईबर एवं एजुकेट गर्लस द्वारा बेरोजगार युवाओं का साक्षात्कार कर रोजगार प्रदान किया गया। मेले में 476 अभ्यर्थियों द्वारा प्रतिभाग किया गया, जिसमें से 189 अभ्यर्थियों का चयन किया गया। मुख्य विकास अधिकारी पूजा यादव द्वारा मेले में चयनित कुछ लाभार्थियों को नियुक्ति पत्र वितरित किया गया।

## एसपी ने थानेदारों के कसे पेच

संवाददाता, रायबरेली

**अमृत विचार।** पुलिस अधीक्षक अभिषेक अग्रवाल ने शनिवार को पुलिस लाइन में पुलिस अधिकारियों के साथ अपराध बैठक की। एसपी ने सभी थाना प्रभारियों से कहा कि अपने अपने क्षेत्र में अपराध पर नियंत्रण रखें। उन्होंने कहा कि थाना स्तर पर ही पीड़ित को न्याय दिया जाये। पीड़ित को मुख्यालय न दौडना पड़े।

थानों पर लंबित विवेचनाओं को जल्द पूर्ण करें। कानून व्यवस्था में किसी भी तरीके की लापरवाही बर्दास्त नही की जाएगी। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि अपराधियों के खिलाफ कड़ाई से कार्रवाई करें। इसमें किसी भी तरह की कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। वही अपराधी घटनाओं का खुलासा करने में लापरवाही बरतने वाले थानाध्यक्षों की जमकर क्लास लगाई। उन्होंने साफ लहजे में कहा की लापरवाही कतई न की जाए। इस दौरान एएसपी नवीन सिंह, सीओ सदर अमित सिंह, सीओ सलोन वंदना सिंह, सीओ महराजगंज यदुवेन्द्र बहादुर पाल सहित सभी क्षेत्राधिकारी व थाना प्रभारी मौजूद रहें।

पुलिस अधिकारियों के साथ बैठक करते एसपी। अमृत विचार

## 15 दिनों से धरने पर बैठा पीड़ित, जिम्मेदार बेखबर

**संवाददाता, रायबरेली।** कड़ाके की ठण्ड में विकास भवन में 15 दिनों से लगातार उंचाहार के खरौवा निवासी इंद्रेश जमीन के सीमाकंन हो जाने के बाद कब्जा न मिलने के कारण बैठा हुआ है। विकास भवन में 15 दिनों से बैठे इंद्रेश की सुध लेने वाला कोई नहीं है। इंद्रेश का कहना है कि यदि हमें न्याय नहीं मिला तो और कोई रास्ता अख्तियार करना पड़ेगा। विकास भवन में धरने पर बैठे पीड़ित ऊंचाहार के खरौवा कुर्वाँ निवासी इंद्रेश कुमार पुत्र राम प्यारे ने बताया कि उसके पिता जी के नाम दर्ज जमीन का सीमांकन के लिए एसडीएम की कोर्ट में 18 जून 2019 को वाद दर्ज हुआ और एसडीएम की तरफ से वाद पर 22 दिसंबर 2023 को निर्णय भी सुनाया गया। पीड़ित का आरोप है कि यह मामले में एसडीएम हीलाहवाली कर रहे है, जिससे हमें हमारी जमीन पर कब्जा नहीं मिल पा रहा है। पीड़ित ने न्याय की गुहार लगाई है।

## जिला जज ने फीता काटकर किया उद्घाटन

ऊंचाहार, रायबरेली

**अमृत विचार।** सीमित अपराधों व राजस्व मामले का न्याय स्थानीय स्तर पर सुलभ करने के उद्देश्य से शनिवार को ऊंचाहार तहसील में ग्राम न्यायालय का आगाज हो गया। जिला जज तरुण सक्सेना ने तहसील परिसर में स्थित इस न्यायालय भवन का फीता काटकर उदघाटन किया। इसी के साथ नवसृजित ग्राम न्यायालय में जज मनु गुप्ता की तैनाती की गई है।

ग्राम न्यायालय का उदघाटन करते हुए जिला जज ने कहा कि वादी को स्थानीय स्तर पर त्वरित न्याय सुलभ कराने के उद्देश्य से शुरू किया जा रहा यह न्यायालय निश्चित रूप से अपने उद्देश्यों को पूरा करेगा। इससे पूर्व तहसील पहुंचने पर जिला जज का एसडीएम सिद्धार्थ चौधरी, सीओ अरुण कुमार नौहार, तहसील बार संगठन के अध्यक्ष शिव गोपाल सिंह ने स्वागत किया। तहसील के वरिष्ठ अधिवक्ता रज्जन मिश्र ने जानकारी देते हुए बताया कि छोटे छोटे मामलों को लेकर अब क्षेत्र की जनता को जिला मुख्यालय नहीं भागना पड़ेगा। ज्ञात हो कि ग्राम न्यायालय का उद्घाटन होने के साथ ऊंचाहार तहसील क्षेत्र के छोटे छोटे वाद इसी न्यायालय में स्थानांतरित होंगे, जिसकी प्रक्रिया शुरू हो गई है। इस मौके पर प्रमुख रूप से अधिवक्ता दिनेश त्रिपाठी, राकेश उपाध्याय, धर्मेश पाठक, अवधेश कुमार, जय बहादुर मौर्य, शिव जी पांडेय, छाया त्रिपाठी, रामजीत सिंह, सुभाष चंद्र पटेल, आशीष कुमार मिश्र, मोहित कुमार श्रीवास्तव, मो नसीम, जितेंद्र कुमार द्विवेदी आदि मौजूद रहे।

फीता काटकर शुरूआत करते जिला जज तरूण सक्सेना।

## सेमीफाइनल में बलरामपुर, वाराणसी लखनऊ व रामपुर ने बनाई जगह

शिवगढ़, रायबरेली

**अमृत विचार।** क्षेत्र के श्री बरखंडी विद्यापीठ इंटर कॉलेज मैदान में आयोजित श्री बरखंडी स्मारक राज्य हॉकी प्रतियोगिता के दूसरे दिन क्वार्टर फाइनल मैच खेले गए। शुभारम्भ मुख्य अतिथि जिला विद्यालय निरीक्षक ओमकार राणा, विशिष्ट अतिथि अधिशासी अभियंता महेंद्र कुमार अग्रवाल, खंड शिक्षाधिकारी अनिल कुमार मिश्रा, शाखा प्रबंधक मनीष सेन, विद्यापीठ के प्रधानाचार्य एवं आयोजक कमेटी के अध्यक्ष राजकुमार गुप्ता द्वारा खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर किया गया। प्रतियोगिता का पहला क्वार्टर फाइनल मैच कैंट स्टार क्लब वाराणसी व टाउन हॉल क्लब शाहजहांपुर के मध्य खेला गया। जिसमें वाराणसी 4-1 से विजयी रहा। दूसरा मैच नागमणि सिंह हॉकी क्लब लखनऊ व रामपुर हॉस्टल के मध्य खेला गया, जिसमें पेनल्टी शूटआउट के द्वारा रामपुर हॉस्टल ने 2-1 से जीत दर्ज कराई। तीसरा मैच लखनऊ स्पोर्ट्स कॉलेज व केएसटी कॉलेज गोला गोकर्णनाथ के मध्य खेला गया, जिसमें लखनऊ स्पोर्ट्स कॉलेज ने 5-0 से जीत हासिल की। प्रतियोगिता का चौथा मैच स्टार इलेवन बलरामपुर व केडी सिंह बाबू सोसायटी के मध्य खेला गया, जिसमें बलरामपुर 4-2 से विजयी रहा। चारों मैचों में निर्णायक की भूमिका कवि यादव, मुशीर अहमद, अजहर अब्बास, सुनील चौधरी रहे। कमेटी के सचिव शैलेंद्र सिंह ने बताया कि चार फरवरी को सेमीफाइनल मैच खेले जाएंगे। रामपुर हॉस्टल, वाराणसी, बलरामपुर हॉस्टल, स्पोर्टस कालेज लखनऊ की टीमों के बीच मुकाबला होगा। इस मौके पर उपाध्यक्ष लक्ष्मी नारायण, भूपेंद्र,अभिषेक मिश्रा, अभयराज सरोज, सुशील कुमार शुक्ल, धीरेंद्र प्रताप सिंह, उप सचिव राज बहादुर सिंह, अरुण कुमार सिंह, अविनाश सोनकर, योगेश झा, जगत बहादुर सिंह, ओमप्रकाश, अरविंद कुमार शुक्ल, अरुण त्रिवेदी, प्रमोद सिंह, धर्मेंद्र कुमार, अमरीश सिंह, रामनरेश मेहता, रमेश सहगल आदि रहे।

भगन्दर, बवासीर
सभी प्रकार के बार-बार ऑपरेटेड Complex Fistula (जटिल भगन्दर) पाइल्स तथा एनल फिसर एवं Anal Stenosis की क्षार सूत्र द्वारा पूर्ण सफल चिकित्सा
सुश्रुत क्लीनिक
क्षार चिकित्सा गुदा एवं वृहदांत्र रोग
[COLO-RECTAL-CENTER]
28.बी, एकता नगर स्टेडियम रोड, बरेली
9897030475
9411221895
7060162071

डॉ. लालता प्रसाद (सर्जन)
B.sc., B.A.M.S., D.Ay.M. सर्जरी
(I.M.S), (B.H.U.) वाराणसी
गुरू /प्रोफेसर - राष्ट्रीय आयुर्वेद विद्यापीठ
आयुष मंत्रालय
भारत सरकार, नई दिल्ली
भू.पू. वरिष्ठ लेक्चरार
एस. आर. एम. स्टेट आयु कॉलेज, बरेली
Life-Member Association of Anaesthetists of Indian Medicine
45 वर्षों का कुशल अनुभव

डॉ. अभय प्रकाश (सर्जन)
B.A.M.S., M.S सर्जरी
क्षार सूत्र एवं गुदा रोग विशेषज्ञ
बाल गुदा रोग विशेषज्ञ व समस्त गुदा रोग भगन्दर, बवासीर, ऐनल फिसर रेक्टल पालिप, पाइलोनिडल साइनस, कोलाइटिस
गुदा रोगों के लक्षण
मलद्वार से खून मवाद आना
गांठ का मल द्वार से बाहर निकलना मल द्वार के आस पास बार-बार फोड़ा बनना एवं फूटना, बार-बार मल त्याग करना, मल द्वार में दर्द एवं खुजली होना
समय
प्रातः 10:00 से 2:00 बजे तक
सायं 7:00 से 8:00 बजे तक
रविवार
प्रातः 10:00 से 2:00 बजे तक
सायंकाल अवकाश

बच्चो का चश्मा हटाए
GLYTERVEX- M EYE DROP उपयोग करें
जन कल्याण आँख का अस्पताल
ए- 1040, इन्द्रिरा नगर लखनऊ
मायोपिया विभाग के सिर्च यूनिट के सहयोग व मार्गदर्शन में
स्टॉकिस्ट- जे0वी0 फार्मा अमीनाबाद लखनऊ

सभी प्रकार के रोगों का समाधान आयुर्वेद द्वारा
सैक्स समस्याएं!!
मर्दाना कमजोरी, शीघ्रपतन, स्वप्नदोष
सेक्स में कमी, निःसन्तान दम्पत्ति अवश्य मिलें
प्रातः 10 बजे से सायं 07 बजे तक
सेक्स वर्धक दवाओं का उपयोग न करें ये दवाएं लाईलाज कर सकती है।
राना डिस्पेंसरी
9919792325
9415810891
हुसैनगंज चौराहे से लालकुँआ रोड, (पुल के पास) लखनऊ

# सपा के चुनावी मैदान को तैयार करेगी किचन कैबिनेट

**आह्वान**

▸▸ प्रदेश सचिव ने पार्टी को मजबूत करने के लिए महिलाओं से घर-घर जाने को कहा

संवाददाता, हरदोई

**अमृत विचार :** आधी आबादी को अपने-अपने घरों से निकलना होगा। समाजवादी पार्टी को मजबूत करने के महिलाएं घर-घर जाकर महिलाओं को जोड़ कर संगठन को मजबूत करें। उक्त बात पार्टी कार्यालय पर पीडीए पखवाड़ा समीक्षा बैठक के दौरान समाजवादी महिला सभा की प्रदेश सचिव शांति देवी ने कही।

पीडीए पखवाड़ा समीक्षा बैठक करतीं सपा की महिला सभा की प्रदेश अध्यक्ष व अन्य पदाधिकारी। अमृत विचार

बैठक में मुख्य अतिथि समाजवादी महिला सभा की प्रदेश सचिव ने कहा कि आज हम सभी महिलाओं को यह संकल्प लेना चाहिए कि आने वाले लोकसभा चुनाव में समाजवादी पार्टी को जिताकर देश में एक लोकतांत्रिक सरकार बनानी है। भाजपा सरकार में महिलाओं लड़कियों बेटियों बहनों के साथ अपराध बढ़े हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार में महिलाओं बहनों के साथ बलात्कार कर उनकी हत्या कर दी जा रही है, लेकिन सरकार माताओं-बहनों की सुरक्षा नहीं कर पा रही है। उलट भाजपा के सांसद विधायक तक महिलाओं लड़कियों की इज्जत तार-तार कर रहे हैं। भाजपा सरकार बहन बेटियों की इज्जत से खिलवाड़ करने वाले अपने नेताओं की रक्षक बनी हुई है। बैठक की अध्यक्षता करती समाजवादी महिला सभा की जिलाध्यक्ष रेखा सिंह ने कहा है। बीजेपी सरकार दलित, पिछड़ों, अल्पसंख्यक आधी आबादी अगडे. वर्ग के गरीब लोगों का हक छीन रही है, इसलिए हम सभी लोग आज यह संकल्प लेते हैं कि महिलाओं की टोली बनाकर गांव-गांव सपा के कामों विचारों का प्रचार प्रसार करेंगे। समाजवादी पार्टी को जिताकर बीजेपी सरकार को उखाड़ कर फेंक देंगे। बैठक में सपा जिलाध्यक्ष वीरेंद्र सिंह यादव बीरे, सपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता पूर्व जिलाध्यक्ष जितेंद्र वर्मा जीतू पटेल, महिला सभा की राष्ट्रीय सचिव सुनीता मित्रा, सुनीता रावत, जिला उपाध्यक्ष भावना वर्मा सहित कई पदाधिकारी मौजूद रहीं।

# तीसरे दिन फिर वारदात कबाड़ दुकान से चोरी

शाहाबाद, हरदोई

**अमृत विचार :** कस्बे में चोरी का सिलसिला फिर शुरू हो गया है।दो दिन पूर्व एक बंद घर से चोरी के तीसरी रात चोरों ने एक कबाड़ की गोदाम में घुस कर चोरी को अंजाम दे दिया। पीड़ित ने कोतवाली में प्रार्थना पत्र दिया है। पुलिस मामले की जांच कर चोरी की सुरागकशी में लगी है।

कस्बे के खेड़ा बीवीजई निवासी आशाराम पुत्र जगदीश ने बताया कि उसकी खेड़ा बीवीजई में कबाड़ की दुकान और गोदाम है।उनकी गोदाम में पीछे की दीवार फांद कर चोर उनकी गोदाम में घुस गए। एक बोरी स्टील और लगभग 30 किलो लोहा और अन्य सामान चोर उठा ले गए इससे पूर्व भी तीन बार चोर चोरी कर चुके हैं।पीड़ित ने अमन पुत्र सर्वेश निवासी खेड़ा बीबीजई का नाम भी प्रार्थना पत्र में लिखकर दिया है।पुलिस ने बताया प्रार्थना पत्र दिया गया है पुलिस चोरों की तलाश कर रही है।

**एक नजर**

### महिला ने पति और बेटे की जान को खतरा जताया

**शाहाबाद, हरदोई, अमृत विचार :** कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला खत्ता जमाल खां निवासी एक महिला ने मोहल्ले के ही कुछ दबंगों पर अपने पति और अपने पुत्र की जान-माल की हानि होने की आशंका जताते हुए कोतवाली पुलिस को प्रार्थना पत्र दिया है। कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला खत्ता जमाल का निवासी सुनीता पत्नी महेश के अनुसार 31 जनवरी को सुबह 10 बजे भोला यादव, सुनील और अमित ने उसके पति महेश को उस समय मारापीटा जब वह फूलमती माता मंदिर के पास चाट का ठेला लगाया था। पुत्र मनीष ने बचाने का प्रयास किया तो दबंबों ने उसे भी पीटा। दबंग जानमाल को खतरा पहुंचाना चाहते हैं। सुनीता ने कार्रवाई की मांग की है।

### राशन कार्ड बनवाने को लगाई फरियाद

**शाहाबाद, हरदोई, अमृत विचार :** नगर क्षेत्र के मोहल्ला की गिगियानी निवासी अनीशा पत्नी रोशन ने एसडीएम को प्रार्थना पत्र देकर अपनी गरीबी का हवाला दिया और राशन कार्ड बनवाने की मांग की। अनीशा के अनुसार उसका पति काफी गरीब है और बीमार भी रहता है। जीवनयापन करने का उसके पास कोई सहारा नहीं है। सरकार द्वारा दिए जाने वाले राशन से उसके बच्चों का भरण-पोषण हो जाएगा। एसडीएम ने पूर्ति निरीक्षक को जांच करने का निर्देश दिया है।

### बेटे ने पिता को पीटा

**शाहाबाद, हरदोई, अमृत विचार :** क्षेत्र के ग्राम अब्दुल्लापुर में एक बेटे ने अपने पिता को पीट दिया। पीड़ित पिता ने कोतवाली में प्रार्थना पत्र दिया है। क्षेत्र के ग्राम अब्दुल्लापुर निवासी मुन्ना पुत्र सुब्बा ने बताया उसका पुत्र शराबी किस्म का आवारा है आए दिन उसे प्रताड़ित करता है। शनिवार सुबह उसने शराब के लिए उससे पैसे मांगे उसने पैसे देने से इनकार कर दिया तो उसने उसे मारापीटा। पुलिस ने बताया प्रार्थना पत्र दिया गया है, जांच की जा रही है।

# युवक को जख्मी हालत में दरवाजे पर फेंक गए हमलावर, हुई मौत

## बारातघर की ठेकेदारी कर रहे ठेकेदार के ऊपर पिटाई करने का आरोप

हरदोई कार्यालय

**अमृत विचार :** कोथावां में बन रहे बारातघर में राजगीरी करने वाला युवक अपने दरवाज़े पर ज़ख्मी हालत में पड़ा कराहता हुआ देखा गया। उसका इलाज होता, लेकिन उससे पहले ही मौत हो गई। आरोप है कि काम कर रहे ठेकेदार ने अपने पुत्र व एक साथी के साथ मिल कर पहले बुरी तरह से पिटाई कर दी और अधमरा कर उसे दरवाज़ें पर फेंक कर फरार हो गए। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद कार्रवाई की जाएगी।

फाइल फोटो।

बताया गया है कि टड़ियावां थाने के सोहासा गांव निवासी 35 वर्षीय अखिलेश उर्फ गुड्डू पुत्र फकीरे पेशे से राजगीर था और कोथावां में रुक कर वहां बन रहे बारातघर में राजगीरी करता था। शुक्रवार को अखिलेश उर्फ गुड्डू ज़ख्मी हालत में अपने दरवाज़े पर पड़ा कराहता हुआ देखा गया। उसका इलाज कराया जाता, लेकिन उससे पहले ही उसकी मौत हो गई। अखिलेश उर्फ गुड्डू की बुज़ुर्ग मां गया कुमारी का आरोप है कि रावल निवासी प्रकाश कोथावां में ठेकेदारी करता है और वहीं अखिलेश को काम करने के लिए ले गया था। गया कुमारी का आरोप है कि प्रकाश ने अपने पुत्र और गांव के छंगा के साथ मिल कर अखिलेश को पहले तो बुरी तरह से पीटा और उसके बाद उसे अधमरी हालत में दरवाज़ें पर फेंक कर फरार हो गया। एसएचओ टड़ियावां अशोक कुमार सिंह का कहना है कि जांच की जा रही है।

### इकलौता सहारा कर गया बेसहारा

अखिलेश उर्फ गुड्डू की मां गया कुमारी ने रोते हुए बताया कि वही उसका इकलौता सहारा था। उसी के सहारे ज़िंदगी गुज़ार रही थी, लेकिन ज़िंदगी के आखिरी पड़ाव में इकलौता सहारा, इस तरह बेसहारा कर चला जाएगा, इस बारे में कभी सोंचा ही नहीं था।

### मां की कमी कभी महसूस नहीं हुई

सोहासा निवासी अखिलेश उर्फ गुड्डू की पत्नी रूबी की करीब दो साल पहले ही मौत हो गई थी। उसके एक बेटा ओम और तीन बेटियां सोनिका, मोनिका और सोनम है, लेकिन मां के न रहने के बाद अखिलेश ने कभी भी अपने बच्चों को मां की कमी का एहसास नहीं होने दिया। उसने पिता की ज़िम्मेदारी निभाते हुए कभी भी अपने बच्चों की ममता के साथ कोई समझौता नहीं किया।

### अधेड़ की नाले में गिर कर हुई मौत, शव बरामद

**पिहानी, हरदोई, अमृत विचार :** अधेड़ खेत से वापस लौटते हुए रास्ते में पेड़ पर चढ़ कर लकड़ी काट रहा था, उसी बीच अचानक पैर फिसलने से वह नाले में गिर पड़ा। जिससे उसकी पानी में डूब कर मौत हो गई। शनिवार की सुबह उसका दूसरे दिन नाले से शव बरामद किया गया। बताया गया है कि पिहानी कोतवाली जहांनी खेड़ा चौकी के धामपुर गांव निवासी 45 वर्षीय सुरेंद्र पुत्र जैजै राम शुक्रवार को बरबर मोड़ पर अपना खेत देखने लगा हुआ था। सुरेंद्र के बड़े भाई श्यामलाल ने बताया कि खेत से वापस लौटते हुए वह रास्ते में छोहा नाले के किनारे एक पेड़ पर चढ़ कर लकड़ी काट रहा था, उसी बीच उसका पैर फिसल गया और वह छोहा नाले में गिर पड़ा जिससे नाले में भरे हुए पानी में डूब कर उसकी मौत हो गई। बताया गया है कि सुरेंद्र को मिर्गी के दौरे आते थे, जब वह लकड़ी काट रहा था, उसी बीच दौरा पड़ने से वह नाले में गिर पड़ा।

# पट्टे पर कब्जा करने वालों को भेजें जेल

**समाधान दिवस**

▸▸ चौकीदार व बीट सिपाहियों के माध्यम से असामाजिक तत्वों की लेते रहे जानकारी: एसपी

हरदोई कार्यालय

तहसील सदर में समाधान दिवस में शिकायतें सुनते डीएम-एसपी। अमृत विचार

**अमृत विचार :** तृतीय शनिवार को तहसील सदर में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस की अध्यक्षता करते हुए जिलाधिकारी मंगला प्रसाद सिंह ने सरकारी एवं गरीबों की जमीन पर आयी अवैध शिकायतों पर सख्त नाराजगी व्यक्त करते हुए राजस्व एवं पुलिस विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिये कि गांवों में सरकारी एवं गरीबों के पट्टे आदि की भूमि पर अवैध कब्जा करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्यवाही करते हुए जेल भेजें।

जिलाधिकारी ने कानूनगो तथा लेखपालों की क्लास लेते हुए निर्देश दिये कि अपने क्षेत्र में अवैध भूमि कब्जों एवं अन्य शिकायतों का निस्तारण प्राथमिकता पर करें और सरकारी भूमि पर अगर भूमाफियों द्वारा फसल लगायी गयी है तो उसे ट्रैक्टर से जोतवा कर खाली कराएं। उन्होने कहा कि जनपद में किसी सरकारी एवं गरीब की जमीन व मकान पर कब्जा नहीं होने दिया जायेगा और ऐसा करने वालों के विरुद्व दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी। जिलाधिकारी ने लेखपालों को निर्देश देते हुए कहा कि आगामी लोकसभा सामान्य निर्वाचन को ध्यान में रखते हुए अपने हल्के के सभी मतदान केन्द्रों का निरीक्षण कर लें और अगर किसी बूथ पर पेयजल, बिजली, रैम्प आदि की व्यवस्था में कमी दिखें तो तत्काल सेक्टर मजिस्टेट के अवगत कराये। जिलाधिकारी ने जिलास्तरीय अधिकारियों को निर्देश दिये कि सम्पूर्ण समाधान दिवस के अलावा आईजीएस पोर्टल पर प्राप्त सभी शिकायतों का निस्तारण मानक के अनुरूप गुणवत्ता परक करें। संपूर्ण समाधान दिवस में क्राइम से संबंधित शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए पुलिस अधीक्षक केशव गोस्वामी ने थानाध्यक्षों को निर्देश दिये कि जनपद में शान्ति व्यवस्था बनाये रखने के लिए भूमाफियों के साथ-साथ क्षेत्र के दबंग, आसामाजिक, अपराधी तत्वों की गतिविधियों के सम्बन्ध में प्रत्येक दिन गांव के चौकीदार तथा बीट सिपाहियों के माध्यम से जानकारी लेते रहे और समय-समय पर ऐसी अपराधियों की थाने पर हाजिरी भी लें। इस मौके पर डीएफओ शशिकान्त अमरेश, उप जिलाधिकारी स्वामी शुक्ला, जिला विकास अधिकारी, पीडी, जिला पंचायत राज अधिकारी, जिला सूचना अधिकारी सहित समस्त जिला स्तरीय अधिकारी, बीडीओ, सीडीपीओ, थानाध्यक्ष आदि मौजूद रहे।

# हमराही सिपाहियों को पीटने वाला एक और हमलावर गिरफ्तार

**हरदोई, अमृत विचार :** पचदेवरा थाने में तैनात हेड कांस्टेबिल कांशीराम रावत अपने हमराही सिपाही के साथ पिकेट ड्यूटी पर तैनात था। इसी बीच लग्जरी कार सवार लोगों ने उन दोनों की बुरी तरह पिटाई कर दी। इस मामले में पुलिस ने कई धाराओं में केस दर्ज करते हुए एक हमलावर को पहले ही गिरफ्तार किया था। उसके बाद दूसरे हमलावर की भी गिरफ्तारी कर ली गई है। बताते चलें कि 28 जनवरी की रात हेड कांस्टेबिल कांशीराम रावत हमराही विकास कुमार के साथ अनंगपुर चौराहे पर पिकेट ड्यूटी पर तैनात था। उसी बीच देर रात एक लग्जरी कार उधर से निकली। हमराही सिपाहियों ने चेकिंग के लिए लग्जरी कार को रोका। इसी बात पर कार सवारों ने कांशीराम व विकास कुमार की बुरी तरह पिटाई कर दी थी। पुलिस ने पूर्व जिला पंचायत सदस्य प्रदीप सिंह, संग्राम सिंह, लल्ला व कल्लू के खिलाफ मामला दर्ज किया गया था। संग्राम सिंह को पहले ही गिरफ्तार कर लिया गया था जबकि अंकित नाम के एक दूसरा हमलावर को अनंगपुर चौराहे के पास गिरफ्तार किया गया है। फरार अन्य हमलावरों की तलाश जारी है।

# संदिग्ध परिस्थितियों में युवती की मौत

संवाददाता, हरदोई

**अमृत विचार :** 26 वर्षीय युवती की संदिग्ध परिस्थितयों में मौत हो गई। इस मामले में उसके मायके वालों का आरोप है कि शराब का लती दामाद दहेज़ में कार की मांग कर रहा था और उसी के चलते उसे प्रताड़ित किया करता था। आरोप है उसने गला घोंट कर हत्या कर दी। पुलिस ने शव को अपने कब्ज़े में लेते हुए बताया है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही इस बारे में कुछ कहा जा सकता है।

बताया गया है कि हरियावां थाने रामनगरिया निवासी प्रदीप की 26 वर्षीय पत्नी रूबी की शनिवार को संदिग्ध हालत में मौत हो गई। कोतवाली देहात के खेतुई निवासी रविंद्र ने बताया कि उसने करीब 8 साल पहले रूबी की शादी की थी। वह 15 दिनों से मायके में थी। शुक्रवार को पिता रविंद्र और मां शिवकांति रूबी को उसकी ससुराल भेजने गए हुए थे।उसने बताया कि शनिवार को उसे अचानक रूबी की मौत होने की खबर मिली, जब वह उसकी ससुराल रामनगरिया पहुंचा तो वहां देखा कि रूबी का शव आंगन में पड़ा था। पिता रविंद्र का आरोप है कि दामाद शराब का लती है। आए दिन दहेज़ में कार की मांग कर बेटी को प्रताड़ित किया करता था। उसने दामाद पर गला घोंटकर बेटी की हत्या करने का आरोप लगाया है। रूबी के एक बेटा और तीन बेटियां बताई गई है। पुलिस का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है।

**सार-संक्षेप**

### अंग्रेजी कविता पाठ प्रतियोगिता में शामिल हुई छात्राएं

अंग्रेजी कविता पाठ प्रतियोगिता में शामिल प्रतिभागी छात्राएं व प्राचार्या।

**हरदोई, अमृत विचार :** आर्य कन्या महाविद्यालय में अंग्रेजी विभाग की परिषदीय कार्यक्रम के तहत अंग्रेजी कविता पाठ का आयोजन किया गया। मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण और दीप प्रज्ज्वलन के साथ इसका शुभारंभ हुआ। छात्रा अन्वेषा व इशिता ने सरस्वती वंदना और स्वागत गीत प्रस्तुति किया। अंग्रेजी विभाग की असिस्टेंट प्रोफेसर डा. स्मृति सिंह ने कार्यक्रम की रूपरेखा बताते हुए कहा कि कविता मनुष्य के मन के भावों का सबसे सुंदर प्रकटीकरण है। कवि समाज की पीड़ा को आत्मसात कर उसे बिरह से सुख में परिवर्तित कर देता है। प्रतियोगिता में लगभग 18 प्रतिभागी छात्राओं ने हिस्सा लिया। जिनमें कंचन प्रभा, मुस्कान सिंह, काजल वर्मा, सौम्या मिश्रा, इरम नाज, मेघना, वैष्णवी ओमर, महक खान ने अंगेजी कविताओं का हिंदी अनुवाद के साथ पाठ किया। इसके अलावा दिशा, पल्लवी, अनुष्का पाल, शिफा अंसारी, इरम यासीन व प्रतिष्ठा ने अंग्रेजी साहित्य की रचनाओं का पाठ किया। निर्णायक मंडल के निर्णय में अनुष्का पाल प्रथम रहीं, जबकि काजल वर्मा द्वितीय व मुस्कान सिंह तृतीय रहीं। दिशा सिंह को सांत्वना पुरस्कार दिया गया। निर्णायक मंडल में प्राचार्या डा. सुमन वर्मा, प्रोफेसर उमारानी श्रीवास्तव व प्रोफेसर सरिता यादव रही। प्राचार्या डा. वर्मा ने छात्राओं को अंग्रेजी विषय को सहजता से लेने और अधिक प्रतिभागिता के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में नीता आर्या, डॉ. अंजू, संतकुमारी, प्रियंका व शोभा के अलावा काफी छात्राएं शामिल रहीं।

### जमीनी रंजिश में हुआ झगड़ा, तीन के सिर फूटे

**हरदोई, अमृत विचार :** जमीनी रंजिश को ले कर दो पक्षों के बीच झगड़ा हो गया जिसमें तीन लोग बुरी तरह से जख्मी हो गए। एक को लखनऊ रेफर किया गया है, वहीं दो को मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया है। इसका पता होते ही वहां पहुंची पुलिस मामले की गहराई से छानबीन कर रही है। बताया गया है कि बघौली थाने के मढ़िया मजरा गड़ेउरा में ज़मीनी रंजिश को लेकर दो पक्षों में पहले तो गाली-गलौज हुई, उसके बाद दोनों आमने-सामने आ गए और दोनों के बीच लाठी-डंडे चलने लगे जिसमें वारिस पुत्र रज्जाक के अलावा धीरू दीक्षित व अरुण पाल ज़ख्मी हो गए, उन्हें इलाज के लिए ले जाया गया, जहां से वारिस की हालत देखते हुए उसे लखनऊ के लिए रिफर कर दिया गया, जबकि धीरू दीक्षित और अरुण पाल को मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया है।इसका पता होते ही एसएचओ बघौली विवेक वर्मा गांव पहुंचे, उन्होंने झगड़े के बारे में आस-पड़ोस के लोगों से पूछताछ की। उन्होंने बताया है कि सारे मामले की गहराई से जांच की जा रही है। वारिस की हालत अभी भी काफी नाज़ुक बताई जा रही है।

पूछताछ करते एसएचओ बघौली।

### छेड़छाड़ में मिली चार साल की सजा

**हरदोई, अमृत विचार :** अपर सत्र न्यायाधीश सुनील कुमार सिंह ने एक फैसले में एक बालिका के घर में घुसकर उसके साथ छेड़छाड़ करने के मामले में आरोपित को जुर्म साबित होने पर चार साल की कड़ी कैद की सजा सुनाई है। जज ने आरोपी पर 11,000 रुपये का जुर्माना भी लगाया है। जिसे अदा न करने पर अतिरिक्त कैद की सजा भुगतनी पड़ेगी। अभियोजन पक्ष की पैरवी करते हुए शासकीय अधिवक्ता केजी त्रिपाठी ने बताया कि थाना बिलग्राम क्षेत्र के कुतलूपुर निवासी अजय कुमार ने 22 अक्टूबर 2022 को एक बालिका के घर में घुसकर उसके साथ छेड़छाड़ की। इस मामले की रिपोर्ट बालिका के पिता ने दर्ज कराई। कहा घटना के पूर्व वह अपनी पत्नी के साथ बाजार गया था। उसकी 11 वर्षीय बेटी घर में अकेली थी। इस दौरान आरोपित घर में घुसा और घटना को अंजाम दिया। सत्र न्यायाधीश ने अदालत के समक्ष पेश हुए सबूत के आधार पर और दोनों पक्षों की दलीलों को सुनकर आरोपित पर जुर्म साबित पाया और उसे चार साल की कैद की सजा और विभिन्न धाराओं में 11 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया है। जुर्माना जमा होने पर उसकी आधी धन राशि बालिका को दिलाए जाने का आदेश दिया गया है। जज ने पीड़िता को 20,000 रुपये शासन की विभिन्न योजनाओं के तहत मिलने वाले धन राशि से दिलाए जाने का भी आदेश दिया है।

# आराध्य बने मिस्टर तो प्रियांसी चुनीं गईं मिस जेके

जेके पब्लिक स्कूल में फेयरवेल पार्टी के दौरान मिस व मिस्टर जेके में प्रदर्शन करतीं युवतियां। अमृत विचार

**हरदोई, अमृत विचार :** जेके पब्लिक स्कूल में शनिवार को इंटर के छात्रों की फेयरवेल पार्टी का आयोजन किया गया। जिसमें बच्चों ने बड़े ही उत्साह से भाग लिया। कई तरह के गेम्स सहित मेकअप करते हुए साड़ी पहनना सहित कई रोचक गतिविधियां रहीं। मुख्य आकर्षण मिस व मिस्टर जेके का ख़िताब रहा। रोचक मुक़ाबले में आराध्य सिंह मिस्टर जेके व प्रियांशी प्रभाकर मिस जेके चुनी गईं। मिस्टर जेके के फर्स्ट रनरअप प्रशांत सिंह व मिस जेके की रनरअप श्रावणी सिंह को चुना गया। प्रबंधक राजीव मोहन अवस्थी ने बच्चों को उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं। इससे पूर्व कार्यक्रम की शुरुआत स्कूल के प्रबंधक राजीव मोहन अवस्थी व विद्यालय निदेशक समता अवस्थी ने की। यशी गुप्ता, वर्तिका गुप्ता, अदिति चौहान, माही गुप्ता व खुशी ने स्वागत गीत प्रस्तुत किया। संचालन प्रवक्ता शुभा दीक्षित ने किया। शुभम गुप्ता, श्रेयसी व प्रीति सिंह ने सहयोग किया।

# 7 सर्किलों की जिम्मेदारी संभाल रहे तीन सीओ

**हरदोई, अमृत विचार :** जिले में 7 सर्किल है। जिनमें मात्र 3 सीओ है 4 सीओ के पद रिक्त है। यह 3 सीओ 7 सीओ का कार्य देख रहे है। सीओ की इन दिनों काफी कमी है। सीओ अपने पद के अलावा भी पदभार संभालने को विवश हैं। नतीजा यह है कि एक अधिकारी का काम का बोझ सामान्य से ज्यादा बढ़ गया है।

जिले में सिटी, हरियावां, हरपालपुर, बिलग्राम, संडीला, शाहबाद, बघौली मिलाकर 7 सर्किल है। इन 7 सर्किल में सीओ सिटी का कार्य अंकित मिश्रा, सीओ बिलग्राम का कार्य सतेंद्र कुमार सिंह, सीओ संडीला का कार्य शिल्पा कुमारी देख रही है। सीओ हरपालपुर के पद पर तैनात विनोद कुमार दुबे पिछले एक माह से अयोध्या ड्यूटी में गए है उनकी सर्किल भी एक माह से खाली है। सीओ बघौली वंदना शर्मा का तबादला मेरठ जनपद में हो गया है। सीओ शाहबाद हेमंत उपाध्याय का तबादला गैरजनपद हो गया है। इस समय सीओ हरियावां, सीओ शाहबाद, सीओ बघोली का पद रिक्त है। एक हफ्ते पहले दो सीओ का तबादला हरदोई के लिए हुआ था, अभी वह आए नही हैं। पुलिस अधिकारी के तीन बड़े पद रिक्त रहने से प्रशासन व्यवस्था को संभालने व काम को अंजाम देने में अधिकारियों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।

**आस्था** मानपुर में पंचम श्री विष्णु महायज्ञ में कथा वाचक ने सुनाई श्रीराम कथा, उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

# संस्कृति व संस्कारों का ज्ञान देती है श्रीराम कथा : आचार्य विभू

बावन, हरदोई

**अमृत विचार :** ब्लॉक के मानपुर में पंचम श्री विष्णु महायज्ञ में आचार्य विभू कृष्ण शास्त्री ने मर्यादा पुरुषोत्तम श्री राम की कथा सुनाई। जिसमें उन्होंने कहा यह भारतीय संस्कृति और संस्कारों की कथा है, जो पारिवारिक संबंधों के साथ ही सामाजिक विचारधारा का अप्रतीम उदाहरण है। इसका हर एक शब्द सामाजिक मर्यादा की सीख देता है।

उन्होंने कहा कि श्री राम के आचरण का अनुसरण मात्र ही रामराज्य लाने के लिए काफी है। जिनके चरित्र में परिवार के एक-एक सदस्य के साथ किस प्रकार मर्यादा का पालन करना चाहिए उसकी सीख देता है। अब तो भगवान श्री राम का भव्य मंदिर भी बन गया है सभी हिंदू धर्म को मानने वाले भक्तों के लिए श्री राम के चरित्र का एक-एक प्रसंग मौजूदा समाज और परिवार के लिए अनुकरणीय है। जिनके आदर्शों का पालन कर हर व्यक्ति धन्य हो सकता है। कथा के दौरान उन्होंने श्री राम के जन्म, पुष्पवाटिका, धनुष यज्ञ, श्री राम विवाह, केवट प्रसंग आदि का बड़े ही भावपूर्ण तरीके से संगीतमय उल्लेख किया। इस दौरान यजमान मनोज कुमार गुप्ता, अध्यक्ष अभय गुप्ता, जुम्मन, सचिन सिंह, रोहित सिंह, लल्ला गुप्ता, आशीष शर्मा, शिवम चौरसिया, छोटू गोस्वामी, अरुण सिंह, अमरेंद्र सिंह, कौशल सिंह, हरिराम राठौर, अशोक गौतम आदि लोग मौजूद रहे।

कथा सुनाते आचार्य विभू कृष्ण शास्त्री।

### पुष्प वाटिका लीला का हुआ मंचन

**हरदोई, अमृत विचार :** नुमाइश मेला मैदान में चल रही रामलीला में शनिवार को पुष्प वाटिका लीला का मंचन वृंदावन के कलाकारों ने किया। रामलीला मैदान में नगर दर्शन पुष्प वाटिका धनुष प्राप्त की लीला का मंचन गोविंद गोपाल लीला संस्थान मंडल के संचालक स्वामी श्री कन्हैयालाल दात्रेय के निर्देशन में लीला का मंचन हुआ। लीला में भगवान राम लक्ष्मण नगर दर्शन के लिए जाते हैं और सभी नगर निवासियों को अपने दर्शन कराकर मुनि विश्वामित्र के पास आ जाते हैं प्रात: काल होते ही मुनी विश्वामित्र राम लक्ष्मण को पूजा के लिए पुष्प लेने भेज देते हैं। इस अवसर पर आयोजक रामप्रकाश शुक्ला, कृष्ण अवतार दीक्षित बाले, प्रमोद मिश्रा, पुनीत द्विवेदी, संजय शुक्ला, राकेश गुप्ता, मुनेंद्र सिंह, विनीत मिश्रा विक्की, प्रेम शंकर द्विवेदी, गौरव शुक्ला सहित कई भक्त गण उपस्थित रहे।

लीला का मंचन करते वृंदावन से आए कलाकार। अमृत विचार

# प्लेटफार्म व ट्रैक ऊंचा न होने से यात्रियों को होती है असुविधा

मल्लावां, हरदोई

**अमृत विचार :** रेलवे स्टेशन मल्लावां का आधुनिकीकरण तो कराया जा रहा है, लेकिन प्लेटफार्म और रेलवे ट्रैक की ऊंचाई अधिक होने से यात्रियों को चढ़ने उतरने में असुविधाओं का सामना करना पड़ रहा है। ऐसे में आजादी के 70 साल बीत जाने के बाद भी वैसे का वैसा बना हुआ है।

रेलवे स्टेशन मल्लावां अब अपने नये भक्न से गुजरने वाली ट्रेनों का संचालन पैनल का माध्यम से किया जाएगा। जिसके लिए बाकयदा दो एलईडी टीवी लगाए जाएंगे, जहां से पूरा संचालन इलेक्ट्रॉनिक होने जा रहा है। अब टोकेन व्यवस्था बंद होने में कुछ ही दिन शेष बचे हैं। ऐसे में आने वाली ट्रेनों को टोकेन लेने के बाद ही हरी झंडी मिलती थी। स्टेशन मास्टर रामकृपाल ने बताया कि अब रेलवे स्टेशन पर कंट्रोल रूम में लगे पैनल के माध्यम से ट्रेक भी बदले जाएंगे। अब नया कंट्रोल रूम में मशीनें लगाई जा रही संभावना है कि इसी महीने संचालन नये कंट्रोल रूम से हो। जहां एक तरफ कंट्रोल रूम का तो आधुनिकीकरण तो किया जा रहा है, लेकिन बुजर्ग व्यक्तियों और महिलाओं के लिए प्लेटफार्म और ट्रैक को शहरों की तरह ऊपर उठाने की कवायद नहीं हो रही है। ट्रैक पर पड़े पत्थर से गिरकर अक्सर लोग चोटहिल हो रहे हैं। उसके लिए भी सरकार में बैठे जनप्रतिनिधियों को ध्यान देना चाहिए, ताकि मल्लावां के लोगों को सुविधाएं मिल सके जबकि सरकार हर साल नए हाईटेक स्टेशन बनाने में जुटी है।

आधुनिकीकरण की पोल खोलता मल्लावां स्टेशन का प्लेटफार्म। फोटो : अमृत विचार

**परेशानी**

▸▸ रेलवे स्टेशन का हो रहा आधुनिकीकरण

**यात्रियों ने सुनाया दर्द**

यात्री संघ के अध्यक्ष विमल गुप्ता ने बताया कि डीआरएम से प्लेटफार्म और रेलवे ट्रैक को ऊपर उठाने की मांग लगभग तीन वर्ष पहले मल्लावां विजिट के दौरान की थी, लेकिन आज तक कोई सुनवाई न हो सकी।

सभासद मयंक अग्निहोत्री ने बताया कि रेलवे ट्रैक से सोमवार और शुक्रवार को जम्मू तब्बी ट्रेन गुजरती है जिसे मल्लावां स्टेशन पर रोकने की कई बार यात्रियों ने मांग की ।

व्यापारी सुधीर कुमार ने बताया कि शनिवार को व्यापारी सामान खरीदने कानपुर के लिए जाते है, लेकिन ट्रैक की ऊंचाई के चलते अक्सर लोग चोटहिल होते हैं।

# बोलेरो से भिड़ी फर्रुखाबाद जा रहे बारातियों की कार, कई जख्मी

सवायजपुर, हरदोई

**अमृत विचार :** बारात के साथ फर्रुखाबाद जा रहे बारातियों की वैगनआर कार और बोलेरो में आमने-सामने टक्कर हो गई। जिससे बोलेरो ड्राइवर के अलावा कई बाराती बुरी तरह से ज़ख्मी हुए हैं। बोलेरो ड्राइवर की हालत काफी नाज़ुक बताई जा रही है।

बताया गया है कि शनिवार की देर शाम को एक बारात टड़ियावां से फर्रुखाबाद के राजेपुर जा रही थी। उसी बीच बारातियों की वैगनआर कार रूपापुर के पास सामने से आ रही बोलेरो से आमने-सामने टकरा गई। इस हादसे में अभिषेक कश्यप, सक्षम, मोहित, आकर्ष व अविनाश के अलावा कई ज़ख्मी हो गए। बताया जाता है कि बोलेरो ड्राइवर की हालत काफी नाज़ुक है, उसे एम्बुलेंस की मदद से मेडिकल कॉलेज भेजा गया है। कुछ राहगीरों का कहना है कि डिवाइडर की टक्कर लगने से हादसा हुआ, वहां पहुंची ने हादसे का शिकार हुए लोगों के बारे में जानकारी जुटाने में लगी है।

# तकनीक के समुचित प्रयोग से युवा बनाएंगे विकसित भारत : डीएम

## सीएसएन पीजी कॉलेज में 429 छात्र-छात्राओं को वितरित किए गए स्मार्टफोन

हरदोई कार्यालय

**अमृत विचार :** सीएसएन पीजी कॉलेज में शनिवार को स्वामी विवेकानंद युवा सशक्तिकरण योजना के तहत बीए 6वें सेमेस्टर के 429 छात्र-छात्राओं को स्मार्टफोन का वितरण किया गया।

जिलाधिकारी मंगला प्रसाद सिंह ने कार्यक्रम की शुरुआत करते हुए कहा कि स्मार्टफोन के द्वारा युवा वैश्विक ज्ञान -विज्ञान से परिचित होंगे। विज्ञान, संचार व तकनीकी से सशक्त युवा ही नया विकसित भारत बनाएंगे। आज हम विज्ञान और तकनीकी के बल पर सूर्य और चांद तक पहुंच रहे हैं साथ ही कृषि, संचार, डिजिटल लेनदेन व अंतरिक्ष विज्ञान के क्षेत्र में भारत ने विश्व स्तर पर नई ऊंचाई प्राप्त की है। तकनीकी के उचित व विवेकपूर्ण प्रयोग से ही आज की भयावह व हिंसक दुनिया को हम सुंदर और सशक्त बना सकते हैं।

विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित पुलिस अधीक्षक केशव चंद्र गोस्वामी ने तकनीक के सकारात्मक व उचित प्रयोग करने की सलाह देते हुए युवाओं को डिजिटल क्षेत्र में आने वाले जोखिमों के प्रति भी सतर्क किया।

स्मार्टफोन के साथ छात्र-छात्राएं व डीएम-एसपी । फोटो : अमृत विचार

प्राचार्य प्रो. केके सिंह ने कहा कि स्वामी विवेकानंद पूरी दुनिया में भारत के वैश्विक ज्ञान के प्रतीक हैं उन्हें विश्वास है कि हमारे युवा स्मार्टफोन के द्वारा विविध क्षेत्रों में दक्षता प्राप्त कर जनपद का नाम पूरे देश व प्रदेश में रोशन करेंगे। कार्यक्रम का संचालन डॉ दीपक कुमार राय व आभार ज्ञापन डॉ ईश्वरदीन ने किया। इस अवसर पर जिला विकास अधिकारी अरविंद कुमार, प्रो साधना शुक्ला, राकेश सिंह, अमित कुमार, कुश कुमार, मणिपाल सिंह, श्रवण गुप्ता, विनयशील, सरिता वर्मा, सचिन सिंह, गोविंद सिंह, प्रिया शर्मा व आशुतोष सिंह सहित सैकड़ों की संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। माधौगंज संवाददाता के अनुसार विकास खंड क्षेत्र ग्राम दौलतयारपुर स्थित आदित्य सिंह बटेश्वर दयाल मेमोरियल डिग्री कॉलेज में मुख्य अतिथि जिला पंचायत सदस्य विवेक कुमार, नोडल अधिकारी अमित यादव, प्रबंधक मुकेश कुमार सिंह, भगवती प्रसाद वर्मा ने 260 छात्र-छात्राओं को निःशुल्क स्मार्ट मोबाइल मुहैया कराए। अतिथियों ने सरकार की महत्वपूर्ण योजना और स्मार्ट मोबाइल के आधुनिक युग में उपयोग के बारे में जागरूक किया। तहसीलदार ने एआई व चैट जीपीटी जैसे ऐप्स के बारे में छात्र/छात्राओं को को जानकारी दी। वहीं सहिजना गांव स्थित शिवराज सिंह महाविद्यालय में मुख्य अतिथि ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि रमेश वर्मा ,नोडल अधिकारी संजय कुमार दोहरे, प्रबन्धक मनोज कुमार, संचालक संजय कुमार ने बीए व बीएससी वर्ष 2023-2024 के 154 छात्र-छात्राओं को स्मार्ट फोन मुहैया कराए।

अतिथियों ने। स्मार्टफोन से आधुनिक शिक्षा की जानकारी एवं उसके विषय वस्तु की जानकारी सुगमता से उपलब्ध हो सकेंगी। बच्चों से उनके संस्कारों एवं माता-पिता के प्रति कर्तव्य के प्रति बोध कराया।

## चोरी में प्रयुक्त होने वाले सामान के साथ तीन गिरफ्तार

**गोंडा, अमृत विचार :** कोतवाली नगर पुलिस ने चोरी करने के समान के साथ तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। नगर कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत उप निरीक्षक प्रेमानंद टीम के साथ रात्रि गश्त के दौरान चोरी की योजना बनाते समय मनकापुर से उतरौला रोड पर स्थित ग्राम मादे मोड़ के पास से तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

पूछताछ के दौरान आरोपियों ने बताया कि स्थानीय कोतवाली क्षेत्र के राधाकुंड मोहल्ले से एक ढाबली का ताला तोड़कर उन लोगों के द्वारा चोरी की गई थी। ढाबली की दुकान मे रखा हुआ सामान सिगरेट के कई पैकट, बिस्कुट, टाफी व अलग अलग कम्पनी के साबुन की चोरी की गयी थी। थाना धानेपुर क्षेत्र के बाबगंज बाजार से घडी की दुकान से अलग अलग कंपनियों की हैण्ड वाच चोरी की थी। जिसमें से पैसे की आवश्यकता के कारण हम लोगो ने सामान बेचकर आपस में पैसे बाट कर खर्च कर दिये है। गिरफ्तार आरोपियों में मोहम्मद जावेद पुत्र मोहम्मद असलम निवासी पटेल नगर घोसियाना, हैदर अली पुत्र अकबर अली निवासी मोहल्ला इमामबाड़ा फैजाबाद रोड, थाना कोतवाली नगर, अब्दुल पुत्र रहमान निवासी आसरा आवास सिविल लाइन, थाना कोतवाली नगर है। आरोपियों के पास से पुलिस ने हथौड़ी, लोहे की आरी, चाभी का गुच्छा आदि बरामद किया है।

# गोवंशों के संरक्षण में आगे आएं ग्राम प्रधान व सचिव : अपर निदेशक

संवाददाता, हरदोई

**अमृत विचार :** अपर निदेशक पशु पालन विभाग लखनऊ मंडल की अध्यक्षता में एक बैठक की गई। जिसमें कहा कि गोवंशों को स्थाई व अस्थाई आश्रय स्थलों में ग्राम प्रधान एवं सचिव के सहयोग संरक्षित कराया जाए।

अपर निदेशक, पशुपालन विभाग डा. वीके सिंह ने जनपद के समस्त उपमुख्य पशु चिकित्साधिकारियों एवं पशु चिकित्सा अधिकारियों, पशुधन प्रसार अधिकारियों एवं वेटनरी फार्मेसिस्टों की बैठक की। जिसमें अपर निदेशक ने सभी उपमुख्य/ पशुचिकित्सा अधिकारियों को निर्देशित किया कि सेक्स सार्टेड सीमन से कृत्रिम गर्भाधान किया जाए, जिससे गोवंश में मादा संतति अधिक से अधिक उत्पन्न हो तथा नर गोवंश की संख्या में कमी आये। अपर निदेशक द्वारा विभाग के चार चिन्हित कार्यकमों के साथ ही पशुपालकों के हितों में किसान क्रेडिट कार्ड बनवाने पर बल दिया गया। उन्होंने कहा कि उद्यमिता विकास के अन्तर्गत भेड़पालन, एवं बकरी पालन पर अधिक बल दिया जाए। अपर निदेशक ने अन्य कार्यक्रमों की भी समीक्षा की और निर्देशित किया गया कि वित्तीय वर्ष 2023-24 समाप्त होने में मात्र दो माह अवशेष है। वित्तीय वर्ष पूर्ण होने से पूर्व शतप्रतिशत लक्ष्यों की पूर्ति प्रत्येक दशा में करना सुनिश्चित करें। बैठक में डॉ. रचना दीक्षित, मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी व अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

### निराश्रित गोवंशों को लेकर डीएम ने कसे पेंच

**हरदोई, अमृत विचार :** कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी मंगला प्रसाद सिंह की अध्यक्षता में पशुपालन विभाग की समीक्षा बैठक हुई। जिलाधिकारी ने कहा कि लक्ष्य के अनुरूप निराश्रित गोवंश संरक्षण सुनिश्चित किया जाए। अधिक समस्या वाले विकास खण्डों पर विशेष ध्यान दिया जाए। गो संरक्षण के कार्य मे बाधा बनने वाले और निजी पशुओं को छोड़ने वाले व्यक्तियों के विरुद्ध एफआईआर दर्ज करायी जाए। प्रत्येक बुधवार किसानों के साथ बैठक की जाए। समस्याओं को एक रजिस्टर पर दर्ज किया जाए। उन्होंने कहा कि निर्माणाधीन गोशालाओं का निर्माण कार्य जल्द पूर्ण कराया जाए। नई गोशालाओं के लिए भूमि का चिन्हीकरण कराया जाए। गोशाला चारों ओर गहरी खाई की खुदाई कराई जाएं। आवश्यकतानुसार अतिरिक्त टीन शेड बनवाये जाएं। गो संरक्षण में आने वाली समस्याओं के संबंध में तत्काल अवगत कराया जाए। गोशालाओं का भुगतान ससमय कराया जाए। विलम्बित भुगतान के लिए संबंधित की जवाबदेही तय की जायेगी। उन्होंने उपयोगिता प्रमाण पत्र जेनरेट न करने वाले पंचायत सचिवों का विलंबित दिवसों का वेतन काटने के निर्देश जिला पंचायत राज अधिकारी को दिए। उन्होंने कहा कि सहभागिता योजना के अंतर्गत भुगतान समय से कराया जाए। भुगतान में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नही की जाएगी। सहभागिता योजना में विलंबित भुगतान के लिए उन्होंने मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी से कड़ी नाराजगी जताई। उन्होंने कहा कि लक्ष्य के अनुरूप लोगों को सहभागिता योजना से जोड़ा जाए। गोशालाओं में संरक्षित गोवंश की शत-प्रतिशत ईयर टैगिंग सुनिश्चित की जाए। इस दौरान मुख्य विकास अधिकारी सौम्या गुरुरानी, जिला विकास अधिकारी अरविंद कुमार, मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी रचना दीक्षित व सभी पशु चिकित्सा अधिकारी रहे।

## अधेड़ ने पेड़ से लटककर दी जान

**नवाबगंज, गोंडा, अमृत विचार :** नवाबगंज थाना क्षेत्र के सरयू पुल के नीचे लगे एक पेड़ पर एक अधेड़ व्यक्ति का शव लटकता पाया गया। पुलिस ने शव को नीचे उतरवाकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। थाना क्षेत्र के दुर्गा गंज माझा गांव के समीप पुराने सरयू पुल के नीचे शनिवार की सुबह स्थानीय लोगों ने एक 45 वर्षीय युवक को चिलबिल के पेड़ से लटकते हुए देखा। स्थानीय लोगों की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को नीचे उतार कर पोस्टमार्टम के लिए गोंडा भेज दिया। सरयू घाट पुलिस चौकी इंचार्ज शिवलखन सिंह ने बताया कि युवक ने पेड़ पर मफलर के सहारे लटक कर फांसी लगाई है।

# वीडियो वायरल : घूस लेकर स्वावलंबी बनाए जा रहे छात्र !

**मल्लावां, हरदोई, अमृत विचार:** एक कॉलेज में स्मार्टफोन के लिए छात्र-छात्राओं से 2-2 सौ रुपये वसूल करने का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होते ही हर तरफ हड़कंप मचा हुआ है।

बताते चलें कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने छात्र-छात्राओं को स्वावलंबी बनाने के लिए उन्हें पढ़ाई के लिए मुफ्त में स्मार्टफोन देने की योजना शुरू की। जो मुख्यमंत्री के ड्रीम प्रोजेक्ट में शामिल हैं। उसी बीच सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल हो रहा है, जिसमें कुर्सी-मेज़ पर बैठे कुछ लोग जिनके सामने लिस्ट रखी हुई है और सामने खड़े छात्र-छात्राओं से बाकायदा आवाज दे-देकर 2-2 सौ रुपये वसूल कर उन्हें एक पर्ची देते जा रहें हैं। लाइन में लगे छात्र-छात्राएं हाथों में रुपये पकड़े हुए है। मुख्यमंत्री के ड्रीम प्रोजेक्ट का आईना दिखाते हुए वायरल हो रहा वीडियो डकौली के एक कालेज का बताया जा रहा है। लोगों का कहना है कि एक तरफ तो मुख्यमंत्री छात्र-छात्राओं को स्वावलंबी बनाने पर ज़ोर दे रहें हैं, वहीं दूसरी तरफ कुछ ऐसे ही लोग उनके सारे किए-कराए पर पानी फेरने पर उतारू नज़र आ रहें हैं। उधर, अंदरखाने से पता चला है कि इस तरह का वीडियो वायरल होने से कालेज का मैनेजमेंट संभाल रहे लोग सारा कुछ मैनेज करने की चाल चलने लगे है।

एक कॉलेज का घूस लेते वीडियो वायरल।

## उत्कृष्ट सेवा के लिए स्वयंसेवकों को किया गया सम्मानित

**हरदोई, अमृत विचार :** पिहानी कस्बे से करावां गांव में हुए शांति संभव कार्यक्रम में उत्कृष्ट योगदान करने वाले करीब छह दर्जन स्वयंसेवकों को आयोजक टीम ने सम्मानित किया। विश्व शांति दूत व विश्व शांति शिक्षा कार्यक्रम के संस्थापक प्रेम रावत के अनुयायियों द्वारा करावां गांव में कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें भारी संख्या में श्रोताओं ने प्रेम रावत का शांति का संदेश सुना। वीडियो प्रसारण कार्यक्रम में स्वयंसेवकों ने अपना योगदान दिया। प्रमुख संचालक आरेंद्र कुशवाहा ने इस कार्यक्रम की सफलता पर कार्यक्रम में उत्कृष्ट सेवा करने वाले छह दर्जन से अधिक स्वयंसेवकों को हरदोई से पहुंचे टीम के सदस्य मनोज गुप्ता, इवेंट मैनेजर और आरेंद्र कुशवाहा समेत स्वयंसेवकों को मेडल पहरा कर हौसला बढ़ाया।

# घर के बाहर खेल रहे बच्चे पर पागल कुत्ते का हमला

संवाददाता, हरदोई

**अमृत विचार :** गांव में घूम रहे एक पागल कुत्ते ने घर के बाहर खेल रहे तीन वर्षीय बच्चे पर हमला कर उसे बुरी तरह से चबा कर जख्मी कर दिया। बच्चे के चीखने-चिल्लाने की आवाज़ सुन कर तमाम लोग दौड़ पड़े। जिन्होंने बड़ी मुश्किल से उस पागल कुत्ते को वहां से लाठी-डंडो से खदेड़ा। ज़ख्मी हुए बच्चे को मेडिकल कालेज लाया गया, जहां के डाक्टरों ने उसे लखनऊ के लिए रिफर कर दिया।

बताया गया है कि शुक्रवार की शाम को बेहटा गोकुल थाने के तौकलपुर निवासी अवधेश का तीन वर्षीय पुत्र विकास अपने घर के बाहर खेल रहा था, उसी बीच वहां पहुंचे एक पागल कुत्ते ने उसके ऊपर हमला बोल दिया और उसके चेहरे के एक हिस्से को अपने मुंह में रख कर चबा गया। विकास के चीखने-चिल्लाने की आवाज़ सुन कर न सिर्फ उसके घर वाले बल्कि आस-पड़ोस के तमाम लोग दौड़ पड़े, जिन्होंने उस पागल कुत्ते को लाठी-डंडो से खदेड़ कर गांव से बाहर भगाया। कुत्ते के इस हमलें से गांव के लोगों की दहशत का यह आलम है कि वे अपने-अपने बच्चों को घर से बाहर भेजना तो दूर उन्हे झांकने तक नहीं दे रहें हैं। इधर ज़ख्मी विकास को इलाज के लिए मेडिकल कालेज लाया गया। जहां डाक्टरों ने उसकी हालत को देखते हुए लखनऊ के लिए रिफर कर दिया है।

कुत्ते के हमले से घायल बच्चा।

## अंबेडकर मूर्ति के स्थान पर कूड़ाघर बनाने का विरोध

**शाहाबाद, हरदोई, अमृत विचार :** कस्बे के उधरनपुर में अंबेडकर और बुद्ध की मूर्तियों के स्थान पर कूड़ाघर बनाए जाने के प्रस्ताव से ग्रामीणों में आक्रोश है। उनके अनुयायी ने एसडीएम को प्रार्थना पत्र देकर कार्यवाही की मांग की है।

उधरनपुर में कई वर्ष पूर्व एक स्थान पर अंबेडकर और बुद्ध की मूर्तियां स्थापित की गई थी।ग्राम परसई निवासी मोहित पुत्र रामनाथ व अन्य आधा दर्जन लोगों ने ग्राम प्रधान प्रतिनिधि पर सिक्रेटरी के साथ मिलकर साजिश कर मूर्तियों को हटाने का आरोप लगाया है। ग्रामीणों ने बताया उक्त आस्था के स्थान पर कूड़ाघर का निर्माण किया जाएगा। अंबेकर व बुद्ध की मूर्तियों के स्थान पर कूड़ाघर बनाए जाने से ग्रामीणों में आक्रोश है। ग्रामीणों ने एसडीएम से कूड़ाघर कहीं अन्य बनाए जाने की मांग की है।

# पानी निकास की कराई जाए तत्काल व्यवस्था

**बिलग्राम, हरदोई, अमृत विचार :** शनिवार तहसील समाधान दिवस में भाकियू जिला अध्यक्ष के साथ अपनी शिकायत लेकर उपजिलाधिकारी गरिमा सिंह के समक्ष उपस्थित हुए ग्राम पंचायत हरपुरा ब्लाक माधौगंज के लोग उन्होंने अपने ही ग्राम प्रधान के खिलाफ शिकायत करते हुए कहा कि हमारे घरों के सामने गंदा पानी कई हफ्तों से भरा है, लेकिन ग्राम प्रधान उसके निकास को लेकर कोई कदम नहीं उठा रहे हैं जिससे गांव में संक्रामक बीमारियों के फैलने का खतरा बढ़ गया है। लोगों ने अपनी परेशानी को उपजिलाधिकारी के सामने पेश किया है।

ग्रामीणों ने बताया कि पहले हम लोगों के मकानों का पानी पश्चिम की तरफ जाता था जब पश्चिम की भूमि विक्रय हुई तो हम लोगों का पानी दक्षिण की ओर पड़ी ग्राम समाज की जमीन की ओर जाने लगा लेकिन अब ग्राम प्रधान ने वहां भी रोक लगा दी है। ग्राम प्रधान से जब इस बावत बात की तो उन्होंने कहा कि जब तक हम प्रधान रहेगें ऐसे ही पानी भरा रहेगा। ग्रामीणों ने उपजिलाधिकारी से पानी निकासी की व्यवस्था कराने की मांग की है।

घरों के बाहर भरा गंदा पानी।

**हीलाहवाली** पीड़ित की तब दर्ज की जाती है एफआईआर जब उससे तहरीर बदलवा ली जाती है।

# कोतवाली में दर्ज होने तक बदल जाती है तहरीर

शाहाबाद, हरदोई

**अमृत विचार :** कोतवाली पुलिस ने अपराधों पर अंकुश लगाने का एक नायाब तरीका ढूंढ लिया है। बड़े अपराधों से संबंधित आने वाले प्रार्थना पत्रों को चेंज करा प्राथमिक की दर्ज करने का सिलसिला पिछले काफी दिनों से चल रहा है। पीड़ित की रिपोर्ट इस शर्त पर दर्ज की जाती है कि जब उसे तहरीर बदलवा ली जाती है।

शाहाबाद कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत अपराधिक गतिविधियां चरम सीमा पर हैं। मारपीट, लड़ाई, झगड़ा, छेड़छाड़, बलात्कार एक आम बात हो चुकी है। लेकिन बड़े अपराध आपको कोतवाली की रजिस्टर में अंकित नहीं मिलेंगे। इसका मुख्य कारण यह है कि पुलिस द्वारा दर्ज करने से पहले तहरीर बदलवा दी जाती है। छेड़छाड़ या दुष्कर्म के मामले में आने वाली शिकायतों पर शाहबाद पुलिस काफी टाल मटोल करती है। उसके बाद इसी शर्त पर मामला पंजीकृत किया जाता है कि तहरीर बदली जाएगी और जब तहरीर बदली जाती है तभी कोतवाली पुलिस मामूली धाराओं में मामला पंजीकृत करके अपने कर्तव्यों की इतिश्री कर लेती है। शाहाबाद कोतवाली क्षेत्र के कई ग्रामों की ऐसी घटनाएं जिसमें किशोरियों को युवकों ने पड़कर दुष्कर्म का प्रयास किया लेकिन शाहाबाद कोतवाली पुलिस ने इन बड़े अपराधों को मामूली 294 की या फिर 151 में आरोपी का चालान करके अपने कर्तव्यों की इतिश्री कर ली। लगभग हर दूसरे प्रार्थना पत्र को पुलिस बदलवाने का कार्य कर रही है जबकि योगी आदित्यनाथ अपराधों पर अंकुश लगाने के लिए लगातार पुलिस की नकेल कस रहे हैं लेकिन शाहाबाद कोतवाली में इसके ठीक विपरीत हो रहा है। मारपीट की घटनाओं में भी पुलिस का यही रवैया है, अगर किसी के सिर से खून नहीं बह रहा है या लहूलुहान नहीं है तो कोतवाली पुलिस उसकी रिपोर्ट एनसीआर में भी दर्ज नहीं करती। पीड़ित प्रार्थना पत्र देकर पुलिस का इंतजार करता रहता है। जांच के नाम पर पुलिस आरोपी के पास से मिलकर बैरंग वापस आ जाती है। पीड़ित पक्ष को पता ही नहीं चल पाता कि उसके प्रार्थना पत्र पर क्या हुआ?

शाहाबाद कोतवाली। अमृत विचार

▸▸ शाहाबाद कोतवाली पुलिस का नया कारनामा

> कोतवाली में आने वाले हर पीड़ित की फरियाद सुनी जाती है और यथासंभव कार्रवाई की जाती है। मुकदमा पंजीकृत होने वाले सभी प्रार्थना पत्रों पर केस दर्ज होता है और साधारण एप्लीकेशन पर पुलिस जांच कर कार्रवाई करती है। -**राजदेव मिश्रा**, प्रभारी निरीक्षक

# मध्यान्ह भोजन खाने से छात्रों का इनकार

मल्लावां, हरदोई

**अमृत विचार :** मध्यान्ह भोजन को लेकर सरकार काफी सख्त है, लेकिन फिर भी कुछ लोगों की लापरवाही और गैर जिम्मेदाराना रवैये के चलते छात्र-छात्राओं को गुणवत्ता विहीन भोजन दिया जा रहा है। ऐसा भोजन करने से छात्र साफ इंकार कर रहे हैं। हालांकि इस बारे में जिम्मेदार बोलने से कतरा रहा है। बात की जा रही है ब्लाक के संविलियन विद्यालय लच्छीपुर की, जहां छात्र-छात्राओं को गुणवत्ता विहीन भोजन परोसा जा रहा है।

बताते हैं कि संविलियन विद्यालय लच्छीपुर में जूनियर के छात्र -छात्राओं को लम्बे समय से मध्यान भोजन में गुणवत्ता को लेकर शिकायत बनी थी। ऐसे में शनिवार को चावल में चूहा निकलने के बाद चावल में रगड़ कर मार दिया गया । ऐसा देखकर छात्र -छात्राओं ने खाना खाने से परहेज कर दिया। खाने में गुणवत्ता इतनी खराब दिखी जिसे देखकर बच्चे तो छोड़ दे कोई भी खाना नहीं चाहेगा। प्रधानाध्यापिका पर इससे पूर्व भी गंभीर आरोप बिल्डिंग पुताई का भी लग चुका है। इस संबंध में एसडीआई प्रभावती से संपर्क किया तो उन्होंने स्पष्ट जवाब नहीं दिया।

गुणवत्ता विहीन मध्यान्ह भोजन को लेकर लामबंद छात्र-छात्राएं। अमृत विचार

इस तरह का दिया जा रहा भोजन।

## एक नजर

### पांच हजार की नकदी व बैट्रा उठा ले गये चोर

**सदरपुर।** लालपुर पट्टी गांव में बीती शुक्रवार की रात मदन पुत्र सुर्ज प्रसाद के घर में चोर मकान के पीछे की दीवार से चढ़कर कमरे में प्रवेश कर गये और बक्से में रखी पांच हजार की नगदी और एक 50 जेड बैटरा चोरी कर ले गए। गृहस्वामी जब सुबह सोकर उठा तो उसको घर में चोरी होने की जानकारी पता चली। इस मामले में थाना प्रभारी निरीक्षक राकेश सिंह को फोन किया गया, लेकिन उन्होंने फोन नहीं उठाया।

### नकब लगाकर बैंक में घुसे चोर, सीसीटीवी कैमरे तोड़े

**थानगांव।** थानगांव रामपुर मथुरा रोड पर स्थित इंडियन बैंक शाखा टेरवामनिकापुर में बैंक बिल्डिंग में शुक्रवार की रात चोरों ने पीछे से नकब लगा दी और चोरों ने अन्दर लगे सीसीटीवी कैमरे भी तोड़ दिए। हालांकि इससे पहले चोरों की तस्वीर सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। स्थानीय जिम्मेदारों ने नकब लगे होल को ईंट मसाले से बंद करवा दिया। घटना की सूचना पर बैंक से सम्बंधित उच्चाधिकारी मौकेक पर पहुंचे। वहीं एडीशनल एसपी डा. प्रवीण रंजन सिंह, सीओ महमूदाबाद दिनेश शुक्ला, फोरेंसिक टीम, थानगांव इंस्पेक्टर दयाशंकर मय पुलिस फोर्स मौके पर पहुंचे। टीम ने गहनता से जांच पड़ताल कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

### भारत जोड़ो न्याय यात्रा को सफल बनाने की अपील

**तालगांव।** ब्लॉक स्तरीय संवाद एवं कार्यशाला ब्लॉक परसेण्डी की ग्रामसभा पट्टी सेवई में आयोजित की गई। जिसकी अध्यक्षता विनीता राजवंशी संभावित प्रत्याशी 29 लोकसभा धौरहरा ने की। संवाद में राहुल गांधी द्वारा की जा रही भारत जोड़ो न्याय यात्रा को सफल बनाने के लिए लोगों से आवाहन किया और कांग्रेस पार्टी द्वारा की गयी जन कल्याणकारी योजनाओं के बारे में चर्चा की गई। आने वाले लोकसभा चुनावों में काँग्रेस पार्टी को मजबूती से चुनाव लड़वाने के लिए किए जाने वाले कार्यो के बारे में चर्चा की गई। कार्यक्रम में ब्लॉक अध्यक्ष कांग्रेस पार्टी, पवनेश कुमार, दिनेश कुमार, छोटेलाल, अनिल, अवधेश, रूपेश, रामू, सूरज, लल्ला मौजूद रहे।

### 15 तक प्राप्त कर सकेंगे निःशुल्क प्रथम रिफिल

**सीतापुर।** जिला पूर्ति अधिकारी अखिलेश कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि वर्तमान में नि :शुल्क रिफिल वितरण योजनान्तर्गत आच्छादित प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के लाभार्थियों को प्रथम चरण में माह नवम्बर 2023 से दिसम्बर 2023 तक तथा द्वितीय चरण में जनवरी 2024 से मार्च 2024 तक नि :शुल्क सिलेण्डर रिफिल प्रदान किए जाने की व्यवस्था है। शासन ने प्रथम चरण के अन्तर्गत नि :शुल्क एलपीजी सिलेण्डर रिफिल वितरण के लिए निर्धारित अवधि माह नवम्बर-दिसम्बर 2023 को 15 फरवरी 2024 तक बढ़ा दी है। उन्होंने बताया कि जनपद में जो लाभार्थी अपना प्रथम नि :शुल्क रिफिल 31 दिसंबर 23 तक नहीं प्राप्त कर पाए हैं, वह 15 फरवरी तक अपना प्रथम रिफिल नि :शुल्क प्राप्त कर सकेंगे।

### आपसी मतभेद भूल साथ विदा हुये चार जोड़े

**सीतापुर।** परिवार परामर्श केंद्र पुलिस लाइन में पति-पत्नी से संबंधित पारिवारिक विवादों को प्रभारी परिवार परामर्श केन्द्र एवं काउंसलर ने शिकायतकर्ता व विपक्षियों को सुना और उनकी काउंसलिंग की। चार जोड़े रोशनी पत्नी संजय निवासी मोहल्ला नगर थाना पिसावां, जुगरापिया पत्नी इमरान निवासी अहमदाबादगंज थाना तम्बौर, आसमा पत्नी समीर निवासी भुसैला थाना तालगांव व चन्द्रमोहिनी पत्नी राजकिशोर निवासी ग्राम बिनौरा थाना खैराबाद सीतापुर आपसी मतभेद दूर कर एकसाथ रहने को राजी हुए।

# तय समय में शिकायतों का किया जाए निस्तारण : शशांक त्रिवेदी

**सीतापुर, अमृत विचार।** जनता की शिकायतों एवं समस्याओं को स्थानीय स्तर पर त्वरित एवं प्रभावी निस्तारण सुनिश्चित कराने के उद्देश्य से शासन के निर्देशानुसार तहसील महोली में जिलाधिकारी अनुज सिंह एवं पुलिस अधीक्षक चक्रेश मिश्र की अध्यक्षता में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। इस दौरान विधायक शशांक त्रिवेदी मौजूद रहे।

अधिकारियों ने सभी शिकायतकर्ताओं की शिकायतों को एक-एक करके सुना एवं उनके प्रभावी निस्तारण के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिये। विधायक ने शिकायतों को सुनकर संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिये कि शिकायतों का समय से निस्तारण किया जाये जिससे शिकायतकर्ता का बार-बार शिकायत न करनी पड़े। जिलाधिकारी अनुज सिंह ने जोर देकर कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप सभी विभागाध्यक्ष कार्यवाही करते हुये शिकायतों को तय समय में निस्तारण सुनिश्चित करें, जिससे वह डिफाल्टर न होने पाये। उन्होंने कहा कि समस्त विभागाध्यक्ष यह सुनिश्चित कर लें कि शिकायतों का निर्धारित समयावधि में गुणवत्तापरक निस्तारण हो तथा शिकायतकर्ता अवश्य संतुष्ट होना चाहिए। आईजीआरएस, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन आदि माध्यमों से प्राप्त शिकायतों का गुणवत्तापरक निस्तारण सुनिश्चित किया जाये। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक चक्रेश मिश्र ने पुलिस विभाग से संबंधित शिकायतों को सुनकर उनके प्रभावी निस्तारण के निर्देश दिये। इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. हरपाल सिंह, उपजिलाधिकारी महोली अभिनव कुमार यादव सहित संबंधित विभागों के संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे। तहसील महोली में सम्पूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर कुल 58 शिकायतों में से दो का निस्तारण मौके पर ही कर दिया गया।

संपूर्ण समाधान दिवस के दौरान मौजूद डीएम अनुज सिंह, एसपी चक्रेश मिश्र व विधायक शशांक त्रिवेदी। अमृत विचार

### न्याय के लिए भटक रहे दिव्यांग फरियादी... साहब हैं कि मिलते नहीं

**महमूदाबाद।** तहसील सभागार में शनिवार को एसडीएम शिखा शुक्ला ने सम्पूर्ण समाधान दिवस में शिकायतें सुनीं। मौके पर 72 शिकायतें आईं। जिसमें से मौके पर मात्र सात शिकायतों का ही निस्तारण हो पाया। लंबित शिकायतों को एसडीएम शिखा शुक्ला ने संबंधित विभाग के अधिनस्तों को समय से निस्तारण करने के कड़े निर्देश दिए। इस दौरान बीडीओ पहला और बीडीओ रामपुर मथुरा तहसील दिवस में अनुपस्थित दिखे। जिसको लेकर एसडीएम शिखा शुक्ला काफी नाराज दिखीं, क्योंकि ब्लॉक पहला से दिव्यांग शिकायतकर्ता आए थे। ब्लॉक पहला के रमनगरा से चल कर आए सत्येंद्र कुमार वर्मा फूट-फूटकर उपजिलाधिकारी के सामने रोने लगा। शिकायतकर्ता सत्येंद्र का कहना है कि वह राशन कार्ड के लिए लगभग सात महीने से जिम्मेदारों के दफ्तर के चक्कर लगाकर परेशान हो गया है। दिव्यांग सत्येंद्र प्रदेशस्तरीय खिलाड़ी भी रह चुका है। मेहनत मजदूरी कर के अपने परिवार की जीविका चलता है। जिसके बाद भी उसका राशन कार्ड नहीं बन पा रहा है। तो वहीं दूसरा मामला इसी ब्लॉक क्षेत्र से जुड़े देवकलिया गांव का है। शिकायतकर्ता उमेश कुमार ने प्रार्थना पत्र देते हुए कहा कि वह बीती तीन जुलाई से ब्लॉक के चक्कर काट रहा है। फरियादी दोनों पैरों से विकलांग है। उसका ये कहना है कि वह बीडीओ व सचिव से कई बार मिलकर समस्याओं को उनके समक्ष रख चुका है, लेकिन नतीजा अब तक शून्य रहा है।

**'जब से आई हूं, एक बार उपस्थिति नहीं दिखे बीडीओ पहला व रामपुर मथुरा : एसडीएम**

दोनों दिव्यांग फरयादियों की समस्या को लेकर बीडीओ पहला से कई बार बात कर चुकीं हूं। ये दोनों शिकायतकर्ता मेरे पास बहुत बार आ चुके हैं, लेकिन बीडीओ पहला से मुझे कोई संतोषजनक जवाब अब नहीं मिला है। मैं जब से आईं हूं करीब सात महीनों में बीडीओ पहला तो कभी तहसील दिवस में उपस्थित नहीं रहे हैं। रामपुर मथुरा बीडीओ का भी यही हाल है ये एक से दो बार आए हैं। उसके बाद से अब तक नहीं आए। बीडीओ पहला और रामपुर मथुरा खुद आना मुनासिब नहीं समझते। बस अपने एडीओ पंचायत को भेज देते हैं।

# पार्किंग से आने-जाने वाले मार्गों पर हो बेरिकेटिंग

## डीएम व एसपी ने प्रस्तावित स्ट्रांग रुम, पार्टी रवानगी एवं मतगणना स्थलों का किया स्थलीय निरीक्षण

कार्यालय संवाददाता, सीतापुर

▸▸ सुरक्षा व्यवस्था के दृष्टिगत पूर्ण प्रबंध किए जाने के निर्देश

**अमृत विचार।** लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 को देखते हुये डीएम अनुज सिंह व एसपी चक्रेश मिश्र ने ए.पी.टी.सी. सीतापुर एवं 11वीं वाहिनी पीएसी पहुंचकर प्रस्तावित स्ट्रांग रुम, पार्टी रवानगी एवं मतगणना स्थलों का स्थलीय निरीक्षण किया।

उन्होंने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशों का अक्षरशः अनुपालन सुनिश्चित करते हुए पार्टी रवानगी, स्ट्रांग रूम एवं मतगणना से सम्बन्धित समस्त व्यवस्थाएं समय से पूर्ण करायी जायें। सुरक्षा व्यवस्था के दृष्टिगत भी पूर्ण प्रबंध किए जाएं। इसके साथ ही पर्याप्त स्थलों का चयन करते हुए पार्किंग स्थल से आने-जाने वाले मार्गों पर समुचित बेरिकेटिंग एवं संकेतकों का प्रबंध भी किया जाये। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि प्रस्तावित स्थलों पर किए जाने वाले प्रबंधों के संबंध में आख्या प्रस्तुत करें एवं लेआउट प्लान की ड्राइंग भी प्रस्तुत की जाये, जिससे तदनुसार अग्रिम कार्यवाही की जा सके। नियमानुसार सीसीटीवी कैमरों, कंट्रोल रूम, उद्घोषणा सहित अन्य व्यवस्थाएं किए जाने हेतु समुचित प्रबंध सुनिश्चित करने के निर्देश भी जिलाधिकारी ने दिए। जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक ने विभिन्न बैरकों का निरीक्षण भी किया। जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक ने निर्वाचन के दौरान डिप्लॉय होने वाले वाहनों का रूट चार्ट, मैपिंग आदि का गहन निरीक्षण किया। उन्होंने निर्वाचन में लगे सभी अधिकारियों को निर्देश दिए कि निर्वाचन सकुशल सम्पन्न कराने की तैयारियों में बेहतर यातायात की रणनीति बना ली जाये। गाड़ियों के लिए पार्किंग, अलग अलग विधानसभा के लिए ऐसा ट्रैफिक रुट चार्ट बनाये जिससे यातायात सुगम बना रहे। स्ट्रांग रूम, कमीशनिंग, काउंटिंग रूम आदि की तैयारियों हेतु विभिन्न बैरकों में बड़े हाल, कमरे, अन्य विकल्प भी तलाशे। मतगणना अभिकर्ताओं के लिए भी नियमानुसार प्रबंध सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। पुलिस अधीक्षक चक्रेश मिश्र ने सुरक्षा व्यवस्था के दृष्टिगत सर्व सम्बन्धित को आवश्यक निर्देश दिये। सुरक्षा व्यवस्था मुकम्मल रहे इसके लिए बैरिकेटिंग, विभिन्न सुरक्षा बलों की तैनाती, तकनीकी उपकरणों से निगरानी आदि पर भी रणनीति बनाये जाने के विकल्प भी तलाशे गए। इस दौरान अपर जिलाधिकारी नीतीश कुमार सिंह, अपर पुलिस अधीक्षक (दक्षिणी) डॉ. प्रवीन रंजन सहित पुलिस व प्रशासन के संबंधित अधिकारी भी उपस्थित रहे।

मतगणना स्थलों का निरीक्षण करते डीएम अनुज सिंह व एसपी चक्रेश मिश्र। अमृत विचार

मतगणना से संबंधित जानकारी लेते डीएम व एसपी। अमृत विचार

## सार-संक्षेप

### समाजवादी पार्टी के पक्ष में मतदान करने की अपील

सपा के पक्ष में मतदान करने की अपील करते कार्यकर्ता व अन्य। अमृत विचार

**सीतापुर, अमृत विचार।** समाजवादी छात्र सभा ने नगर, तामसेनगंज में युवा कार्यकर्ता शिवम् सिंह ने पीडीए पखवाड़ा जनचैपाल का आयोजन किया। जिसमें शाह, सोलंकी, भुर्जी, कश्यप समाज के लोगों के बीच में जातीय जनगणना, महिला उत्पीड़न, अल्पसंख्यकों पर अत्याचार व पिछड़े वर्ग के साथ लगातार हो रहे अन्याय पर चर्चा कर उन्हें जागरूक किया गया। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव की पीडीए अपील को जन-जन तक पहुंचाया गया और समाजवादी पार्टी के पक्ष में मतदान करने की अपील की गई।

### नकब लगाकर दुकान से नकदी उठा ले गये चोर

**पहला, सीतापुर, अमृत विचार।** बीती रात दुकान के पिछले हिस्से में नकब लगाकर चोर अंदर दाखिल हो गये और गल्ले में रखी नकदी व अन्य सामान उठा ले गये। पूरी घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। सुबह दुकान खोलने पर दुकानदार को जानकारी हुई। सरैंया कादीपुर निवासी ओम बहादुर पुत्र ललित कुमार का आधार संशोधन केंद्र किसान इंटर कालेज के गेट के पास एक दुकान में संचालित हैं। बीती रात चोरों ने नकब लगाकर दुकान के अंदर से गल्ले में रखी नकदी और कुछ अन्य सामान चोरी कर ले गए। घटना दुकान के सीसीटीवी में कैद हो गई। सुबह जब दुकान स्वामी केन्द्र खोलने आया तब घटना की जानकारी हुई। जानकारी होते ही स्थानीय चैकी सरैंया को सूचना दी गई। पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण कर सीसीटीवी फुटेज देखे गए। पुलिस घटना का खुलासा करने में लग गई है। कुछ दिन पूर्व भी सरैंया कादीपुर के एक मुहल्ले में रह रहे हिमांशु श्रीवास्तव के घर पर भी चोर आए थे, लेकिन परिवार के जाग जाने से चोर भाग गए थे। सरैंया स्टेशन परिसर में स्थित अमित गुप्ता की मिठाई की दुकान से मिठाई भी चोरी कर ले गए थे। सिकंदराबाद के मजरे मुंशीपुरवा निवासी चंद्रशेखर पुत्र राजाराम के घर बुधवार की रात करीब 90 हजार की नकदी समेत लाखों के जेवर चुरा ले गए। गजोधरपुर जसमांडा सरसा खुर्द रेवाली आदि कई गांवों से भैंस-भैंसा की चोरी हो चुकी है।

दुकान के पिछले हिस्से में लगी नकब।

### रुद्र महायज्ञ से शुद्ध होता है वातावरण, मिलता है फल

**झरेखापुर, सीतापुर, अमृत विचार।** क्षेत्र के नरोत्तमपुर गांव मे शनिवार को बाबा ब्रम्हदेव स्थान परिसर में सात दिवसीय तृतीय श्री रुद्र महायज्ञ एवं विराट संत सम्मेलन को लेकर भव्य कलश यात्रा एवं शोभा यात्रा निकाली गई। कलश यात्रा में शामिल बड़ी संख्या में श्रद्धालु महिला-पुरुष व बच्चे हर- हर महादेव, जय श्रीराम, जय हनुमान आदि जयघोष के साथ सूर्य कुंड तीर्थ हरगांव पहुंची। वहां से जल लाकर यज्ञ मंडप मे यज्ञाचार्यों द्वारा वैदिक मंत्रोच्चारण करके यज्ञ का शुभारंभ किया गया। यज्ञ संयोजक आचार्य कृष्णा मिश्रा ने बताया कि रुद्र महायज्ञ से न सिर्फ हिंदू धर्म की परंपरा को बल मिलता है बल्कि वातावरण भी शुद्ध होता है और साधकों को इसका फल त्वरित मिलता है। आचार्य जी ने इस पुनीत कार्य में प्रत्येक लोगों से यथा संभव सहयोग करने की अपील की। इस मौके पर सैकडों श्रद्धालु मौजूद रहे।

### फोन के माध्यम से अपनी शिक्षा को आगे बढ़ाएं छात्र-छात्राएं

छात्रा को स्मार्टफोन देते शाखा प्रबंधक। अमृत विचार

**सीतापुर, अमृत विचार।** क्षेत्र के सेंट बिलाल कान्वेंट स्कूल गनेशपुर में शनिवार को युवा सशक्तिकरण योजना के अंतर्गत 93 छात्र छात्राओं को स्मार्टफोन वितरित किए गए। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भारतीय स्टेट बैंक शाखा के शाखा प्रबंधक रजनीश कुमार सिंह ने सरकार द्वारा छात्रों के लिए चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं पर प्रकाश डालते हुए कहा कि आज के परिवेश में छात्र जीवन में मोबाइल की सकारात्मक उपयोगिता अति अनिवार्य है, उन्होंने सकारात्मक व्यक्तित्व निर्माण के लिए परिश्रम के साथ सेवाभावी बनने पर जोर दिया तथा छात्र-छात्राओं को मन, वचन एवं कर्म से निर्धारित कर्तव्यों को करते हुए सफलता के सोपानों को छूने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम के दौरान संस्था प्रबंधक अशरफ बिलाल ने कहा कि प्रदेश के अध्यनरत युवाओं के कहा कि प्रदेश के अध्यनरत युवाओं के सशाक्तिकरण के लिए स्मार्टफोन वितरण योजना का शुभारभ्भ किया गया है। छात्र और छात्राओं को फोन के माध्यम से अपनी शिक्षा को आगे बढ़ाना चाहिए। संस्था प्राचार्य भूपेंद्र सिंह ने छात्र व छात्राओं को संबोधित करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की और खुले आसमान में अपनी ऊंची उड़ान के लिए प्रेरित किया। इस मौके पर डॉ. वरुण, डॉ. सुधीर बघेल, डॉ. कृति सिंह, राम सेवक, नरेंद्र सिंह, जकी बशर, हाशिम अंसारी, रियाजुदीन अंसारी सहित छात्र-छात्राएं उपस्थित थे। संस्था की डायरेक्टर सबाहत बिलाल ने सभी आगंतुकों के प्रति आभार व्यक्त किया।

# मनरेगा मजूदरों ने ब्लॉक में की नारेबाजी

पिसावां, सीतापुर

**अमृत विचार।** संगतिन किसान मजदूर संगठन की प्रमुख ऋचा सिंह के नेतृत्व में सैकड़ों मनरेगा मजदूरों ने ब्लाक परिसर में जमकर हंगामा काटते हुये करीब एक घण्टे तक नारेबाजी की। जिसके बाद विभिन्न मांगों को लेकर खण्ड विकास अधिकारी प्रीती तिवारी को ज्ञापन सौंपा गया।

संगतिन किसान मजदूर संगठन की प्रमुख ऋचा सिंह ने बताया कि उनका संगठन 2006 से किसान मजदूर के सशक्तीकरण के लिये प्रयास कर रहा है संगठन द्वारा मनरेगा के 18 साल पूरे होने पर मनरेगा सप्ताह मना रहा है। मौजूदा समय मे मजदूर साथियों की दिक्कतें बढ़ गयी हैं। जिसके चलते उनमें अविश्वास की खाई बढ़ती जा रही है। समय पर काम व भुगतान न मिलना तो आम बात हो गयी है।उन्होंने बताया ब्लाक के चिरहौला के मजदूरों द्वारा लगातार डिमांड करने के बावजूद काम नही मिल पाना सौ दिन की डिमांड में केवल 28 दिन का काम मिल पाना। नवम्बर माह से मनरेगा मजदूरी का भुगतान ना हो पाना। जिन ग्राम पंचायतों में बीस काम चलते दिख रहे हैं, लेकिन वर्तमान में डिमांड करने के बावजूद मास्टर रोल न निकलना। डिलीट जाबकार्ड कब तक बनेंगे। जाबकार्ड में गलत फीडिंग के चलते जाति, नाम, जेंडर, कब तक सही किये जायेंगे। कार्य का बोर्ड न लगे होने से जियो टैग नही हो पा रहा है। जनवरी 16 से 26 तक हमारी समस्या हमारा अभियान कार्यक्रम के तहत गांवो की समस्याओं को लेकर बीडीओ को सौंपा गया था, उसका समाधान क्या हुआ। ऋचा सिंह ने बताया उक्त समस्याओं को लेकर खण्ड विकास अधिकारी को ज्ञापन सौंपा गया है। इसके अलावा समस्याओं को लेकर संगठन की पांच सदस्यीय टीम बीडीओ से चर्चा कर रही है।

खण्ड विकास अधिकारी प्रीती तिवारी ने बताया कि ज्ञापन की समस्याओं को लेकर मजदूरों को आश्वासन दिया गया है कि जो ब्लाक स्तर की समस्यायें हैं, उन्हें जल्द ही ठीक किया जायेगा और जो शासन स्तर की समस्यायें है उनसे उच्चधिकारियों को अवगत कराया जायेगा। इस दौरान संगठन की सुरबाला, रामबेटी, जगन्नाथ, बिटोली, जमुना, सहित करीब तीन सौ मनरेगा मजदूर मौजूद रहे।

बीडीओ को ज्ञापन सौंपते संगतिन किसान मजदूर संगठन कार्यकर्ता। अमृत विचार

# बार एसो. के पदों पर चुनाव की सुगबुगाहट शुरू

▸▸ नाम वापस के बाद स्पष्ट होगी तस्वीर, अध्यक्ष व महामंत्री पद पर होगी जोर आजमाइश

**सिधौली, अमृत विचार।** बार एसोसिएशन, सिधौली जो कि क्षेत्र के अधिवक्ताओं की प्रतिनिधि संस्था है, के सदस्य एक वर्ष के लिए अध्यक्ष, वरिष्ठउपाध्यक्ष, कनिष्ठ उपाध्यक्ष महामंत्री, संयुक्तमंत्री एवं कोषाध्यक्ष का निर्वाचन करते हैं। वैसे तो सभी पद महत्वपूर्ण हैं परन्तु अध्यक्ष एवं महामंत्री के पदों पर होने वाला चुनाव सर्वाधिक प्रतिष्ठापूर्ण होता है। पिछले कार्यकाल में वरिष्ठ अधिवक्ता जयकरन सिंह यादव अध्यक्ष और मुनीन्द्र सिंह चैहान महामंत्री निर्वाचित हुए थे।

बार एसोसिएशन, सिधौली की एल्डर्स कमेटी के अध्यक्ष एवं निर्वाचन अधिकारी अजयपाल सिंह, सहायक निर्वाचन अधिकारी रामकुमार द्विवेदी तथा पूर्व महामंत्री संजय दीक्षित से प्राप्त जानकारी के अनुसार अध्यक्ष पद पर इस बार प्रदीप कुमार सिंह व पूर्व अध्यक्ष रामप्रसाद गौतम ने नामांकन किया है। प्रदीप कुमार सिंह पिछले चुनाव में रनर रहे थे। वे ग्राम पंचायत अलाईपुर के ग्राम प्रधान भी रह चुके हैं तथा कुंवर भूषण सिंह मेमोरियल इन्टर कालेज के प्रबन्धक हैं। रामप्रसाद गौतम तहसील सिधौली के वरिष्ठतम अधिवक्ताओं में से एक हैं और इससे पूर्व भी बार एसोसिएशन के अध्यक्ष रह चुके हैं। महामंत्री पद पर नीलकमल मिश्र, शिवशंकर यादव और मेवालाल ने नामांकन किया है।

नीलकमल मिश्र पिछले चुनाव में भी महामंत्री पद के उम्मीदवार थे परन्तु मुनीन्द्र सिंह चैहान से पराजित हो गये थे। शिवशंकर यादव भी राजनीति के मंजे खिलाड़ी हैं और कई बार ग्राम प्रधान रह चुके हैं। कोषाध्यक्ष पद पर मधुशंकर मिश्र एवं मिथिलेश कुमार यादव ने नामांकन किया हैं। वरिष्ठ उपाध्यक्ष पद पर जीवन कुमार पाण्डेय, कनिष्ठ उपाध्यक्ष के चार पदों पर सूर्यकान्त पाण्डेय, रामानुज सिंह, आशीष कुमार यादव, तथा अरविन्द कुमार गौतम ने नामांकन किया है।

**अनदेखी** ग्राम पंचायत तुलसीपुर खरिका में नल मरम्मत, ब्लीचिंग पाउडर का छिड़काव नहीं करवाया गया, न करवाई जा रही साफ-सफाई

# फर्मों के नाम पर लाखों का भुगतान, फिर भी खराब पड़े सरकारी हैंडपंप

रामपुर मथुरा, सीतापुर

**अमृत विचार।** ग्राम पंचायत तुलसीपुर खरिका में विभिन्न विकास कार्यों को दिखाकर अनेक फर्मों के नाम लाखों रूपये का भुगतान किया गया है, उसके बाद भी ग्राम पंचायत में दर्जनों नल खराब पड़े हैं।

ग्राम पंचायत तुलसीपुर खरिका प्रधान परमजीत कौर द्वारा ग्राम पंचायत में हैण्डपम्प मरम्मत के नाम पर 28 अक्तूबर 23 में हाफीजी मशीनरी स्टोर के नाम पर 17,475 रूपये, 29 अक्तूबर 23 मे रामदास मशीनरी स्टोर के नाम पर 20,266 रुपये, 28 अक्तूबर 23 में मजदूरी के नाम 3900 रुपये, 16 जनवरी 24 में रामदास मशीनरी स्टोर के नाम पर 18,500 रुपये, 27 जनवरी 24 को रामदास मशीनरी स्टोर के नाम पर 18,500 रुपये निकाले गए है। इस प्रकार हैंडपम्प मरम्मत के नाम पर कुल भुगतान 78,641 रूपये किया गया। तुलसीपुर खरिका के निवासी मूले ने बताया कि मेरे दरवाजे पर लगा इण्डिया मार्का नल खराब था। जिसे सही कराने के लिए प्रधान पति सतनाम सिंह से बार-बार कहने के बावजूद भी सही नहीं कराया गया। ग्रामीण अनुज, रामवृक्ष, मुन्नी, लवकुश, कृपाशंकर, त्रिभुवन, मिश्री लाल, तीरथ राम, मुन्नी देवी, रामलखन, सहजाराम आदि ने बताया कि ग्राम पंचायत में नल मरम्मत, ब्लीचिंग पाउडर का छिड़काव नहीं करवाया गया है, न ही साफ सफाई नहीं करवाई जा रही है। इस संबध में खंड विकास अधिकारी संदीप कुमार ने बताया कि यदि नल मरम्मत नहीं करवाया गया है, तो जांच करवाकर कार्यवाही की जायेगी।

ग्राम पंचायत में खुली बह रही नाली।

ग्राम पंचायत में नकछेद के दरवाजे खराब पड़ा इंडिया मार्का नल। अमृत विचार

# सनातन प्रवाह है भारतीय संस्कृति

हृदय नारायण दीक्षित
पूर्व विधानसभा अध्यक्ष उ.प्र.

भारत सम्प्रभु राष्ट्र राज्य है। राष्ट्र की सम्प्रभुता असीम है, अविभाजित है और अखंड है। भारत किसी जन पंचायत या किसी समझौते का परिणाम नहीं है। यह स्वयंभू है और सांस्कृतिक दृष्टि से दुनिया का प्राचीनतम राष्ट्र है। भारतीय संस्कृति सनातन प्रवाह है। भारत इसी संस्कृति से निर्मित राष्ट्र है।

राहुल गांधी इस समय भारत जोड़ो न्याय यात्रा पर हैं। इसके पहले इस कार्यक्रम का नाम उन्होंने भारत जोड़ो रखा था, लेकिन उनकी पार्टी के ही बंगलुरु से सांसद और कर्नाटक के उपमुख्यमंत्री शिव कुमार के भाई डी.के. सुरेश ने भारत तोड़ने की बात की है। उनका वक्तव्य आहतकारी है। उन्होंने आरोप लगाया है कि दक्षिण भारतीय राज्यों का धन उत्तर भारतीय राज्यों को दिया जा रहा है। वे ताजा केन्द्रीय बजट पर टिप्पणी कर रहे थे। बजट प्रावधानों की निंदा, समर्थन और आलोचना सभी दलों का अधिकार है। उनका यह बयान संसद में भी चर्चा का विषय है। उन्होंने धमकी दी है कि यह प्रवृत्ति जारी रही तो अलग देश की मांग उठाई जाएगी। कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और राहुल गांधी को इस बयान पर कांग्रेस का दृष्टिकोण प्रस्तुत करना चाहिए। वक्तव्य सीधे भारतीय राष्ट्र राज्य पर हमला है। सभी दलों को अपनी विचारधारा और अपनी रणनीति के अनुसार विषय रखने का अधिकार है, लेकिन देश तोड़ने की बात और अलग देश की मांग करने की धमकी का समर्थन कोई भी सामाजिक, राजनैतिक कार्यकर्ता या देश का नागरिक नहीं कर सकता।

भारत सम्प्रभु राष्ट्र राज्य है। राष्ट्र की सम्प्रभुता असीम है, अविभाजित है और अखंड है। भारत किसी जन पंचायत या किसी समझौते का परिणाम नहीं है। यह स्वयंभू है और सांस्कृतिक दृष्टि से दुनिया का प्राचीनतम राष्ट्र है। भारतीय संस्कृति सनातन प्रवाह है। भारत इसी संस्कृति से निर्मित राष्ट्र है। भारत के सभी राज्य संविधान की कृपा प्रसाद से अस्तित्व में है। सब भारतवासी भारत के प्रति निष्ठावान हैं। संविधान में केन्द्र और राज्यों के अधिकार सुस्पष्ट हैं। भारतीय राज्य खूबसूरत संवैधानिक रचना हैं। संविधान की यह व्यवस्था भारतीय जन गण मन ने मुक्त मन से गढ़ी है। सभी संवैधानिक संस्थाओं के अधिकार और कर्तव्य सुपरिभाषित हैं। भारतीय राष्ट्र की मूल इकाई 'हम भारत के लोग' हैं। भारत जन गण मन के आनंद से प्रतिबद्ध एक अनुराग है। विश्व कल्याण से प्रतिबद्ध एक निष्ठावान प्रीति है। देश के सभी लोगों की सुख, स्वस्ति और समग्र वैभव भारत का ध्येय है। इस ध्येय में विश्व शांति और विश्व कल्याण के आधारभूत तथ्य भी संविधान का भाग हैं। इसलिए भारत भारत के लोगों के लिए एक अखंड श्रद्धा है।

भारत की रिद्धि, सिद्धि, समृद्धि और उपलब्धि समग्र भारत के लोगों के कर्मतप का परिणाम है। भारत की विश्व प्रतिष्ठा देश के सभी राज्यों और राज्यों के निवासियों के साझे कर्मफल का परिणाम है। उत्तर-दक्षिण या पूरब-पश्चिम के आधार पर विचार करना व्यर्थ हैं। सुब्रमण्यम भारती विश्व प्रसिद्ध तमिल कवि थे। उन्होंने संपूर्ण भारत के गीत गाए हैं। हिन्दी अनुवाद संकलन की पहली कविता का नाम 'वन्दे मातरम' है। भारती कहते हैं, ''पराधीन जीवन पर लज्जित सारा भारत एक साथ है/हम सब यह संकल्प करेंगे/कभी नहीं परतंत्र रहेंगे/हम वन्दे मातरम कहेंगे।" भारती दक्षिण के थे, पर इससे कोई फर्क नहीं पड़ता। भारती के हृदय में वंदे मातरम है। भारती की कविताओं में सप्तसिंधु भी है और भूगोल की दृष्टि से यह उत्तर पश्चिम में है।

भारती को दक्षिण भारतीय कहा जा सकता है। यह सही भी है, लेकिन भारती के हृदय और बुद्धि में अखिल भारतीय अनुराग है। उनके मन में उत्तर की गंगा बहती हैं और दक्षिण की कावेरी भी। ज्ञान को उत्तर दक्षिण में नहीं विभाजित किया जा सकता। वे दक्षिण के कांचीपुरम में बैठकर काशी के विद्वानों का संवाद सुनना चाहते हैं, "ऐसे यंत्र बनाएंगे/कांचीपुरम में बैठकर/काशी के विद्वतजन का संवाद सुनेंगे। भारती लिखते हैं, "मुख में वेदों का वास/हाथ में तीक्ष्ण असि शोभित मंगलकारी।" विश्व प्रसिद्ध दर्शन शास्त्री अद्वैत दर्शन के प्रचारक आचार्य शंकर भी भौगोलिक दृष्टि से केरल के थे। कह सकते हैं दक्षिण के, लेकिन वे भारतीय दर्शन के शीर्ष व्याख्याता हैं। उन्होंने चार धामों की स्थापना की। केवल दक्षिण में नहीं। उत्तर में बद्रीनाथ। दक्षिण में रामेश्वरम। पश्चिम में द्वारिका और पूरब में जगन्नाथ। विशिष्टाद्वैत के प्रवर्तक रामानुजाचार्य भी दक्षिण के थे। रामकथा विश्व की अमूल्य निधि है। इसकी प्रारंभिक घटनाएं उत्तर भारत की हैं। तमिल कवि कम्ब नमस्कारों के योग्य हैं। उन्होंने तमिल में रामकथा लिखी। तमिल में लिखी गई उनकी रामायण अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर चर्चा का विषय रहती है। देश के किसी भी तत्ववेत्ता और सृजक ने उत्तर दक्षिण की बात नहीं की है। डॉ. राधाकृष्णन दक्षिण के थे। दर्शन के पाठ के लिए सभी विद्वान राधाकृष्णन पर निर्भर हैं।

देश तोड़ने की धमकी प्रत्येक दृष्टि से अपराध है। इसे विचार अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का अधिकार नहीं माना जा सकता। संविधान अनुच्छेद (19) में विचार अभिव्यक्ति की आजादी पर अनेक मर्यादाएं अधिरोपित की गई हैं। कांग्रेस स्वयं में देश के स्वाधीनता संग्राम और भारतीय स्वतंत्रता का श्रेय लेती है। स्वाधीनता संग्राम का प्रमुख जीवन मूल्य राष्ट्रीय एकता था। एकता की धारक और प्रचारक कांग्रेस के जिम्मेदार लोग अलग राष्ट्र की मांग उठाने की धमकी दे रहे हैं। इसी तरह की धमकी इसके पहले तमिलनाडु में सत्तासीन पार्टी द्रविड़ मुन्नेत्र कड़गम ने भी दी थी। तब डी.एम.के. के सांसद ए. राजा ने कहा था कि केन्द्र सरकार तमिलनाडु को और अधिकार दे वरना अलग देश के लिए लड़ाई होगी। ऐसी अलगाववादी मांगें असंवैधानिक तो हैं ही राष्ट्रद्रोह की सीमा में भी आती हैं। आश्चर्य है कि सबसे पुरानी राजनीतिक पार्टी कांग्रेस ने अपने वरिष्ठ सदस्य नेता की खतरनाक टिप्पणी पर कोई प्रतिक्रिया नहीं दी है।

राजनैतिक अभियान की भाषा मर्यादित ही होनी चाहिए। वक्तव्यों और भाषणों से लाभ उठाना अलग बात है, लेकिन राष्ट्रीय एकता अखंडता और सम्प्रभुता के प्रश्नों पर कठोर अनुशासन की आवश्यकता है। राजनैतिक अभियानों की आदर्श भाषा से लोकतंत्र की प्रतिष्ठा बढ़ती है। अलग देश की मांग की धमकी किसी भी परिस्थिति में बर्दाश्त नहीं की जानी चाहिए। दक्षिण भारत के सैकड़ों विद्वानों ने राष्ट्रीय एकता के गीत गाए हैं। डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम ने करोड़ों नौजवानों को प्रेरित किया था। मूलभूत प्रश्न है कि क्या डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम को भी उत्तर दक्षिण की सीमा में विवेचन का विषय बनाया जाए? क्या प्रख्यात शिक्षाविद राजगोपालाचारी को भी दक्षिण तक सीमित कर दिया जाए? क्या शंकराचार्य और रामानुज को भी दक्षिण की सीमा में ही गिना जाए? यह आश्चर्यजनक है कि स्वाधीनता के 76 वर्ष बाद भी हमारे राजनेता धौंस धमकी की भाषा बोलते हैं और राष्ट्रीय एकता सम्प्रभुता को ठेंगे पर रखते हैं।

राष्ट्रीय एकता और सम्प्रभुता को लेकर एक दृष्टि कांग्रेस और डी.एम.के. की है और एक दृष्टि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की है। कांग्रेसी दृष्टि में अलग देश की धमकी का अपराध भी राजनीतिक कार्यवाही है। वही मोदी की उपस्थिति में काशी में लगभग डेढ़ हजार तमिल भाषी विशिष्टजनों के समागम का आयोजन किया गया था। प्रधानमंत्री ने अपने संबोधन में राष्ट्रीय एकता की बात कही थी। काशी प्राचीन ज्ञान परंपरा का महत्वपूर्ण शक्ति केन्द्र है। कांग्रेस को ध्यान रखना चाहिए कि देश की राष्ट्रीय एकता का मूल तत्व सांस्कृतिक एकता है। समूचे देश के लोग इस धमकी से गुस्से में हैं। कांग्रेस को इस बयान के लिए देश से माफी मांगनी चाहिए।

# गवर्नरों के रोल और दीनदयाल के बोल

रघोत्तम शुक्ला
सेवानिवृत्त पीसीएस

संघ, जनसंघ और भाजपा का जहां भी जिक्र आयगा। वहां पं.दीनदयाल उपाध्याय का नाम बड़े आदर से स्मरण किया जाएगा। वे इन संगठनों के शिखरस्थ महामानवों में से थे, जो नीति और सिद्धांत की वेदी पर पद को ठुकराने वाले जाने जाते हैं। जनसंघ के अध्यक्ष रहते हुए, 28 दिसंबर 1967 को कालीकट (केरल) में पार्टी के अधिवेशन में दिया गया उनका भाषण एक ऐतिहासिक दस्तावेज है। इसमें उन्होंने तमाम मुद्दों के साथ गवर्नरों की भूमिका पर भी उंगली उठाई थी और उन्हें केन्द्रस्थ सरकार के इशारों पर चलने वाला बताकर, इन पदों पर ऐसे व्यक्तियों को नियुक्त किए जाने पर बल दिया, जो स्व-विवेक से काम करें और प्रदेश या देश की सरकार के हाथ के उपकरण न बने। कांग्रेस या यूपीए शासन काल के इन पदाधिकारियों ने खुलकर केंद्र के एजेंट के रूप में काम किया, लेकिन अब तो 10 साल से उपाध्याय जी के ही उत्तराधिकारियों की सरकार केंद्र में शासन कर रही है। उसके लिए तो दीनदयाल जी की वाणी वेद, पुराण तुल्य ही होनी चाहिए, लेकिन ऐसा नहीं है। कर ये भी वैसा ही रहे हैं। लगता है गोस्वामी तुलसीदास की चौपाई "पर उपदेस कुसल बहुतेरे। जे आचरहिं ते नर न घनेरे" एकदम सही है। दो ताजे उदाहरण देखिए। विगत हफ्ते देश में दो सरकारें परिवर्तित हुईं। बिहार और झारखंड। बिहार का परिवर्तन केंद्र में सत्तासीन भाजपा के अनुकूल होने जा रहा था, तो मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के इस्तीफा देने के चंद घंटे बाद ही बिना किसी किंतु-परंतु के उन्हें पुनः शपथ दिला दी गई। उन्होंने जैसा कहा, ज्यों का त्यों मान लिया गया। हालांकि उनका बहुमत डावॉडोल है। एक सप्ताह होने जा रहा है, अभी विभागों का वितरण नहीं हो पाया है और बहुमत सिद्ध करने की तारीख टाली जा रही है। एक सहयोगी जीतनराम माझी तेवर दिखा रहे हैं। इस हेतु 5 फरवरी नियत थी, किंतु अब गवर्नर साहब ही कह रहें हैं कि उन्हें समय नहीं है। यानी वे एकाध घंटे अभिभाषण पढ़ने विधानसभा नहीं आ सकते। अतः यह तारीख 12 फरवरी कर दी गई। है न खुला फेवर! अब इस अवधि में जितनी चाहो 'हार्स ट्रेडिंग' कर लो। दूसरा उदाहरण झारखंड का है, जहां मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन पर प्रवर्तन निदेशालय द्वारा गिरफ्तारी की तलवार लटक रही थी। अतः उन्होंने विधायक दल का दूसरा चुनाव दिया और अपने पद से इस्तीफा दे दिया। वे जेल भेज दिए गए। नए चुने गए नेता चंपई सोरेन अपने दल और गठबंधन के विधायकों के समर्थन पत्र लेकर राज्यपाल से 31 जनवरी को मिले और सरकार बनाने का दावा प्रस्तुत कर दिया। राज्यपाल ने उनसे सरकार बनाने को न कहकर इंतजार करने को कहा। कारण कि चम्पई सोरेन भाजपा के विरोधी गठबंधन के हैं। अगले दिन पहली फरवरी को दिन भर गहमागहमी रही। मीडिया के समक्ष विधायक उपस्थित हुए। राज्यपाल के दरवाजे पर धरने पर बैठने की धमकी दी। शाम पांच बजे फिर चम्पई गवर्नर हाउस पहुंचे, उनसे कहा गया कि प्रकरण पर विधिक राय ली जा रही है। मतलब साफ था कि भाजपा, जो वहां विपक्षी है, को मौका दिया जा रहा था कि विधायकों का अश्व व्यापार कर लो। अंततः जब बात नहीं बनी, तो रात 11 बजे चम्पई को सरकार बनाने का आमंत्रण पत्र मिला और अगले दिन 2 फरवरी को शपथ ग्रहण हुआ। पर्दे के पीछे खरीद फरोख्त की कोशिशें अब भी जारी हैं, क्योंकि चम्पई को बहुमत सिद्ध करने को कहा गया है। भय वश चम्पई सोरेन ने अपने विधायक चार्टर्ड प्लेन से कांग्रेस शासित तेलंगाना की राजधानी हैदराबाद भेज दिए हैं। इस तरह स्पष्ट अंतर देखा जा सकता है।

# दीर्घकालिक आर्थिक खाके को दर्शाता अंतरिम बजट

प्रो.एच.सी.पुरोहित
दून विश्वविद्यालय

चुनावी वर्ष में प्रस्तुत केंद्र सरकार का अंतरिम बजट लोक लुभावन घोषणाओं के बजाय अर्थव्यवस्था के आधारभूत ढांचे को मजबूत करने पर केंद्रित रहा। बजट के प्रावधानों में सरकार का आत्मविश्वास स्पष्ट रूप से परिलक्षित हो रहा है। बजट में सरकार की स्वस्थ, संपन्न एवं शिक्षित (हेल्दी, वेल्दी और वाइज) समाज के निर्माण का संकल्प नजर आता है। सरकार द्वारा पिछले 10 वर्षों के दौरान किए गए नीतिगत सुधारों एवं आर्थिक विकास के कदमों विशेष तौर से रिफॉर्म, परफॉर्म और ट्रांसफॉर्म की नीति से जीडीपी की दृष्टि से भारत आज दस वर्ष में 10 वें स्थान की अर्थव्यवस्था से पांचवे स्थान पर पहुंचा है। वित्त मंत्री श्रीमती निर्मला सीतारमण ने जीडीपी को सरकार की गवर्नेंस नीति से जोड़कर प्रस्तुत किया, उन्होंने कहा कि हमारे लिए जीडीपी (गवर्नेंस, डेवलपमेंट और परफॉर्मेंस है) सरकार समाज के अंतिम व्यक्ति के कल्याण के लिए और विकसित भारत के निर्माण के लिए दृढ़ संकल्पित है। यह अंतरिम बजट मजबूत और विकसित भारत के सपने को अमली जामा पहनाने की ओर एक पड़ाव समझा जा सकता है।

बजट में देश की चारों प्रमुख स्तंभों युवा, गरीब, किसान एवं महिलाओं के कल्याण व सशक्तिकरण के लिए आवश्यक प्रावधानों को तरजीह दी गई है, क्योंकि चार जातियों के विकास से देश के प्रत्येक नागरिक का कल्याण स्वाभाविक है। इससे स्पष्ट है कि यह बजट आम नागरिक को केंद्र में रखकर बनाया गया है। स्वास्थ्य सुविधाओं के विस्तार में नए मेडिकल कॉलेज खोलने, नए एम्स खोलने, आयुष्मान योजना का विस्तार, मौजूदा अस्पतालों की सुविधाओं में बढ़ोतरी तथा स्वास्थ्य सुविधाओं का लाभ आम व्यक्ति तक पहुंचे। उसके लिए स्वास्थ्य क्षेत्र के बजट में 2.30 प्रतिशत की वृद्धि की गई है। इससे स्वस्थ समाज का निर्माण संभव होगा। आयुष्मान योजना का लाभ समाज के अंतिम पायदान पर कार्यरत आंगनबाड़ी और आशा कार्यकर्ताओं को देने का निर्णय समाज के अंतिम व्यक्ति के कल्याण की प्रभावी योजना है।

बजट में पूंजीगत व्यय की 11.1 प्रतिशत बढ़ोतरी का प्रावधान होने से रेल, सड़क, वायु परिवहन, ऊर्जा इत्यादि के ढांचागत विकास को गति मिलने एवं औद्योगिकरण की राह आसान होने के आसार हैं, जो रोजगार के नए विकल्प खुलेंगा। कृषि के लिए 1.27 लाख करोड़ से अधिक रुपये का प्रावधान कृषि क्षेत्र के विकास के लिए महत्वपूर्ण होगा। कृषि क्षेत्र से जुड़े सभी सेक्टर जैसे- पशुपालन, मत्स्य पालन, बकरी पालन,

मधु पालन आदि को बढ़ाने में सहायता मिलेगी। ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार की महत्वाकांक्षी योजना मनरेगा के बजट में 26000 करोड़ की बढ़ोतरी की गई है।

यह प्रयास ग्रामीण क्षेत्र से रोजगार की तलाश में हो रहे पलायन को रोकने में सहायक होगा। हालांकि यदि हिमालयी व कोस्टल क्षेत्रों के सीमांत किसानों की कृषि कार्यों को इससे जोड़ा जाता तो यह योजना अधिक कारगर रहती। उद्यमिता के विकास पर बजट का खास फोकस है, छोटे उद्योगों को प्रोत्साहन देने के उद्देश्य से 50 वर्ष तक की अवधि के लिए ब्याज रहित ऋण का प्रावधान होने से युवा स्वरोजगार की ओर प्रेरित होंगे जिससे औद्योगिकरण को गति प्राप्त होगी। स्कूली शिक्षा के लिए बजट में 19.56 प्रतिशत की बढ़ोतरी की गई है। इससे राष्ट्रीय शिक्षा नीति को लागू करने में सहायता होगी साथ ही प्राथमिक स्तर पर शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार होगा। उच्च शिक्षण संस्थानों, केंद्रीय विश्वविद्यालयों, आईआईटी, पीएम उषा, पीएम श्री आदि योजनाओं के तहत बजट आवंटन होने से शिक्षित समाज के निर्माण का सपना साकार होने की दिशा में तेजी के साथ अग्रसर होगा। क्योंकि शोध एवं नवाचार को बढ़ावा देने पर बजट में विशेष फोकस किया गया है। यह देश को नॉलेज अर्थव्यवस्था बनाने में मदद करेगा। रेलवे के तीन कॉरिडोर विकसित होने, चालीस हजार नए रेल बगियां के निर्माण, नई मेट्रो लाइन का विस्तार होने से औद्योगिक उत्पादों का वितरण एवं विपणन सुगम होगा।

इस प्रकार की सुविधा आम व्यक्ति के रोजमर्रा की दिनचर्या को आसान बनाएगी और नए रोजगार के अवसर भी उत्पन्न होंगे। इसके साथ-साथ अंतर्राष्ट्रीय व्यापार आयात-निर्यात प्रभावी तरीके से संचालित करना आसान होगा। लगातार बढ़ते आयकर एवं जीएसटी संग्रह के बावजूद बजट में प्रत्यक्ष व अप्रत्यक्ष कर के प्रावधानों में अधिक फेरबदल न करके आयकर के स्लैब में भी परिवर्तन नहीं किया जाना वित्तीय अनुशासन की दृष्टि से देखा जा सकता है। यह कदम सरकार आत्मविश्वास को दर्शाता है और इससे राजकोषीय घाटे को कम करने में सहायता मिलेगी। सरकार का लक्ष्य राजकोषीय घाटे को 5.1 प्रतिशत तक लाने का है, जो इन प्रयासों से प्राप्त किया जा सकता है। बजट के प्रावधान सरकार की दीर्घकालीन, स्थाई एवं मजबूत आर्थिक नीतियों को प्रदर्शित करती है।

## समाज की मशाल

हफीज किदवई
लेखक

इमाम जाफर अल सादिक हजरत अली की चौथी पीढ़ी में थे। उनके वालिद इमाम मोहम्मद बाकर खुद वैज्ञानिक थे और मदीने में अपना कॉलेज चलाते हुए सैंकड़ों बच्चों को पढ़ाते थे। अपने पिता के बाद जाफर अल सादिक ने यह काम संभाला और अपने शागिर्दों को कुछ ऐसी बातें बताईं, जो इससे पहले किसी ने नहीं बताई। उन्होंने अरस्तू की चार मूल तत्वों की थ्योरी से इंकार किया और कहा कि मुझे हैरत है कि अरस्तू ने कहा कि दुनिया में केवल चार तत्व हैं, मिट्टी, पानी, आग और हवा। मिट्टी खुद तत्व नहीं है, बल्कि इसमें बहुत सारे तत्व हैं।

इसी तरह जाफर अल सादिक ने पानी, आग और हवा को भी तत्व नहीं माना। हवा को भी तत्वों का मिश्रण माना और बताया कि इनमें से हर तत्व सांस के लिए जरूरी है। मेडिकल साइंस में इमाम सादिक ने बताया कि मिटटी में पाए जाने वाले सभी तत्व मानव शरीर में भी होते हैं। इनमें चार तत्व अधिक मात्रा में आठ कम मात्रा में और आठ अन्य सूक्ष्म मात्रा में होते हैं। उन्होंने बताया, "जो पत्थर तुम सामने गतिहीन देख रहे हो, उसके अंदर बहुत तेज गतियां हो रही हैं। उसके बाद कहा "यह पत्थर बहुत पहले द्रव अवस्था में था। आज भी अगर इस पत्थर को बहुत अधिक गर्म किया जाए तो यह द्रव अवस्था में आ जाएगा। ऑप्टिक्स का बुनियादी सिद्धांत प्रकाश जब किसी वस्तु से परिवर्तित होकर आंख तक पहुंचता है तो वह वस्तु दिखाई देती है। साथ ही उन्होंने यह भी बताया कि ब्रह्मांड में कुछ भी स्थिर नहीं है। सब कुछ गतिमान है।

ब्रह्मांड के बारे में एक रोचक थ्योरी उन्होंने बताई कि ब्रह्मांड हमेशा एक जैसी अवस्था में नहीं होता। एक समयांतराल में यह फैलता है और दूसरे समयांतराल में यह सिकुड़ता है। उनके मशहूर शागिर्दों में जाबिर इब्ने हय्यान, इमाम अबू हनीफ, मालिक इब्न अनस थे। जिन रवायतो को आप मजाक बताते हैं, उन्हीं ने आज उनको जिंदा रखा है वरना ढूंढते रहते अरबी फारसी की किताबों में। कई बार रवायतें इसीलिए डाली जाती हैं कि शख्सियतें और उनके काम पीढ़ी दर पीढ़ी नीचे पहुंच जाएं। यह तरीके वोह नहीं समझेंगे जो एक झटके में सब खत्म कर देना चाहते हैं। हम सभी धर्म के लोगों से कहते हैं कि अपने बीच से अच्छे लोगों के किस्से आम करो। वह ही समाज की मशाल हैं। हमें भी इमाम जाफर ही रास्ता दिखाएंगे।

## निभाएं अच्छे नागरिक का फर्ज

पूजा गुप्ता
मिर्जापुर

भारत में सबसे बड़ी समस्या का कारण यदि कुछ है तो वह है कचरा प्रबंधन। विदेशों में तो साफ सफाई का एक अच्छा उदाहरण प्रस्तुत किया जाता है, लेकिन यदि बात हमारे देश की आती है तो मैनेजमेंट स्तर पर पर्याप्त काम नहीं हो पाता है। यदि आप अपने घर से शुरुआत करें कचरा कम फैलाएं उसे अलग-अलग करें और कंपोस्टिंग का मेथड सीखें तो एक अच्छे नागरिक होने का फर्ज आप भी निभा सकते हैं। कुछ साल पहले स्टेशनों पर प्लास्टिक बैग्स, बोतलों और चिप्स के पैकेट का कचरा फैलाने वाले पर्यटकों के सामने कुछ युवाओं ने ऐसा उदाहरण पेश कर दिया था कि वहां मौजूद तमाम लोगों को सबक मिल गया। युवाओं ने सबके सामने कूड़ा एकत्र किया और एक बड़े थैले में भरकर ले गए। पूरे देश में यदि साफ सफाई की मुहिम चल रही है तो हर एक नागरिक का कर्तव्य है कि वह अपने घर और आसपास की भी सफाई का ध्यान रखें और अपने स्तर पर पहल करें अपनी आदतों को सुधारने का प्रयास करें। यदि देश में स्मार्ट सिटी बनाने का सोच रहे है तो क्या आप अपना यह सपना पूरा करने में सक्षम हैं? क्या आप एक अच्छे नागरिक बन सकते हैं? सार्वजनिक स्थलों, ऑफिस, कैंटीन, गमलों में पान थूकना, मसालों के रैपर्स इधर-उधर फेंकना, घर का कूड़ा सड़क पर डाल देना, छत, बालकनी या सीढ़ियों की सफाई करके गंदगी को यहां वहां बिखेर देना, अपने घर के आसपास का कचरा दूसरों के घर के आगे डाल देना नागरिक का धर्म नहीं है। यदि आप अपने देश से प्यार करते हैं तो आसपास के वातावरण को स्वच्छ रखना भी आप का प्रथम कर्तव्य बनता है। यदि कोई समस्या बढ़ी है तो उसे और आप बड़ा न बनाएं।

कचरा प्रबंधन के लिए कई सरकारी व गैर सरकारी संस्थाएं आगे आई हैं। यदि प्लास्टिक का कोई समान फेंके जा रहे हैं तो इस समस्या को सुधारें। यह देश की समस्या बन रही है कि शहरों और महानगरों में सबसे अधिक कूड़ा कर्कट पाया जाता है। इसलिए बेस्ट मैनेजमेंट यहां की बड़ी समस्या है।

संस्मरण

# किताब चोर मैं



अनिल जनविजय
वरिष्ठ लेखक

मैं 1982 के दिसंबर में पहली बार हालैंड की राजधानी अमस्टर्डम गया था। वहां किताबों की एक बहुत बड़ी दुकान थी। मेरे पास कुल 35 गिल्डर थे और मुझे अभी तीन दिन और अम्सटर्डम में रुकना था, लेकिन फिर भी जब मुझे किताबों की एक दुकान दिखाई पड़ी तो मैं उसमें घुस गया। वहां हर तरह की किताबें थीं। घासलेटी साहित्य से लेकर उच्चस्तरीय साहित्य तक मैंने दुकान में ही एक आदमी को किताब के कवर फाड़कर किताब अपनी कमीज में घुसाते देखा। मैं करीब डेढ़ घंटे से उस दुकान में घूम रहा था। मैंने देखा कि वो पुस्तक-चोर बड़ी सहजता से दुकान के बाहर चला गया। अब मेरा मन भी एक-दो किताबें चोरी करने का हो आया, जो दो किताबें मुझे पसंद आईं उनमें से एक 60 गिल्डर की थी और दूसरी 55 गिल्डर की। मैंने भी कमीज के नीचे किताबें छिपाईं और बाहर निकलने की कोशिश की। जब दरवाजे से बाहर निकलने लगा तो अचानक भोंपू-सा बजना शुरू हो गया।

दुकान के दरवाजे पर खड़े दुकान के मालिक ने मुझसे कहा कि आप किसी किताब का भुगतान करना भूल गए हैं। मैंने उन्हें बताया कि मैंने उनकी दुकान से कोई किताब नहीं ली है तो उसने मुझसे कहा कि क्या आप अपना झोला दिखाएंगे? मेरा झोला किताबों से भरा हुआ था, लेकिन वो सभी किताबें मैंने बर्लिन में खरीदी थीं और उनका कैशमीमो भी मेरे पास था। उसने ध्यान से सारी किताबें देखीं और मेरा थैला अपने ही पास रखकर मुझसे कहा कि मैं एक बार फिर दरवाजे से बाहर जाऊं। जैसे ही मैं दरवाजे पर पहुंचा, भोंपू फिर से बजना शुरू हो गया। उसने मुझसे कहा कि अभी आपके पास और किताब हैं कोई। आप वह किताब भी निकालिए। मैं फंस चुका था। मैंने अपनी कमीज के नीचे से दो किताबें निकालकर सामने रख दीं।

दोनों किताबें देखकर वो दंग हो गया। एक किताब नाजिम हिकमत की कविताओं के अंग्रेजी अनुवादों की थीं और दूसरी किताब पाब्लो नेरूदा की कविताओं के अंग्रेजी अनुवादों की। उसने मुझसे कहा कि ये किताबें तो हमारी दुकान में कोई चुराता ही नहीं है। हमारे यहां तो ज्यादातर घासलेटी साहित्य ही चोरी होता है। मैंने उसे बताया कि मैं खुद कवि हूं और मुझे सिर्फ कविता-संग्रह ही पसंद हैं। उसने मुझसे कहा कि वह मुझे दोनों किताबें पचास प्रतिशत की रियायत पर दे देगा। मैंने उससे कहा कि मेरे पास सिर्फ 35 गिल्डर हैं और मुझे अभी वहां तीन दिन और रहना है। इन कवियों की किताबें देखकर मुझसे रहा नहीं गया और मैंने अपने काव्य प्रेम की वजह से धनाभाव की मजबूरी में वे किताबें चुरा ली थीं। वैसे बर्लिन में मैंने सारी किताबें खरीदी हैं और उनका कैशमेमो भी मेरे पास हैं।

इसके बाद वो दुकानदार मुझसे देर तक बात करता रहा। फिर अचानक उसने मुझसे कहा कि वह पांच सौ गिल्डर की किताबें मुझे भेंट करना चाहता है और मैं उसकी दुकान में से पांच सौ गिल्डर की किताबें चुन सकता हूं। मेरे तो जैसे कोई लाटरी खुल गई थी। मैंने लोर्का, ब्रेख्त, रिल्के, विक्टर ह्यूगो, कंस्तान्तिन कवाफ़ी, सफ़्फ़ो के छह कविता संग्रह और चुन लिए वो कविता के लिए मेरा पागलपन देखकर हैरान हुआ। फिर उसने पूछा कि मैं कौन से होटल में रुका हूं? मैंने उसे बताया कि मेरे पास इतने पैसे ही नहीं हैं कि मैं होटल में रुकूं। मैं अपनी रातें हर शहर में रेलवे स्टेशन पर बिताता हूं। मेरा यह जवाब सुनकर वह और ज्यादा आश्चर्यचकित हुआ। उसने मुझे कॉफी पीने का ऑफर दिया और खिद ही कॉफी बनाकर मुझे पिलाई। तब तक वह भारत के बारे में और भारतीय संस्कृति के बारे में मुझसे बात करता रहा। काफी पीने के बाद जब मैंने उससे जाने की इजाज़त मांगी तो उसने मुझे विदा करते हुए कहा कि अगर मैं चाहूं तो अगली दो रातें उसके घर पर बिता सकता हूं। मैं सहर्ष तैयार हो गया।

मैंने उससे पूछा कि यह क्या रहस्य है कि किताबें छुपाकर बाहर निकलने पर भोंपू कैसे बजने लगता है? उसने बताया कि किताबों के कवर में एक ऐसी इलैक्ट्रॉनिक चुंबक की पतली-सी परत छुपी हुई है जिसको निरस्त करना जरूरी होता है। उसे अगर निरस्त नहीं किया जाएगा, वह चुंबकीय परत दरवाजे में लगी मशीन के पास पहुंचते ही दरवाजे में लगा भोंपू बजने लगेगा। उसने मुझसे कहा कि अगर मैं उसके साथ रुकना चाहूंगा तो शाम को आठ बजे तक उसकी दुकान पर वापिस आ जाऊं। आठ बजे दुकान बंद होती है, तब वो मुझे अपने घर ले चलेगा। मैंने किताबों और अन्य सफरी सामान से भरा अपना थैला उसकी दुकान पर ही छोड़ दिया और शहर घूमने बाहर निकल गया। अगले दो दिन बड़े सुखद रहे।

# रामभक्ति: विविधता में एकता के दर्शन

डॉ. अंजू सिंह
असिस्टेंट प्रोफेसर, एमपी पीजी डिग्री कॉलेज, शाही, बरेली

भारत विकास और उन्नति के मार्ग पर अग्रसर हो रहा एक जनसंख्या बाहुल्य देश है। इसकी जनसंख्या में विभिन्न धर्म, जाति, वर्ग, मत एवं संप्रदायों का समिश्रण है जिसमें हिंदू धर्म का अनुपात सर्वाधिक है। भारत एक युवा देश है। यहां पर युवा शक्ति को सकारात्मक मोड़ देकर उनकी कार्य-कुशलता तथा योग्यता में अकल्पनीय वृद्धि की जा सकती है। युवाओं के लिए श्री राम का दिव्य चरित्र, अद्भुत व्यक्तित्व, वीरता, उदारता, सत्य-निष्ठा, निर्भीकता, धैर्य, दृढ़ता, शारीरिक सौष्ठव, मानसिक बल, निरंतर संघर्ष, भावात्मक सौंदर्य एवं त्याग युवाओं के लिए अद्भुत प्रेरणा स्रोत का कार्य करेगा।

हजारों वर्षों पूर्व से ही भारत के पास रामराज रूपी सुव्यवस्था रही है जिसमें प्रत्येक नागरिकों के हितों की सुरक्षा की बात स्पष्ट प्रतीत होती है। प्रत्येक नागरिक भयमुक्त था। समाज में सामाजिक, आर्थिक, राजनीतिक, धार्मिक, सांस्कृतिक एवं भावनात्मक दृष्टि से संपन्नता व्याप्त थी, परंतु समय-समय पर समाज में कुछ अराजकता एवं विषमताएं उत्पन्न होती रही जिससे रामराज की सामाजिक, सांस्कृतिक व्यवस्था समय के साथ धूमिल होती नजर आई, लेकिन रामभक्ति प्रत्येक हिंदू के हृदय की धड़कन के रूप में सदैव विद्यमान रही। चाहे वह किसी भी जाति, भाषा-भाषी, भिन्न संस्कृति या मत मतांतर का व्यक्ति रहा हो। आज भारत ही नहीं विश्व के अन्य देशों में भी रामभक्ति भिन्न-भिन्न स्वरूपों में विद्यमान है, जो विश्व को राम नाम के आधार पर एकता के सूत्र में पिरोने का कार्य करता है। भारत में रामराज की अवधारणा ने भारतीय संस्कृति, सभ्यता, संस्कार, मानवीय मूल्य, नैतिकता एवं स्वाभिमान के साथ-साथ राष्ट्र गौरव की पुनर्स्थापना करते हुए मानव को समाज के उच्च आदर्शों पर गतिमान रहने का परम संदेश प्रदान किया है। राम राज में सभी मनुष्य लोक-कल्याणकारी व्यवस्था के अंतर्गत एक ऐसे राज्य की संकल्पना कर सकते हैं जिसमें कोई भी व्यक्ति दीन-दुखी और अभावग्रस्त नहीं होगा। सभी व्यक्ति शिक्षित, संस्कारी, संपन्न और आवश्यक सुविधाओं से संपन्न होंगे। चारों ओर भय मुक्त वातावरण व्याप्त होगा। रामभक्ति और रामराज भारत के हर नागरिक के लिए ऐसी लोकतांत्रिक व्यवस्था एवं बुनियादी आधार है जिसमें प्रत्येक नागरिक के लिए चाहे वह धनी हो या निर्धन सभी को समान न्याय प्राप्त होगा एवं इसके साथ-साथ सभी के अधिकार भी सुरक्षित रहेंगे।

शासन का एकमात्र लक्ष्य निष्पक्ष एवं पारदर्शी व्यवस्था स्थापित करना तथा जनता के हितों की रक्षा करना होगा। भारत में राम मंदिर की स्थापना एवं रामभक्ति ने विभिन्न पृष्ठभूमि के लोगों को एकजुट करके सामाजिक, धार्मिक, राजनीतिक, आर्थिक, ऐतिहासिक एवं सांस्कृतिक वैविध्य का समन्वय एक साथ किया है। राम भक्ति एवं राम भक्त विश्व के विभिन्न देशों में पाए जाते हैं, जो विभिन्न रूपों में राम में आस्था एवं श्रद्धा रखते हैं। देशीयता की सीमाओं से परे एवं जात-पात, उच्च-नीच, छोटा-बड़ा यहां तक की कुछ मात्रा में अन्य धर्म के लोगों में भी रामभक्ति का रंग दिखाई पड़ा है। इसके पीछे उन सभी का ध्येय श्रद्धा की हो या स्वार्थ पूर्ति की, परंतु सभी ने राम नाम के एक मंच पर एकत्रित होकर विविधता में एकता के दर्शन कराए हैं।

## एक नजर

### सीओ अयोध्या रिलीव, आशुतोष और आशीष को मिली सर्किल

**अयोध्या, अमृत विचार :** प्राण प्रतिष्ठा समारोह संपन्न होने के बाद निर्वाचन आयोग के निर्देश पर हुए तबादलों का अनुपालन तेज हो गया है। एसएसपी अयोध्या राज करन नैयर ने अयोध्या के क्षेत्राधिकारी पद पर तैनात रहे डिप्टी एसपी शैलेंद्र कुमार गुप्ता को अपनी नई तैनाती के लिए रिलीव कर दिया है। वहीं डिप्टी एसपी आशुतोष मिश्रा और आशीष निगम को सर्किल का चार्ज सौंपा है। एसपी के जनसंपर्क अधिकारी आशीष राय ने बताया कि आशुतोष मिश्रा को सीओ अयोध्या, आशीष निगम की सीओ रुदौली तथा सत्येंद्र भूषण तिवारी को सीओ प्रोटोकॉल एवम वीआइपी की जिम्मेदारी सौंपी है।

### राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन 9 मार्च को

**अयोध्या, अमृत विचार :** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वावधान में 9 मार्च को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाना है, जिसमें पारिवारिक मामलों को अधिकाधिक निस्तारण सुनिश्चित किये जाने के प्रयोजन से तथा पक्षकारों के मध्य सुलह वार्ता संपन्न कराने हेतु निम्नलिखित तिथियों पर परिवार न्यायालय प्रांगण में अपरान्ह 3 बजे प्रीट्रायल बैठक आयोजित की जानी है।

### आगजनी की रिपोर्ट दर्ज

**बीकापुर, अयोध्या। अमृत विचार :** कोतवाली क्षेत्र के शेरपुर पारा बाजार में प्रयागराज हाईवे के किनारे स्थित कपड़े की दुकान एवं गोदाम में आग के मामले में पीड़ित की तहरीर पर कोतवाली पुलिस ने एक आरोपी के विरुद्ध आगजनी करने की धारा में रिपोर्ट दर्ज किया है। कोतवाली क्षेत्र के मरूई सहाय सिंह गांव के रहने वाले पीड़ित दुकानदार पंकज कुमार द्वारा तहरीर दी गई थी। प्रभारी निरीक्षक लालचंद सरोज ने बताया कि पीड़ित की तहरीर पर एक आरोपी के विरुद्ध आगजनी करने की धारा में रिपोर्ट दर्ज करके अन्य विधिक कार्यवाही की जा रही है।

# राम मंदिर : शिखर समेत सप्त मंडप का शुरू होगा निर्माण

## मंदिर निर्माण समिति की बैठक में कार्य शुरू करने पर हुआ मंथन

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** मंदिर के गर्भगृह में रामलला के प्रतिष्ठित होने के बाद अब निर्माणाधीन मंदिर के शेष कार्यों को पूरा करने के लक्ष्य पर मंथन शुरू हो गया है। इसी को लेकर मंदिर निर्माण समिति की दो दिवसीय बैठक के पहले दिन शनिवार को मंदिर के शिखर समेत सप्त मंडप के निर्माण पर विस्तार से चर्चा हुई। निर्माण के दौरान श्रद्धालुओं को रामलला के दर्शन में परेशानी न हो, इस पर भी विचार-विमर्श हुआ। बैठक के बाद मंदिर निर्माण समिति के अध्यक्ष नृपेंद्र मिश्र ने जन्मभूमि पथ का निरीक्षण कर व्यवस्थाएं देखीं।

श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के सदस्य डॉ. अनिल मिश्र ने बताया कि निर्माण समिति के अध्यक्ष नृपेंद्र मिश्र की अध्यक्षता में हुई पहले दिन की बैठक में निर्माण कार्यों के बीच दर्शन को निर्बाध रूप से चलता रहे, इसकी कार्ययोजना तय की गई है। उन्होंने बताया कि राममंदिर के परकोटे का निर्माण भी जल्द शुरू हो जाएगा। मंदिर में 795 मीटर लंबे परकोटे का निर्माण कार्य चल रहा है। परिसर में ही सप्त मंडप भी बनाए जाने हैं, जिसमें महर्षि वाल्मीकि, महर्षि वशिष्ठ, महर्षि विश्वामित्र, महर्षि अगस्त्य, निषाद राज, माता शबरी व माता अहिल्या के मंदिर बनाए जाएंगे। उन्होंने बताया कि बैठक में सप्त मंडप के साथ शिखर के निर्माण को शुरू करने पर चर्चा हुई। बैठक में श्रीरामजन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय, मंदिर निर्माण प्रभारी गोपाल राव, राममंदिर के आर्किटेक्ट आशीष सोमपुरा समेत कार्यदायी संस्था के इंजीनियर मौजूद रहे।

राम मंदिर के रुके निर्माण कार्य शुरू करने के लिए लगाए गए टावर क्रेन।

बैठक के बाद जन्मभूमि पथ का निरीक्षण करते मंदिर निर्माण समिति के अध्यक्ष नृपेंद्र मिश्र।

### यात्री सुविधा केंद्र के शेष कार्यों को रामनवमी तक पूरा करने का लक्ष्य

ट्रस्ट के सदस्य डॉ. अनिल मिश्र ने बताया कि बैठक में निर्माण कार्यों के साथ-साथ परिसर में साफ-सफाई समेत अन्य सुविधाओं को व्यवस्थित करने को लेकर विशेष जोर दिया गया है। उन्होंने बताया कि परिसर की सभी सड़कों का निर्माण, प्रकाश व्यवस्था, सुरक्षा उपकरण लगाने के काम, तीर्थ यात्री सुविधा केंद्र का शेष काम रामनवमी से पहले पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है। साथ ही परिसर की साफ-सफाई के लिए एक कंपनी को ठेका दिया गया है। कंपनी के 50 कर्मचारी रोजाना सफाई कार्य करते हैं।

### दिसंबर तक पूर्ण हो जाएगा राम मंदिर : नृपेंद्र मिश्र

निर्माण समिति के अध्यक्ष नृपेंद्र मिश्र ने बताया कि प्राण-प्रतिष्ठा महोत्सव के बाद अब फिर से मंदिर में निर्माण कार्य शुरू हो रहा है। मुख्य रूप से परकोटा का कार्य है, जो 795 मीटर के परिक्रमा की दीवार है उस कार्य को पूरा किया जाएगा। उन्होंने बताया कि मंदिर के लोअर प्लिंथ पर आइकोनोग्राफी का कार्य भी होगा। उन्होंने बताया कि राम मंदिर जल्द पूरा करने को लेकर मंथन किया जा रहा है। जल्दी ही कार्य को प्रारंभ कर दिया जाएगा, ताकि दिसंबर 2025 तक मंदिर पूरी तरह तैयार हो जाये।

### मंदिर के पास लगाया गया टावर क्रेन, पत्थर भी आने शुरू

मंदिर निर्माण के लिए एक बार फिर दो टावर क्रेन को तैयार कर दिया गया है। इसके अलावा निर्माण के लिए राजस्थान से पत्थरों के आने का क्रम भी शुरू हो गया है। टावर लगने और पत्थरों के आने के बाद अब जल्द ही वर्कर कार्य प्रारंभ करेंगे।

# किचन गार्डन में उगाई हुई सब्जियों में होते हैं सबसे अधिक पोषण तत्व

**सीतापुर, अमृत विचार।** क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालय ईरापुर में विद्यालय की किचन गार्डन का शुभारंभ खंड शिक्षा अधिकारी शाहीन अंसारी ने करते हुए शिक्षकों के इस अनुकरणीय प्रयास की प्रशंसा की और कहा कि सभी शिक्षक विभागीय निर्देशों के अनुसार अपने-अपने विद्यालयों में खाली पड़ी भूमि पर किचन गार्डन की स्थापना कर उस में उगने वाली सब्जियां मध्यान्ह भोजन के प्रयोग में लाएं। जिससे छात्रों को गुणवत्तापूर्ण पौष्टिक आहार मिलेगा और विधालय का परिवेश भी सुन्दर होगा। उन्होंने कहा कि अपने किचन गार्डन में उगाई हुई सब्जियों में पोषण तत्व अधिक होते हैं। विद्यालय के शिक्षक सरोज कुमार वर्मा ने बताया कि किचेन गार्डन से ताजा मौसमी सब्जियां और साग तो मिलता ही है इस से विद्यालय में हरियाली और सुन्दरता भी बढ़ती है। खण्डशिक्षा अधिकारी शाहीन अंसारी ने किचन गार्डन का भ्रमण कर गोभी, पालक, धनिया आलू, टमाटर आदि की क्यारियों का अवलोकन कर विधालय के प्रयासों की सराहना की। इस मौके पर शिक्षक अनवर अली, जुबेर वारिस, रामचन्द्र वर्मा, इन्दु देवी, राजीव कुमार, रामावती वर्मा आदि रहीं।

किचन गार्डन में उगाई सब्जियां दिखाते अध्यापक व मौजूद बीईओ शाहीन अंसारी।


## कार्यालय ग्राम पंचायत जगदीशपुर - कसमंडा, सीतापुर

पत्रांकः मेमो/सचिव/पंचम राज्य वित्त / पन्द्रहवां वित्त आयोग / मनरेगा/निविदा आ. / 2023–2024 दिनांक 03/02/2024

निविदा आमंत्रण सूचना – अल्पकालीन

कार्यालय ग्राम पंचायत जगदीशपुर विकासखंड कसमंडा पंजीकृत ठेकेदारों एवं फर्मों को सूचित किया जाता है कि निम्नलिखित निर्माण कार्य की अल्पकालिक मोहरबंद निविदाएं समस्त पंजीकृत ठेकेदारों व फर्मो से दिनांक 10/02/2024 को अपरान्ह 4:00 बजे तक पंजीकृत ठेकेदारों व फर्मों के सक्षम अधिकारी द्वारा खोली जाएगी। किसी भी टेंडर को निरस्त करने का अधिकार सक्षम अधिकारी में निहित होगा। निविदा प्रपत्र किसी भी कार्य दिवस में दिनांक 04/02/2024 से दिनांक 10/02/2024 तक कार्यालय ग्राम पंचायत जगदीशपुर से प्राप्त किए जा सकते हैं। प्रत्येक निविदा के साथ दो प्रतिशत की जमानत धनराशि एनएससी/एएफडीआर के रूप में संलग्न करना अनिवार्य होगा। जो कार्यालय ग्राम पंचायत जगदीशपुर के नाम बंधक होगा। अन्य शर्तों आदि की जानकारी किसी भी कार्य दिवस में प्राप्त की जा सकती है। ठेकेदारों व फर्मों द्वारा निविदा प्रपत्र पर अंकित की गई धनराशि अंकों एवं शब्दों में लिखना अनिवार्य होगा।

| क्र0 सं0 | कार्य का नाम | प्राक्कलित लागत | प्राक्कलन के अनुसार सामग्री जिसकी आपूर्ति होनी है | सामग्री की लागत | निविदा प्रपत्र का मूल्य |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | जगदीश वाजपेयी के घर से तालाब तक नाली निर्माण कार्य | 159927.00 | रोड़ा= 5.62 धन मी0<br>सीमेंट = 2.95 टन<br>बालू = 2.81 घन मी0<br>मोरंग – 6.42 धन मी0<br>ईट = 733 1 No- | 121818.00 | 200.00 |

जिस निविदादाता का टेंडर सबसे कम दर का होगा उसे टेंडर स्वीकृति दर के आधार पर आगणित सामग्री की कुल लागत का दो प्रतिशत जमानत धरोहर की धनराशि एनएससी/एफडीआर जो ग्राम पंचायत जगदीशपुर के पक्ष में बंधक होगा जमा करने पर सामग्री की आपूर्ति का आदेश दिया जाएगा।

**प्रधान**
ग्राम पंचायत जगदीशपुर,
कसमण्डा – सीतापुर

**सचिव**
ग्राम पंचायत जगदीशपुर,
कसमण्डा – सीतापुर



## कार्यालय ग्राम पंचायत न्यौराजपुर - कसमंडा, सीतापुर

पत्रांकः मेमो/सचिव/पंचम राज्य वित्त / पन्द्रहवां वित्त आयोग / मनरेगा/निविदा आ. / 2023–2024 दिनांक 03/02/2024

निविदा आमंत्रण सूचना – अल्पकालीन

कार्यालय **ग्राम पंचायत न्यौराजपुर** विकासखंड कसमंडा पंजीकृत ठेकेदारों एवं फर्मों को सूचित किया जाता है कि निम्नलिखित निर्माण कार्य की अल्पकालिक मोहरबंद निविदाएं समस्त पंजीकृत ठेकेदारों व फर्मो से दिनांक 10/02/2024 को अपरान्ह 4:00 बजे तक पंजीकृत ठेकेदारों व फर्मों के सक्षम अधिकारी द्वारा खोली जाएगी। किसी भी टेंडर को निरस्त करने का अधिकार सक्षम अधिकारी में निहित होगा। निविदा प्रपत्र किसी भी कार्य दिवस में दिनांक 04/02/2024 से दिनांक 10/02/2024 तक कार्यालय **ग्राम पंचायत न्यौराजपुर** से प्राप्त किए जा सकते हैं। प्रत्येक निविदा के साथ दो प्रतिशत की जमानत धनराशि एनएससी/एएफडीआर के रूप में संलग्न करना अनिवार्य होगा। जो कार्यालय **ग्राम पंचायत न्यौराजपुर** के नाम बंधक होगा। अन्य शर्तों आदि की जानकारी किसी भी कार्य दिवस में प्राप्त की जा सकती है। ठेकेदारों व फर्मों द्वारा निविदा प्रपत्र पर अंकित की गई धनराशि अंकों एवं शब्दों में लिखना अनिवार्य होगा।

| क्र0 सं0 | कार्य का नाम | प्राक्कलित लागत | प्राक्कलन के अनुसार सामग्री जिसकी आपूर्ति होनी है | सामग्री की लागत | निविदा प्रपत्र का मूल्य |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | अरूण मिश्रा के मकान से राजेश पासी के कुंआ तक इंटरलांकिग निमार्ण कार्य | 419099.00 (चार लाख उन्नीस हजार नियांनवे सौ) | रोड़ा= 22.62 धन मी0<br>सीमेंट = 4.93 टन<br>बालू = 11.31 घन मी0<br>मोरंग – 6.56 धन मी0<br>ईट = 8887 संख्या,<br>इटरलांकिग ब्रिक 217 वर्ग मी0 | 121818.00 | 200.00 |

जिस निविदादाता का टेंडर सबसे कम दर का होगा उसे टेंडर स्वीकृति दर के आधार पर आगणित सामग्री की कुल लागत का दो प्रतिशत जमानत धरोहर की धनराशि एनएससी/एफडीआर जो **ग्राम पंचायत न्यौराजपुर** के पक्ष में बंधक होगा जमा करने पर सामग्री की आपूर्ति का आदेश दिया जाएगा।

**प्रधान**
ग्राम पंचायत न्यौराजपुर
कसमण्डा – सीतापुर

**सचिव**
ग्राम पंचायत न्यौराजपुर
कसमण्डा – सीतापुर


# गांव चलो अभियान की योजना बताई

**कमलापुर, सीतापुर।** कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा महिला मोर्चा के जिला अध्यक्ष कंचन प्रभा पांडेय ने विस्तारपूर्वक गांव चलो अभियान की योजना कार्यकर्ताओं को बताईं। कार्यक्रम में मंडल अध्यक्ष अमर बाजपेई, आशा शर्मा, राजेंद्र पांडेय, अनिल मिश्रा, भूपेंद्र प्रताप सिंह सिब्बू, नागेन्द्र सिंह, लालता सिंह, मनोज दीक्षित लक्ष्मीकांत अवस्थी, अरविंद तिवारी, सुनीता पाल, सत्रोहन यादव, अरविंद पांडे, अमर सिंह, निर्मल राजवंशी सहित सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# बीमारियों का अंत करता है योगः सांसद

झरेखापुर, सीतापुर

**अमृत विचार।** हरगांव विधानसभा के झरेखापुर मंडल के विद्यादीप स्कूल झरेखापुर तथा हरगांव मंडल के गया सिंह सुमित्रा सिंह महाविद्यालय कल्यानपुर में धौरहरा सांसद व राष्ट्रीय उपाध्यक्ष रेखा वर्मा ने मंडल के सभी बूथ अध्यक्षों एवं मंडल पदाधिकारियों को योगा किट का वितरण किया। कार्यकर्ताओं को सम्बोधित करते हुये उन्होंने कहा कि योग सभी को निरोग करता है योग सभी बीमारियों का अंत करता है, इसलिए सभी को दैनिक रूप से योग करना चाहिए। सांसद ने केन्द्र सरकार व राज्य सरकार की जनकल्याण कारी योजनाओं के बारे मे जनता को बताया। पूर्व मण्डल अध्यक्ष ने सभी कार्यकर्ताओ को योगाभ्यास कराया। इस मौके पर मंडल अध्यक्ष रोहित मिश्र, मंडल उपाध्यक्ष कौशलेंद्र सिंह, पूर्व मंडल अध्यक्ष ब्रजेंद्र सिंह, युवा भाजपा नेता कपिल सिंह, अनूप रस्तोगी, सुनील त्रिपाठी, वीरेंद्र मिश्रा, बाटू सिंह, दिनेश मिश्र, भाजपा नेता मनोज त्रिवेदी, समस्त मंडल पदाधिकारी और भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

योगा किट का वितरण करतीं धौरहरा सांसद रेखा वर्मा। अमृत विचार

# खराब जींस बेचने पर कोर्ट ने क्षतिपूर्ति का दिया आदेश

**सीतापुर, अमृत विचार।** शहर सीतापुर के एक कपड़ा व्यापारी व कम्पनी द्वारा ग्राहक को खराब कपड़ा विक्रय करने के एवज में क्षतिपूर्ति जुर्माना की सजा हुई। न्यायालय उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग सीतापुर अध्यक्ष व सदस्य ने क्षतिपूर्ति को दो माह के भीतर भरने के आदेश पारित किये। न्यायालय द्वारा आशुतोष बाजपेई पुत्र सतीश चन्द्र बाजपेई निवासी मो. विजय लक्ष्मीनगर द्वारा इस आशय कि प्रस्तुत वाद में कहा गया कि 16 जनवरी 2022 को विपक्षी सुमित अग्रवाल के संस्कार रेडीमेड स्टोर से दो जीन्स क्रय की गयी थी, जो कि दो माह के भीतर ही खराब हो गईं। इस प्रकार खराब जीन्स दिये जाने पर वादी ने विपक्षी से कपड़ा वापस लौटाये जाने की मांग की, लेकिन ऐसा न होने पर एक वाद न्यायालय उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग, सीतापुर के समक्ष कपड़ा व्यापारी व कम्पनी के विरूद्ध प्रेषित किया।

# बिट्टा ने की काशी-मथुरा के उद्धार और मोदी के दीघार्यु की कामना

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचारः** ऑल इंडिया एंटी टेररिस्ट फ्रंट के अध्यक्ष एमएस बिट्टा ने कहा कि अब तक रामलला से जो भी मांगा, वह पूरा हुआ। उन्होंने रामलला और हनुमान जी से कामना की है कि राम मंदिर की तरह जल्द ही काशी और मथुरा का उद्धार हो तथा प्रधानमंत्री मोदी को लंबी उम्र मिले जिससे वह राष्ट्र और धर्म तथा जवान और किसान की सेवा कर सकें।वह शनिवार को शहर के एक होटल में पत्रकारों से वार्ता कर रहे थे। उन्होंने कहा कि कांग्रेस शासन काल में जब रामसेतु को तोड़ने की कोशिश हुई थी तो वह अपनी जान देने के लिए अड़ गए थे। राम मंदिर मामले में भी कुबार्नी देने की बात कही थी।

**हिंदू भाइयों के हवाले कर दें मथुरा-काशी :** उन्होंने कहा कि देश के मुसलमान ने राम मंदिर मामले में संयम और धर्मनिरपेक्षता का परिचय दिया। इसी तरह उनका राष्ट्रपति के पास जाना चाहिए और काशी मथुरा हिंदू भाइयों के हवाले कर देना चाहिए। साथ ही प्राण प्रतिष्ठा में सिख समाज की पर्याप्त भागीदारी न होने पर अफसोस जताया,कहा कि हरमिंदर साहब में सभी वर्गों के लोग जाते है, फिर राम मंदिर से सिख समाज को नफरत क्यों ? राम सबके हैं और सबके रहेंगे।


### सूचना

सर्वसाधारण को सूचित करना है कि मै रामू पुत्र ब्रजलाल निवासी ग्राम हरिगवा मजरा कोईली पोस्ट पीपरगाँव ब्लाक भरावन परगना गोड़वा तहसील सण्डीला जिला हरदोई का हूँ। मेरे दो पुत्र व एक पुत्री है मेरा बड़ा पुत्र विवेक कुमार आयु 23 वर्ष के व्यवहार व चाल चलन से काफी परेशान हूं आये-दिन परिवार को परेशान करता रहता है अपने बड़े बेटे विवेक कुमार के व्यवहार से तंग आकर अपनी समस्त चल –अचल संपत्ति से बेदखल कर रहा हू उसके द्वारा किए गए कृत्यो से मुझसे व मेरे परिवार से कोई वास्ता व सरोकार नहीं होगा वह स्वयं जिम्मेदार होगा। – रामू पुत्र ब्रजलाल निवासी ग्राम हरिगवॉ मजरा कोईली पोस्ट पीपरगाँव ब्लॉक भरावन परगना गोड़वा तहसील सण्डीला जिला हरदोई



### आवश्यकता है

महावीर प्रसाद मायावती महाविद्यालय
दौलतयारपुर माधौगंज हरदोई
मे **प्राचार्य 01 पद**
योग्यता व वेतन यूजीसी के मानक के अनुसार।
आवेदन :-
mpm1297@gmail.com,
9450141141 पर भेजे।
प्रबन्धक :- अनूप कुमार सिंह


# रामपथ : दुकानों पर नहीं लगेंगे प्रचार बोर्ड

**अयोध्या कार्यालयः** रामपथ पर स्थित दुकानों पर मनमाने ढंग से अब प्रचार बोर्ड नहीं लग सकते हैं। इसे लेकर अयोध्या विकास प्राधिकरण ने कवायद शुरू कर दी है।

शहर के सिविल लाइन स्थित दुकानों से शनिवार को प्रचार वाला प्राइवेट बोर्ड भी हटवाया गया है। प्राधिकरण ने शहर में एकरुपता लाने के लिए अपना फसाड बोर्ड हर जगह लगवाया है। रामपथ के दोनों ओर बनी दुकानों के लिए डिजाइन कोड जारी किया जा चुका है। सचिव सत्येंद्र सिंह की ओर से जारी सूचना के अनुसार राम पथ के लिए फसाड डिजाइन किया गया है। इसी तरह से विभिन्न प्रकार के बोर्ड भी फसाड की तरह किए गए हैं। बताया कि शिकायत मिली थी कि दुकानों पर प्रचार के व्यक्तिगत बोर्ड लगाए गए हैं जो फसाड बोर्ड को ढंक रहे हैं।


## कार्यालय आदर्श नगर पंचायत हरगाँव (सीतापुर)

स्वच्छ हरगांव — सुन्दर हरगाँव

स्वच्छता ऐप डाउनलोड कीजिए (SWATCHCHAMAHUA)

स्वच्छ भारत — एक कदम स्वच्छता की ओर

**26 जनवरी 2024 के राष्ट्रीय पर्व पर नगर पंचायत हरगाँव के समस्त नागरिकों को गणतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएँ व बधाई।**

नगर पंचायत हरगाँव अपने नागरिकों से निम्न अपील करती है :-
1. नगर को स्वच्छ व सुन्दर बनाने में सहयोग करें।
2. नगर पंचायत के समस्त करों को समय से अदा करें।
3. अपना कूड़ा डस्टबिन में रखें एवं नगर पंचायत के डोर-टू-डोर कूड़ा लेने वाले कर्मचारी को अपना कूड़ा (गीला-सूखा) अलग-अलग दें।
4. दुकानदार/ग्राहक कपड़े के कैरीबैग का प्रयोग करें। सिंगल यूज प्लास्टिक का प्रयोग न करें, यह स्वास्थ्य के लिए हानिकारक है।
5. विवाह समारोह एवं अन्य समारोह से उत्पन्न होने वाला कूड़ा नगर पंचायत को दें। इधर-उधर न फेंके।
6. अपने पशुओं को खुला न छोड़े तथा रास्ते में पशुओं को न बांधे।
7. पानी का प्रयोग करने के बाद टोंटी बन्द कर दें, पानी बर्बाद न करें।
8. अधिक से अधिक वृक्ष लगाएं, वर्षा जल का संरक्षण करें।
9. नगर पंचायत हरगाँव में पीप्रतिबंधित सिंगल यूज प्लास्टिक का प्रयोग कतई न करें और न ही दूसरों को करने दें। सिंगल सूज प्लास्टिक पर्यावरण के लिए हानिकारक है। सिंगल यूज प्लास्टिक का प्रयोग करने व विक्रय करते पाए जाने पर आपके विरुद्ध रू0 1000/- से 25000/- तक का जुर्माना हो सकता है।
10. नगर पंचायत हरगाँव को नम्बर वन निकाय बनाने के लिए सालिड वेस्ट मैनेजमेंट 2016 कान्सट्रक्शन व डिमोलिशन वेस्ट गाइड लाइन प्लास्टिक रोकथाम नियम व स्वच्छ सर्वेक्षण 2024 में निर्धारित अन्य नियमों को अंगीकृत व लागू करताें
11. किसी भी समस्या के लिए टोल फ्री नम्बर 1533 एवं नगर पंचायत के नम्बर 058622598205 पर सम्पर्क कर अपनी समस्या का निराकरण करायें।

-: सभासदगण :-
श्रीमती उमा सिंह, श्री सुएव खाँ, श्रीमती गुड्डी देवी, श्रीमती राजेश्वरी देवी, श्री अशोक मिश्रा, श्री ;षभ गुप्ता, श्री उमेश जायसवाल, श्रीमती मलका गोसिया, श्रीमती बिन्देश्वरी मिश्रा, श्री मोह्रसलीम, श्रीमती रूबीना खातून, श्री हारून कुरैसी, श्री परवेज आलम, श्री प्रताप जोशी

अधिशासी अधिकारी
नगर पंचायत हरगाँव
सीतापुर

**समस्त कर्मचारी,**
**नगर पंचायत हरगाँव**

अध्यक्ष
नगर पंचायत हरगाँव
सीतापुर



## मुफ्त स्वास्थ्य मेला

**वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एवं रोहिलखण्ड अस्पताल**
N.H.-24 बंथरा, जिला शाहजहाँपुर द्वारा

**4 फरवरी 2024, रविवार**
समय : प्रातः 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक

कैम्प स्थान
**श्री हर्ष पाण्डेय आदर्श इण्टर कॉलेज**
शाहबाद, हरदोई

**में विशेषज्ञ डॉक्टरों द्वारा निम्न रोगों का कैम्प में मुफ्त इलाज किया जायेगा।**

सामान्य रोग, हृदय रोग, सर्जरी (शल्य) रोग, नेत्र रोग, हड्डी रोग, नाक, कान एवं गला रोग, छाती एवं श्वास रोग, स्त्री एवं प्रसूति रोग, बाल रोग, चर्म रोग, मानसिक रोग तथा कैंसर रोग आदि।

**कैम्प में आये मरीजों के लिये उपलब्ध निःशुल्क सुविधायें**
• पंजीकरण मुफ्त • परामर्श मुफ्त • दिल की जाँच (ECG) मुफ्त
• ब्लड शुगर की जाँच मुफ्त • ब्लड प्रेशर की जाँच मुफ्त

**कैम्प के द्वारा अस्पताल आने पर मरीजों के लिए मुफ्त सुविधायें**
- खून की जाँच C.B.C. (T.L.C., D.L.C., E.S.R., Hemoglobin, Platelets)
- लीवर की जाँच L.F.T. (Serum Bilirubin, SGOT, SGPT, S.Alkaline Phosphatase)
- गुर्दे की जाँच K.F.T. (Serum Urea, Serum Creatinine)
- हृदय की जाँच E.C.G. द्वारा। • डायबिटीज की जाँच (Blood Sugar Random)
- भर्ती एवं पलंग मुफ्त। • ऑपरेशन मुफ्त। (ऑपरेशन थियेटर एवं दवाईयों का खर्च अतिरिक्त)
- मोतियाबिन्द के मरीजों की भर्ती, ऑपरेशन, लैन्स, सामान्य दवाईयाँ व खाना मुफ्त।
- बच्चों एवं माताओं के लिए मुफ्त टीकाकरण की सुविधा उपलब्ध।

**दूरबीन विधि द्वारा सभी प्रकार के ऑपरेशन की सुविधा उपलब्ध है।**

**परिवार स्वास्थ्य कार्ड की सुविधा मात्र 200 रुपये में 1 वर्ष के लिये उपलब्ध है।**

अन्य सुविधायें:
1. रोहिलखण्ड क्षेत्र के वरिष्ठ कैंसर सर्जन डॉ. अर्जुन अग्रवाल द्वारा सभी प्रकार के कैंसर की जाँच, परामर्श एवं इलाज की सुविधा उपलब्ध।
2. अस्पताल में प्रसव कराने पर जननी को 1000/- रुपये की सहायता राशि एवं प्रसव को लाने पर 700/- रुपये की प्रोत्साहन राशि प्रदान की जाती है।
3. ब्लड बैंक, आई.सी.यू. व वेंटीलेटर की सुविधा 24 घंटे सस्ते दरों पर उपलब्ध है।
4. मरीजों का अल्ट्रासाउण्ड मात्र 400 रुपये, एक्सरे मात्र 150 रुपये, ई.सी.जी. मात्र 50 रुपये।
5. सी.टी. स्कैन, एम.आर.आई, मैमोग्राफी व डायलिसिस की सुविधा सस्ते दरों पर उपलब्ध।

**आयुष्मान भारत योजना के अन्तर्गत कार्ड धारकों के लिए भर्ती होने पर निःशुल्क इलाज की सुविधा।**
**पं. दीन दयाल उपाध्याय राज्य कर्मचारी कैशलेस चिकित्सा योजना के अन्तर्गत मुफ्त इलाज की सुविधा।**

**सौजन्य से : श्री हर्ष पाण्डेय जी, राजकुमार यादव, अनुज मिश्रा, शाहबाद, हरदोई**

अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें- Mob. 7521001988, 7521001989

# भादर में रोजगार मेले में 124 युवाओं को मिला रोजगार

अमेठी

**अमृत विचार।** कौशल विकास मिशन के जिला समन्वयक, प्रधानाचार्य ने बताया कि उ.प्र. कौशल विकास मिशन, राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान एवं जिला सेवायोजन कार्यालय के संयुक्त तत्वाधान में विकासखण्ड भादर के अन्तर्गत शनिवार को भादर विकास खण्ड स्तरीय रोजगार मेले का आयोजन किया गया। उन्होंने बताया कि मुख्य अतिथि के रूप में ब्लॉक प्रमुख प्रवीण कुमार सिंह उर्फ पप्पू सिंह के द्वारा आयोजित रोजगार मेला कार्यक्रम का शुभारम्भ किया गया, तत्पश्चात मुख्य अतिथि द्वारा युवाओं को रोजगार मेले में प्रतिभाग करने हेतु जागरूक किया गया तथा प्लेसमेंट अधिकारी अजय कुमार सिंह द्वारा कार्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत करते हुए बताया गया कि शासन की मंशा के अनुरूप प्रत्येक बेरोजगारों को रोजगार उनके द्वार पर मिले, इस कड़ी में 6 प्लेसमेंट कम्पनी ग्रीन कॉल, वोन इंडिया सर्विस प्राइवेट लिमिटेड, एसआईएस सिक्योरिटी, ऊषा सिलाई मशीन, पुखराज हेल्थ केयर आदि के द्वारा प्रतिभाग किया गया। जिसमें 246 अभ्यार्थियों द्वारा प्रतिभाग किया गया एवं 124 अभ्यार्थियों को रोजगार दिया गया। उन्होंने बताया कि मुख्य अतिथि द्वारा प्रतीक स्वरूप 10 रोजगार प्राप्त अभ्यार्थियों को नियुक्ति पत्र वितरित किया गया। इस दौरान कार्यक्रम में जिला समन्वयक आर.के. अग्निहोत्री, प्लेसमेंट सेल अधिकारी अजय कुमार सिंह, जिला प्रबन्धक मृत्युंजय तिवारी, संदीप कुमार सिंह व विवेक द्विवेदी सहित समस्त कर्मचारी उपस्थित रहे।

रोजगार मेले में नियुक्त पत्र देते कंपनी के पदाधिकारी। अमृत विचार

## स्वच्छता अभियान के वाहन को बीडीओ ने हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

**जायस, अमेठी।** केन्द्र सरकार व प्रदेश सरकार की जन-जागरूकता स्वच्छ भारत के वाहन को हरी झंडी दिखाकर बीडीओ ने रवाना किया। विकास खण्ड बहादुरपुर में शुक्रवार को खंड विकास अधिकारी विजयंत कुमार सिंह व एडीओ पंचायत अनिल कुमार सिंह ने एक्शन फार रुरल डेवलपमेंट की ओर से स्वच्छता अभियान के वाहन को रवाना किया। उन्होंने कहा कि इन वाहनों के द्वारा क्षेत्र में जाकर लोगों को स्वचच्छता के बारे में जानकारी दी जाएगी। उन्होंने लोगों से अपील किया कि सभी लोग अपने आस पास गंदगी न होने दें। स्वच्छ जल का प्रयोग करें जिससे हमारा जीवन स्वस्थ रहें। कार्यक्रम में एक्शन फार रुरल डेवलपमेंट कम्पनी के जिला सह संयोजक महेश गुप्ता व दशरथ शर्मा ने लोगों को स्वच्छता के बारे में जानकारी दिया। इस मौके पर आकाश, सलोनी, राजू पांडे सहित तमाम लोग मौजूद रहे। भादर संवाद। स्वच्छ भारत मिशन फेज -2 के अंतर्गत एक्शन फ़ॉर रूलर डेवलपमेंट नोयडा की टीम को नुक्कड़ नाटक, स्वछता मेला, आदि के माध्यम से जनजागरूकता हेतु प्रत्येक गांव में टीमो को बीडीओ दुर्गावती तथा एडीओ पंचायत गुलाबचन्द के गरिमामयी उपस्थिति में टीमो को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया।

वाहन को झंडी दिखाकर रवाना करते बीडीओ व मौजूद अन्य।

## एक नजर

### चोरी से पेड़ काटकर बेच डाला

**भादर, अमेठी।** रतापुर गांव में खाते की जमीन पर लगे पेड़ को गांव के कुछ लोग दबंगई से काटकर उठा ले गए। शिकायत करने पर पेड़ काटने का आरोपी और ठेकेदार दोनों पुलिस पर भारी हैं और थाने नहीं आ रहे हैं। रतापुर में संजीव कुमार आदि की बैनामे की जमीन है। चार लोग उस पर काबिज है। दो दिन पहले गांव के ही बलराम यादव ने ठेकेदार सुहेल को बुलाकर सारे पेड़ कटवा लिए। शिकायत करने पर रामगंज थाने के एक सिपाही ने उन्हें थाने बुलाया। दोनों थाने नहीं आए। सिपाही रोहित यादव ने बताया कि बलराम ने चोरी से पेड़ कटवाए हैं। उसे कई बार फोन किया गया। दोनों थाने नहीं आ रहे हैं। ग्रामीणों ने बताया कि बलराम यादव गांव में ही डींगरपुर चौराहे पर प्राइवेट प्रैक्टिस करते हैं। उन्होंने कई अन्य लोगों को भी परेशान कर रखा है।

### दलित के साथ दुष्कर्म का फरार आरोपी पुलिस के हत्थे चढ़ा

**शुकुल बाजार, अमेठी।** थाना शुकुल बाजार पुलिस ने दुष्कर्म व पाक्सो एक्ट में वांछित एक युवक को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर स्थानीय पुलिस द्वारा क्षेत्र में अपराध एवं अपराधियों के धर पकड़ हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में शनिवार को उप निरीक्षक रामकरन प्रसाद मय हमराह द्वारा तलाश वांछित, देखभाल क्षेत्र व चेकिंग संदिग्ध व्यक्ति, वस्तु, वाहन के दौरान मुखबिर की सूचना पर पाक्सो एक्ट व एससीएसटी एक्ट में वांछित अभियुक्त रामेश्वर पुत्र राम कुमार (26) निवासी पूरे थानी मजरे रस्तामऊ थाना शुकुल बाजार को कस्बा जैनबगंज, किसनी मोड़ के पास से गिरफ्तार किया गया है। इस सम्बंध में थानाध्यक्ष अवनीश कुमार चौहान ने बताया कि पुलिस टीम द्वारा गिरफ्तार युवक को जेल भेज दिया गया है।

### श्री हनुमान इंटर कॉलेज में गायत्री परिवार की व्यक्तित्व परिष्कार कार्यशाला

**अमेठी।** शनिवार को गायत्री परिवार अमेठी द्वारा व्यक्तित्व परिष्कार कार्यशाला एवं प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन श्री हनुमान इंटर कॉलेज कमला नगर किटियांवा गौरीगंज में किया गया। भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा के संयोजक राधेश्याम तिवारी की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम की शुरुआत प्रबंधक राम अवतार कश्यप, रामशंकर पाठक, ज़िला समन्वयक डॉ. त्रिवेणी सिंह, जिला युवा समन्वयक डॉ. दीपक सिंह, ब्लॉक समन्वयक राम यश शास्त्री के द्वारा दीप प्रज्ज्वलन एवं पुष्पार्चन के साथ किया गया। राधेश्याम तिवारी ने व्यक्तित्व परिष्कार की आवश्यकता के बारे में बात करते हुए विद्यार्थियों की दिनचर्या कैसी होनी चाहिए इस बारे में विस्तार से चर्चा की। प्रातः काल उठने से लेकर रात्रि को शयन तक दिनचर्या कैसी होनी चाहिए, समय का सदुपयोग कैसे किया जाना चाहिए।

# मकानों व बहुमंजिला वालों को मिला आवास, पात्रों का टूटा विश्वास

## राजस्व कर्मियों की मिलीभगत से निकायों ने तैयार की है नियम विरुद्ध सूची

## पहले डूडा फिर राजस्व, निकाय और डूडा की संयुक्त टीम करती है लाभार्थियों का सत्यापन

लक्ष्मण प्रसाद वर्मा

**लाभार्थियों के बनकर तैयार हो चुके हैं आवास**

| | | | |
|---|---|---|---|
| 2268 | गौरीगंज में | 121 | मुसाफिरखाना |
| 1854 | जायस में | 721 | अमेठी में |

**अमेठी।** जायस नगर पालिका के वार्ड नं. 7 मौलवी खुर्द में पक्का मकान, बहुमंजिला इमारत, ट्रक, ट्रैकर, पिकअप वालों को प्रधानमंत्री आवासीय योजना का दिया गया है। जबकि झुग्गी झोपड़ी में रहने वाले पात्र सूची में शामिल होने के लिए चक्कर काट रहे है। पालिका द्वारा भेजी गई सूची के बाद डूडा विभाग ने राजस्व कर्मियों के साथ पात्र लोगों का सत्यापन करते समय जमकर खेल खेला गया।

अमेठी की चारों निकायों में प्रधानमंत्री आवासीय योजना के तहत लाभार्थियों को आवासीय योजना के लाभ से लाभान्वित किया गया है। चारों निकायों में अब तक 4967 आवास पूर्ण हो चुके है, जबकि दूसरी व अंतिम क़िस्त न मिलने से सैकड़ों की संख्या में आवास निर्माणाधीन है। जायस नगर पालिका के वार्ड नं. 7 मोहल्ला मोलवीखुर्द की बात करें तो दर्जनों लाभार्थी ऐसे है जिनके पास रहने के लिए पहले से ही आलीशान भवन है। फिर भी निकाय के रहमोकरम पर उन्हें आवासीय योजना से लाभान्वित किया जा चुका है। यहां की रहने वाली बिट्टन पत्नी मो. हलीम के पास दो मंजिला मकान पहले से है, फिर भी इन्हें प्रधानमंत्री आवासीय योजना की पात्रता सूची में रखते हुए लाभान्वित कर दिया गया। इसी तरह राम अवध पुत्र छोटेलाल के पास दो मंजिला मकान के साथ करोड़ो की संपत्ति है, शबनम पत्नी मो. सलीम के पास पहले से ही पक्का मकान है, फिर भी इन लोगों को आवासीय योजना से नवाजा गया है। मनीषा पत्नी पृथ्वीराज के पास पक्का मकान है, रूपरानी पत्नी कनौजीलाल के पास ऑन रोड़ करोड़ो की प्रॉपर्टी के साथ ट्रैक्टर, बोलेरो वाहन से लैस है। सीता पत्नी जयकरन के पास भी पहले से ही पक्के मकान में रह रही है। फिर भी इन सभी को पात्रता की सूची में शामिल कर प्रधानमंत्री आवासीय योजना के लाभ से लाभान्वित किया जा चुका है। इन सभी लाभार्थियों के खाते में आनलाइन आवास के लिए किस्तों में पैसे भी भेज दिए गए है। यह तो सिर्फ एक वार्ड की कहानी है जो बानगी भर है। नगर में 25 वार्ड है, इसके हिसाब से देखा जाय तो कितने अपात्रों को लाभान्वित किया गया होगा, कल्पना करना मुश्किल है। यही हाल अमेठी के चारों निकायों में अमेठी, मुसाफिरखाना, जायस व गौरीगंज का भी है। अमेठी में 721, गौरीगंज में 2268, जायस में 1854 व मुसाफिरखाना में 121 लाभार्थियों के आवास बनकर तैयार हो चुके है। आलम यह है कि सैकड़ों लाभार्थियों को दूसरी व अंतिम क़िस्त न मिलने से उनके निर्माणाधीन आवास पड़े है। जबकि जिन्हें आवास मिलने चाहिए वह आज भी झुग्गी-झोपड़ी में निवास कर रहे हैं। क्योंकि इनके पास सत्यापन कर्ताओं को देने के लिए कुछ नहीं है। दरअसल बाबू, राजस्वकर्मी, निकाय के अधिकारी की मिलीभगत से सरकारी योजनाओं का लाभ उन्हें पहुंचाया जा रहा है।

आवास जर्जर है, किसी तरह पैरा परकौसा रखकर कड़ाके की पड़ रही ठंड में किसी तरह दिन रात गुजार रही हूं, आवास के लिए चक्कर काटते-काटते थक हार चुकीं हूं।
**अंजू वार्ड नं. 7 (जायस)**

ईंट की चहर दिवारी बनाकर उस पर पन्नी तानकर किसी तरह जीवन यापन कर रही हूं, रसूखदारों के आगे हम लोगों का आवेदन स्वीकृत ही नहीं होता है।
**निशा वार्ड न.7 (जायस)**

निकायों में आवासीय योजना का लाभ डिमांड पर दी जाती है, लाभार्थियों के पास पहले से पक्का मकान का होना, कामर्शियल वाहनों का होना यह सब लाभान्वित करने के लिए बाधाएं नहीं बन सकती है, लाभार्थी की इनकम तीन लाख रुपये से अधिक न हो तो उसे पात्रता की सूची में शामिल।
**-विनोद कुमार मिश्रा, डूडा अधिकारी**

जिसके पास पहले से पक्का मकान है उसे पीएम आवासीय योजना से लाभान्वित करना नियम विरुद्ध है, डूडा, राजस्व टीम व निकाय टीम की संयुक्त टीम के सत्यापन के बाद ही पात्र लाभार्थियों की सूची तैयार की जाती है।
**-उग्रसेन सिंह, राजस्व निरीक्षक बहादुरपुर**

कच्ची दीवार पर सरसों की पिंजी से छांव बनाकर व ऊपर पैरे का मढ़हिया रखकर छोटे-छोटे नाती पोतों के साथ रह रही हूं, रिश्वत देने के लिए पैसे नहीं है, इसलिए पात्र सूची में नाम नहीं है। **लखपता वार्ड नं. 7 (जायस)**

कच्ची दीवार पर तिरपाल रखकर परिवार के साथ जिंदगी के दिन काट रही हूं, कई बार आवास के लिए आवेदन किया, लेकिन जांच के बाद अपात्र की श्रेणी में कर दिया जाता है। **रामपति वार्ड नं. 7 (जायस)**

बांस बल्ली के सहारे मढ़हिया फिर उसके ऊपर तिरपाल तानकर नाती पोतों के साथ रह रही हूं, कई बार आवास के लिए मांग की कोई सुन ने वाला ही नहीं है, जो पैसा देता है उसे आवास मिल जाता है। **जनक लली वार्ड नं. (जायस)**

# समाधान दिवस में आई शिकायतों का करें निस्तारण : डीएम

**समाधान दिवस**

- तिलोई में जिलाधिकारी की अध्यक्षता में आयोजित हुआ संपूर्ण समाधान दिवस
- शिकायतों का समयबद्ध व गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करने के दिए निर्देश

अमेठी

**अमृत विचार।** जनसामान्य की शिकायतों के त्वरित निस्तारण के उद्देश्य से शनिवार को जनपद की चारों तहसीलों में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। जिलाधिकारी निशा अनंत की अध्यक्षता में तहसील तिलोई में संपूर्ण समाधान दिवस आयोजित हुआ।

संपूर्ण समाधान दिवस में जिलाधिकारी ने शिकायतकर्ताओं की समस्या सुनकर मौके पर अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि शिकायतें लंबित न रखी जाये, शिकायतों को गम्भीरता से लिया जाये। इसके साथ ही जिलाधिकारी ने समस्त अधिकारियों को निर्देश दिए कि संपूर्ण समाधान दिवस में समय से आकर जन समस्याएं सुनें तथा उनका निस्तारण कराना सुनिश्चित करें इसमें लापरवाही किए जाने पर संबंधित अधिकारी के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही की जाएगी। संपूर्ण समाधान दिवस के दौरान पुलिस विभाग के संबंधित शिकायतों को पुलिस अधीक्षक डा. इलामारन जी ने सुना एवं संबंधित थानाध्यक्षों को निस्तारण के निर्देश दिए। तहसील तिलोई में कुल 69 शिकायतें प्राप्त हुई जिनमें 4 शिकायतों का मौके पर निस्तारण कराया गया, तहसील मुसाफिरखाना में 25 शिकायतें प्राप्त हुई जिनमें 3का निस्तारण किया गया, तहसील गौरीगंज में 34 शिकायतें प्राप्त हुई जिसमें 3 का निस्तारण किया गया तथा तहसील अमेठी में 57 शिकायतें प्राप्त हुई जिसमें से 4 शिकायतों का निस्तारण किया गया तथा शेष शिकायतों के निस्तारण हेतु पुलिस और राजस्व की संयुक्त टीमें मौके पर भेजी गई।

जिलाधिकारी ने उत्तर प्रदेश भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड के विभिन्न योजनाओं के 9 लाभार्थियों को प्रमाण पत्र दिया, जिसमें 5 लाभार्थियों क्रमशः आरती, रामचंद्र, राजेंद्र कुमार, सीताराम व प्रेमा को मातृत्व शिशु एवं बालिका मदद योजना तथा 03 लाभार्थियों क्रमशः बृजकिशोर यादव, कृपा शंकर, शिवानी को कन्या विवाह सहायता योजना तथा एक लाभार्थी प्रेम प्रसाद को संत रविदास शिक्षा सहायता योजना के सहायता राशि प्रदान की गई है। सम्पूर्ण समाधान दिवस के दौरान मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. अंशुमान सिंह, उपजिलाधिकारी तिलोई आशीष सिंह, सीओ तिलोई सहित अन्य जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे।

तिलोई में फरियादियों की समस्या सुनते डीएम, एसपी व मौजूद अन्य। अमृत विचार

# चकबन्दी प्रक्रिया में दंश झेल रहा गांव फाइनल होने के कगार पर

मुसाफिरखाना अमेठी

तहसील क्षेत्र के गांव गाजनपुर दुवरिया में लगभग 43 वर्षों को पार कर चुकी चकबन्दी प्रक्रिया अब आखिरी पायदान पर है। चकबन्दी विभाग की माने तो लम्बे अरसे से चकबन्दी का दंश झेल रहे किसानों को जल्द ही आकार पत्र 45 का वितरण किया जायेगा। चकबन्दी अधिकारी हरिभान सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि स्थानीय तहसील का गांव गाजनपुर दुवरिया वर्ष 1980 में चकबन्दी प्रक्रिया में आया। तबसे इस गांव में चकबन्दी प्रक्रिया लगातार किन्हीं कारणों व माननीय उच्च न्यायालय में लम्बित वादो के चलते चकबन्दी प्रक्रिया पूरी नहीं हो पायी थी। किन्तु शासन की मंशानुरूप इस गांव की चकबन्दी प्रक्रिया पूरी करने हेतु सतत प्रयास किया गया। सहायक चकबंदी अधिकारी रानीगंज केएन. सिंह ने बताया कि चकबन्दी प्रक्रिया पूरी कर ली गई हैं।


यूनियन बैंक ऑफ इंडिया Union Bank of India
भारत सरकार का उपक्रम A Government of India Undertaking
क्षेत्रीय कार्यालय - ग्राउण्ड फ्लोर 436 अतरदीप काम्प्लेक्स, देवकाली बाईपास, अयोध्या, उ.प्र.-224001

**कब्जा सूचना (नियम 8(1) के तहत अचल सम्पत्ति हेतु**

जहाँ कि, अधोहस्ताक्षरीने, जो कि प्रतिभूतिकरण एवं वित्तीय आस्तियों के पुर्नगठन एवं प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के अधीन यूनियन बैंक ऑफ इण्डिया उत्तर प्रदेश के प्राधिकृत अधिकारी है तथा प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम 2002 (अधिनियम सं. 2002 का 54) के नियम 3 के साथ पठित धारा 13 (12) के अधीन शक्तियों का प्रयोग करते हुए ऋणकर्ता/जमानतकर्ता के खाते के सामने उल्लिखित राशि ब्याज सहित चुकाने की माँग सूचना जारी किया था। जिसमें कि उक्त सूचना की प्राप्ति की तारीख से 60 दिनों के भीतर सूचना में उल्लिखित राशि ब्याज सहित चुकाने की मांग की गई थी। चूंकि ऋणकर्ता/जमानतकर्ता/कानूनी वारिस सूचना में वर्णित राशि को चुकाने में असमर्थ रहा है। एतद् द्वारा ऋणकर्ता जमानतकर्ता एवं आम जनता को यह सूचित किया जाता है कि अधोहस्ताक्षरी के नियम 8 के साथ पठित उक्त अधिनियम की धारा 13 (4) के अधीन दी गई शक्तियों का प्रयोग करते हुए निम्नलिखित सम्पत्तियों पर इस दिन (नीचे दिये गये ब्यौरे के अनुसार) कब्जा कर लिया है। एतद् द्वारा ऋणकर्ता/जमानतकर्ता/कानूनी वारिस को विशेषतः और जनता को साधारणतः सूचित किया जाता है, कि इस सम्पत्ति से कोई सरोकार न रखे तथा इस सम्पत्ति के साथ कोई भी संव्यवहार करने पर यूनियन बैंक ऑफ इण्डिया के नियमानुसार उल्लिखित राशि और उस पर ब्याज का भुगतान करने को बाध्य होगा। ऋणकर्ता/जमानतकर्ता/कानूनी वारिस का ध्यान प्रतिभूति आस्तियों के मोचन के लिए उपलब्ध समय के संदर्भ में अधिनियम की धारा 13 की उपधारा (8) के उपबंधो की ओर आकृष्ट किया जाता है। कब्जे में लिए गए सम्पत्ति का विवरण निम्न है-

| ऋणकर्ता/जमानतकर्ता/बंधककर्ता का नाम एवं पता | प्रभारित/बंधक/दृष्टिबंधक की गई परिसम्पत्ति (परिसम्पत्ति से संबंधित सभी भाग व एवं हिस्सों सहित) विवरण | डिमाण्ड नोटिस की तिथि / कब्जा की तिथि / 13 (2) के नोटिस के अनुसार कुल बकाया धनराशि |
|---|---|---|
| **शाखा - हरैया, जिला बस्ती** | | |
| **उधारकर्ताः (1) मेसर्स तुलसीराम कंस्ट्रक्शन,** प्रो प्रोप के तह. श्री तुलसी राम वर्मा सो राम मिलन ग्राम-जुदाईपुर, पोस्ट व थाना महराजगंज, परगना व तहसील-हरैया, जिला-बस्ती, उ.प्र.- 272155 **बंधककर्ताः श्रीमती विन्दा देवी** पत्नी तुलसीराम, ग्राम-जुदाईपुर, पो. महराजगंज, थाना महराजगंज, तह. हरैया, जिला बस्ती, उ.प्र.- 272155 **जमानतकर्ताः (1) श्री राजेंद्र प्रसाद वर्मा** पुत्र श्री राम, ग्राम बिहराबाजार, पोस्ट व थाना-महराजगंज, परगना व तहसील हरैया, जिला बस्ती, उ.प्र.- 272155 **(2) श्रीमती विन्दा देवी** पत्नी तुलसीराम, ग्राम जुदाईपुर, पोस्ट व थाना-महराजगंज, तहसील हरैया, जिला बस्ती, उ.प्र.- 272155 | अचल संपत्ति का विवरण का वह सारा भाग जहां स्थित है गाटा संख्या 77, खाता संख्या. 14, प्लॉट 77 का, ग्राम क्षेत्रफल 0.013 हे. ग्राम जुदाईपुर पोस्ट माल महराजगंज, परगना व तहसील हरैया व जिला बस्ती, उ.प्र.-272155 पर श्रीमती विन्दा पत्नी तुलसीराम के नाम पर लगभग 127.00 वर्ग मीटर स्थित है। **चौहद्दीः** पूर्व-संत राम का खेत, दक्षिण-चक मार्ग, पश्चिम-खड़ंजा मार्ग, उत्तर-श्रीमती जलाली की भूमि | 17.11.2023 / 30.01.2024 / ₹ 5,29,350.00 + ब्याज व अन्य खर्चे |
| **शाखा - दरियापुर, सुलतानपुर** | | |
| **उधारकर्ताः 1) श्री हरि पुत्र** स्वर्गीय रामदुलारे तिवारी मकान नं. 1378 26ए विवेकानन्द नगर शास्त्री नगर सुल्तानपुर उ.प्र. 228001 **2) विद्योत्तमा तिवारी** पत्नी श्री हरि मकान नं. 1378 26ए विवेकानन्द नगर शास्त्री नगर सुल्तानपुर उ.प्र. 228001 **3) श्री सुधांशु त्रिपाठी तिवारी** पुत्र श्री हरि मकान नं. 1378 26ए विवेकानन्दनगर शास्त्रीनगर, सुल्तानपुर उ.प्र. 228001 | सुरक्षित संपत्तियों का विवरण - सर्वे नंबर 29 एमआई विलेज नारायणपुर, परगना - मीरांपुर, तहसील - सदर, जिला - सुल्तानपुर, **संपत्ति की सीमाः** उत्तरः प्लॉट गिरीश नारायण सिंह, दक्षिण - अहाता दुबे जी, पूर्व-द्वारिका प्रसाद तिवारी का घर, पश्चिम-सड़क | 06.02.2023 / 30.01.2024 / ₹ 5,81,650.00 + ब्याज व अन्य खर्चे |
| **शाखा - ऐहार, रायबरेली** | | |
| **उधारकर्ताः मैसर्स शिव ट्रेडर्स** (प्रो-स्व. दशानंद बाजपेयी पुत्र जटा शंकर बाजपेयी पता- ग्राम कल्ली पूरे गौरी, पोस्ट-भीरा गोविंदपुर, तहसील डलमऊ जिला-रायबरेली **जमानतकर्ताः सीमा बाजपेयी** पत्नी स्व. दशानंद बाजपेयी, ग्राम कल्ली फुरे गौरी पोस्ट-शिना गोविंदपुर तहसील डलमऊ, जिला-रायबरेली | सुरक्षित संपत्तियों का विवरण- संपत्ति का प्लॉट गाटा संख्या-332, गांव-गोविंदपुर वालौली (आदर्श नगर), परगना डलमऊ और तहसील-लालगंज, जिला-रायबरेली (उ.प्र.) में स्थित है, संपत्ति का क्षेत्रफल 162 वर्ग मीटर यानी 1740 वर्ग फुट है। **विलेख के अनुसार चौहद्दीः** उत्तर-अशोक द्विवेदी की भूमि, दक्षिण- मीरा त्रिवेदी का भूखंड, पूर्व- 15 फीट चौड़ा रास्ता और पश्चिम- रज्जन शुक्ला की भूमि, **साइट के अनुसार सीमाः** उत्तर-बाजपेयी जी का घर, दक्षिण-मीरा त्रिवेदी का प्लॉट, पूर्व-15 फीट चौड़ा रास्ता व पश्चिम-अन्य प्लॉट | 04.06.2022 / 03.02.2024 / ₹ 15,11,461.86 + ब्याज व अन्य खर्चे |

दिनांक : 03.02.2024 स्थान : अयोध्या प्राधिकृत अधिकारी : यूनियन बैंक ऑफ इण्डिया


# दो बाइकों की भिड़ंत, एक की मौत

शुकुल बाजार

**अमेठी।** दो बाइकों की आमने-सामने भिड़ंत हो गई। जिसमें एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसकी अस्पताल ले जाते समय मौत हो गई। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामे के बाद पीएम के लिए भेज दिया है।

बाजार शुकुल थानाक्षेत्र अंतर्गत सत्थिन चौराहे के समीप उस समय अफरा तफरी मच गई जब नासिर पुत्र नकछेद निवासी मखदूमपुर कला मजरे लालगंज जो सुबह मुंबई जाने के लिए घर से जगदीशपुर रेलवे स्टेशन टिकट निकलवाने जा रहे थे। सत्थिन चौराहे के समीप पहुंचे थे कि रोड क्रॉस करते वक्त रानीगंज की तरफ से आ रहे बाइक सवार संतोष कुमार निवासी खौपुर (वारिसगंज) की आमने सामने टक्कर हो गई। जिसमें दोनों बाइक सवार को चोट आई। किंतु लालगंज निवासी नसीर पुत्र नकछेद गंभीर रूप से घायल हो गए। जहां चिकित्सक द्वारा उपचार के लिए लखनऊ रेफर किया गया, किंतु रास्ते में ही उसकी मौत हो गई। मौत की खबर घर पहुंचते ही परिजनों में कोहराम मच गया। पूरे गांव में मातम छा गया, सबकी आंखें नम थी। इस संबंध मे सत्थिन चौकी इंचार्ज प्रेमचंद गौतम ने बताया कि शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम हेतु भेजकर कार्रवाई की जा रही है।

# डीएम ने ग्राम प्रहरियों को दी प्रहरी किट

**अमेठी।** शनिवार को डीएम निशा अनंत ने मोहनगंज थाने पर ग्राम प्रहरियों को प्रहरी किट प्रदान की गई। तदोपरान्त ग्राम प्रहरियों को संबोधित करते हुये ग्राम प्रहरियों को पुलिस विभाग की अभिन्न इकाई बताया गया एवं अन्तर्गत आने वाले ग्रामों की लाभप्रद तथा शान्ति एवं सुरक्षा व्यवस्था की सूचनाएं संकलित कर संबन्धित थाने से समन्वय स्थापित कर प्रेषित करने हेतु बताया गया। इस दौरान क्षेत्राधिकारी तिलोई अजय कुमार सिंह व अन्य पुलिस कर्मी मौजूद रहे।

**जायजा** निर्धारित समय सीमा के अंतर्गत निर्माण कार्य पूर्ण करने के दिए निर्देश

# गोरखनाथ तपोस्थली व हनुमानगढ़ी तिलोई का डीएम ने किया निरीक्षण

अमेठी

**अमृत विचार।** जिलाधिकारी निशा अनंत ने शनिवार को मुख्यमंत्री पर्यटन स्थल विकास योजना के अंतर्गत नगर पालिका परिषद जायस में गुरु गोरखनाथ तपोस्थली एवं तिलोई के हनुमानगढ़ी मंदिर व पोखर के सौंदर्यीकरण कार्य का स्थलीय निरीक्षण किया एवं संबंधित कार्यदायी संस्थाओं को निर्माण कार्य की गुणवत्ता पर ध्यान देते हुए निर्धारित समय सीमा के अंतर्गत निर्माण कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए। बताते चलें कि जायस स्थित गुरु गोरखनाथ तपोस्थली का निर्माण 24.64 करोड़ की लागत से कार्यदायी संस्था उत्तर प्रदेश प्रोजेक्ट कारपोरेशन लिमिटेड द्वारा कराया जा रहा है जिसमें से अब तक तीन करोड रुपए संबंधित कार्यदायी संस्था को शासन से आवंटित किया जा चुका है। इसके अतिरिक्त हनुमानगढ़ी तिलोई में 82 लाख की लागत से कार्यदायी संस्था यूपीएसटीडीसी द्वारा हनुमानगढ़ी तिलोई में रामलीला मैदान में टीनशेड आदि का कार्य कराया जा रहा है। जिसमें संबंधित कार्यदायी संस्था को अब तक 70 लाख रुपये की धनराशि दी जा चुकी है। वहीं पोखर के सौंदर्यीकरण का कार्य 88.87 लाख रुपये की लागत से पोखर का सौंदर्यीकरण कार्य कराया जा रहा है। जिसमें से अब तक 75 लाख की धनराशि संबंधित कार्यदायी संस्था को दी जाए चुकी है। जिसका शनिवार को जिलाधिकारी द्वारा मौके पर जाकर स्थलीय निरीक्षण किया गया एवं संबंधित कार्यदायी संस्थाओं को निर्माण कार्य की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान देते हुए निर्धारित समय सीमा के अंतर्गत निर्माण कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए गए।

निरीक्षण के दौरान पुलिस अधीक्षक डा. इलामारन जी, उपजिलाधिकारी तिलोई आशीष सिंह, जिला पर्यटन अधिकारी महेंद्र कुमार मिश्र, अधिशासी अधिकारी नगर पालिका जायस रविंद्र कुमार एवं संबंधित कार्यदायी संस्था के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

गोरखनाथ तपोस्थली का निरीक्षण करती डीएम व मौजूद पर्यटन विभाग के अधिकारी।

## सार-संक्षेप

### दुष्कर्म के आरोपी सपा जिपं सदस्य को भेजा गया जेल

**पट्टी प्रतापगढ़। अमृत विचार :** युवती से दुष्कर्म व गर्भपात कराए जाने के आरोपी बंधवा निवासी पट्टी प्रथम से सपा के जिला पंचायत सदस्य जुबैद अहमद को पुलिस ने मेडिकल कराने के बाद शनिवार शाम जेल भेज दिया। मामले में दूसरी आरोपी जिला पंचायत सदस्य की पत्नी की तलाश पुलिस तेजी से कर रही है। पुलिस ने कई जगह छापेमारी भी की। लेकिन आरोपी जिला पंचायत सदस्य की पत्नी कहीं मिली नहीं। पट्टी कोतवाल अर्जुन सिंह ने बताया कि आरोपी जुबैद अहमद को जेल भेज दिया गया है। पुलिस टीम उसकी आरोपी पत्नी की तलाश में दबिश दे रही है। युवती को भी मेडिकल परीक्षण के लिए भेजा गया है।

### रेल लाइन के दोहरीकरण का सीएओ ने किया निरीक्षण

**रानीगंज प्रतापगढ़। अमृत विचार :** स्टेशनों पर चल रहे कायाकल्प विकास कार्यों का निरीक्षण करने दिल्ली से सीएओ एस.के. सपरा टीम के साथ विशेष ट्रेन से लखनऊ – वाराणसी रेल मार्ग पर स्थित मां बाराही देवी धाम रेलवे स्टेशन पर शनिवार दोपहर को पहुंचे। उन्होंने प्रतापगढ़ से जंघई के बीच रेललाइन के दोहरीकरण के कार्य का निरीक्षण किया। निर्माण कार्यों की हकीकत देखा और दोहरीकरण करने वाले कार्यदायी संस्था के अधिकारियों से जानकारी ली। करीब एक घंटे निरीक्षण के बाद वह विशेष ट्रेन से ही गौरा, सुवंसा सहित रेलवे स्टेशनों के कार्यों का निरीक्षण करते हुए जंघई रेलवे स्टेशन पहुंचे।

### सामूहिक दुष्कर्म के दो दोषियों को 20 साल कारावास

**प्रतापगढ़। अमृत विचार :** अपर सत्र न्यायाधीश/ विशेष न्यायाधीश पाक्सो अधिनियम आलोक द्विवेदी ने सामूहिक दुष्कर्म के आरोप में दोषी पाते हुए थाना अंतू के श्याम पुजारी व दौलत को 20--20 वर्ष की कारावास और 20-20 हजार रूपये अर्थदण्ड से दंडित किया। वादिनी ने कोर्ट को बताया कि 8 अप्रैल 2016 समय साढ़े सात बजे मेरी लड़की को पुजारी अपने हाते में घसीट कर ले गया और वहां पर मौजूद गांव के दौलत के साथ मिलकर दोनों लोगों ने उसकी लड़की के साथ जबरदस्ती बलात्कार किया। जब वह खेत से लौट के आई तो लड़की ने उसे अपनी आप बीती बताई। तब मुकदमा दर्ज कराया गया। पीड़िता ने कोर्ट में उपस्थित होकर बताया कि घटना के दिन वह बाहर नल पर पानी लेने गई थी, उसके घर के बगल पुजारी ने उसे बुलाया, वहां पर दौलत भी था दोनों ने उसका हांथ पकड़ कर बाथरूम में लेकर और उसके साथ गलत काम किया। राज्य की ओर से पैरवी करते हुए विशेष लोक अभियोजक प्रदीप कुमार पांडेय ने न्यायालय में सात गवाह के माध्यम से 10 प्रदर्शों को साबित कराया गया।

### दहेज हत्या के दोषी को 10 वर्ष का कारावास

**प्रतापगढ़। अमृत विचार :** अपर सत्र न्यायाधीश नंद प्रताप ओझा ने दहेज हत्या व दहेज उत्पीड़न के आरोप में राम मिलन निवासी पूरे दीनानाथ थाना लालगंज को दोषी पाते हुए दस वर्ष के कठोर कारावास तथा 16 हजार रूपए अर्थदंड से दण्डित किया है। वादी शिवलाल निवासी पूरे रामन मजरे मेढावा थाना लालगंज के अनुसार उसने अपनी पुत्री सपना का विवाह राम मिलन के साथ किया था। दहेज की लालच में सपना को उसके पति राममिलन व उसकी सास, बड़ी जेठानी आये दिन मानसिक एवं शारीरिक रूप से प्रताड़ित करते थे और दहेज में रुपए लाने का दबाव बनाया करते थे तथा न लाने पर घर से भगा देने का दबाव बनाया करते थे। 31अक्टूबर 2018 को पति राममिलन, उसकी सास व बड़ी भाभी एक राय होकर उसकी पुत्री के ऊपर मिट्टी का तेल डालकर कर जला दिया, काफी जल जाने की वजह से उसकी पुत्री की मृत्यु हो गई। पुलिस ने विवेचना के उपरांत केवल अभियुक्त राम मिलन के विरूद्ध आरोप पत्र न्यायालय में दाखिल किया। राज्य की ओर से पैरवी कर रहे एडीजीसी राकेश प्रताप सिंह ने अभियोजन की ओर से सात गवाहों के माध्यम से 15 प्रदर्शो को साबित कराया है।

### इविवि की छात्रा ने असिटेंट प्रो. पर लगाया यौन शोषण का आरोप

**प्रयागराज। अमृत विचार :** इलाहाबाद विश्वविद्यालय( इविवि ) में छात्रों और चीफ प्रॉक्टर का विवाद अभी थमा नहीं और शनिवार को एक नया मामला सामने आ गया। इविवि में शनिवार को प्राचीन इतिहास विभाग के एक असिटेंट प्रोफेसर पर बीए तृतीय वर्ष की छात्रा ने यौन शोषण का आरोप लगाया है। डरी और सहमी छात्रा ने असिटेंट प्रोफेसर के खिलाफ कर्नलगंज थाने में तहरीर दी है। इलाहाबाद विश्वविद्यालय के प्राचीन इतिहास विभाग में पढ़ने वाली बीए तृतीय वर्ष की एक छात्रा ने विभाग के असिस्टेंट प्रोफेसर अजय कुमार सागर पर यौन शोषण का आरोप लगाया है। छात्रा ने तहरीर में लिखा है कि प्रोफेसर अजय कुमार ने उसे द्वितीय वर्ष के समय ही प्रेम प्रस्ताव दिया था। जिसके बाद उस प्रस्ताव को इंकार करने पर फोन कर परेशान करना शुरु कर दिया था। अजय कुमार ने खुद को कैंसर का मरीज बताकर इमोशनल ब्लैकमेल करना शुरु कर दिया था। मुझे बुलाकर मेरे साथ जबरियन शारीरिक संबंध बनाया। विरोध करने और शिकायत करने पर जान से मारने की धमकी देने लगे। छात्रा ने शनिवार को इस मामले में थाना कर्नलगंज में लिखित शिकायत कर असिटेंट प्रोफेसर के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

# अतीक के 'मन्नत' को नोएडा में खोजा, कुर्क की कार्रवाई जल्द

## नोएडा के सेक्टर 36 में बना है मकान, कीमत है चार करोड़

संवाददाता, प्रयागराज

**अमृत विचार:** माफिया अतीक अहमद की मौत के बाद प्रयागराज पुलिस ने उसके साम्राज्य को मिटाने की मुहीम लागातार जारी है। एक के बाद एक कार्रवाई में शनिवार को प्रयागराज पुलिस ने एक और बड़ी कार्रवाई की है। प्रयागराज पुलिस ने नोएडा में अतीक के "मन्नत" को खोज निकाला है। पुलिस ने उसे अटैच कर लिया है। इस मकान पर जल्द कुर्क की कार्रवाई की जाएगी।

> अतीक अहमद की कई बेशकीमती जमीनों और मकानों को जांच के बाद कुर्क किया गया है। नोयडा के सेक्टर 36 में बने इस मन्नत मकान को भी अटैच कर लिया गया है। जल्द ही इस पर कुर्क की कार्रवाई की जाएगी।
> – दीपक भूकर ( डीसीपी नगर )

बता दें कि माफिया अतीक अहमद ने अपने समय में रसूक और दबंगई एक दम पर न सिर्फ प्रयागराज में ही अकूत संपत्ति बनाई थी, बल्कि दिल्ली और नोएडा में भी कई प्रॉपर्टी बनाई थी। जो अपने करीबियों और अपने नाम से खरीदी थी। जिसे प्रयागराज पुलिस काफी समय से चिन्हित कर रही थी। शनिवार को प्रयागराज की ऑक्टोपस और जिराफ़ टीम ने लम्बी जांच के बाद आखिर नोएडा में अतीक की 4 करोड़ के "मन्नत" मकान को खोज निकाला। अतीक अहमद का ये बेशक़ीमती मकान नोएडा के सेक्टर 36 में बनाया हुआ है। इसका नाम मन्नत रखा गया है। यह मकान काफी शान्दार बनाया गया है। अतीक अहमद के इस मन्नत को प्रयागराज पुलिस ने गैंगस्टर में अटैच कर लिया है। जल्द ही पुलिस इस मकान पर डुगडुगी बजवाकर कुर्की का ऐलान कर देगी।

### शिक्षक की बछरावां में ट्रक की टक्कर से मौत

**लालगंज प्रतापगढ़ अमृत विचार :** कस्बा लालगंज निवासी सर्वेश द्विवेदी (37) पुत्र जवाहर द्विवेदी बेलहा स्थित अलका प्रमोद तिवारी इण्टर कालेज में प्रिंसिपल थे। वह अपने स्कूल के आनंद सिंह (49) पुत्र कौशलेश सिंह निवासी बेलहा व शिक्षक अजय वर्मा निवासी इनहन के साथ कार से किसी कार्य से लखीमपुर खीरी गए थे। वहां से लौटते समय शुक्रवार रात करीब 12:30 बजे लखनऊ रायबरेली राजमार्ग पर बछरावां स्थित एक ढाबा के पास कार की ट्रक से टक्कर हो गई। जिससे कार सवार सभी गंभीर रुप से घायल हो गए। घायलों को एंबुलेंस से सीएचसी बछरावां भेजवाया गया। जहां चिकित्सकों ने सर्वेश द्विवेदी को मृत घोषित कर दिया। वहीं अन्य घायलों का इलाज चल रहा है। शनिवार को पोस्टमार्टम के बाद सर्वेश का शव घर पहुंचा। शिक्षक के निधन पर राज्यसभा सांसद प्रमोद तिवारी, क्षेत्रीय विधायक आराधना मिश्रा मोना समेत क्षेत्र के लोगों ने शोक संवेदना व्यक्त की।

# इविवि बवाल : छात्रों को धरना प्रदर्शन से उठाया

**संवाददाता, प्रयागराज। अमृत विचार :** इलाहाबाद विश्वविद्यालय (इविवि) में अभी तक छात्रों का आंदोलन चीफ प्रॉक्टर के खिलाफ चल रहा था। वहीं अब रजिस्ट्रार के चेहरे पर स्याही फेंकने का मामला गरमा गया है। चीफ प्रॉक्टर ने आंदोलन करने वाले छात्र और स्याही फेंकने के मामले में कर्नलगंज थाने में 12 नामजद और 200 सौ अज्ञात के खिलाफ तहरीर दी है। बता दें कि छात्रों का आंदोलन पिछले चार दिनों से चल रहा है। गुरुवार की आधी रात आंदोलन कर रहे छात्रों को इविवि के सुरक्षा गार्डो ने लाइब्रेरी के सामने गेट से धक्का देकर हटा दिया था, लेकिन छात्रों को धरने की धुन सवार थी। वहीं शुक्रवार को प्रोफेसर पर स्याही फेंकने के मामले में कॉलेज प्रशासन भी

**पुलिस से नोकझोंक**

सख्त हो गया। वही छात्रों का धरना जारी रहा। इस बवाल के चलते कक्षाएं नहीं चल सकी। इविवि के चीफ प्रॉक्टर डॉ. राकेश सिंह ने इस मामले में कर्नलगंज थाने में तहरीर दी है। जिसमें 12 छात्र नेताओं को आरोपी बनाया है। तहरीर में 200 अज्ञात भी शामिल हैं। चीफ प्रॉक्टर ने छात्र नेता अजय सिंह यादव, शिवम सिंह, सत्यम कुशवाहा, अमन सिंह, हंजला हसन, कार्तिकेय पति त्रिपाठी, अभिषेक गुप्ता, और 200 अज्ञात के खिलाफ तहरीर दी है। चीफ प्रॉक्टर ने इविवि में किसी भी तरह की हिंसा और तोड़फोड़ न हो इसके लिए पुलिस आयुक्त को भी पत्र लिखकर अवगत कराया है।

# रामराज्य की संस्कृति और नैतिकता लौट रही है वापस

**संवाददाता, प्रयागराज। अमृत विचार :** 90 के दशक में दूरदर्शन पर प्रसारित हुए रामानंद सागर कृत रामायण सीरियल के भगवान राम का चरित्र निभाने वाले अभिनेता अरुण गोविल और लक्ष्मण का किरदार निभाने वाले सुनील लहरी शनिवार को मीरापुर बरगद घाट में आयोजित होने वाले रामयज्ञ में पहुंचे। जहां उन्होंने पहुंचकर विधि विधान से पूजा अर्चना की और रामयज्ञ का शुभारंभ किया। शनिवार को मीरापुर बरगद घाट में ठाकुर हर नारायण सिंह पीजी कॉलेज द्वारा आयोजित श्रीरामयज्ञ में शामिल होने सीरियल सीरीयल में किरदार निभाने वाले अरुण गोविल और लक्ष्मण का रोल अदा करने वाले सुनील लहरी पहुंचे। श्री रामयज्ञ के शुरू होने से पहले बरगद घाट मीरापुर में स्थित हनुमान मंदिर से भव्य शोभायात्रा निकाली गई। जिसकी अगुवाई अरुण गोविल और सुनील लहरी ने किया। आयोजित हो रहे रामयज्ञ अभी अरुण गोविल ने कहा है कि रामराज में जो नैतिकता थी, जो संस्कृति थी अब वह भी धीरे-धीरे वापस लौट रही है। वहीं अयोध्या में 22 जनवरी को हुए राम मंदिर के लोकार्पण और प्रतिष्ठा कार्यक्रम को लेकर अरुण गोविल ने कहा है कि यह ऐसी घटना है, जो पहले कभी नहीं हुई थी। इतने अद्भुत तरीके से मंदिर का लोकार्पण और प्राण प्रतिष्ठा होगी ऐसी कभी कल्पना नहीं की थी। अयोध्या में जो कुछ भी हुआ है, उसको शब्दों में बयां करना मुश्किल है। वहीं रामायण सीरियल में लक्ष्मण की भूमिका निभाने वाले सुनील लहरी ने कहा है कि रामराज की कल्पना पीएम मोदी और यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ पूरी करने की कोशिश कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि आज देश का युवा हमारी संस्कृति से और प्रभु श्री राम से जुड़ रहा है।

**प्रयागराज पहुंचे अरुण गोविल और सुनील लहरी**

### सत्येंद्र मास्टर, आयशा मिस व सत्यम को मोस्ट अटेंटिव अवार्ड से नवाजा

**संवाददाता, प्रतापगढ़। अमृत विचार :** संस्कार ग्लोबल स्कूल टेउंगा में शनिवार को बारहवीं के छात्रों का विदाई समारोह का आयोजन किया गया। शुभारंभ प्रिंसिपल समीना अख्तर ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। छात्र – छात्राओं ने रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत कर जमकर धमाल मचाया। बारहवीं के छात्रों को उपहार एवं टाइटल्स देकर सम्मानित किया गया। सत्येंद्र त्रिपाठी को मास्टर आफ एसजीएस और आयशा सिंह को मिस एसजीएस अवार्ड व कभी अनुपस्थित न रहने वाले सत्यम सिंह को मोस्ट अटेंटिव अवार्ड से सम्मानित किया गया। जीव विज्ञान में वंश विक्रम सिंह, रसायन विज्ञान में मोहन सिंह, भौतिकी शौर्य पांडेय, गणित आदित्य ओझा, व्यावसायिक अध्ययन सुहानी गुप्ता, अर्थशास्त्र प्रफुल्ल बरनवाल, एकाउंट श्रेया मिश्रा, अंग्रेजी सादाब बानो, भूगोल वेदांत गुप्ता, राजनीति विज्ञान श्रेया पांडेय, इतिहास कर्तव्य सिंह, समाजशास्त्र कृतिका त्रिपाठी, कम्प्यूटर साइंस यश केसरवानी, शारीरिक शिक्षा देवांश सिंह, हिंदी वैभव शुक्ल, फाइन आर्ट में समृद्धि सिंह को खिताब से सम्मानित किया गया। प्रतियोगिता में विजेता छात्रों को ट्राफी देकर सम्मनित किया गया। प्रकाश त्रिपाठी, सुधा सिंह, ।अविनाश सिंह, कृष्णा सिंह, अंकिता मंछानी, पंकज सिंह, विपिन सिंह ने संबोधित किया। संचालन अनन्या और इशिका ने किया। प्रभाकर, गुंजन, स्वीटी, विपिन, अखिलेश, आरएन शर्मा, जेपी त्रिपाठी, प्रमोद, मो.रईश, महेंद्र, आनंद, संजीव शुक्ल आदि मौजूद रहे।

**संस्कार ग्लोबल स्कूल के फेयरवेल में छात्र – छात्राओं ने मचाया धमाल**

# तीन बहनें पहुंची थी चित्रकूट के निर्मोही अखाड़ा

**कौशांबी। अमृत विचार :** जनपद के कड़ा धाम थाना क्षेत्र चल बीते 31 जनवरी को तीन सगी बहनों के अपहरण की घटना से हड़कंप मच गया था। परिजनो की तहरीर पर पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ मामला दर्ज किया था। घटना के बाद पुलिस मामले की जांच में जुट गई थी। तीनों बहनों की तलाश की जा रही थी। अमृत विचार खबर प्रमुखता से प्रकाशित होने के बाद शनिवार को पुलिस ने सक्रियता दिखाते हुए तीनों बहनों को बरामद कर लिया। जानकारी के मुताबिक कड़ा धाम थाना क्षेत्र के रशीदमई गांव के मनोज कुमार सरोज की 3 बेटियां रुचि (12), विनीता (10), सुनीता (6) घर से कुछ दूर खेल रही थी। 31 जनवरी को रहस्यमय हालत में तीनों लापता हो गई थी। परिजनों ने बेटियो के लापता होने की सूचना पुलिस से की थी। पुलिस ने मामले मे अज्ञात के खिलाफ मामला दर्ज किया था। शनिवार को कड़ाधाम पुलिस को घटना में सफलता मिल गयी। महज 48 घंटे के अंदर रहस्यमय तरीके से गायब तीन बहनों को पुलिस ने बरामद कर लिया। एसपी बृजेश श्रीवास्तव एक द्वारा बनाई गई टीम में सीओ अवधेश विश्वकर्मा, थानाध्यक्ष आशुतोष सिंह ने तीनों बच्चियों बरामद कर लिया। बच्चियों ने बताया कि मां बाप की प्रताड़ना से अजिज होकर घर से कुछ रुपए लेकर चित्रकूट के निर्मोही अखाड़ा पहुंच गई थीं। वहां से वापस लौटकर महेवाघाट थाना के निकट बैरागी पुर में अप्पे में बैठ रही थी। उसी दौरान कड़ा धाम पुलिस और महेवघाट पुलिस ने तीनों लडकियों को बरामद कर लिया है।

**मां - बाप की प्रताड़ना से तंग आकर घर से रुपये लेकर निकली थी बहने, 48 घंटे में बरामद**

### वर्ग पहेली-332

बाएं से दाएं

1.1. गीदड़, सियार 2. चरवाहा।

3.1. सुंदर, ख़ूबसूरत 2. अच्छी शक्लवाला, सुंदर आकृतिवाला 3. विद्वान।

5.1. साधन संबंधी, साधन का 2. (वह व्यक्ति) जो किसी राज्य या संस्था के प्रबंध

7.1. लकड़ी को छीलकर या गढ़कर दरवाज़े

8.1. किसी को कुढ़ाने या जलाने के लिए कही गई व्यंग्यपूर्ण बात 2. उक्त उद्देश्य हेतु दिखाया जाने वाला हाथ का अंगूठा, ठेंगा।

ऊपर से नीचे

2.1. एकत्र या संचित करना 2. उन्नति, बढ़ती, वृद्धि 3. राशि, ढेर 4. चयन, चुनना।

3.1. वह लेखक जो अच्छा तथा उत्तम लिखता हो 2. विख्यात लेखक या रचनाकार।

4.1. कुलीन या सम्मानित जन के पास उठने-बैठने वाला व्यक्ति 2. राजा का परामर्शदाता 3. ख़ुशामदी।

6.1. जिसके संबंध में विवाद हो, विवादास्पद 2. निज़ाअ संबंधी, निज़ाअ का।



### वर्ग पहेली - 331 का हल

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | 1 छु | | | | |
| | 2 अ | भं | 3 ज | न | |
| | न | | न | | |
| 4 ख़ा | | | यि | | 5 झ |
| 6 न | चि | 7 के | ता | | प |
| दा | | वाँ | | | का |
| नी | | 8 च | चो | ड़ | ना |

### सुडोकू -49

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | 6 | | | | 8 | |
| | 8 | 9 | | | 4 | | | 5 |
| 3 | | | 2 | | | 7 | | |
| | 2 | | | 8 | 9 | | | 6 |
| | | 7 | | | | 3 | 9 | |
| 9 | | | | 1 | | | 4 | |
| | | 1 | | | 7 | | | 8 |
| 4 | | | 1 | | | 9 | 5 | |
| | 9 | | | | 5 | | | |

### सुडोकू - 48 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 6 | 5 | 9 | 3 | 1 | 2 | 4 | 8 |
| 9 | 4 | 3 | 6 | 2 | 8 | 1 | 5 | 7 |
| 8 | 2 | 1 | 5 | 7 | 4 | 3 | 9 | 6 |
| 5 | 9 | 6 | 8 | 1 | 3 | 7 | 2 | 4 |
| 3 | 7 | 4 | 2 | 5 | 9 | 8 | 6 | 1 |
| 1 | 8 | 2 | 7 | 4 | 6 | 9 | 3 | 5 |
| 4 | 3 | 7 | 1 | 6 | 2 | 5 | 8 | 9 |
| 6 | 1 | 9 | 3 | 8 | 5 | 4 | 7 | 2 |
| 2 | 5 | 8 | 4 | 9 | 7 | 6 | 1 | 3 |

# कार्यों में लापरवाही पर लेखपाल को डीएम की फटकार

संवाददाता, कुण्डा प्रतापगढ़

**अमृत विचार :** जिलाधिकारी संजीव रंजन की अध्यक्षता में तहसील में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। जिसमें कुल 130 शिकायतों में 04 का मौके पर निस्तारण कर दिया गया। पुलिस विभाग से सम्बन्धित शिकायतों को एसपी सतपाल अंतिल एवं विकास विभाग से सम्बन्धित शिकायतों को सीडीओ नवनीत सेहारा द्वारा सुना गया।

रामपुर चौरास के शिकायतकर्ता द्वारा चकरोड की पैमाइश की शिकायत पर डेरवा लेखपाल रंजीत कुमार द्वारा लापरवाही बरतने पर डीएम ने लेखपाल को कड़ी फटकार लगायी और एसडीएम को निर्देशित किया कि कानून-गो और लेखपाल को भेजकर चकरोड की पैमाइश करायी जाये। उन्होने अधिकारियों से कहा कि यदि कोई शिकायतकर्ता अपनी शिकायत के निस्तारण हेतु बार-बार तहसील और थाने का चक्कर लगा रहा है यह तो वह शिकायत निस्तारण योग्य नही है या फिर उसके शिकायते की सुनवाई नही हो रही है, यदि इस तरह की शिकायतें आये तो उसको गम्भीरतापूर्वक लेकर आवश्यक कार्यवाही करें जिससे शिकायतकर्ता को सन्तुष्टि मिल सके। एसडीएम कुण्डा, तहसीलदार सहित जनपद स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे। इसके बाद डीएम,एसपी ने थाना हथिगंवा का निरीक्षण किया। थाना परिसर के निर्माणाधीन बाउण्ड्रीवाल एवं अन्य व्यवस्थाओं को देखा। मालखाना में जाकर विधानसभा रजिस्टर वर्ष 2022 व अन्य सम्बन्धित रजिस्टरों का अवलोकन कर जानकारी प्राप्त की और आवश्यक दिशा निर्देश दिये।

**सम्पूर्ण समाधान दिवस**

**कुण्डा में डीएम एवं एसपी ने सुनी शिकायतें व थाना हथिगंवा का किया निरीक्षण**

### आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 4 फरवरी, रविवार 2024 संवत-2080, शक संवत 1945 मास-माघ, पक्ष-कृष्ण पक्ष, तिथि-नवमी 17.49 तक तत्पश्चात दशमी।

### आज का पंचांग




मुहूर्त-अभिजित-11.58-12.42 तक। दुर्मुहूर्त अशुद्ध-16.22-17.06 तक। दिशाशूल-पश्चिम। ऋतु-शिशिर। चन्द्रबल-वृषभ, मिथुन, कन्या, वृश्चिक, मकर, कुम्भ। ताराबल-भरणी, रोहिणी, आर्द्रा, पुनर्वसु, पुष्य, आश्लेषा, पूर्वा फाल्गुनी, हस्त, स्वाति, विशाखा, अनुराधा, ज्येष्ठा, पूर्वाषाढ़ा, श्रवण, शतभिषा, पूर्वाभाद्रपद, उत्तराभाद्रपद, रेवती। नक्षत्र-विशाखा 07.21 तक तत्पश्चात अनुराधा।

**मेष** – आज ज्यादा तला-भुना और जंक फूड खाने से बचें। ध्यान और योग से आपको काफी लाभ मिलेगा। घर पर आपका ज्यादा मन नहीं लगेगा। भागदौड़ वाले कार्यों के कारण थोड़ा हताश महसूस करेंगे। कामुक विचार आपको लक्ष्य से भटका सकते हैं।

**वृष** – आज घर में अचानक मेहमान आ सकते हैं। परिजनों के साथ हर्षोल्लास का आनंद उठाएंगे। कोई महत्वपूर्ण व्यावसायिक अनुबंध हो सकता है। निजी कंपनियों में काम कर रहे लोगों के ऊपर से प्रेशर कम होगा।

**मिथुन** – आज पूजा-पाठ आदि को लेकर दिखावे से बचें। बिजली के उपकरणों का प्रयोग सावधानी से करें। अपनी छुपी हुई प्रतिभा को उभारने के लिए प्रयास करेंगे। कारोबार में प्रतिस्पर्धा के बावजूद अच्छा आर्थिक लाभ प्राप्त कर सकते हैं।

**कर्क** – आज धर्म-अध्यात्म के प्रति रुचि बढ़ेगी। प्रेमी जन के प्रति अपना व्यवहार अच्छा रखें। कारोबार को लेकर बड़ा जोखिम न लें। संतान को लेकर आपको खर्च ज्यादा करना पड़ सकता है। घर के सदस्यों पर अपना गुस्सा न निकालें।

**सिंह** – आज महत्वपूर्ण उपकरण या वाहन खराब हो सकता है। जीवनसाथी से अपने मन की बातें शेयर अवश्य करें। पुराने साथियों के साथ मुलाकात होगी। मानसिक तनाव के कारण आपको फोकस करने में कुछ कठिनाई होगी।

**कन्या** – आज शिक्षा के क्षेत्र में बहुत अच्छा प्रदर्शन करेंगे। दोपहर के बाद आपको आर्थिक परेशानियों से राहत मिलेगी। जीवनसाथी के साथ मतभेद समाप्त होंगे। नए मित्र बन सकते हैं। कारोबार में बड़ा आर्थिक लाभ प्राप्त हो सकता है।

**तुला** – आज धार्मिक कार्यों को लेकर आप सजग रहेंगे। परिस्थितियों में सकारात्मक परिवर्तन आएगा। अनावश्यक बातों पर आपको ध्यान नहीं देना चाहिए। लोग आपकी बातों का गलत मतलब निकाल सकते हैं, इसीलिए सोच समझकर ही बात करें।

**वृश्चिक** – आज अपने व्यक्तित्व को लेकर काफी आशावादी रहेंगे। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। समाज में आपका मान-सम्मान बढ़ेगा। नई परियोजनाओं पर काम शुरू कर सकते हैं। आपकी कोई मनोकामना पूर्ण हो सकती है।

**धनु** – आज शरीर के किसी अंग में दर्द की शिकायत हो सकती है। लंबी दूरी की यात्रा बिल्कुल न करें। पुराना कर्ज आपको बहुत ज्यादा परेशान करेगा। किसी को भी कोई वादा न करें वरना आपको लगातार मानसिक दबाव का सामना करना पड़ेगा।

**मकर** – आज अचल संपत्ति की खरीदारी का विचार बनाएंगे। सामाजिक कार्यों में आप भाग ले सकते हैं। अपनी बातों से लोगों को आकर्षित कर लेंगे। पैतृक संपत्ति से आपको धन लाभ होगा। व्यापार में आपकी आमदनी में वृद्धि होगी।

**कुंभ** – आज सभी काम आराम से एवं धीमी गति से करेंगे। विदेश से जॉब के अवसर मिलने की संभावना बन रही है। नया काम शुरु करने के लिए दिन शानदार रहेगा। आप आवश्यक कार्यों को लेकर थोड़े लापरवाह हो सकते हैं।

**मीन** – आज चंचालता पर नियंत्रण रखना आपके लिए बहुत जरूरी है। पेट में जलन की समस्या हो सकती है। घरेलू वातावरण थोड़ा अशांत रहेगा। छोटी-छोटी बातों पर परिजनों के साथ उलझने से बचें। मन अनैतिक कार्यों की तरफ भागेगा।

### आज की फिल्में

**B4U MOVIES**
- सल्तनत – सुबह : 10.00
- सपूत – रात : 07.00

**SONY MAX**
- नमस्ते लंदन – सुबह : 10.03
- पीके – रात : 07.00

**SONY PIX**
- दहेज – सुबह : 09.19
- टर्मिनेटर 3 – रात : 09.00

**ZEE CINEMA**
- जयंतभाई की लव स्टोरी – सुबह : 10.30
- कहानी 2 – रात : 07.30

**colors CINEPLEX**
- कच्चे लिंबु – दोपहर : 01.52
- दोस्ताना – रात : 09.48

**आज की सुपरहिट फिल्म**

जी सिनेमा पर रात-07.30 बजे

### जोक्स ऑफ द डे

पति-पत्नी दोनों कार ऐक्सिडेंट में गुजर गए
पति "भूत" बना और बीवी बनी "चुड़ैल"
कुछ समय बाद दोंनो मिले
बीवी-कितने अलग लग रहे हो भूत बनकर।
पति-पगली तू तो बिल्कुल नहीं बदली।

संजू अपनी गर्लफ्रेंड के पिता से मिलने गया
लड़की का पिता-मैं नहीं चाहता कि मेरी बेटी अपनी पूरी जिंदगी एक मूर्ख इंसान के साथ गुजारे।
संजू-बस अंकल, इसीलिए तो मैं उसे यहां से ले जाने आया हूं दे जूते दे चप्पल...

## सेना दिवस पर जवानों ने दिखाया पराक्रम...

सेना दिवस के अवसर पर नागपुर में आयोजित भारतीय सेना प्रदर्शनी-शौर्य संध्या में एक सेना अधिकारी ने अपना कौशल दिखाया। इस दौरान लोगों ने जवानों के साहसिक करतबों की खूब प्रशंसा की। ● एजेंसी

## बंगाल में कर्मचारियों यात्रियों की सतर्कता से टला ट्रेन हादसा

**मालदा।** पश्चिम बंगाल में पूर्वी रेलवे के मालदा टाउन स्टेशन पर कर्मचारियों और यात्रियों की सतर्कता के कारण शनिवार को एक बड़ी ट्रेन दुर्घटना टल गई। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि पूर्वी रेलवे के मालदा टाउन स्टेशन से कुलिक एक्सप्रेस के स्टेशन से निकलने के तुरंत बाद उसके एक पहिए में आग लग गई। कोलकाता जाने वाली यह ट्रेन यात्रियों से खचाखच भरी हुई थी। ट्रेन सुबह करीब साढ़े नौ बजे मालदा टाउन स्टेशन से रवाना हुई, तभी यात्रियों ने लोको पायलट को बताया कि ट्रेन के एक पहिए के नीचे धुआं निकल रहा है। लोको पायलट ने ट्रेन को रोकने के लिए तुरंत आपातकालीन ब्रेक का इस्तेमाल किया, जिसके कारण यात्री घबराकर ट्रेन से उतर गए। यह घटना मालदा टाउन और चामग्राम स्टेशन के बीच हुई।

# पेट्रो केमिकल में ओडिशा नई ऊंचाई छू रहा

## ओडिशा में प्रधानमंत्री ने 68 हजार करोड़ रुपये की परियोजनाओं का किया लोकार्पण

संबलपुर (ओडिशा), एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि ओडिशा आज पेट्रोलियम और पेट्रो केमिकल के क्षेत्र में नई ऊंचाइयां हासिल कर रहा है। साथ ही पिछले 10 की तुलना में रेलवे के विकास के लिए ओडिशा को 10 गुना बजट दिया गया है। उन्होंने कहा ओडिशा को सस्ती बिजली मिले इसके लिए सरकार लगातार काम कर रही है। बता दें कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इस ओडिशा व असम के दौरे पर हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने संबलपुर में शनिवार को 68 हजार करोड़ रुपये की परियोजनाओं का उद्घाटन व शिलान्यास किया।

संबलपुर स्थित भारतीय प्रबंध संस्थान (आईआईएम) में 400 करोड़ रुपये के स्थायी परिसर के उद्घाटन के अलावा प्रधानमंत्री मोदी ने ऊर्जा, सड़क और रेलवे जैसे अलग-अलग क्षेत्रों की कई परियोजनाओं का लोकार्पण किया। मोदी ने वर्ष 2021 में आईआईएम परिसर का शिलान्यास किया था। राज्य में 18 परियोजनाओं का उद्घाटन करने के बाद, प्रधानमंत्री ने कहा-ये परियोजनाएं ओडिशा के युवाओं के लिए रोजगार के अवसर पैदा करेंगी। केंद्र हर क्षेत्र में ओडिशा का समर्थन करता है। मोदी ने पुरी-सोनेपुर-पुरी साप्ताहिक एक्सप्रेस को हरी झंडी भी दिखाई, जो ट्रेनों की सुविधा को बेहतर बनाएगी।

संबलपुर में आईआईएम परिसर के उद्घाटन के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, राज्यपाल रघुबर दास, शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान और मुख्यमंत्री नवीन पटनायक। ● एजेंसी

### कहा-गारंटी का मतलब गारंटी पूरा होने की गारंटी

प्रधानमंत्री ने कहा-मोदी की गारंटी का मतलब गारंटी पूरा होने की गारंटी है। उन्होंने कहा कि 'पीएम-किसान सम्मान निधि' योजना के तहत ओडिशा में करीब 40 लाख कृषकों सहित करोड़ों किसानों को सीधे फायदा मिला। उन्होंने कहा कि ओडिशा के किसानों को पीएम किसान योजना के तहत उनके बैंक खातों में 30,000 रुपये प्राप्त हुए। कहा-भाजपा किसानों के लिए गंभीरता से काम कर रही है।

## एक नजर

### विश्वास मत में भाग ले सकेंगे हेमंत सोरेन

**रांची।** रांची की एक विशेष अदालत ने शनिवार को झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को पांच फरवरी को राज्य विधानसभा में विश्वास मत में भाग लेने की अनुमति दे दी। धन शोधन मामले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा बुधवार को गिरफ्तार किए गए हेमंत सोरेन ने विशेष पीएमएलए (धन शोधन निवारण अधिनियम) अदालत के समक्ष एक याचिका दायर की थी। इस याचिका में हेमंत ने चंपई सोरेन के नेतृत्व वाली नयी सरकार के विश्वास मत में भाग लेने की अनुमति मांगी थी। अदालत ने शुक्रवार को सोरेन को पांच दिन के लिए ईडी की हिरासत में भेज दिया।

### सेना ने एलओसी के समीप की गोलीबारी

**मेंढर/जम्मू।** सेना ने जम्मू कश्मीर के पुंछ जिले में नियंत्रण रेखा के समीप संदिग्ध गतिविधि देखे जाने के बाद शनिवार को गोलीबारी की। अधिकारियों ने बताया कि सेना के जवानों ने मेंढर के साबरा गली इलाके में संदिग्ध गतिविधि देखी और फौरन जवाबी कार्रवाई की। उन्होंने बताया कि शनिवार तड़के मेंढर के एक अग्रिम गांव में गोलीबारी हुई और अंतिम रिपोर्ट मिलने तक व्यापक तलाश अभियान चलाया गया है। इलाके में हाल में भारी हिमपात हुआ है।

## अदालत से संजय सिंह को राहत, राज्यसभा सांसद के रूप में शपथ लेने की दी अनुमति

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी की राउज एवेन्यू अदालत ने शनिवार को आम आदमी पार्टी (आप) के नेता संजय सिंह को राहत देते हुए उन्हें पांच फरवरी को राज्यसभा सांसद के रूप में शपथ लेने की अनुमति दे दी। अदालत की इजाजत के बाद संजय सिंह दोबारा राज्यसभा सांसद के रूप में शपथ लेंगे। अदालत ने जेल अधिकारियों को श्री सिंह को सोमवार सुबह 10 बजे संसद ले जाने का निर्देश दिया। आप सांसद ने शुक्रवार को अदालत से संसद के बजट सत्र में शामिल होने के लिए अनुमति मांगी थी। पार्टी सूत्रों ने यहां बताया कि अदालत ने आज उन्हें शपथ लेने की मंजूरी दे दी।

## शिवसेना नेता की स्थिति नाजुक, विपक्ष का शिंदे पर निशाना

ठाणे, एजेंसी

▸▸ **भाजपा विधायक ने शिवसेना नेता को मारी थी गोली**

महाराष्ट्र के ठाणे जिले में भूमि विवाद को लेकर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के एक विधायक द्वारा गोली चलाने के बाद शिवसेना के एक नेता को कई गोलियां लगीं और उनकी हालत नाजुक है। इसके बाद विपक्ष ने राज्य में कानून एवं व्यवस्था की स्थिति बिगड़ने का आरोप लगाते हुए राज्य के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के इस्तीफे की मांग की।

उपमुख्यमंत्री एवं राज्य के गृह मंत्री देवेंद्र फडनवीस ने कहा कि उन्होंने यह पता लगाने के लिए एक उच्च स्तरीय जांच के आदेश दिए हैं कि विधायक ने किस कारण से और किन परिस्थितियों में गोली चलाई।

अतिरिक्त पुलिस आयुक्त दत्तात्रेय शिंदे ने मीडिया को बताया कि कल्याण से भाजपा के विधायक गणपत गायकवाड़ ने शुक्रवार रात उल्हासनगर इलाके में हिल लाइन पुलिस थाने के वरिष्ठ निरीक्षक के कक्ष के अंदर शिवसेना की कल्याण इकाई के प्रमुख महेश गायकवाड पर गोलियां चलाईं थीं।

## मोदी की गारंटी वादे को पूरे नहीं करने की है : खरगे

ब्यूरो, नई दिल्ली

▸▸ **कांग्रेस अध्यक्ष ने न्याय संकल्प रैली में साधा निशाना**

**अमृत विचार:** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने यहां शनिवार को कहा कि राहुल गांधी देश के लोकतंत्र और संविधान को बचाने के लिए विपरीत परिस्थितियों में भारत जोड़ो-न्याय यात्रा निकाल रहे हैं और अगर यह संघर्ष विफल रहा तो मोदी सरकार के तहत लोगों को नुकसान होगा। 'न्याय संकल्प सम्मेलन' रैली को संबोधित करते हुए उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर कई तीखे हमले किए। कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा की भाजपा सरकार ने युवाओं को रोजगार मुहैया कराने और देश में पैदा हुए काले धन को वापस लाने के अपने वादों को पूरा नहीं किया।

खरगे ने कहा-मोदी की गारंटी वादे को पूरे नहीं करने की है। उन्होंने प्रधान मंत्री पर देश पर अपने विचार थोपने और सत्ता हासिल करने के लिए सभी को दंडित करने" की कोशिश करने का आरोप लगाया। खरगे ने कांग्रेस की ओर से राहुल को धन्यवाद दिया और कहा कि यात्रा निकालने का उनका फैसला शायद पार्टी में किसी भी नेता द्वारा उठाया गया अब तक का सबसे बड़ा कदम है। वह युवाओं, महिलाओं, किसानों और गरीब लोगों सहित सभी के लिए न्याय मांग रहे हैं। इतनी विपरीत परिस्थितियों और ठंड के बावजूद वह यात्रा निकाल रहे हैं। वह भाजपा सरकार के अत्याचारों के खिलाफ लड़ रहे हैं। यह लड़ाई लोकतंत्र और देश के संविधान को बचाने के लिए है। यदि आप इस लड़ाई में कांग्रेस का समर्थन करने में विफल रहते हैं, तो आप मोदी के गुलाम बन जाएंगे।

खरगे ने कहा कि हमारी लड़ाई आरएसएस और बीजेपी के खिलाफ है। वे देश को खत्म करना चाहते हैं और गरीबों को अलग करना चाहते हैं। कांग्रेस को भाजपा की विभाजनकारी नीति के खिलाफ जागरूकता पैदा करने के लिए हर घर में जाना होगा। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा कि कांग्रेसियों सहित देश में जो भी व्यक्ति समझदारी की बात करता है, उस पर एफआईआर दर्ज कर दी जाती है, उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा सत्ता में बने रहने के लिए देश के लोगों और विपक्षी दलों को "डराना" चाहती है।

## फर्जी डाक्टरों के विरुद्ध बनेगा कानून, सांसदों की बैठक मंगलवार को

ज्ञानेंद्र सिंह, नई दिल्ली

▸▸ **दिल्ली में फ्री कानूनी सहायता का मंच गठित**

**अमृत विचार:** फर्जी डॉक्टरों के विरुद्ध इस बार त्रिकोणीय आंदोलन शुरू होने जा रहा है। जिसकी मांग झोलाछाप डॉक्टरों के खिलाफ देशव्यापी सख्त कानून बनाने की है। अभी तक यह मोर्चा सिर्फ इंडियन मेडिकल एसोसिएशन ही संभालता था। अब एलोपैथी डाक्टरों के साथ सांसद एवं वकील भी आ गए हैं। फर्जी डॉक्टरों के विरुद्ध मरीज या उनके तीमारदारों को निशुल्क सहायता देने के लिए दिल्ली में एक कानूनी मंच भी गठित हुआ है।

उक्त मुद्दे पर संसद के बजट सत्र के दौरान इंडियन मेडिकल एसोसिएशन और देश के विभिन्न राज्यों के सांसदों की एक महत्वपूर्ण बैठक मंगलवार को दिल्ली में होने जा रही है। बैठक की अध्यक्षता आईएमए के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. आरवी अशोकन करेंगे। डॉ. अशोकन ने अमृत विचार को बताया कि चिकित्सा जगत में तमाम ज्वलंत मुद्दे हैं जिनकी वजह से डॉक्टरों को आए दिन परेशान होना पड़ता है। उसमें एक मुद्दा फर्जी डॉक्टरों का भी है। जिनके चंगुल में फंस कर आम मरीज का मर्ज जब नासूर बन जाता है तब वह बड़े डाक्टरों या अस्पतालों की शरण में आते हैं मगर तब तक बहुत देर हो चुकी होती है। उस स्थिति में मरीज को महंगा इलाज करवाना पड़ता है और कई मामलों में मरीज की मृत्यु भी हो जाती है। बदनाम अंग्रेजी डॉक्टर होते हैं।

डॉ. अशोकन के मुताबिक फर्जी डाक्टरों की धर पकड़ के लिए आईएमए की राज्य इकाइयों को सक्रिय किया गया है। लेकिन कोई पुख्ता कानून न होने की वजह से फर्जी डॉक्टरों का कारोबार बेरोक टोक चल रहा है। आईएमए असम की अध्यक्ष डा. अरुणिमा गोस्वामी ने बताया कि उनके राज्य में झोलाछाप डॉक्टरों ने आईएमए के फर्जी प्रमाण पत्र अपने क्लीनिक में लगा रखे हैं और धड़ल्ले से मरीज के स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ कर रहे हैं। ऐसे फर्जी डॉक्टरों के विरुद्ध राज्य सरकार को पत्र भी लिखा गया है। इसी तरह आईएमए तमिलनाडु के अध्यक्ष डा. अबुल हसन कहते हैं कि पूरे राज्य के दूर दराज इलाकों में फर्जी डिग्रियों की नेम प्लेट लगाकर फर्जी डॉक्टर अंग्रेजी चिकित्सा पद्धति की प्रैक्टिस कर रहे हैं और कई मरीजों की अब तक मृत्यु भी हो चुकी है।

दूसरी तरफ दिल्ली ला चैंबर्स के अध्यक्ष मिलन कुमार वर्मा की अगुवाई में झोलाछाप डॉक्टरों के खिलाफ "आयुर्विजीलेंस" नामक अभियान छेड़ा गया है। जिसके तहत देश भर में फर्जी डॉक्टरों के खिलाफ आने वाली शिकायतों का न सिर्फ निपटारा कराया जाएगा बल्कि शिकायतकर्ताओं को निशुल्क कानूनी सहायता भी दी जाएगी। दिल्ली उच्च न्यायालय के अधिवक्ता अमन शर्मा ने बताया कि आयुर्वेद के नाम पर भी बड़े शहरों में झोलाछाप डॉक्टर सक्रिय है और ग्रामीण क्षेत्र के मरीज वहां पर ठगे जाते हैं। इनके विरुद्ध कानूनी लड़ाई लड़ने के लिए हम लोगों ने उक्त आभियान छेड़ा है।

आईएमए झोलाछाप डॉक्टर विरोधी प्रकोष्ठ के पूर्व राष्ट्रीय प्रमुख डॉ. अनिल बंसल ने बताया कि झोलाछाप डॉक्टरों की साठगांठ स्थानीय पुलिस एवं नेताओं से होती है तो हम आवाज नहीं उठा पाते हैं।

## ममता ने श्रमिकों के बैंक खातों में धनराशि अंतरण की घोषणा की

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने शनिवार को घोषणा की कि उनकी सरकार 21 फरवरी तक राज्य के 21 लाख मनरेगा श्रमिकों के बैंक खातों में धनराशि अंतरित कर देगी, जिनके वेतन का भुगतान नहीं किया गया है। बनर्जी ने शुक्रवार को शहर में बी.आर. आंबेडकर की प्रतिमा के सामने 48 घंटे का धरना शुरू किया और केंद्र से विभिन्न सामाजिक कल्याण योजनाओं के लिए " बकाया राशि" जारी करने की मांग की। बनर्जी ने धरनास्थल से घोषणा की, हमें भाजपा से भीख नहीं मांगनी है और न ही भाजपा की भीख चाहिए। 21 फरवरी तक हम उन 21 लाख श्रमिकों के बैंक खातों में पैसे अंतरित कर देंगे, जिन्हें पिछले तीन साल से काम करने के बाद भी मनरेगा का पैसा नहीं मिला है।

# कारोबार/कृषि

### मैंथा बाजार भाव

**रामपुर**-शिवालिक 1000 फ्लैग 1120 डीएमओ 825 बोल्ड 1155, **सम्भल-चन्दौसी**-शिवालिक 1000 फ्लैग 1125 बोल्ड 1155 डीएमओ 900।

### लखनऊ मंडी

| | |
|---|---|
| **अनाज (प्रति क्वि.)-** | |
| गेहूं (आरआर 21) | 2360-2800 |
| गेहूं (के 65) | 3500-3800 |
| बाजरा | 2200-2300 |
| मक्का | 2700-2800 |
| जौ | 2900-3000 |
| **चावल प्रति कुन्तल** | |
| चावल सेल्हा | 2800-3100 |
| चावल बासमती | 7000-8000 |
| चावल मोटा | 2800-3000 |
| चावल मन्सूरी | 3200-3500 |
| चावल शक्कर चीनी | 4800-5200 |
| चावल गोल्डन सेल्हा | 5600-8600 |
| चावल राजरानी | 7000-7500 |
| **दाल दलहन** | |
| चना देशी | 6800-7000 |
| चना फार्मी | 7200-7500 |
| चना काबली | 14500-17000 |
| मटर हरा | 6000-6200 |
| मटर सफेद | 6100-6500 |
| दाल चना | 8000-8400 |
| दाल मटर | 6400-6500 |
| उड़द हरा | 12000-12500 |
| उड़द काला | 9000-9500 |
| दाल उड़द हरी | 15500-16000 |
| दाल उड़द काली | 10500-11000 |
| दाल उड़द धोवा | 12000-12500 |
| मूंग खड़ा | 10000-10500 |
| मूंग दाल | 10500-11000 |
| मूंग धोवा | 12000-13000 |
| मसूर | 8800-9000 |
| मलका | 9000-9500 |
| दाल अरहर फूल | 16000-17000 |
| दाल स्पेशल | 13000-14000 |
| राज्मा सफेद | 13000-14000 |
| राज्मा काला | 11500-12500 |
| मूंगफली का दाना | 11000-12000 |
| **तेल तिलहन** | |
| अलसी | 5310-5510 |
| लाही | 4800-5200 |
| काली सरसों | 4900-5300 |
| पीली सरसों | 5600-5800। |

# 6.7% रहेगी अर्थव्यवस्था की औसत वृद्धि दर

## रेटिंग एजेंसी क्रिसिल ने ताजा रिपोर्ट में वर्ष 2030-31 तक के लिए जताई उम्मीद

कोलकाता, एजेंसी

क्रिसिल ने कहा कि वर्तमान दशक के अंत तक भारतीय अर्थव्यवस्था की औसत वार्षिक वृद्धि दर 6.7 प्रतिशत रहने की उम्मीद है। रेटिंग एजेंसी की एक ताजा रिपोर्ट में कहा गया है कि वित्त वर्ष 2023-24 से 2030-31 के बीच अर्थव्यवस्था इस दर से बढ़ेगी।

एजेंसी के मुताबिक यह दर महामारी से पहले की औसत वृद्धि दर 6.6 प्रतिशत से थोड़ी अधिक है। क्रिसिल के अनुसार इस प्रवृत्ति में पूंजी का मुख्य रूप से योगदान होगा। रिपोर्ट में कहा गया कि सरकार ने निर्माण गतिविधियों का समर्थन करने के लिए पूंजीगत व्यय में उल्लेखनीय वृद्धि की है और राज्यों के निवेश प्रयासों को बढ़ावा देने के लिए ब्याज मुक्त ऋण दे रही है।

क्रिसिल ने कहा कि चालू वित्त वर्ष में 7.3 प्रतिशत की मजबूत वृद्धि के बाद, अगले वित्त वर्ष में इसके 6.4 प्रतिशत रहने का अनुमान है। रिपोर्ट के मुताबिक आरबीआई ब्याज दर के मोर्चे पर सतर्क रहेगा, क्योंकि उसकी नजर मुद्रास्फीति को चार प्रतिशत के स्तर पर लाने पर रहेगी।

### इंजीनियरिंग उद्योग 2030 तक निर्यात 300 अरब डॉलर तक पहुंचाने को उत्साहित

**नई दिल्ली।** देश के इंजीनियरिंग निर्यात क्षेत्र ने शनिवार को कहा कि यह क्षेत्र की दीर्घकालिक वृद्धि की संभावनाओं और 2030 तक इंजीनियरिंग निर्यात 300 अरब डॉलर तक पहुंचाने को लेकर उत्साहित और इस क्षेत्र के बार में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के शब्दों से इस उद्योग का विश्वास बढ़ा है। श्री मोदी ने भारतीय इंजीनियरिंग निर्यात संवर्धन परिषद (ईईपीसी) के तत्वावधान में आयोजित भारत मोबिलिटी ग्लोबल एक्सपो 2024 का शुक्रवार को यहां भारत मंडपम में उद्घाटन किया था और प्रदर्शनी का अवलोकन किया था। ईईपीसी की शनिवार को जारी बयान में कहा गया कि प्रधानमंत्री के उत्साहजनक शब्दों के बाद निर्यात बाजार में अपनी हिस्सेदारी में उल्लेखनीय वृद्धि की उम्मीद कर रहा है। ईईपीसी इंडिया के अध्यक्ष अरुण कुमार गरोडिया ने कहा कि इंजीनियरिंग क्षेत्र उद्योग में पीएम के विश्वास से उत्साहित है और उम्मीद है कि 2030 तक भारतीय इंजीनियरिंग निर्यात 300 अरब अमेरिकी डॉलर तक पहुंच सकता है। श्री गरोडिया ने कहा कि जैसा कि प्रधानमंत्री ने कल्पना की है कि भारत एक विकसित देश बनने के लिए पूरी तरह तैयार है और इंजीनियरिंग क्षेत्र इसमें महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। गरोडिया ने कहा-जैसा कि देश के गतिशीलता क्षेत्र में परिवर्तन चल रहा है, इंजीनियरिंग क्षेत्र यह सुनिश्चित करने के लिए प्रौद्योगिकी और नवाचार को अपना रहा है कि भारत उद्योग 4.0 में दुनिया का नेतृत्व करे। इंजीनियरिंग क्षेत्र भारत को वैश्विक निर्यात केंद्र बनने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

## पार्क होटल्स ने आईपीओ से पहले एंकर निवेशकों से 409 करोड़ रुपये जुटाए

**नई दिल्ली।** द पार्क ब्रांड के अंतर्गत संचालित एपीजे सुरेंद्र पार्क होटल्स लिमिटेड ने अपने आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) से पहले एंकर निवेशकों से 409.5 करोड़ रुपये जुटाए हैं। बीएसई की वेबसाइट पर शुक्रवार को जारी परिपत्र के अनुसार, कंपनी ने 37 निवेशकों को 155 रुपये प्रति शेयर पर 2.64 करोड़ इक्विटी शेयर आवंटित करने का फैसला किया है। यह मूल्य दायरे का ऊपरी स्तर भी है। इसका निचला स्तर 147 रुपये है। एंकर निवेशकों में सोसाइटी जनरल, सिटीग्रुप ग्लोबल मार्केट्स मॉरीशस, इंटीग्रेटेड कोर स्ट्रेटेजीज (एशिया) प्राइवेट लिमिटेड, बजाज अलायंज लाइफ इंश्योरेंस कंपनी, एसबीआई जनरल इंश्योरेंस कंपनी, कोटक महिंद्रा लाइफ इंश्योरेंस कंपनी और सीएलएसए ग्लोबल मार्केट्स प्राइवेट लिमिटेड व अन्य हैं।

## पीएलआई योजना को प्रारंभिक समर्थन के रूप में देखना चाहिए

नई दिल्ली, एजेंसी

▸▸ **वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल बोले-उद्योगों के लिए प्रतिस्पर्धा होगी अहम**

वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने शनिवार को कहा कि उद्योग को उत्पादन से जुड़े प्रोत्साहन (पीएलआई) योजना को प्रारंभिक समर्थन के रूप में देखना चाहिए, क्योंकि उद्योग के लिए आगे चलकर प्रतिस्पर्धा ही अहम होगी।

उन्होंने पीएलआई प्रोत्साहन का लाभ पाने वाली कंपनियों से योजना के बेहतर कार्यान्वयन के लिए रचनात्मक आलोचना और प्रतिक्रिया" साझा करने को कहा। उन्होंने कहा-यह विचार भारत को विनिर्माण महाशक्ति बनाने का है और आगे एक लंबी यात्रा तय करनी है। सरकारी अधिकारियों और उद्योग जगत के प्रतिनिधियों सहित 1,200 से अधिक हितधारक यहां 14 पीएलआई योजनाओं की प्रगति पर विचार-विमर्श कर रहे हैं। गोयल ने कहा-इन प्रोत्साहनों को बैसाखी के रूप में नहीं देखा जाना चाहिए और हम आपको सरकारी सब्सिडी पर निर्भर नहीं बनाना चाहते हैं। यह केवल एक शुरुआत की तरह है। उन्होंने कहा कि पीएलआई योजना केवल आपको शुरुआत में थोड़ा सा बढ़ावा देने के लिए है और कृपया इसे प्रारंभिक समर्थन के रूप में देखें, (क्योंकि) आगे चलकर प्रतिस्पर्धा ही अहम होगी।

### सर्राफा

| | |
|---|---|
| **कानपुर** | |
| चाँदी 999 (प्रति किलो) | 73,000 |
| चांदी सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 82,500 |
| चांदी सिक्का (सैकड़ा) बिकवाल | 87,500 |
| सोना बिस्कुट (दस ग्राम) | 64,500 |
| गिन्नी (प्रति नग) | 48,050-48,250 |
| **लखनऊ** | |
| सोना स्टैंडड (प्रति 10 ग्राम) | 64,250 |
| सोना रवा (प्रति 10 ग्राम) | 64,100 |
| गिन्नी (प्रति 10 नग) | 42, 500 |
| चांदी (999) | 73,000 |
| चांदी तैयार | 73,100 |
| चांदी का सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 80, 500 |
| **बरेली** | |
| सोना जेवरात पक्के | 64,100 |
| सोना जेवरात गिन्नी | 63,100 |
| चांदी पक्की | 722 (अनुमानित) |
| **मुरादाबाद** | |
| सोना 24 कैरेट | 64,350 |
| चांदी आभूषण | 73,000। |

## एक राष्ट्र, एक चुनाव से आर्थिक विकास को मिलेगा बढ़ावा

नई दिल्ली, एजेंसी

▸▸ **उद्योग मंडल भारतीय उद्योग परिसंघ ने जताया समर्थन**

उद्योग मंडल भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) ने एक साथ चुनाव कराने के लिए अपना समर्थन व्यक्त करते हुए कहा कि इससे केंद्र और राज्य स्तर पर चुनावी चक्र एक हो जाएंगे।

सीआईआई ने कहा कि एक राष्ट्र एक चुनाव से शासन की दक्षता बढ़ेगी और आर्थिक विकास को बढ़ावा मिलेगा। सीआईआई ने शुक्रवार को एक देश एक चुनाव (ओएनओई) पर उच्च स्तरीय समिति के सामने अपने विचार रखे। पूर्व राष्ट्रपति राम नाथ कोविन्द की अध्यक्षता में ओएनओई पर उच्च स्तरीय समिति ने अपनी पांचवीं बैठक की। उद्योग निकाय ने कहा कि सीआईआई का विचार चुनावी प्रक्रिया को सुव्यवस्थित करने के आर्थिक लाभों पर आधारित है, जिससे शासन की दक्षता बढ़ेगी और आर्थिक विकास को बढ़ावा मिलेगा। इसने कहा कि बार-बार चुनावों से नीति निर्माण और प्रशासन में व्यवधान होता है, जिससे सरकार की नीतियों के बारे में अनिश्चितता पैदा होती है।

## रिलायंस ने जीता एशिया का इश्यूअर ऑफ द ईयर का पुरस्कार

**नई दिल्ली।** रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमि. को 2023 के लिए आईएफआर एशिया के इश्यूअर ऑफ द ईयर पुरस्कार से सम्मानित किया गया है। यह पुरस्कार कई बाजार चुनौतियों पर काबू और धन संग्रह के बड़े सौदों में अधिक मूल्य निर्धारण हासिल करने के लिए दिया गया। इंटरनेशनल फाइनेंसिंग रिव्यू (आईएफआर) निश्चित आय, पूंजी बाजार और निवेश बैंकिंग समाचार, विश्लेषण के लिए विश्व स्तर पर प्रमुख वित्तीय प्रकाशन है। आईएफआर ने कहा कंपनी ने बड़े सौदों से इष्टतम मूल्य निर्धारण हासिल करने के लिए वित्तपोषण को संतुलित किया है।

## धनशोधन की चिंताओं के चलते आरबीआई को लगाना पड़ा पेटीएम बैंक पर प्रतिबंध

नई दिल्ली, एजेंसी

▸▸ **ऑडिट रिपोर्ट में नियमों के गैर अनुपालन और सामग्री पर्यवेक्षण से जुड़ी मिली थीं गड़बड़ियां**

धन शोधन संबंधी चिंताओं और वॉलेट पेटीएम तथा इसकी बैंकिंग शाखा के बीच सैकड़ों करोड़ रुपये के संदिग्ध लेनदेन के कारण भारतीय रिजर्व बैंक को विजय शेखर शर्मा द्वारा संचालित इकाइयों पर शिकंजा कसना पड़ा। सूत्रों ने यह जानकारी दी।

आरबीआई ने पेटीएम पेमेंट्स बैंक लिमिटेड को किसी भी ग्राहक खाते, प्रीपेड साधन, वॉलेट एवं फास्टैग में 29 फरवरी, 2024 के बाद जमा या टॉप-अप स्वीकार न करने का निर्देश दिया था। आरबीआई ने एक बयान में इसकी जानकारी देते हुए कहा कि यह कदम व्यापक प्रणाली ऑडिट रिपोर्ट और बाहरी ऑडिटरों की अनुपालन सत्यापन रिपोर्ट के बाद उठाया गया है। इन रिपोर्टों से भुगतान बैंक में लगातार नियमों के गैर-अनुपालन और सामग्री पर्यवेक्षण से जुड़ी चिंताएं सामने आईं। आरबीआई ने इसके पहले 11 मार्च, 2022 को पीपीबीएल को तत्काल प्रभाव से नए ग्राहकों को जोड़ने से रोक दिया था। आरबीआई ने कहा कि पेटीएम पेमेंट्स बैंक के ग्राहकों को बचत बैंक खाते, चालू खाते, प्रीपेड माध्यम, फास्टैग, नेशनल कॉमन मोबिलिटी कार्ड (एनसीएमसी) सहित अपने खातों से शेष राशि की निकासी या उपयोग की अनुमति किसी प्रतिबंध के बगैर दी जाएगी। वन97 कम्युनिकेशंस के पास पेटीएम पेमेंट्स बैंक लिमिटेड में 49 प्रतिशत हिस्सेदारी है लेकिन वह इसे अपनी सहयोगी के रूप में वर्गीकृत करता है।

# रामकुमार-बालाजी ने पाकिस्तान पर दिलाई 2-0 से बढ़त

## डेविस कप में भारत की जीत के साथ शुरुआत, युकी भांबरी और साकेत के मैच आज

इस्लामाबाद, एजेंसी

भारत ने रामकुमार रामनाथन और एन श्रीराम बालाजी के मैचों में जीत दर्ज कर शनिवार को डेविस कप विश्व ग्रुप एक प्ले ऑफ मुकाबले में पाकिस्तान पर 2-0 से बढ़त बना ली। ऐसाम उल हक ने एकल में कड़ी चुनौती पेश की लेकिन तीसरे सेट में मांसपेशियों में खिंचाव के कारण पिछड़ गए। रामकुमार ने ऐसाम से पहला सेट गंवा दिया था लेकिन वापसी करते हुए 6-7(3), 7-6(4), 6-0 से जीत हासिल कर भारत को 1-0 से आगे कर दिया।

बारिश से प्रभावित दूसरे एकल में बालाजी को अकील खान ने चुनौती दी लेकिन वह पाकिस्तान के अनुभवी खिलाड़ी को 7-5, 6-3 से पराजित करने में सफल रहे। बालाजी ने दोनों सेट में एक-एक बार अकील की सर्विस तोड़ी। उनकी मजबूत सर्विस, ड्रॉप शॉट्स का बखूबी इस्तेमाल और मूवमेंट अंत में उन्हें आसान जीत दिलाने में सफल रहे।

भारत अब विश्व ग्रुप एक में जगह बनाने से एक जीत दूर है। युकी भांबरी और साकेत मायनेनी अब रविवार को मुकाबला जीतने की कोशिश करेंगे। तीसरे मैच में उनका सामना मुजम्मिल मुर्तजा और बरकत उल्लाह की जोड़ी से होगा।

रामकुमार रामनाथन। ● एजेंसी

### राम और क्राजिसेक ने अमेरिका को दिलाई अजेय बढ़त

**विनियस (लिथुआनिया)।** राजीव राम और ऑस्टिन क्राजिसेक ने यूक्रेन के खिलाफ युगल मैच जीतकर बेस्ट ऑफ फाइव क्वालीफाइंग में 3-0 की अजेय बढ़त के साथ डेविस कप फाइनल्स ग्रुप राउंड में अमेरिका का स्थान सुरक्षित किया। राम और क्राजिसेक ने शुक्रवार को इलिया बेलोबोरोडको और ओलेक्सी क्रुतिख की जोड़ी को 6-3, 4-6, 6-3 से हराया। इससे पहले सेबेस्टियन कोर्डा और क्रिस यूबैंक्स ने एकल वर्ग के मैच में जीत के साथ अमेरिका को शुरुआत दिलाई थी। कोर्ड ने क्रुतिख को 6-3, 6-7, 6-4 से, जबकि यूबैंक्स ने व्याचेस्लाव बिलिंस्की को 6-3, 6-2 से हराया था। फ्रिट्ज ने शुक्रवार को वापसी करते हुए ओर्लोव व्लादिस्लाव को 6-3, 6-4 से हराकर अमेरिका की बढ़त को 4-0 कर दिया। नोवाक जोकोविच के बिना खेल रही मेजबान सर्बिया की टीम स्लोवाकिया से 0-2 से पिछड़ रही है। एलेक्स मोल्कन ने दुसान लाजोविच से पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए जीत दर्ज की। दूसरे मैच में लुकास क्लेन ने मायोमीर केकमानोविच को हराया।

# साई सुदर्शन के शतक से भारत ए ने खड़ा किया रनों का पहाड़

अहमदाबाद, एजेंसी

साई सुदर्शन के शानदार शतक से भारत ए शनिवार को तीसरे अनौपचारिक टेस्ट के तीसरे दिन इंग्लैंड लायंस के खिलाफ मजबूत स्थिति में पहुंच गया।

**इंग्लैंड लायंस ने दूसरी पारी में 2 विकेट खोकर बनाए 83 रन**

सुदर्शन ने 240 गेंद में 117 रन की पारी खेली, जिससे भारत ए ने अपनी दूसरी पारी में 409 रन बनाकर कुल 402 रन की विशाल बढ़त हासिल की। जीत के लिए 403 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए इंग्लैंड लायंस ने स्टंप तक दूसरी पारी में दो विकेट गंवाकर 83 रन बना लिए। सलामी बल्लेबाज एलेक्स लीस 41 रन बनाकर खेल रहे हैं। इंग्लैंड को मैच जीतकर श्रृंखला बराबर करने के लिए अंतिम दिन 320 रन और बनाने होंगे। मेजबान टीम अभी श्रृंखला में 1-0 से बढ़त बनाए हुए है। भारत ए ने सुबह तीन विकेट पर 148 रन के स्कोर से खेलना शुरू किया। सुदर्शन ने 54 रन की पारी को शतक में बदला। रिंकू सिंह ने 25 गेंद में पांच चौके और एक छक्के से 38 रन बनाए। रिंकू और सुदर्शन ने चौथे विकेट के लिए 55 रन की भागीदारी निभाई। सुदर्शन ने फिर कुमार कुशाग्र के साथ पांचवें विकेट के लिए 81 रन की साझेदारी की।

### पिछले टेस्ट मैच में महज 3 रन से शतक लगाने से चूके गए थे सुदर्शन

तमिलनाडु के 22 साल के खिलाड़ी सुदर्शन ने इंग्लैंड लायंस के खिलाफ पिछले टेस्ट में 97 रन बनाए थे लेकिन इस मैच में वह अर्धशतक को शतक में तब्दील करने से नहीं चूके, उन्होंने पारी में 16 चौके जड़े थे। वहीं उनके सलामी जोड़ीदार और कप्तान अभिमन्यु ईश्वरन पांच पारियों में महज एक अर्धशतक जड़ सके हैं। सारांश जैन (63) और आकाश दीप (31) ने आठवें विकेट के लिए 60 रन जोड़कर भारत ए को मजबूत स्कोर तक पहुंचा दिया। जैन ने फिर गेंदबाजी में प्रभावित करते हुए फॉर्म में चल रहे कीटन जेनिंग्स (27) और ओलिवर प्राइस (11) के विकेट झटक लिए।

# यशस्वी जायसवाल ने बल्ले, बुमराह ने गेंद से इंग्लैंड पर बरसाया कहर

## पहली पारी में भारत ने बनाए 396 रन, जवाब में 253 पर सिमटी इंग्लैंड की पूरी टीम

विशाखापत्तनम, एजेंसी

यशस्वी जायसवाल के दोहरे शतक के बाद जसप्रीत बुमराह की शानदार गेंदबाजी से भारत ने इंग्लैंड के खिलाफ दूसरे टेस्ट में शनिवार को अपनी पकड़ मजबूत कर ली। बुमराह ने 45 रन देकर छह विकेट लिए, जिससे इंग्लैंड की पहली पारी 55.5 ओवर में 253 रन पर सिमट गई। भारत ने दूसरे दिन का खेल खत्म होने तक अपनी दूसरी पारी में 5 ओवर में बिना किसी नुकसान के 28 रन बनाकर कुल 171 रन की बढ़त हासिल कर ली। कप्तान रोहित शर्मा 13 और यशस्वी जायसवाल 15 रन बनाकर क्रीज पर हैं।

भारत ने पहली पारी में 396 रन बनाए थे। इसके बाद बल्लेबाजी करने उतरे इंग्लैंड के जैक क्राउली ने आक्रामक शुरुआती की। वह 78 गेंद में 76 रन बनाकर बुमराह का शिकार बने। इस मैच में बुमराह ने कॅरिअर में 10वीं बार पांच विकेट झटकने के साथ टेस्ट में 150 विकेट का आंकड़ा छुआ। वह वकार यूनुस के बाद इस आंकड़े तक पहुंचने वाले दूसरे सबसे तेज एशियाई गेंदबाज है। जो रूट (पांच), ओली पोप (23), जॉनी बेयरस्टो (25) और इंग्लैंड के कप्तान बेन स्टोक्स (47) को बुमराह ने अपनी चतुराई से चकमा देकर आउट किया। बुमराह को कुलदीप यादव का अच्छा साथ मिला, जिन्होंने 3 विकेट लिए। कुलदीप ने बेन डकेट को आउट कर भारत को पहली सफलता दिलाई।

हालांकि मुकेश कुमार के खिलाफ इंग्लैंड के बल्लेबाजों ने आसानी से रन बनाए। भारतीय टीम तीसरे दिन ऐसे स्कोर तक पहुंचना चाहेगी जिसे हासिल करना इंग्लैंड के लिए काफी मुश्किल हो। पिच से अब असामान्य उछाल मिल रहा है और ऐसे स्थिति में बैजबॉल क्रिकेट खेलने वाली इंग्लैंड के लिए 400 रन से अधिक का लक्ष्य हासिल करना मुश्किल होगा।

**209** रन बनाए यशस्वी जायसवाल ने पहली पारी में

**6** विकेट लेकर जसप्रीत बुमराह ने तोड़ी इंग्लैंड की कमर

### दोहरा शतक जड़ने वाले तीसरे सबसे युवा भारतीय बने यशस्वी

यशस्वी जायसवाल शनिवार को दोहरा शतक जड़ने वाले तीसरे सबसे युवा भारतीय बन गए हैं। 22 साल के जायसवाल ने 290 गेंद पर 209 रन बनाए। इससे पहले विनोद कांबली ने 1993 में 22 साल से कम उम्र में इंग्लैंड के खिलाफ दोहरा शतक जड़ा था। कांबली से पहले सुनील गावस्कर ने 1971 में वेस्टइंडीज के खिलाफ यह कारनामा किया था।

### मुश्किलों भरा रहा कामयाबी का सफर

उत्तर प्रदेश के भदोही के रहने वाले निम्न मध्यमवर्गीय परिवार से आने वाले यशस्वी जायसवाल की जिंदगी मुश्किलों से भरी रही है। वह 11 साल की उम्र में आजाद मैदान में प्रशिक्षण लेने के लिए भदोही से मुंबई पहुंचे थे। वहां गुजारा चलाने के लिए छोटे-मोटे काम किए। यहां तक की सड़क किनारे पानी पूरी भी बेची। प्राशिक्षण के शुरुआती सालों में आजाद मैदान के कर्मियों के साथ तंबू में रहे। यशस्वी 2020 में अंडर-19 विश्व कप में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी बनने के बाद सुर्खियों में आए। उसी साल राजस्थान रॉयल्स ने आईपीएल की नीलामी में उन्हें टीम से जोड़ा।

### स्कोर बोर्ड

**इंग्लैंड** 253/10 (55.5 ओवर)

| खिलाड़ी | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| जैक क्राउली का अय्यर बो अक्षर | 76 | 78 | 11/2 |
| बेन डकेट का पाटीदार बो कुलदीप | 21 | 17 | 4/0 |
| ऑली पोप बो बुमराह | 23 | 55 | 2/0 |
| जो रूट का गिल बो बुमराह | 5 | 10 | 1/0 |
| जॉनी बेयरस्टो का गिल बो बुमराह | 25 | 39 | 4/0 |
| बेन स्टोक्स बो बुमराह | 47 | 54 | 5/1 |
| बेन फोक्स बो कुलदीप | 6 | 10 | 1/0 |
| रेहान अहमद का गिल बो कुलदीप | 6 | 15 | 1/0 |
| टॉम हार्टले का गिल बो बुमराह | 21 | 24 | 2/1 |
| जेम्स एंडरसन पगबाधा बुमराह | 6 | 19 | 1/0 |
| शोएब बशीर नाबाद | 8 | 15 | 1/0 |

**अतिरिक्त :** 9, **कुल :** 55.5 ओवर में ऑल आउट : 253 रन, **विकेट पतन :** 1-59, 2-114, 3-123, 4-136, 5-159, 6-172, 7-182, 8-229, 9-234, **गेंदबाजी :** बुमराह 15.5-5-45-6, मुकेश 7-1-44-0, कुलदीप 17-1-71-3, अश्विन 12-0-61-0, अक्षर 4-0-24-1

**भारत** 396/10 (112 ओवर)

| खिलाड़ी | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| यशस्वी का बेयरस्टो बो एंडरसन | 209 | 290 | 19/7 |
| रोहित शर्मा का पोप बो बशीर | 14 | 41 | 0/0 |
| शुभमन गिल का फोक्स बो एंडरसन | 34 | 46 | 5/0 |
| श्रेयस अय्यर का फोक्स बो हार्टले | 27 | 59 | 3/0 |
| रजत पाटीदार बो रेहान | 32 | 72 | 3/0 |
| अक्षर पटेल का रेहान बो बशीर | 27 | 51 | 4/0 |
| श्रीकर भरत का बशीर बो रेहान | 17 | 23 | 2/1 |
| अश्विन का फोक्स बो एंडरसन | 20 | 37 | 4/0 |
| कुलदीप यादव नाबाद | 8 | 42 | 0/0 |
| जसप्रीत बुमराह का रूट बो रेहान | 6 | 9 | 1/0 |
| मुकेश कुमार का रूट बो बशीर | 0 | 3 | 0/0 |

**अतिरिक्त :** 02, **कुल :** 112 ओवर में ऑल आउट : 209 रन, **विकेट पतन :** 1-40, 2-89, 3-179, 4-249, 5-301, 6-330, 7-364, 8-383, 9-395, **गेंदबाजी :** एंडरसन 25-4-47-3, रूट 14-0-71-0, हार्टले 18-2-74-1, बशीर 38-1-138-3, रेहान 17-2-65-3

### खेल डायरी

#### मेस्सी-बार्सिलोना के बीच करार का नैपकिन होगा नीलाम

**लंदन।** दिग्गज फुटबॉलर लियोनेल मेस्सी का स्पेन की क्लब बार्सिलोना के साथ रिकॉर्ड तोड़ कॅरिअर एक नैपकिन पर लिखे अनुबंध के साथ शुरू हुआ था। यह नैपकिन 300,000 पाउंड (लगभग 3.15 करोड़ रुपये) की शुरुआती कीमत के साथ नीलामी के लिए तैयार है। ब्रिटेन की नीलामी करने वाली कंपनी बोनहम्स 18 से 27 मार्च तक इसके लिए ऑनलाइन बोली का आयोजन करेगी। बोनहम्स ने इसके लिए मेस्सी के गृह देश अर्जेंटीना के उनके एक प्रतिनिधि होरासियो गैगियोली से करार किया है। 14 दिसंबर 2000 की तारीख वाले इस नैपकिन पर गैगियोली, एक अन्य प्रतिनिधि जोसेप मारिया मिंगुएला और बार्सिलोना के तत्कालीन खेल निदेशक कार्ल्स रेक्साच के हस्ताक्षर हैं। इसमें मेस्सी के साथ करार करने के लिए एक समझौते की रूपरेखा तैयार की गई थी।

#### अस्मिता थाईलैंड मास्टर्स के सेमीफाइनल में हारी

**बैंकॉक।** भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी अस्मिता चालिहा का शनिवार को थाईलैंड मास्टर्स सुपर 300 टूर्नामेंट का सफर महिला एकल सेमीफाइनल में थाईलैंड की सुपानिडा काटेथोंग से हारकर समाप्त हो गया। गुवाहाटी की 24 साल की अस्मिता को विश्व रैंकिंग में 17वें स्थान पर काबिज सुपानिडा ने 21-13, 21-12 से हराया। सुपानिडा ने पहले गेम में 8-3 की बड़ी बढ़त बनाने के बाद अस्मिता को वापसी का मौका नहीं दिया। दूसरे गेम में अस्मिता ने सुपानिडा को शुरुआत में टक्कर दी, जिससे स्कोर 6-7 था। वह इसके बाद लय जारी नहीं रख सकी। सुपानिडा ने अगले 10 में से 9 अंक अपने नाम कर अस्मिता को मुकाबले से बाहर कर दिया।

#### विश्व चैंपियनशिप के लिए आरती ने किया क्वालीफाई

**पुणे।** भारतीय शटलर आरती पाटिल ने 20 से 25 फरवरी तक थाईलैंड में होने वाली बीडब्ल्यूएफ पैरा-बैडमिंटन विश्व चैंपियनशिप में अपनी जगह पक्की कर ली है। 23 वर्षीय कोल्हापुर निवासी आरती महिला एकल एसयू-5 विश्व रैंकिंग में 13वें स्थान पर है। खेलो इंडिया की स्वर्ण पदक विजेता आरती ने 2017 एशियाई युवा पैरा खेलों में मिश्रित युगल में रजत पदक जीता था। उन्होंने विभिन्न अंतर्राष्ट्रीय पैरा-बैडमिंटन प्रतियोगिताओं में महिला एकल और युगल में 7 कांस्य पदक जीते हैं।

#### भारत की श्रीवल्ली और जील देसाई ने किया उलटफेर

**मुंबई।** भारत की श्रीवल्ली भामिदिपति ने शनिवार को डब्ल्यूटीए टूर पदार्पण करते हुए मुंबई ओपन के पहले दौर के क्वालीफाइंग मैच में यूनान की वालेनटिनी ग्रामाटिकोपोलू को हराकर उलटफेर किया। वाइल्ड कार्ड से प्रवेश करने वाली जील देसाई ने भी यूनानी खिलाड़ी साफो साकेलारिडी को हराकर बाहर किया। श्रीवल्ली ने दिन का सबसे बड़ा उलटफेर किया। उन्होंने 117वीं विश्व रैंकिंग पर काबिज वालेनटिनी को 6-3, 6-2 से पराजित किया। जील देसाई ने साफो पर 6-2, 6-1 से जीत हासिल की। गैर वरीय वैदेही चौधरी भी प्रतिद्वंद्वी चौथी वरीय देजाना रादानोविच के रिटायर्ड हर्ट होने पर दूसरे दौर में पहुंच गईं। मधुरिमा सावंत और समीक्षा श्राफ अगले दौर में नहीं पहुंच सकीं।

**मुंबई ओपन**

#### नेपाल की टीमों की ट्रेनिंग में मदद करेगा बीसीसीआई

**नई दिल्ली।** बीसीसीआई करीब एक दशक से अफगानिस्तान क्रिकेट की मदद करता रहा है और अब नेपाल के खिलाड़ियों को बुनियादी ढांचे और ट्रेनिंग संबंधित सहायता देने के लिए तैयार है। संभावना है कि नेपाल की सीनियर राष्ट्रीय टीम जून में होने वाले टी-20 विश्व कप में खेलने के लिए अमेरिका रवाना होने से पहले दिल्ली में ट्रेनिंग कर सकती है और कुछ अभ्यास मैच भी खेल सकती है। नेपाल क्रिकेट संघ (सीएएन) के अध्यक्ष चतुर बहादुर ने शुक्रवार को महिलाओं की प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) बैठक के दौरान बीसीसीआई सचिव जय शाह से मुलाकात की। उन्होंने अपने देश के उभरते क्रिकेटरों मदद मुहैया कराने का अनुरोध किया। सीएएन के मुताबिक बीसीसीआई सचिव ने उनसे एक आधिकारिक मसौदा तैयार करने को कहा कि वे बीसीसीआई से किस तरह की मदद की उम्मीद करते हैं।

# विराट कोहली की वापसी पर संदेह केएल राहुल के फिट होने की उम्मीद

नई दिल्ली, एजेंसी

विराट कोहली की इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट श्रृंखला के बाकी मैचों में वापसी पर संदेह है। कोहली इस समय देश से बाहर हैं। चयन समिति के अध्यक्ष अजीत अगरकर या बीसीसीआई के अधिकारी उनसे बात करेंगे ताकि पता चल सके कि वह टीम में शामिल होने की स्थिति में हैं या नहीं। बताया जा रहा है कि कोहली का टेस्ट से बाहर होने का व्यक्तिगत कारण उनके दूसरे बच्चे के जन्म का इंतजार है जिसका खुलासा उनके करीबी मित्र और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु टीम के पूर्व साथी एबी डिविलियर्स ने अपने यूट्यूब चैनल पर किया है। डिविलियर्स ने कहा कि कोहली ने ब्रेक लेकर बिल्कुल सही किया है। उनके दूसरे बच्चे का जन्म होने वाला है। यह परिवार का समय है।

**डिविलियर्स ने किया खुलासा कहा- जल्द ही दूसरे बच्चे के पिता बनने वाले हैं विराट कोहली**

# आर्यन और करन ने असम के खिलाफ ठोका दोहरा शतक

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

अमृत विचार : ग्रीनपार्क स्टेडियम में यूपी और असम के बीच रणजी मुकाबले के दूसरे दिन शनिवार को यूपी टीम ने आर्यन जुयाल और करन शर्मा के दोहरे शतकों की बदौलत 8 विकेट पर 548 रन बनाकर पारी घोषित कर दी। जवाब में असम ने भी सधी हुई शुरुआत करते हुए खेल समाप्त होने तक 39 ओवर में बिना किसी नुकसान के 116 रन बना लिए।

**548 रनों के जवाब में असम ने बिना नुकसान के बनाए 116 रन**

दूसरे दिन यूपी ने 319 रनों से आगे खेलना शुरू किया। आर्यन जुयाल 278 गेंदों पर 21 चौके व एक छक्के की मदद से 201 रन बनाकर आउट हुए। आर्यन और करन शर्मा के बीच 444 गेंदों में 298 रनों की साझेदारी हुई। चौथा विकेट कप्तान नितीश राणा का गिरा। उन्होंने राहुल सिंह की गेंद पर परवेज खान को कैच दे दिया। इस समय यूपी का स्कोर 420 रन था।

लंच तक यूपी ने 4 विकेट के नुकसान पर 113 ओवर में 474 रन बना लिए थे। पांचवां विकेट अकाशदीप का गिरा। उन्होंने 53 रन बनाए। इसके बाद एम दत्ता की गेंद पर समीर रिजवी अभिषेक को कैच देकर चलते बने। इस समय यूपी का स्कोर छह विकेट पर 537 रन रहा। सातवां विकेट करन शर्मा का गिरा। करन ने 208 रनों का योगदान दिया। उन्होंने 300 गेंदों पर 21 चौके व दो छक्के लगाए। 128.3 ओवर में एम दत्ता की गेंद पर शिवम शर्मा के तीन रन बनाकर आउट होते ही यूपी ने पारी घोषित कर दी। जवाब में असम की भी शुरुआत अच्छी रही। परवेज मुशर्रफ (53), राहुल हजारिका (51) रन पर खेल रहे हैं। असम के गेंदबाज एम दत्ता ने चार, राहुल सिंह ने तीन, मुख्तार हुसैन ने एक विकेट लिया।

आर्यन जुयाल और करन शर्मा।

# बॉलीवुड हलचल

## मार्च में रिलीज होगी करीना, तब्बू और कृति की द क्रू

अभिनेत्री करीना कपूर, कृति सैनन और तब्बू की फिल्म द क्रू 29 मार्च में रिलीज होगी। फिल्म में करीना कपूर, तब्बू और कृति सैनन लीड रोल में हैं। मेकर्स ने रिलीज डेट का अनाउंसमेंट वीडियो जारी कर दिया है। इसमें करीना, तब्बू और कृति एयर होस्टेस की पोशाक में दिख रही हैं। तीनों एयरपोर्ट की एक गैलरी में चलते हुए दिख रही हैं। वीडियो के बैकग्राउंड में आवाज आती है, देवियों और सज्जनों, मैं आपका कैप्टन बोल रहा हूं। आज की फ्लाइट में आपका स्वागत है। हमारा क्रू आपका बहुत ख्याल रखेगा, लेकिन आपसे एक अनुरोध है कि अपनी चोली कसकर पकड़ लें ताकि दिल बाहर ना गिर जाए। वीडियो के आखिरी में द क्रू की रिलीज डेट 29 मार्च बताई गई है। करीना कपूर खान ने सोशल मीडिया पर लिखा कि अपनी कमर कस लें, अपना पॉपकॉर्न तैयार करें, और परोसने के लिए तैयार हो जाएं। द क्रू मार्च में सिनेमाघरों में रिलीज होगी। करीना ने कैप्शन में रिया कपूर, कपिल शर्मा और एकता कपूर को भी टैग किया और बताया कि फिल्म में इनकी स्पेशल अपीयरेंस होगी।

### फराह खान ने शोएब इब्राहिम के एक्ट की तारीफ की

कोरियोग्राफर फराह खान ने शोएब इब्राहिम की तारीफ करते हुए कहा कि आपके परफॉर्मेंस से लगता है जैसे मुझे ओम शांति ओम पार्ट 2 की कहानी मिल गई है। इस वीकेंड, सोनी पर रियलिटी शो झलक दिखला जा में जूही चावला के कुछ सबसे प्रतिष्ठित गीतों पर प्रतियोगियों द्वारा मंत्रमुग्ध कर देने वाली डांस परफॉर्मेंस दी जाएगी।

## भूल भुलैया 3 से सारा और कियारा का कटा पत्ता, शरवरी की एंट्री

साल 2022 में रिलीज हुई कार्तिक आर्यन की फिल्म भूल भुलैया 2 को लोगों ने काफी ज्यादा पसंद किया था। इस फिल्म में कार्तिक आर्यन के साथ कियारा आडवाणी नजर आई थीं। इसके बाद मेकर्स ने इसके तीसरे भाग को बनाने का फैसला किया। फिल्म भूल भुलैया 3 के लिए कार्तिक आर्यन का नाम शुरुआत से फाइनल कर दिया गया था लेकिन अभिनेत्री को लेकर लगातार अलग-अलग खबरें आ रही हैं। पहले कहा गया कि फिल्म में कार्तिक आर्यन के साथ कियारा आडवाणी की जगह सारा अली खान नजर आएंगी। अब ताजा रिपोर्ट है कि फिल्म में शरवरी वाघ की एंट्री हो गई है। दरअसल कार्तिक आर्यन और शरवरी वाघ को टी-सीरीज के ऑफिस के बाहर देखा गया था। इसके बाद से खबरें आने लगीं कि भूल भुलैया 3 में कियारा आडवाणी और सारा अली खान नहीं बल्कि शरवरी वाघ नजर आएंगी। हालांकि निर्माता की तरफ से अब तक कोई बयान नहीं आया है।

शरवरी वाघ ने 2015 में फिल्म प्यार का पंचनामा में असिस्टेंट डायरेक्टर के तौर पर कॅरिअर की शुरुआत की थी। इसके बाद उन्होंने कुछ फिल्मों में असिस्टेंट डायरेक्टर के तौर पर काम किया। शरवरी वाघ ने साल 2021 में फिल्म बंटी और बबली 2 से अपने एक्टिंग कॅरिअर की शुरुआत की। वहीं कार्तिक आर्यन भूल भुलैया 3 के अलावा चंदू चैंपियन, आशिकी 3 और कैप्टन इंडिया जैसी फिल्में कर रहे हैं। कार्तिक आर्यन पिछले साल जून में रिलीज हुई फिल्म सत्यप्रेम की कथा में कियारा आडवाणी के साथ नजर आए थे।

## कार्तिक आर्यन आंखों में सितारे लेकर मुंबई आने वाले लोगों के सच्चे प्रतिनिधि : मनोज बाजपेयी

अभिनेता मनोज बाजपेयी ने फिल्म सत्यप्रेम की कथा में सत्तू के किरदार के लिए सर्वश्रेष्ठ अभिनेता (क्रिटिक) का अवॉर्ड मिलने पर कार्तिक आर्यन की तारीफ की। वहीं जब मनोज बाजपेयी को अवॉर्ड मिला तो उन्होंने यह अवॉर्ड खासतौर से कार्तिक आर्यन को समर्पित किया। मनोज बाजपेयी ने कार्तिक को मंच पर बुलाया और उन्हें इंडस्ट्री में आउटसाइडर लोगों का सच्चा प्रतिनिधि बताया और अपना अवॉर्ड भी उन्हें समर्पित किया। मनोज बाजपेयी ने कहा कि कार्तिक अपनी आंखों में सितारे लेकर बाहर से आने वाले सभी लोगों के सच्चे प्रतिनिधि हैं और इसे सरासर लचीलापन, बुद्धिमत्ता और पूर्ण समर्पण के साथ बनाते हैं। इसलिए निर्देशक द्वारा धन्यवाद देने से पहले, वह उनका और उन जैसे सभी अभिनेताओं को धन्यवाद देता हैं, जो इतना साहस जुटा रहे हैं। जो इस बड़ी सिटी मुंबई आए हैं और दरवाजा खुलने तक हर समय जोर-जोर से दरवाजा खटखटाते रहते हैं, जब तक वह खल न जाए।

### अक्षय कुमार के गाने शंभू का टीजर रिलीज

अभिनेता अक्षय कुमार के नए गाने शंभू का टीजर रिलीज हो गया है। अक्षय कुमार फिलहाल 2 और क्या लोगे तुम के बाद एक बार फिर म्यूजिक वीडियो लेकर आ रहे हैं। अक्षय कुमार ने सोशल मीडिया पर अपने अपकमिंग म्यूजिक वीडियो शंभू का टीजर जारी किया है। टीजर में अक्षय कुमार महादेव के किरदार में तांडव करते हुए दिख रहे हैं। उन्होंने गाने की रिलीज डेट 5 फरवरी बताई है। अक्षय कुमार ने जय महाकाल लिखकर पोस्ट शेयर की है। इसमें अक्षय कुमार ने अभिनय के साथ पार्श्वगायन भी किया है। अक्षय कुमार के को-सिंगर सुधीर यदुवंशी और विक्रम मोंट्रोस हैं। इस म्यूजिक वीडियो को गणेश आचार्य ने निर्देशित किया है। इसके बोल अभिनव शेखर ने लिखे है, जबकि संगीत विक्रम मोंट्रोस ने दिया है।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक त्रिनाथ शुक्ला द्वारा 25/16-ए, जाप्लिंग रोड, लखनऊ-226001 (उ.प्र.) से प्रकाशित एवं प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर, इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित।
**संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी**, 0522-4008111 (कार्यालय), **ईमेल**-amritvicharlucknow@gmail.com **आर.एन.आई नं0**-50986/1989 **(नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा)।**

## बेल्जियम के नागरिक पर दर्ज केस होगा रद शीर्ष कोर्ट ने दिए आदेश

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने तमिलनाडु में बेल्जियम के नागरिक पर दर्ज एफआईआर को रद करने का आदेश दिया है। बता दें, 2018 में तमिलनाडु की कुरंगानी पहाड़ियों में 13 लोगों की मौत के मामले में तमिलनाडु पुलिस ने बेल्जियम के नागरिक- पीटर वान गीत के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की थी।

शीर्ष अदालत के आदेश के बाद प्राथमिकी और सभी कानूनी कार्यवाहियों को रद किया जाएगा। रिपोर्ट्स के मुताबिक पर्वतारोहण / ट्रेकिंग के दौरान जंगली आग की चपेट में आने के कारण 13 लोगों की मौत हो गई थी। शीर्ष अदालत में जस्टिस बीवी नागरत्ना और एजी मसीह की पीठ ने बेल्जियम के नागरिक को राहत देने का आदेश पारित किया। इससे पहले मद्रास उच्च न्यायालय की मदुरै पीठ ने 20 अगस्त, 2022 को बेल्जियन नागरिक को राहत देने से इनकार कर दिया था।

## सर्वोच्च नागरिक सम्मान है भारत रत्न

*भारत रत्न भारत का सर्वोच्च नागरिक पुरस्कार है। यह सम्मान 2 जनवरी 1954 को स्थापित किया गया था। तब से यह सम्मान 'मानव प्रयास के किसी भी क्षेत्र' में योगदान के लिए 26 जनवरी को दिया जाता है। भारत रत्न के लिए सिफारिशें प्रधानमंत्री द्वारा राष्ट्रपति को की जाती हैं। इसमें प्रति वर्ष अधिकतम 3 व्यक्तियों को पुरस्कार देने का प्रावधान है। सम्मानित व्यक्ति को राष्ट्रपति द्वारा हस्ताक्षरित एक सनद (प्रमाण पत्र) और एक पीपल के पत्ते के आकार का पदक मिलता है। यह सम्मान 13 जुलाई 1977 से 26 जनवरी 1980 तक निलंबित भी किया गया था।*

### सम्मान के बाद मिलता है इनता कुछ

- पीपल के पत्ते के आकार का पदक।
- भारत के राष्ट्रपति द्वारा हस्ताक्षरित एक सनद (प्रमाणपत्र)।
- कैबिनेट मंत्री के बराबर वीआईपी का दर्जा, जबकि किसी राज्य में जा रहे हैं तो राज्य अतिथि का दर्जा।
- स्वतंत्रता दिवस और गणतंत्र दिवस के कार्यक्रमों में विशेष अतिथि के तौर पर शामिल हो सकते हैं।
- भारत रत्न से सम्मानित व्यक्ति को हवाई जहाज (एग्जीक्यूटिव क्लास), ट्रेन और बस में निशुल्क यात्रा की छूट।
- राजनयिक पासपोर्ट का अधिकार।
- भारतीय वरीयता क्रम में सातवें स्थान पर रखा गया और राज्य सरकारें विशेष सुविधाएं उपलब्ध कराती हैं।

### 3 विभूतियों को एक साथ मिला था सम्मान

आजाद भारत के पहले गवर्नर-जनरल और तमिलनाडु के पूर्व मुख्यमंत्री सी राजगोपालाचारी, दूसरे राष्ट्रपति और भारत के पहले उपराष्ट्रपति सर्वपल्ली राधाकृष्णन तथा नोबेल पुरस्कार विजेता और भौतिक वैज्ञानिक सीवी रमन को 1954 में एक साथ सम्मानित किया था। उस समय राष्ट्रपति डॉ. राजेंद्र प्रसाद थे। 48 व्यक्तियों को यह सम्मान मिल चुका है। शुरुआत में यह सम्मान सिर्फ जीवित व्यक्तियों के लिए था, लेकिन 1955 में नियमों में सुधार किया गया।

### मिलता है वीआईपी का दर्जा

भारत रत्न से सम्मानित व्यक्ति वीआईपी में शामिल होता है। प्रोटोकॉल में राष्ट्रपति, उपराष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, उप प्रधानमंत्री, मुख्य न्यायाधीश, लोकसभा स्पीकर, कैबिनेट मंत्री, राज्यपाल, मुख्यमंत्री, पूर्व राष्ट्रपति, पूर्व प्रधानमंत्री, पूर्व मुख्यमंत्री, संसद के दोनों सदनों में विपक्ष के नेता के बाद जगह मिलती है। भारत रत्न से सम्मानित व्यक्ति को राशि नहीं मिलती, लेकिन कैबिनेट मंत्री के बराबर वीआईपी का दर्जा मिलता है।

### 50वां भारत रत्न

वर्ष 2024 में केंद्र सरकार ने भाजपा के वरिष्ठ नेता लालकृष्ण आडवाणी और बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री और समाजवादी नेता कर्पूरी ठाकुर (मरणोपरांत) को भारत रत्न देने के फैसला किया। अब यह पुरस्कार पाने वालों की संख्या 50 हो गई है।

### अब तक इन महान विभूतियों को मिल चुका है भारत रत्न

- **1954** में पहली बार साल पूर्व राष्ट्रपति सर्वपल्ली डॉक्टर राधाकृष्णन, डॉक्टर चंद्रशेखर वेंकट रमन,और स्वतंत्र भारत के पहले गवर्नर जनरल चक्रवर्ती राजगोपालाचारी को।
- **1955** में मोक्षगुंडम विश्वेश्वरैया, भारत के पूर्व प्रधानमंत्री पंडित जवाहर लाल नेहरू और डॉ. भगवान दास।
- **1957** में पंडित गोविंद वल्लभ पंत को यह सम्मान दिया गया था।
- **1958** में डॉ. धोंडो केशव कर्वे को यह सम्मान मिला।
- **1961** में पुरुषोत्तम दास टंडन, बिधान चंद्र रॉय को।
- **1962** में पूर्व राष्ट्रपति डॉ राजेंद्र प्रसाद को।
- **1963** में पूर्व राष्ट्रपति डॉ जाकिर हुसैन को।
- **1963** में डॉ. पांडुरंग वामन काणे।
- **1966** में पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री को मरणोपरांत।
- **1971** में पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी।
- **1975** में वीवी गिरी को।
- **1976** में के.कामराज को मरणोपरांत मिला।
- **1980** में सामाजिक कार्यकर्ता मदर टेरेसा को।
- **1983** में आचार्य विनोवा भावे को मरणोपरांत।
- **1987** में खान अब्दुल गफ्फार खान।
- **1988** में मनिदुर गोपालन रामचन्द्रन को मरणोपरांत।
- **1990** में दक्षिण अफ्रीका के डॉ. नेल्सन रोलीहलाहला मंडेला, डॉ. भीमराव रामजी अम्बेडकर (मरणोपरांत)।
- **1991** में पूर्व प्रधानंत्री राजीव गांधी (मरणोपरांत), मोरारजी रणछोड़जी देसाई, सरदार वल्लभभाई पटेल (मरणोपरांत) को।
- **1992** में सत्यजीत रे को मरणोपरांत, जहांगीर रतनजी दादाभाई टाटा, मौलाना अबुल कलाम आज़ाद (मरणोपरांत) को।
- **1997** में अरुणा आसफ अली (मरणोपरांत), गुलजारी लाल नंदा (मरणोपरांत) और पूर्व राष्ट्रपति डॉ अब्दुल कलाम आजाद को।
- **1998** में मदुरै शन्मुखवदिवु सुब्बालक्ष्मी, चिदम्बरम सुब्रमण्यम, गोपीनाथ बोरदोलोई (मरणोपरांत)।
- **1999** में जयप्रकाश नारायण (मरणोपरांत), प्रो अमर्त्य सेन, पंडित रविशंकर को।
- **2001** में उस्ताद बिस्मिल्लाह खान, सुश्री लता दीनानाथ मंगेशकर को।
- **2009** में पंडित भीमसेन गुरुराज जोशी को।
- **2014** में भारतीय क्रिकेट के स्टार बल्लेबाज सचिन रमेश तेंदुलकर, प्रोफेसर चिंतामणि नागेसा रामचन्द्र राव को।
- **2015** में पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई, पंडित मदन मोहन मालवीय (मरणोपरांत) को।
- **2019** में भारत के पूर्व राष्ट्रपति प्रणब मुखर्जी, डॉ. भूपेन्द्र कुमार हजारिका (मरणोपरांत), नानाजी देशमुख (मरणोपरांत) को।

## एक नजर

### तुर्किये ने आईएस से संबंध के संदेह में 34 को हिरासत में लिया

**अंकारा।** तुर्किये ने आतंकी समूहों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए शनिवार को आइएस से संबंध के संदेह में 34 को हिरासत में लिया है। तुर्किये के गृहमंत्री अली येरलिकाया ने एक्स पोस्ट पर जानकारी देते हुए कहा कि ये सभी संदिग्ध ऑपरेशन केज-35 के अंतर्गत पकड़े गए हैं। सभी विदेशी नागरिक हैं। ये इंटरपोल नोटिस के तहत वांटेड थे। उन्होंने कहा कि पुलिस ने कई पिस्टल भी बरामद किए हैं। पिछले हफ्ते रविवार की प्रार्थना के दौरान इस्तांबुल चर्च में दो आइएस बंदूकधारियों द्वारा एक व्यक्ति की हत्या के बाद तुर्किये अधिकारियों ने इस्लामिक स्टेट के खिलाफ अभियान तेज कर दिया है।

### अर्जेंटीना में सब्सिडी कटौती के विरोध में उग्र प्रदर्शन

**ब्यूनस आयर्स।** अर्जेंटीना में नवनिर्वाचित राष्ट्रपति जेवियर माइली की आर्थिक, सामाजिक और राजनीतिक सुधार मुहिम के विरोध में जनता सड़कों पर है। शुक्रवार को प्रदर्नकारियों और पुलिस के बीच हिंसक झड़प हो गई। पुलिस ने प्रदर्शनकारियों को नियंत्रित करने के लिए आंसू गैस के गोले दागे और रबर की गोलियां चलाई। इस झड़प में तीन लोग घायल हुए हैं। पुलिस ने कई लोगों को गिरफ्तार किया है। राष्ट्रपति जेवियर ने पद संभालते ही अर्जेंटीना की मुद्रा पेसो का मूल्य 50 फीसदी से अधिक कम कर दिया। राष्ट्रपति जेवियर का कार्यकाल शुरू होने के दो महीने बाद से ही देश में विरोध प्रदर्शन शुरू हो गए थे।

### गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई के दो करीबी आरोपी गिरफ्तार

**चंडीगढ़।** पंजाब पुलिस ने शनिवार को गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई के कथित करीबी को गिरफ्तार किया है। जिसने गायक सिद्धू मूसेवाला के हत्यारों की छिपने में मदद की थी। पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) गौरव यादव ने बताया कि मनदीप सिंह उर्फ छोटा मणि को मनीमाजरा के गोबिंदपुरा से उसके एक साथी जतिंदर सिंह के साथ गिरफ्तार किया गया है।आरोपी के पास से 12 कारतूस और दो पिस्तौल भी बरामद की गई है। उन्होंने बताया कि सूचना के आधार पर टीम ने पता लगाया और उसे एक सहयोगी के साथ गिरफ्तार कर लिया। उन्होंने कहा दोनों आरोपी लॉरेंस बिश्नोई और गोल्डी बराड़ गिरोह के लिए सक्रिय रूप से काम करते थे और उनका आपराधिक इतिहास है। पुलिस अधिकारी ने बताया कि उनके खिलाफ चंडीगढ़ और हरियाणा में हत्या के प्रयास, जबरन वसूली, डकैती और शस्त्र अधिनियम के तहत कई मामले दर्ज हैं।

# सीरिया-इराक में अमेरिकी एयरस्ट्राइक

## जॉर्डन हमले के जवाब में 85 ठिकाने तबाह, 6 आतंकी समेत 16 की मौत

**दमिश्क, एजेंसी**

अमेरिकी सेना जॉर्डन में सैन्य अड्डे पर हुए ड्रोन हमले के जवाब में शुक्रवार देर रात सीरिया और इराक में ईरान समर्थित मिलिशिया के ठिकानों पर बमबारी की। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, सीरिया में अमेरिका के हवाई हमलों में छह मिलिशिया लड़ाके समेत 16 लोग मारे गए हैं। इनमें तीन गैर-सीरियाई थे। अमेरिकी सेना ने एक बयान में कहा कि अमेरिका ने शुक्रवार को इराक और सीरिया में ईरान रिवोल्यूशनरी गार्ड्स और उनके समर्थित मिलिशिया से जुड़े 85 से अधिक ठिकानों पर जवाबी हवाई हमले किए।

बयान में कहा गया है कि अमेरिकी सेना ने हवाई हमलों ने कमांड और नियंत्रण केंद्रों, रॉकेट, मिसाइल और ड्रोन भंडारण सुविधाओं के साथ-साथ रसद और गोला-बारूद आपूर्ति श्रृंखला सुविधाओं को निशाना बनाया। अमेरिकी सेना ने 125 से अधिक युद्ध सामग्री के साथ 85 से अधिक ठिकानों पर हमला किया। वहीं, सीरिया की सरकारी मीडिया ने कहा कि सीरिया के रेगिस्तानी इलाकों और इराक से लगती सीमा के पास स्थित ठिकानों पर अमेरिकी हमले में कई लोग हताहत और घायल हुए हैं। पिछले सप्ताह जॉर्डन में सैन्य अड्डे हुए ड्रोन हमले में तीन अमेरिकी सैनिक मारे गए थे और लगभग 40 अन्य घायल हुए थे। इसके बाद राष्ट्रपति जो बाइडन ने ईरान समर्थित समूहों के खिलाफ जवाबी कार्रवाई करने की बात कही थी। बीते दिनों ने बाइडन ने जवाबी हमले की मंजूरी दी थी। इसके बाद अमेरिकी ने शुक्रवार को पहला हमला किया।

### जवाबी हमलों के बाद पश्चिम एशिया में तनाव बढ़ने की आशंका

अमेरिकी सेना ने ईरान की सीमा के अंदर किसी भी ठिकाने को निशाना नहीं बनाया है। लेकिन अमेरिका के जवाबी हमलों के बाद पश्चिम एशिया में तनाव बढ़ने की आशंका जताई जा रही है। गाजा में पिछले तीन महीने से चल रहे इजराइल-हमास युद्ध के कारण क्षेत्र में पहले से ही तनाव की स्थिति बनी हुई है।

### अगर किसी अमेरिकी को नुकसान पहुंचता है, तो हम मुंहतोड़ जवाब देंगे

ईरान समर्थिक आतंकी समूहों के ठिकानों पर हमले के बाद अमेरिकी राष्ट्रपति बाइडन ने एक बयान में कहा कि अमेरिका मध्य-पूर्व में संघर्ष नहीं चाहता है, लेकिन अगर किसी अमेरिकी को नुकसान पहुंचता है, तो हम उसका मुंहतोड़ जवाब देंगे। उन्होंने कहा कि पिछले रविवार को जॉर्डन में ईरान द्वारा समर्थित आतंकी समूहों के ड्रोन हमले में तीन अमेरिकी सैनिक मारे गए थे। शुक्रवार को मैं डोवर एयरफोर्स बेस पर इन बहादुर सैनिकों के शवों की वापसी पर श्रद्धांजलि समारोह में शामिल हुआ और उनके परिवारों से बात की।

## सर्वाइकल कैंसर की जागरूकता को फैलाई मौत की खबरः पूनम

**नई दिल्ली।** मॉडल और अभिनेत्री पूनम पांडे की निधन की खबर ने सभी को झकझोर कर रख दिया था। शुक्रवार को अभिनेत्री के इंस्टाग्राम अकाउंट से उनके मैनेजर ने सर्वाइकल कैंसर की वजह से उनकी मौत की जानकारी दी थी, जिसके बाद ये खबर सोशल मीडिया पर फैल गई।

शुक्रवार को पूनम पांडे की मौत की खबर ने मनोरंजन जगत में हलचल मचा दी। तमाम बॉलीवुड हस्तियों ने पूनम की अचानक आई मौत की खबर पर दुख जताया। निधन की सूचना के दूसरे दिन पूनम पांडे ने वीडियो शेयर किया, जिसमें वह इस अफवाह को फैलाने के लिए माफी मांगती नजर आ रही हैं। पूनम ने कहा कि उन्होंने सर्वाइकल कैंसर के लिए अवेयरनेस फैलाने के लिए अपनी मौत की झूठी खबर फैलाई। उन्होंने कहा कि सर्वाइकल कैंसर के बारे में जल्दी कोई बात नहीं करता। लोगों को जागरुक करने के लिए ये नाटक करना पड़ा।

## नौसेना में शामिल हुआ सर्वेक्षण पोत आईएनएस संधायक

**विशाखापत्तनम, एजेंसी**

▸▸ संधायक भारत में बनने वाला 34वां युद्धपोत, रक्षा मंत्री बोले महासागर में बढ़ेगी मजबूती

सबसे बड़ा सर्वेक्षण पोत आईएनएस संधायक शनिवार को औपचारिक रूप से भारतीय नौसेना में शामिल हुआ। पोत के जलावतरण समारोह में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और नौसेना प्रमुख एडमिरल आर हरि कुमार मौजूद हैं।

इस मौके पर एडमिरल हरि कुमार ने अपने संबोधन में कहा, पिछले एक दशक में नौसेना ने अलग-अलग रेंज के अत्याधुनिक प्लेटफॉर्म को लॉन्च किए हैं, चाहे वह शक्तिशाली विमानवाहक पोत 'विक्रांत' हो, विशाखापत्तनम क्लास का 'डेस्ट्रोयर' हो, बहुमुखी श्रेणी के 'फ्रिगेट', कलवरी श्रेणी की पनडुब्बियां हों या गोताखोरी के लिए विशेष जहाज हो, हम उभरते हुए भारत की सेवा में एक संतुलित और आत्मनिर्भर बल का निर्माण कर रहे हैं। आखिरी तीन युद्धपोत और पनडुब्बियां पिछले दस वर्षों में नौसेना में शामिल किए गए हैं। वे सभी भारत में बनाए गए हैं और संधायक भारत में बनने वाला 34वां पोत है। वहीं, रक्षा मंत्री सिंह ने कहा,

आईएनएस संधायक के जलावतरण समारोह में मौजूद राजनाथ सिंह।

अगर मैं अपनी नौसैनिक ताकत की बात करूं, तो भारतीय नौसेना इतनी मजबूत हो गई है कि हिंद महासागर और हिंद प्रशांत क्षेत्र में सुरक्षा के मामले में हम पहले जवाब देने वाले बन गए हैं। वैश्विक व्यापार की बात करें तो हिंद महासागर को वैसे भी हॉटस्पॉट के तौर पर गिना जाता है। अदन की खाड़ी, गिनी की खाड़ी आदि कई चोक प्वाइंट हिंद महासागर में हैं, जिसके जरिए से बड़ी मात्रा में अंतर्राष्ट्रीय व्यापार होता है। इन चोक प्वाइंट्स पर कई खतरे बने हुए हैं। लेकिन सबसे बड़ा खतरा समुद्री डाकुओं का है।

## मालदीव का आरोप-भारतीय नौसेना ने ली जहाजों की तलाशी

**माले, एजेंसी**

मालदीव की मीडिया ने स्थानीय मछुआरों के हवाले से दावा किया कि भारत के नौसैनिकों ने उनके जहाज पर धावा बोला और तलाशी ली। इसके बाद अब मालदीव सरकार ने औपचारिक रूप से भारत सरकार से उस घटना का व्यापक विवरण प्रदान करने का अनुरोध किया है।

मालदीव के आरोपों पर भारत सरकार की ओर से तत्काल कोई प्रतिक्रिया नहीं आई है। मालदीव के रक्षा मंत्रालय ने शुक्रवार को एक बयान में दावा किया कि 31 जनवरी को, भारतीय सेना ने मालदीव के विशेष आर्थिक क्षेत्र (ईईजेड) के भीतर मछली पकड़ने की गतिविधियों में लगी एक मालदीव की मछली पकड़ने वाली नाव को रोक लिया। बयान में कहा गया है कि भारतीय तटरक्षक जहाज 246 और 253 की टीमें मछली पकड़ने वाली नौकाओं से पूछताछ के लिए जिम्मेदार थीं। बता दें, राष्ट्रपति बनने के बाद मुइज्जू ने औपचारिक रूप से भारत से 15 मार्च तक अपने देश से 88 सैन्य कर्मियों को वापस बुलाने का अनुरोध किया गया था।

### मालदीव सरकार ने किया आधिकारिक अनुरोध

मालदीव की ओर से कहा गया है कि भारतीय सैनिक संबंधित अधिकारियों से पूर्व परामर्श के बिना मालदीव ईईजेड के भीतर मछली पकड़ने वाली तीन नौकाओं पर सवार हो गए, जिससे अंतरराष्ट्रीय समुद्री कानूनों और नियमों का उल्लंघन हुआ। बयान में कहा गया, "परिणामस्वरूप, मालदीव सरकार ने विदेश मंत्रालय के माध्यम से एक आधिकारिक अनुरोध शुरू किया है, जिसमें भारत सरकार से घटना का व्यापक विवरण मांगा गया है।

## गैर-इस्लामिक निकाह मामले में इमरान और पत्नी बुशरा बीबी को सात-सात साल की जेल

**इस्लामाबाद, एजेंसी।** पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान और उनकी पत्नी बुशरा बीबी खान को बड़ा झटका लगा। बता दें कि पाकिस्तान की एक अदालत ने इमरान और बुशरा को गैर-इस्लामिक निकाह मामले में सात-सात साल की सजा सुनाई और जुर्माना भी लगाया।

इस सप्ताह विवादों में घिरे 71 वर्षीय इमरान के खिलाफ चुनावों से पहले यह तीसरा फैसला है और उन्हें चुनाव लड़ने से रोक दिया गया। जेल में कैद इमरान को हाल ही में गोपनियता को भंग करने के लिए 10 साल (सिफर मामला) और पत्नी के साथ तोशाखाना मामले में 14 साल की सजा सुनाई गई है। इमरान और उनकी पत्नी बुशरा पर 5 लाख का जुर्माना लगाया गया। बुशरा पर अपने पूर्व पति को तलाक देने और इमरान खान से निकाह करने के बाद 'इद्दत' को पूरा नहीं करने का आरोप लगाया गया था। दरअसल, इद्दत के तहत एक तय समय तक महिला दूसरी शादी नहीं कर सकती है। पहली बार प्रधानमंत्री बनने से सात माह पूर्व जनवरी 2018 में इमरान ने एक गुप्त समारोह में बुशरा के साथ 'निकाह' किया था, लेकिन उनका निकाह अचानक चर्चा का मुद्दा बन गया और सवाल उठने लगे कि क्या उन्होंने अवधि पूरी होने से पहले (इद्दत) निकाह किया था। हालांकि, खान दंपति ने इन आरोपों को सिरे से खारिज कर दिया।

### पहाड़ी हिस्सों में बर्फबारी...

**श्रीनगर :** कश्मीर के कई हिस्सों में शनिवार को भारी बर्फबारी हुई। घाटी के अधिकांश हिस्सों में दिन का तापमान शून्य से तीन डिग्री सेल्सियस के बीच दर्ज किया गया। भारी हिमपात के कारण पहाड़ी क्षेत्रों में हिमस्खलन की चेतावनी जारी की गई है। वहीं बारामूला जिले के तंगमर्ग में दो फुट बर्फ जम गई। ● एजेंसी

## कराची में चुनाव आयोग कार्यालय के बाहर विस्फोट

**कराची।** पाकिस्तान में आम चुनाव से पहले हिंसा का माहौल बना हुआ है। अब कराची में पाकिस्तान चुनाव आयोग (ईसीपी) कार्यालय के बाहर एक विस्फोट हुआ है।

पुलिस ने बताया कि चुनाव आयोग के प्रांतीय कार्यालय की पार्किंग में आईईडी से भरा एक बैग कूड़े में फेंके जाने के बाद एक छोटा विस्फोट हुआ। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी, डीआइजी सैयद असद रजा ने कहा कि आईईडी बम वाला प्लास्टिक बैग पाकिस्तान चुनाव आयोग (ईसीपी) के प्रांतीय मुख्यालय की पार्किंग में रखा गया था। उन्होंने कहा, बैग में टाइमर के साथ एक आईईडी था, लेकिन पार्किंग की सफाई कर रहे एक कर्मचारी ने बैग को देख लिया और उसे इमारत के बाहर कूड़े में फेंक दिया। अधिकारी ने कहा कि जब बैग फेंका गया तो एक छोटा विस्फोट हुआ और एक बड़ा हादसा टल गया।

**विज्ञान** जमीन से आसमान तक छिपे जीवन को देखने में होगी सक्षम, अब नए सिरे से होगी एलियन की तलाश

# असाधारण दूरबीन बनाने में जुटे यूरोपियन खगोलविद

**नैनीताल कार्यालय**

**अमृत विचार :** ब्रह्मांड में एलियन की खोज के लिए खगोलविद नए सिरे से जुटने जा रहे हैं। इस दिशा में यूरोपीय वैज्ञानिक असाधारण एक दूरबीन बनाने जा रहे हैं, जो किसी भी प्लैनेट की जमीन से आसमान और किसी भी रूप में छिपे जीवन को देख पाने सक्षम होगी।

एलियन की पहेली आज भी बरकरार है। किस्से कहानियों में इनका जिक्र अक्सर देखा जाता है। मगर इनकी हकीकत का वैज्ञानिक दृष्टि से आज भी पता नही चल पाया है। प्राचीन भारत में उड़न तश्तरियों का जिक्र खूब हुआ करता था। संभवतः कई लोग इसके साक्षी भी रहे होंगे। वर्तमान में आसमान में अनजानी वस्तु देखने को अक्सर मिल ही जाती हैं, लेकिन उड़न तश्तरी का जिक्र सुनने को नही मिलता है। एलियन ब्रह्मांड का बहुत बड़ा रहस्य है। खगोल विज्ञान में इनकी तलाश करीब पांच दशक से की जा रही है, लेकिन कोई अता पता नही चल पाया है। इनकी तलाश में हजारों ग्रहों की खाक वैज्ञानिक छान चुके हैं, लेकिन परिणाम सिफर ही हाथ लगा है। इस जद्दोजहद में लंबा समय बीत चुका है, लेकिन वैज्ञानिक हार मानना नही चाहते। जिसके परिणामस्वरूप अब अगली तैयारी की जा रही है। अब एक ऐसी दूरबीन बनाई जाएगी, जो ब्रह्मांड के एक बड़े हिस्से में मौजूद किसी तिनके जितनी छोटी वस्तु को भी देख लेगी और उसकी सच्चाई को भेद पाने में सक्षम होगी। यूरोपियन एक्सट्रीमली लार्ज टेलीस्कोप (ईएलटी) के नाम से दूरबीन बनाई जाएगी, जो दो दशक बाद ब्रह्मांड में किसी भी चट्टानी दुनिया को देख सकेगी। वर्तमान वैज्ञानिक इस दूरबीन का निर्माण करेंगे और अगली पीढ़ी इस दूरबीन से एलियन की तलाश करेगी।

एलियन की तलाश में इस तरह की होगी यूरोपियन दूरबीन।

### दुनिया की सबसे बढ़ी दूरबीन होगी ईएलटी

वर्तमान में दुनिया के कई हिसों में अभी तक की सबसे बढ़ी दूरबीनें बनाने की कवायद की जा रही है। जिनमें सबसे बड़ी यूरोपियन एक्सट्रीमली लार्ज टेलीस्कोप (ईएलटी) होगी। इस दूरबीन का व्यास 128 फीट होगा। इसके अलावा मौना केआ में 98 फीट व्यास की थर्टी मीटर टेलीस्कोप (टीएमटी) के नाम से बनाई जा रही है। इस दूरबीन में भारत की हिस्सेदारी दस प्रतिशत की होगी। 79 फीट की विशालकाय मैगेलन टेलीस्कोप (जीएमटी) दूरबीन भी बनाई जा रही है। ईएलटी और जीएमटी का निर्माण चिली के अटाकामा रेगिस्तान में अलग-अलग स्थानों पर किया जा रहा है। ईएलटी के लिए पहला दर्पण बनकर तैयार हो चुका है।

## भारतीय मूल के वरुण घोष ऑस्ट्रेलियाई सीनेट में नियुक्त

**मेलबर्न।** ऑस्ट्रेलिया की सीनेट में भारतवंशी वरुण घोष नामित किए गए हैं। वह अगले सप्ताह सीनेट में अपनी जिम्मेदारी संभाल लेंगे। लेबर पार्टी ने आधिकारिक रूप से उन्हें पश्चिमी आस्ट्रेलिया का प्रतिनिधित्व करने के लिए चुना है।

पश्चिमी आस्ट्रेलिया संसद की संयुक्त बैठक में गुरुवार को 38 वर्षीय वरुण का चयन किया गया। फ्रैंसिस बर्ट चैंबर्स में बैरिस्टर वरुण वर्तमान सीनेटर पैट्रिक डॉडसन का स्थान लेंगे। पश्चिमी ऑस्ट्रेलिया की विधानसभा ने एक्स पर यह घोषणा की है, विधानसभा और विधान परिषद ने संघीय संसद की सीनेट में पश्चिमी आस्ट्रेलिया का प्रतिनिधित्व करने के लिए वरुण घोष को चुना है। बीती सदी के नौवें दशक में उनके माता-पिता भारत से में आकर बस गए थे।

## हिंदुओं को रिझाने में जुटी ब्रिटेन की विपक्षी लेबर पार्टी

**लंदन, एजेंसी**

▸▸ ब्रिटिश भारतीयों के साथ फिर से जुड़ने के लिए पार्टी उठा रही कई महत्वपूर्ण कदम

हाल के वर्षों में भारतवंशियों के बीच पार्टी का समर्थन कम होने की चिंता के बीच ब्रिटेन की विपक्षी लेबर पार्टी ब्रिटिश भारतीयों तक पहुंच बढ़ाने के लिए प्रयासरत है। कीर स्टार्मर के नेतृत्व वाली लेबर पार्टी ने ब्रिटिश भारतीयों के साथ फिर से जुड़ने के लिए कई कदम उठाए हैं।

इसमें समुदाय से जुड़े दो स्वयंसेवकों को नियुक्त करना, लेबर फ्रेंड्स आफ इंडिया समूह को नया स्वरूप देना और अपने दो वरिष्ठ शेडो मंत्रियों को भारत भेजने की तैयारी की है।

2021 की जनगणना के अनुसार, भारतीय मूल के लोग ब्रिटेन में सबसे बड़े एशियाई जातीय समूह और सबसे बड़े गैर-श्वेत जातीय समूह दोनों हैं। यह आबादी का 3.1 प्रतिशत हिस्सा हैं। इस बात के सबूत बढ़ रहे हैं कि लेबर पार्टी ने भारतीय मूल के लोगों का समर्थन खो दिया है। 2010 में 61 प्रतिशत ब्रिटिश भारतीयों ने कहा कि वे लेबर का समर्थन करते हैं। वहीं, यह आंकड़ा 2019 तक घटकर 30 प्रतिशत रह गया। वरिष्ठ नेताओं को चिंता इसलिए भी है कि ब्रिटेन के पहले हिंदू प्रधानमंत्री के रूप में ऋषि सुनक के होने से यह चलन बढ़ सकता है।